www.deshbandhu.co.in ताबड़ तोड़ ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 2 नवम्बर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –198 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

जम्मू-कश्मीर पुलिस के नए डीजीपी बने रश्मि रंजन स्वैन पृष्ठ 2

■ चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका
■ रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती पृष्ठ 6

■ कोलंबिया, चिली ने इजराइल से अपने राजदूत वापस बुलाए
■ थाई नागरिकों की रिहाई के लिए हमास से बात करेंगे अब्दुल्लाहियान पृष्ठ 7

नवनीत व संगीता के एक-एक गोल से भारत ने जापान को हरा लगातार चौथी जीत दर्ज की पृष्ठ 8

किसानों की दीवाली शुरु, पहले दिन ही मंडी गुलजार

125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य, पूजा पाठ के साथ हुआ प्रारंभ

रायपुर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में आज एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी शुरू हो गई है। यह खरीदी सीधे किसानों से होती है। जो 31 जनवरी तक होगी।सरकारी खरीदी केंद्रों में धान बेचने मंगलवार से ही टोकन कटना शुरू हो गया। ऑन लाइन (मोबाइल एप) और ऑफ लाइन (समिति) दोनों तरीके से टोकन काटे जा रहे हैं।20 जिलों की एक हजार समितियों में टोकन कटा है। पहले दिन धान बेचने के लिए कुल 8 हजार 157 टोकन कटा है। इसमें सबसे ज्यादा धमतरी में 1775 किसानों ने टोकन लिया है। इन 8 हजार से ज्यादा टोकनों से किसान करीब 3 लाख क्विंटल से ज्यादा धान बेचेंगे।

इस वर्ष करीब 25 लाख किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए सरकार ने 22 हजार करोड़ का बैंकों से क्रेडिट लिमिट लिया है। भारत सरकार ने अबकी किसानों के बायोमेट्रिक के जरिए धान खरीदी करने का निर्देश दिया था। मगर खाद्य सचिव टीपी वर्मा ने कमिश्नरों और कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा है कि बायोमेट्रिक की व्यवस्था करने में वक्त लगेगा। इसलिए बिना बायोमेट्रिक ही धान खरीदी की जाए।

खाद्य विभाग के अनुसार बिना बायोमेट्रिक मशीनों के धान खरीदी के लिए भारत सरकार से अनुमति थोड़े समय के लिए ही मिली। इन मशीनों के सप्लायर कंपनी ने मशीन के लिए कुछ समय मांगा है। कंपनी ने 4 नवंबर तक मशीनें खरीदी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

रायपुर कलेक्टर ने मंदिर हसौद धान खरीदी का किया शुभारंभ

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज जिले के मंदिर हसौद स्थित उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। डॉ. भुरे ने केंद्र में आए किसान गणेश राम बंजारे का स्वागत किया। बंजारे ने केंद्र में 30 क्विंटल बेचा। डॉ. भुरे ने संबंधित विभागिय अधिकारियों को केंद्र में बारदाना, धान को बारिश से बचाने के लिए कैप कवर, नमी मापने आद्रतामापी यंत्र क्रय कर कॅलिब्रेशन, उपार्जन केंद्र में कर्मचारी एवं डाटा एंट्री आपरेटर की नियुक्ति, पर्याप्त संख्या में हमालों की संख्या, प्राथमिक उपचार एवं पंजीयन के लिए आने वाले किसानों हेतु पीने के पानी की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अर्जुनी में धान खरीदी शुरु

अर्जुनी ।1 नवंबर को राज्य सरकार के निर्देश अनुसार क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रो में धान का तौल हुआ। अर्जुनी के धान खरीदी केंद्र में धान नहीं आने से धान खरीदी शून्य रहा। जबकि समीप स्थित सरकारी समिति मिरगी में किसानो एवम समिति कर्मचारी तथा हेमाल आदि के उपस्थिति में धान खरीदी की कार्य प्रारंभ हुआ। यहां के किसान सुकदेव साहू से 28.40 क्विंटल धान मोटा की खरीदी किया गया । इसी प्रकार से समिति स्थित सहकारी समिति गोढ़ी(टी)में 22 क्विंटल मोटा धान को खरीदी किसान केजू राम यादव एवं मंगतूराम साहू गोढी (टी) निवासी से खरीदी कर शुभारंभ किया गया ।जिसमें समिति प्रबंधक भुषण साहू, राधे श्याम विश्वकर्मा, पीतम्बर वर्मा, योगेश ध्रुव, दयालाल, ललित ध्रुव, बर्सत तथा इस अवसर

बलौदाबाजार में पहले दिन किसानों ने बेचा 6346 क्विंटल धान

बलौदाबाजार। शासन के निर्देश अनुरूप जिले में आज से धान खरीदी शुरू हो गई । स्थानीय किसानों ने कांटा-बाट की पूजा अर्चना कर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया ।पहले ही दिन 52 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 180 किसानों ने 6346 क्विंटल धान बेचे । यह कार्य लगभग तीन माह तक चलेगा। धान खरीदी को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है ।शुरू के दिनों में छोटे एवं सीमांत किसानों के धान की खरीदी की जा रही है। पूरे परिवार के लोग उपार्जन केन्द्र पहुंचकर उत्साह के साथ अपने धान का तौल करवा रहे हैं। साथ ही आज के दिए 303 किसानों ने अपना टोकन कटाया है। इस बीच कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर खाद्य अधिकारी विमल दुबे,उप पंजीयक सहकारिता श्री गौड़ एवं बैंक नोडल अधिकारी श्री शर्मा ने विभिन्न ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

बालोद के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी का शुभारंभ

बालोद। शासन द्वारा 1 नवंबर बुधवार को धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। जहां बालोद सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत छह किसानों ने 800 कट्टा धानी 320 क्विंटल धान, मेढ़की धान खरीदी केंद्र में 13 किसानों ने 16 कट्टा धान, जूंगेरा धान खरीदी केंद्र में 1770 कट्टा एवं तरौद धान खरीदी केंद्र में14 किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपनी उपज धान बेचा। धान खरीदी को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं समिति प्रबंधकों ने धान विक्रय केंद्र में आने वाले किसानों का तिलक वंदन लगाकर सम्मान किया तत्पश्चात किसानों के द्वारा तराजू बट की पूजा अर्चना कराया गया और फिरसमिति प्रबंधकों ने धान खरीदी की शुरुआत की।

75 सीट जीतकर प्रदेश में बनाएंगे कांग्रेस की सरकार : मल्लिकार्जुन

हमारी सरकार ने 5 सालों में सभी वादों को किया पूरा : भूपेश

सुकमा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कोंटा विधानसभा चुनाव के चुनाव प्रचार अभियान में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश सरकार के द्वारा किए गए 5 वर्षों में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर फिर से एक बार प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। वही कांग्रेस दोनों स्टार प्रचारक नेताओं के सुकमा आगमन पर सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा उनका हेलीपैड में स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकार नासिर हुसैन, सासरिगी शंकर उल्का, निमाई सरकार, हरीश कवासी, राजू साहू , माहेश्वरी बघेल,आयशा हुसैन, गीता कवासी, गड्डू राजा, मौसम जया, सुनील यादव, सुधीर चंडि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं सभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मार्गदर्शन में आदिवासी एवं सभी वर्गों के विकास करने का काम किया है, उन्होंने ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

जो देश की संपत्ति बेचता है वह देश की भलाई के लिए नही सोच सकता : खड़गे

महासमुंद। स्थानीय आत्मानंद हिन्दी मिडियम हाईस्कूल मैदान में जिले की चुनाव आमसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो गारंटी रखा है उसे कांग्रेस पार्टी पूरा करेगी। श्री खड़गे ने कहा कांग्रेस ने आजादी दिलाई उनसे भाजपा के लोग पूछते है कि उन्होंने 70 साल में देश के लिए क्या किया। वे ये नही जानते कि कांग्रेस ने देश को बचाने का काम किया है। लोकतंत्र बचाने और संविधान को जिंदा रखने का काम कांग्रेस ने किया। एक कहावत है बाप कमाया, बेटा गुमाया, वे लोग एयर फोर्ट बेचकर खा रहे है। देश की एक-एक संपत्ति उद्योगपतियों को बेच रहे है। जो संपत्ति बेचता है वह देश की भलाई के लिए नही सोच सकता। राहुल गांधी भारत जोड़ने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदलयात्रा करते है और लोगों से मुलाकात करते है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

■ पूरे पांच साल ईमानदारी से की है जनता की सेवा : बघेल

सार संक्षेप

महुआ मोइत्रा की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

नई दिल्ली पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। खबर है कि आईटी मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि उनका लोकसभा का खाता 49 बार उनकी गैर मौजूदगी में दुबई में खोला गया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूना ने इस बारे में कहा कि जब तक इस मामले की जांच चल रही है उन्हें लोकसभा से इस्तीफा दे देना चाहिए।

एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। दिवाली से पहले लोगों को तगड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 100 रुपए की बढ़ोतरी की है। पिछले दो महीनों में दूसरी बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। अक्टूबर में कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम में 209 रुपए की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के एलपीजी सिलेंडरों की कीमत तब 1731.50 रुपए हो गई थी।

इजराइल ने गाजा में शरणार्थी शिविर पर किया हमला

जेरूसलम। इजरायली सेना ने बुधवार को गाजा में सबसे बड़े जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि 7 अक्टूबर के हमले के लिए जिम्मेदार हमास के शीर्ष नेताओं में से ऐक हमले में मारा गया एक्स पर एक पोस्ट में, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने हमास की सेंट्रल जबालिया बटालियन के कमांडर इब्राहिम बियारी को मार गिराया। बियारी 7 अक्टूबर को आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार नेताओं में से एक था। अरब लीग, मिस्र व जॉर्डन ने जबालिया शरणार्थी शिविर पर घातक इजरायली हवाई हमले की कड़ी निंदा की।

मोदी आज और योगी आएंगे परसों



खेल मैदान में जनसभा को करेंगे संबोधित

कांकेर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों का दौरा जारी है। इसी कड़ी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नक्सल प्रभावित कांकेर में चुनावी दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री गोविंदपुर स्थित खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

इस दौरान 7 विधानसभा के प्रत्याशियों व समर्थकों की भीड़ एकत्र होने वाली है। प्रधानमंत्री इस मंच से जनता को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते नजर आएंगे। शायद कुछ बड़ी घोषणा कर सकते है नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण सुरक्षा के चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। आसमान में बीते दो दिनों से हैलीकॉप्टर से निगरानी भी की जा रही है।

योगी आदित्यनाथ 8 सभा और 4 रोड शो में होंगे शामिल



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का दौरा लगातार जारी है। वहीं भाजपा के स्टार प्रचारक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। वे 4 और 5 नवंबर को अलग-अलग जिलों में धुआंधार प्रचार प्रसार करेंगे। जहां सीएम योगी 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 8 सभा और 4 रोड शो करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ आते ही करेंगे धुआंधार प्रचार, सुबह 10.30 रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सुबह 11.10 बजे अंतागढ़ पहुंकर आमसभा को संबोधित करेंगे। 12.10 बजे अंतागढ़ से रवाना होकर डोंगरगांव जाएंगे। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार

राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई

नई दिल्ली, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनावी बॉन्ड मामले पर बुधवार को दूसरे दिन की सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट में केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड का बचाव किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है। पहले नकद में चंदा दिया जाता था। उन्होंने कहा कि गोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा कि राजनीतिक पार्टी को चंदा देने वाले भी गोपनीयता चाहते हैं ताकि दूसरी पार्टी उनके प्रति नाराजगी न रखें। सत्ताधारी पार्टी को ज्यादा पैसे मिलना कोई नई बात नहीं है क्योंकि 2004 से 14 के बीच भी यही हुआ था।

कालेधन के चलन को खत्म करने का प्रयास-मोदी सरकार ने मौजूदा चुनावी बॉन्ड योजना से राजनीतिक दलों को बैंकिक चैनलों के माध्यम से साफ-सुथरी मुद्रा सुनिश्चित करने का एक प्रयास किया है। सरकार की योजना है कि जहां तक संभव हो, चुनावों में कालेधन के चलन को खत्म किया जाए। तुषार मेहता ने चुनावी बॉन्ड के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सवाल उठाते हुए कहाकि गुमनामी या अपारदर्शिता क्या है। यह योजना गोपनीयता के अलावा और कुछ नहीं है। अगर गोपनीयता का तत्व योजना से चला जाता है तो योजना चली जाएगी। फिर 2018 के पहले वाली व्यवस्था में लौट जाएंगें। इसलिए याचिकाकर्ता बताएं कि 10 कदम पीछे जाने से क्या फायदा होगा!

मुद्रा के डिजिटलीकरण का दिया उदाहरण-उन्होंने कहाकि जब मुद्रा का डिजिटलीकरण शुरू हुआ तो सरकार का मजाक उडाया गया। लोगों ने कहाकि यह काल्पनिक विचार है। क्या कोई सब्जी विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार करेगा। लेकिन यह पूरी तरह सफल रहा। आज भारत में डिजिटल भुगतान अमेरिका और युरोपीय संघ के कुल भुगतान ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सॉलिसिटर जनरल बोले, मोपनीयता की व्यवस्था दानदाताओं के हित में रखी गई

सीएम भूपेश बघेल का मोबाइल हैक !

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में नेताओं की फोन हैकिंग पर बड़ी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मेरा मोबाइल हैक होने की आशंका है। पिछले आठ घंटों से मोबाइल बंद है। चार्ज होने के बाद भी फोन चालू नहीं हुआ है। कुछ तो गड़बड़ है, मोबाइल जांच के लिए भेजूंगा।



■ कुछ तो गड़बड़ है, मोबाइल को जांच के लिए भेजूंगा : भूपेश

कांग्रेस के राहुल गांधी, टीएस सिंहदेव सहित कई विपक्षी नेताओं के फोन में भी थ्रेट अलर्ट आया है, जिसमें 'राज्य-प्रायोजित' निगरानी की बात कही गई है। इस पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स द्वारा उनके आईफोन को टारगेट किए जाने की संभावना है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा था कि इसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक संलिप्तता है, तो यह भारत के लोकतंत्र और व्यक्ति की निजता का हनन है। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने ऐप्पल से प्राप्त ईमेल की तुलना पेगासस जैसे घटना से करते हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ में चुनाव के लिए कुछ ही दिन शेष बचे हैं, इस प्रकार का ईमेल आना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

सिम्स में तैनात होंगे आईएएस अफसर

चीफ जस्टिस ने दिए आदेश

बिलासपुर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। सिम्स की खामियों पर बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने पीआईएल दर्ज किया है। इसकी आज सुनवाई हुई।

अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने सिम्स में एक पूर्णकालिक आईएएस अफसर की तैनाती का आदेश दिया।कोर्ट ने महाधिवक्ता से कहा कि मुख्य सचिव से बात कर सिम्स में आईएएस अफसर की तुरंत पोस्टिंग सुनिश्चित की जाए। आज सुनवाई में कोर्ट ने सिम्स के पक्ष से संतुष्ट नहीं हुआ, बल्कि नाराजगी जताते हुए कहा कि 15 दिन बाद कोर्ट कमिश्नर और हेल्थ सिक्रेटरी की टीम अलग-अलग सिम्स की जांच करेंगी कि वहां कितना सुधार हुआ है।

भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा और कोई मुद्दा नहीं है : जयराम रमेश

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है विधानसभा चुनाव में हमारी गारंटी और वादे स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित हैं। छत्तीसगढ़ की जनता को उम्मीदों को हम अपने अभियान से दर्शा रहे हैं। लेकिन भाजपा की रणनीति केवल ध्रुवीकरण की है।ध्रुवीकरण के अलावा और कोई मुद्दा नहीं है, मुद्दाविहीन पार्टी है।

■ मोदी सरकार को मौका मिले तो भिलाई स्टील प्लांट का भी कर दे निजीकरण

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश बुधवार को अपने रायपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों से रू-ब-रू हुए।इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, यूपी के मुख्यमंत्री आएंगे, असम के मुख्यमंत्री भी आए हैं। उनके भाषण में केवल ध्रुवीकरण वाली बात होगी। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री केवल इसी भावना से आयेंगे की कैसे ध्रुवीकरण का प्रोत्साहन कर सकें। उन्होंने कहा कि 16 तारीख को देश के गृहमंत्री छत्तीसगढ़ आये थे। 18 तारीख ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

महाराष्ट्र की सभी पार्टियां मराठा आरक्षण के पक्ष में : शिंदे

मुंबई, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक की। इसमें शरद पवार समेत 32 पार्टियों के नेता शामिल हुए। करीब 3 घंटे की बैठक के बाद दोपहर डेढ़ बजे शिंदे सहयाद्री भवन से बाहर आए और मीडिया से करीब 2 मिनट बात की। शिंदे ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेता इस बात पर सहमत हुए कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। यह निर्णय लिया गया कि आरक्षण कानून के दायरे में और अन्य समुदाय के साथ अन्याय किए बिना होना चाहिए।

उपलब्धि

यूनेस्को ने ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में, कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में किया नामित

ग्वालियर, कोझिकोड बने यूनेस्को के रचनात्मक शहर

पेरिस, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परिषद (यूनेस्को) के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क (यूसीसीएन) में इस वर्ष भारत के दो शहरों –ग्वालियर एवं कोझिकोड को नामित किया गया है। यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में मध्यप्रदेश के ग्वालियर को संगीत के क्षेत्र में और केरल के कोझिकोड को साहित्य के क्षेत्र में नामित किया गया है।

यूनेस्को ने यूसीसीएन के अंतर्गत 55 शहरों की सूची जारी की है जिसमें भारत के ये दो शहरों को शामिल किया गया है। इस नवीनतम सूची जारी किये जाने के साथ नेटवर्क में 100 से अधिक देशों के 350 रचनात्मक शहर शामिल हो गये हैं जो सात रचनात्मक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं – शिल्प और लोक कला, डिजाइन, फिल्म, पाक कला, साहित्य, मीडिया, कला और संगीत। नए नामित रचनात्मक शहरों को अगले वर्ष पुर्तगाल के ब्रागा शहर में एक से पांच जुलाई के बीच होने वाले यूसीसीएन वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

यूनेस्को की आधिकारिक सूचना के अनुसार नए नामित शहर जलवायु परिवर्तन, बढ़ती असमानता, साथ ही तेजी से शहरीकरण जैसे उभरते खतरों का सामना करने के लिए अपने लचीलेपन को मजबूत करने के लिए नेटवर्क सदस्यों के साथ सहयोग करेंगे। यूनेस्को का अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की 68 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहने का है। यूनेस्को के महानिदेशक ओड्रे अज़ोले ने कहा, जब संस्कृति तक पहुंच बढ़ाने और शहरी लचीलेपन और विकास के लिए रचनात्मकता की शक्ति को प्रेरित करने की बात आती है तो हमारे क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क के शहर अग्रणी हैं। ग्वालियर ऐतिहासिक रूप से संगीत का केन्द्र रहा है। मध्य काल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

राहुल ने केसीआर पर साधा निशाना

केसीआर सरकार भ्रष्टाचार में है लिप्त



कोल्लापुर, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय मोड में दिखाई दे रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर बीआरएस सरकार पर निशाना साधा है। बीआरएस सरकार पर कांग्रेस ने जमकर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि बीआरएस सरकार बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने लोगों की आकांक्षाओं को धोखा दिया है। राहुल गांधी मंगलवार को तेलंगाना के कोल्लापुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना एक विश्वासघात है। यह पैसा आपका और आपके भविष्य का है। मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के गरीबों, किसानों, मजदूरों से एक लाख करोड़ रुपए चुराए हैं। बैराज के खंभे अब टूट रहे हैं। तेलंगाना में प्रत्येक परिवार ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

देश

उवाच

राजनीति उन लोगों को आगे नहीं बढ़ा सकती या उनकी सेवा नहीं कर सकती जिनके पास सांप्रदायिक और विभाजनकारी एजेंडा है। आम तौर पर चिनाब घाटी विशेष रूप से भ्रदवाह अपने धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और भाईचारे के लिए जाना जाता है।

-गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	29.0	17.0
मुंबई	27.0	26.0
कोलकाता	31.0	24.0
चेन्नई	28.0	27.0

लद्दाख के लोगों के लिए पूरे देश में है विशेष स्थान : द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति ने लद्दाख में नागरिक अभिनंदन समारोह को किया संबोधित

नई दिल्ली, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को लद्दाख में उनके नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लद्दाख के लोगों के लिए पूरे देश में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि सभी देशवासियों के दिल में आप सब के लिए विशेष स्नेह और आदर का भाव है। वे जानते हैं कि शूरवीरों की भूमि लद्दाख के सामान्य नागरिकों ने भी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की रक्षा में सदैव अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग वीरता और बुद्ध में आस्था दोनों के लिए जाने जाते हैं। कारगिल के सूफी संतों और महापुरुषों ने भी भारत की आध्यात्मिक परंपरा को मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा है कि लद्दाख में आध्यात्मिक, रोमांचकारी एवं साहसिक और प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अनंत संभावनाएं हैं।

पद्मश्री से सम्मानित चेवांग मोटुप गोबा का किया उल्लेख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित चेवांग मोटुप गोबा का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि उन्होंने लद्दाख में साहसिक पर्यटन के विकास को नयी ऊर्जा दी है। पर्यावरण संरक्षण के उनके कार्य से भी बहुत लोगों को प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में स्वास्थ्य पर्यटन के विकास की भी प्रचुर संभावना है। सोवा-रिगपा यानी आमची चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों में अच्छा रूझान दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ साथ ऐसी प्राचीन परन्तु वैज्ञानिक चिकित्सा प्रणालियों को प्रोत्साहित करना समग्र स्वास्थ्य तंत्र के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा। मुर्मू ने कहा कि सिंधु नदी सभी देशवासियों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना में विद्यमान है। इसे ध्यान में रखते हुए वर्ष 1997 के बाद से यहां हर वर्ष सिंधु दर्शन उत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां की सभी नदियों और ग्लेशियर से उपलब्ध जल संसाधनों का संरक्षण और उनका समुचित उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। जल संसाधनों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध छेवांग नोरफेल की उन्होंने विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक, साहसिक एवं रोमांचकारी तथा प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अनंत संभावनाएं हैं।

लद्दाख में आध्यात्मिक व प्राकृतिक पर्यटन के विकास की अनंत संभावनाएं : द्रौपदी मुर्मू

लद्दाख कर रहा है तेजी से बहुआयामी विकास : राष्ट्रपति

श्रीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि लद्दाख तेजी से बहुआयामी विकास कर रहा है और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की सराहना की। मुर्मू लेह में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के स्थापना दिवस समारोह में बोल रही थी। वह एक दिन पहले लद्दाख की अपनी पहली यात्रा पर पहुंचीं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्ना व्यक्त की कि राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली लद्दाख यात्रा इसके स्थापना दिवस पर हो रही है। उन्होंने कहा कि लेह और कारगिल की स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषदों ने जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को लगातार मजबूत किया है और लद्दाख के विकास, खासकर युवाओं के रोजगार के लिए सार्थक कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख के लिए बजट प्रावधानों को पांच गुना बढ़ाया गया है।

भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए वेंकटस्वामी

हैदराबाद, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में पूर्व सांसद विवेक वेंकटस्वामी ने भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। वेंकटस्वामी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को अपने इस्तीफे का पत्र भेज दिया और इसके बाद उन्होंने उसे मीडिया पर साझा कर दिया। उन्होंने भाजपा में रहने के दौरान मिले समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसके बाद विवेशन ने शमशाबाद हवाई अड्डा के पास स्थित एक निजी होटल में आयोजित समारोह में कांग्रेस का दामन थाम लिया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने उनका स्वागत किया। श्री गांधी ने इस अवसर पर वेंकटस्वामी और उनके पुत्र वामशी को पार्टी का दुपट्टा पहनाया। कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए रेड्डी ने वेंकटस्वामी के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को चुनौती देने सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि 30 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। वहीं, वेंकटस्वामी ने तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रहने के लिए बीआरएस की आलोचना की और आरोप लगाया कि पार्टी के कार्य केसीआर के परिवार के हित सीमित हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने का उनका निर्णय बीआरएस को हटाने सत्ता से हटाने के लिए है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के नए डीजीपी बने रश्मि रंजन स्वैन

जम्मू, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। सीआईडी के विशेष डीजीपी और 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी रश्मि रंजन स्वैन जम्मू-कश्मीर पुलिस के नए डीजीपी बन गए हैं। मंगलवार को डीजीपी दिलबाग सिंह ने अपनी सेवाओं के अंतिम दिन स्वैन को पदभार सौंप दिया। दिलबाग सिंह करीब चार साल तक प्रदेश पुलिस के मुखिया रहे। पुलिस के तमाम बड़े अफसरों की मौजूदगी में स्वैन ने पुलिस मुख्यालय में अपना पद संभाला। वह जम्मू कश्मीर के 17वें डीजीपी बने हैं। स्वैन को जम्मू-कश्मीर में सेवाएं देने का लंबा अनुभव है। पुलिस विभाग में वह विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे हैं। शुरुआती दौर में वह एसडीपीओ कोठी बाग के रूप में तैनात किए गए थे। इसके बाद वह एसपी रामबन, एसपी कारगिल, एसपी पुंछ, एसएसपी कठुआ, एसएसपी जम्मू, एसएसपी श्रीनगर, एआईजी (पी/डब्ल्यू) पीएचक्यू और डीआइजी सतर्कता रहे। नवंबर 2006 में वह प्रतिनियुक्ति पर चले गए। जून 2020 में वह सीआईडी विंग के प्रमुख के रूप में जम्मू-कश्मीर पुलिस में शामिल हुए। वह 15 सालों से अधिक समय तक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहे और 2020 में उन्हें जम्मू कश्मीर में वापस भेजा गया। 15 जून 2020 को अधिकारी स्वैन को बी श्रीनिवास की जगह जम्मू कश्मीर का खुफिया प्रमुख नियुक्त किया गया। स्वैन लगभग 29 महीनों से सीआईडी में तैनात है। सीआईडी में तैनात रहते हुए उनकी तरफ से बेहतर काम करके दिया गया है। इससे की आतंकवाद की कमर को तोड़ा गया है।



- डीजीपी का पद संभालते ही आला अफसरों के साथ की बैठक
- दिलबाग सिंह ने सेवाओं के अंतिम दिन स्वैन को सौंपा पदभार
- करीब चार साल तक प्रदेश पुलिस के मुखिया रहे दिलबाग सिंह

एसआईए ने तोड़ी आतंकवाद की कमर

नवंबर 2021 में आतंक पर नकेल कसने के लिए जम्मू कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी का गठन किया गया था। एसआईए का गठन उनके दिमाग की उपज थी और स्वैन को इसका पहला निदेशक बनने और मीरवाइज ए कश्मीर मोलवी मुहम्मद फारूक की दशकों पुराने हत्या के मामले को सुलझाने का सम्मान मिला। पदभार संभालने के बाद

सार संक्षेप

मोदी ने दी 'केरल पिरावी' की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'केरल पिरावी' को केरल की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक बताते हुए लोगों को इस विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर लिखा, 'केरल पिरावी के विशेष अवसर पर शुभकामनाएं। अपनी लगन, मेहनत तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध छवि के प्रतीक केरल के लोग दृढ़ता और संकल्प शक्ति का प्रतीक हैं। मोदी ने केरल के लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि उन्हें हमेशा सफलता मिले और वे अपनी उपलब्धियों से प्रेरित होते रहें।

पीडीपी ने तीन सदस्यीय चुनाव बोर्ड का गठन किया

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को तीन सदस्यीय चुनाव बोर्ड का गठन किया। पीडीपी प्रवक्ता ने बताया कि पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता अब्दुल रहमान वीरी को इसका अध्यक्ष और एस अमरीक सिंह तीन तथा सतपाल सिंह चरक को सदस्य नियुक्त किया गया है।

धनखड़ ने किसान रामू लाल से की मुलाकात

नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान में दूदू के किसान रामू लाल बामू और उनके परिजनों तथा श्री धन्ना भगत मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से बुधवार को संसद भवन में मुलाकात की। गौरतलब है कि रामू लाल जी बामू ने दूदू में अपनी 14 बीघा जमीन पर उप राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर के उतरने के लिए हेलीपैड निर्माण की खातिर स्वीकृति प्रदान की थी। धनकड़ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रामू लाल जी बामू ने दूदू में अपनी 14 बीघा जमीन पर उपराष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर के लिए हेलीपैड निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की थी।

संभाजीनगर के ग्रामीण हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में मराठा आरक्षण आंदोलन तेज होता जा रहा है। कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा होने की आशंका को देखते हुए राज्य के गृह विभाग ने सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए जिले के ग्रामीण हिस्सों में बुधवार सुबह छह बजे से तीन नवंबर तक 48 घंटों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी है। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने आज सुबह इस संबंध में आदेश जारी किया। जिले के नौ तालुकाओं में इंटरनेट सेवा उपलब्ध नहीं होगी, जिनमें छत्रपति संभाजीनगर तालुका, सिल्लोड, सोयगांव, गंगापुर, खुलताबाद, पैठन, वैजापुर, कन्नड़ और फुलंबरी तालुका शामिल है। इंटरनेट सेवाएं बंद होने से जिले में उद्योग धंधे भी प्रभावित होंगे। जिला प्रशासन ने हालिके पहले ही नवंबर तक जिले में कर्फ्यू के आदेश लागू कर दिए हैं।

आरिवर विपक्षी नेताओं के फोन में किसकी दिलचस्पी : चिदंबरम

फोन की जासूसी मामले को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

नई दिल्ली, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। फोन की जासूसी मामले पर विपक्ष आक्रमक हो गया है। विपक्षियों ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। एपल मैसेज चेतावनी आने के बाद से ही विपक्ष ने सरकार पर तीखे सवाल दागे हैं। इसी दौरान पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने एक सरकारी एजेंसी की ओर इशारा करते हुए कहा यह फिलहाल संदेह है। चिदंबरम ने कहा कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि विपक्षी नेताओं को एपल के जरिए आए खतरे का मैसेज राज्य प्रायोजित प्रयासों के बारे में अलर्ट हो। उन्होंने गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा, यह मैसेज सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही क्यों आए। आखिर विपक्षी नेताओं के फोन में किसकी दिलचस्पी है। उन्होंने कहा, पेगासस का मुद्दा अभी तक सुलझा नहीं, वहीं संदेह की उंगली सरकारी एजेंसी की ओर उठ रही है। बता दें कई विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें एपल से एक अलर्ट मिला है, जिसमें उनके आईफोन से छेड़छाड़ करने की कोशिश करने और कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई है। इस आरोप को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खारिज करते हुए कहा कि मामले की गहनता से जांच की जाएगी। एपल ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि राज्य-प्रायोजित हमलावर बहुत अच्छी तरह से फिंगिंग वाले और ट्रेंड हैं और उनके अटैक के तरीके समय के साथ बदलते रहते हैं। कई बार ये अलर्ट झूठे भी साबित होते हैं। यह भी संभव है कि एपल की ओर से भेजे गए कुछ अलर्ट झूठे हो सकते हैं। हम इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ हैं कि किस कारण से हमें खतरे की सूचनाएं जारी करनी पड़ रही हैं, क्योंकि इससे हैकर्स को मदद मिल सकती है।

मप्र का प्रत्येक व्यक्ति भ्रष्टाचार से पीड़ित : कांग्रेस

भाजपा पर लगाया पुलिस, पैसे व प्रशासन के दम पर सरकार चलाने का आरोप

नरसिंहपुर, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी पर पुलिस, पैसे और प्रशासन के दम पर सरकार चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब जनता इस कुशासन से मुक्ति चाहती है। कमलनाथ ने नरसिंहपुर के करेली में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा में कहा कि स्कूली बच्चों को विश्व की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप देने का काम कांग्रेस की सरकार करने वाली है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब वोट देने जाएं तो कांग्रेस के वचनपत्र को पढ़कर जाएं।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में स्वास्थ्य, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सब चौपट हैं और रोजगार भी नहीं है। प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति भ्रष्टाचार से पीड़ित है। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि सरकार ने मध्य प्रदेश के भविष्य पर ताला लगा रखा है और यह ताला केवल 50 प्रतिशत कमीशन देने पर ही खुलता है। उन्होंने कहा कि ये युवाओं, महिलाओं, किसानों के भविष्य का चुनाव है। कमलनाथ ने कहा कि सरकार आने पर कांग्रेस फिर से किसानों का कर्ज माफ करने वाली है। साथ ही धान का समर्थन मूल्य ढाई हजार रुपए देने का काम होगा।

कमलनाथ ने सोशल मीडिया के एक्स पर प्रदेशवासियों को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि आइए हम सब मिलकर अपने मध्य प्रदेश को संसार का सबसे स्वस्थ, सुरक्षित, सुखी, समृद्ध और सुसंस्कृत राज्य बनाने का संकल्प लें। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी राज्य के स्थापना दिवस पर कहा कि अभी आदर्श आचार संहिता के कारण स्थापना दिवस समारोह आयोजित नहीं किया जा सकता, लेकिन आगामी तीन दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद धूमधाम से राज्य का स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा।

चौहान ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि हर साल आनंद और उत्साह से राज्य का स्थापना दिवस समारोह मनाने की परंपरा भाजपा सरकार ने शुरू की, लेकिन इस बार आचार संहिता के कारण स्थापना दिवस का शासकीय तौर पर आयोजन नहीं कर पा रहे हैं।

मप्र में स्वास्थ्य, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था सब चौपट है : कमलनाथ

ग्वालियर को 'सिटी ऑफ म्यूजिक' की मान्यता देने पर दी बधाई

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा ग्वालियर को 'सिटी ऑफ म्यूजिक' के रूप में मान्यता दिए जाने पर बधायी दी है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने ग्वालियर को 'सिटी ऑफ म्यूजिक' के रूप में मान्यता दी है। ग्वालियर की यह ख्याति संगीत सम्राट तानसेन और महान बैजू बावरा के कारण स्थापित है। यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव का क्षण है कि ग्वालियर की समृद्ध संगीत परंपरा को यूनेस्को ने यह सम्मान प्रदान किया है। साथ ही कमलनाथ ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

वादे के मुताबिक काम नहीं कर रही नीतीश सरकार : नित्यानंद राय

पटना,1 नवम्बर (देशबन्धु)। नीतीश और तेजस्वी यादव ने साथ मिलकर सरकार बनाई थी तो बिहार के लोगों से काफी वादा किया था। लेकिन आजकल कोई नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो कुम्भकर्णी नींद में सोए हुए हैं। तेजस्वी यादव छह-छह विभाग को लेकर बैठे हुए हैं और उस विभाग में कितना अधिक घोटाला हो रहा है। कितना भ्रष्टाचार है पूरा बिहार जानता है। देश के लोग भी यह बात जानते हैं। यह बातें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कही है। दरअसल, बिहार में लोक सेवा आयोग द्वारा टीचरों की बहाली करवाई जा रही है। इसको लेकर सीएम नीतीश कुमार और बिहार सरकार के तरफ से गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह भी रखा गया है। अब इस शिक्षक बहाली को लेकर विपक्षी दलों के तरफ से कई तरह के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब इसको लेकर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि नीतीश-तेजस्वी की सरकार अपने वादे के मुताबिक काम नहीं कर रही है। इन्होंने जो वादा किया था उसको लेकर कुछ भी नहीं कर रहे हैं। यह लोग गहरी नींद में सो गए है। बिहार सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। नीतीश कुमार कुम्भकरण की तरह सोए हुए हैं।

- भ्रष्टाचार को लेकर महागठबंधन सरकार पर बोला हमालाहै
- गहरी नींद में सोई हुई है बिहार सरकार : राय

जो भी गलत करेगा उसे सजा मिलेगी

वहीं, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन जारी होने के सवालों को लेकर उन्होंने कहा कि जो भी गलत करेगा उसे सजा मिलेगी। हम लोग किसी को गलत नहीं बोलते हैं। इस देश में कानून है अगर गलत होगा तो सजा मिलेगी। कानून अपने हिसाब से काम करती है। जो गलत काम करेगा घोटाला करेगा तो कानून तो उसके पास जाएगी ही।

उधर, राजद के नेता के तरफ से खुद को महिषासुर के वंसज और माता दुर्गा को कात्यानिक बताए जाने को लेकर किए गए सवाल पर नित्यानंद राय ने कहा कि उन्होंने बहुत बड़ा अपराध किया है और तेजस्वी को कहना चाहूंगा की इस देवताओं को अपमानित करते हैं।

जम्मू-कश्मीर में एसआईए के दो साल पूरे

श्रीनगर, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने अपने अस्तित्व के दो साल पूरे कर लिए और एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर में 'शून्य आतंकवाद' हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जम्मू-कश्मीर में एक नवंबर, 2021 को गठित एसआईए को आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच और मुकदमा चलाने का काम सौंपा गया। साथ ही इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया। इन दो वर्षों में, एजेंसी ने 45 मामले दर्ज किए और आगे की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर के अन्य थानों से 12 अतिरिक्त मामले अपने हाथ में ले लिए। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने 31 मामलों में सफलतापूर्वक आरोप लगाए हैं, अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया है और 99 आरोपी लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने जासूसी, आतंकी वित्तपोषण, नार्को-आतंकवाद, आतंकवादी कृत्यों और अल्पसंख्यक से संबंधित कई मामलों की सफलतापूर्वक जांच की है।



ICICI Home Finance कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एलएफसी टावर, अंबेरी – कुर्ला रोड, अंबेरी ईस्ट, मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, रुकाई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर – 492 001

स्नेनिग 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रसी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", "जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है यहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों / गारंटरों / बंधकृती बारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	नवीन कुमार तिवारी (कर्जदार), नेहा तिवारी (सह–कर्जदार) ऋण खाता संख्या एलएच आरपीआर00001284628	फ्लैट नंबर 452 स्थित सम्पत्ति, ईमिर हार्मोनी, खसरा नंबर 364/4, ग्राम मुना एवं बाना, पीएच नंबर 31 और 32, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़	रु. 4,92,384/– 26–10–2023	रु. 5,40,000/– / रु. 54,000/–	21–11–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	12–12–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
	टीज बाहड़ा (कर्जदार), फ्रीट्स रावित (सह–कर्जदार), जोगिंदर सोनकर (सह–कर्जदार) ऋण खाता संख्या एलएचसीआरएच00001247576	खसरा नंबर 1229/2 स्थित सम्पत्ति, स्ट्रीट नंबर 5, पीएच नंबर 14, वार्ड नंबर 16, वंदे नगर कुरूद नगर आरआरी मिलार्ड, छत्तीसगढ़, पिन कोड – 491001	रु. 17,84,500/– 26–10–2023	रु. 4,54,000/– / रु. 45,410/–	21–11–2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	12–12–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

अनिवार्य नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी एसेट टेक की वेबसाइट (सूचनाएत लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर उपलब्ध होगी। संपत्तिदाताओं/ऋणभोक्ताओं को 11–12–2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आई ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडरों) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) डारेक्टोरियल/वित्तीय प्रोडक्ट (डीपी) (कालन ई दोनों) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, रुकाई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर–492001 में 11–12–2023 को अपरा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडरों) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, रुकाई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर–492001 में 11–12–2023 को अपरा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से 'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी' के पक्ष में रायपुर, भिलाई में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियमन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से 022–69974300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास किया कोई कारण बताए बिना भी या सभी बिडरों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 02–11–2023
स्थान : रायपुर, भिलाई

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

ROHA HOUSING FINANCE
GROW WITH YOUR OWN HOME
रोहा हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड
कॉर्पोरेट ऑफिस : यूनिट नं. 1117 एवं 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301.

आधिपत्य सूचना (प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के अर्तगत)

रोहा हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड ("RHFPL" के रूप में संदर्भित) पंजीकृत कार्यालय : जजेटी हाउस, ए44/45, रोड नं.2, एमआईडीसी, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई –400093 के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विनीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13 (12) सपठित नियम 3 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करके कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऋणी(यों)/नीचे वर्णित गारन्टर(यों) के उक्त वर्णित अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर निम्न वर्णित ऋण राशि अदा करने की मांग की थी एवं

चूंकि नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) ने अदायगी में त्रुटि की है अतः नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न अचोहस्तारक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का भौतिक आधिपत्य प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है। नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) को विशेषतः तथा सामस्त जनता को साधारणतः सतर्क किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह रोहा हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड के ऋणी(यों) के समक्ष वर्णित राशि एवं ब्याज के चार्ज (प्रभार) के अधीन होगा। धरोहर संपत्ति के एकल में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों पर ध्यानाकर्षित है।

ऋणी(यों) / सह–ऋणी(यों) के नाम/ खाता सं./शाखा	संपत्ति का विवरण	मांग पत्र की दिनांक एवं बकाया राशि	आधिपत्य की दिनांक
लोन नं.: HLRAICPPSC00000500555B3/शाखा: रायपुर 1. श्रीप्रिआइल असोसी, 2. श्रीमती अपसरामापरीम पता 1: पहली मंजिल, सुर्य मुखी बुडिंग्स, गांधी नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड–492001. पता 2 : प्लॉट के भाग वर ख़सरा नं. 158/18, प.ह.नं. 00037, मौजा गोंदाबाड़ा, आर एम एल रायपुर 1, तहसील एवं जिला रायपुर-492003, छत्तीसगढ़	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, खसरा नं. 158/18 के भाग पर प्लॉट, प.ह.नं. 00037, मौजा गोंदाबाड़ा, आर एम एल रायपुर 1, तहसील जिला रायपुर-492003. छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 1530 वर्गफीट	11-08-2023 & ₹ 8,66,394/-	26-10-2023

स्थान : रायपुर
दिनांक : 02.11.2023

प्राधिकृत अधिकारी
कृते – रोहा हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड

दुनिया रंग-बिरंगी

सलमान ने मुझसे कहा था कि अगर 'रेस 3' का हिस्सा बनना है तो शर्ट उतारनी होगी : बॉबी देओल

मुंबई, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपनी अपकमिंग फिल्म 'एनिमल' की रिलीज का इंतजार कर रहे एक्टर बॉबी देओल ने साझा किया है कि बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने उनसे कहा था कि अगर वह 'रेस 3' का हिस्सा बनना चाहते हैं तो अपनी शर्ट उतारनी होगी। बॉबी, जिन्हें अक्सर सोशल मीडिया पर 'लॉर्ड बॉबी' कहा जाता है, निर्देशक-निर्माता करण जौहर द्वारा होस्ट किए जाने वाले लोकप्रिय चैट शो 'कॉफी विद करण' के दूसरे एपिसोड का हिस्सा बने। बॉबी देओल ने कहा, 'सलमान ने मुझसे कहा था कि 'देख जब मेरा करियर ठीक नहीं चल रहा था, मैं तेरे भाई की पीठ पर चढ़ गया था, मैं आगे बढ़ा, मैं संजय दत्त की पीठ पर चढ़ गया। मैं आगे बढ़ा।' 'हम एक-दूसरे को मामू कहते हैं, तो मैंने उसको बोला, 'मामू, तो मुझे तेरे पीठ पर चढ़ने दे ना'... सलमान को मेरी ये बात याद थी।

कम बारिश के बीच अक्टूबर में हवा की गुणवत्ता 3 साल के निचले स्तर पर पहुंची, ठंड बढ़ी

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2023 में दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 210 दर्ज किया गया

नई दिल्ली, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली में इस साल 2020 के बाद से अक्टूबर के महीने में सबसे खराब वायु गुणवत्ता का अनुभव किया गया। मौसम विज्ञानियों ने प्रदूषण के खतरनाक स्तर के लिए महीने के दौरान कम बारिश को जिम्मेदार ठहराया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2023 में दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 210 दर्ज किया गया। यह अक्टूबर 2022 में दर्ज एक्यूआई के अनुरूप था, लेकिन अक्टूबर 2021 में दर्ज 173 एक्यूआई से काफी खराब था। इस बिगड़ती वायु गुणवत्ता में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में से एक वर्षा की कमी थी। अक्टूबर 2023 में दिल्ली में केवल एक दिन बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप मात्र 5.4 मिमी वर्षा हुई। यह पिछले वर्षों की तुलना में बिल्कुल विपरीत था, अक्टूबर 2022 में छह बरसात के दिन और 129 मिमी बारिश देखी गई और अक्टूबर 2021 में 123 मिमी बारिश के साथ सात बरसात के दिन दर्ज किए गए। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अक्टूबर 2023 के दौरान दिल्ली में औसत हवा की गति अपेक्षाकृत कम थी। इसके अलावा, पूरे महीने बिल्कुल 'स्थिर' मौसम की स्थिति देखी गई, जिसने प्रदूषकों के फैलाव को रोका और वायु गुणवत्ता की समस्या को बढ़ा दिया। सीपीसीबी के आंकड़ों से पता चला कि पूरे अक्टूबर 2023 में, दिल्ली में एक भी दिन 'अच्छी' वायु गुणवत्ता के साथ दर्ज नहीं किया गया। यह 2022 के बिल्कुल विपरीत है जब दो ऐसे दिन थे और 2021 जब एक दिन 'अच्छी' वायु गुणवत्ता वाला था।

सीएक्यूएम ने बताया कि दिल्ली ने 2023 में 1 जनवरी से 31 अक्टूबर तक 172 का एक्यूआई दर्ज किया, जिससे यह छह वर्षों में इसी अवधि के लिए दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन बन गया। कोविड-19 महामारी से प्रभावित वर्ष 2020 के दौरान इस अवधि के दौरान शहर में वायु गुणवत्ता बेहतर थी।

मोबाइल फोन के इस्तेमाल से वीर्य की गुणवत्ता कम हो सकती है

फर्टिलिटी एंड स्टेरिलिटी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि मोबाइल फोन के उपयोग और शुक्राणु की कम गतिशीलता और उसके स्ट्रक्चरल फीचर के बीच कोई संबंध नहीं

लंदन, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से पता चला है कि इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन उत्सर्जित करने वाले मोबाइल फोन के बार-बार इस्तेमाल से शुक्राणु की सघनता और कुल शुक्राणुओं की संख्या कम हो सकती है। हालांकि, फर्टिलिटी एंड स्टेरिलिटी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि मोबाइल फोन के उपयोग और शुक्राणु की कम गतिशीलता और उसके स्ट्रक्चरल फीचर के बीच कोई संबंध नहीं है। पिछले पचास वर्षों में वीर्य की गुणवत्ता में देखी गई गिरावट को समझने के लिए विभिन्न पर्यावरणीय और जीवनशैली कारकों का प्रस्ताव किया गया है, लेकिन इसमें मोबाइल फोन की भूमिका अभी तक देखी नहीं गई है। स्विट्जरलैंड में जिनेवा विश्वविद्यालय की एक टीम ने 2005 और 2018 के बीच भर्ती किए गए 18 से 22 वर्ष की आयु के 2,886 स्विस पुरुषों के डेटा के आधार पर एक क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन किया। डेटा से मोबाइल फोन के बार-बार उपयोग और कम शुक्राणु एकाग्रता के बीच संबंध का पता चला।

उन पुरुषों के समूह में औसत शुक्राणु सांद्रता काफी अधिक थी जो सप्ताह में एक बार (56.5 मिलियन/एमएल) से अधिक अपने फोन का उपयोग नहीं करते थे, उन पुरुषों की तुलना में जो दिन में 20 बार (44.5 मिलियन/एमएल) से अधिक अपने फोन का इस्तेमाल करते थे। वीर्य की गुणवत्ता शुक्राणु एकाग्रता, कुल शुक्राणु संख्या, शुक्राणु गतिशीलता और शुक्राणु आकृति विज्ञान जैसे मापदंडों के मूल्यांकन से निर्धारित होती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा स्थापित मूल्यों के अनुसार, यदि किसी पुरुष के शुक्राणु की सांद्रता 15 मिलियन प्रति मिलीलीटर से कम है, तो उससे गर्भधारण करने में संभवतः एक वर्ष से अधिक समय लगेगा। इसके अलावा, यदि शुक्राणु सांद्रता 40 मिलियन प्रति मिलीलीटर से कम है तो गर्भावस्था की प्रतिशत संभावना कम हो जाएगी। कई अध्ययनों से पता चला है कि पिछले पचास वर्षों में वीर्य की गुणवत्ता में कमी आई है। बताया गया है कि शुक्राणुओं की संख्या औसतन 99 मिलियन शुक्राणु प्रति मिलीलीटर से घटकर 47 मिलियन प्रति मिलीलीटर हो गई है। ऐसा माना जाता है कि यह घटना पर्यावरणीय कारकों और जीवनशैली की आदतों (आहार, शराब, तनाव, धूम्रपान) का परिणाम है।

58 वर्ष की हुई पद्मिनी कोल्हापुरी

मुंबई, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी आज 58 वर्ष की हो गयी। पद्मिनी कोल्हापुरी का जन्म 01 नवंबर, 1965 को एक मध्यम वर्गीय कोंकणी परिवार में हुआ। उनके पिता पंढरीनाथ कोल्हापुरे शास्त्रीय गायक थे जबकि उनकी मां एयरलाइंस में काम किया करती थीं। घर में संगीत का माहौल रहने के कारण पद्मिनी कोल्हापुरीका रुझान भी संगीत की तरफ हो गया और वह अपने पिता से संगीत सीखने लगीं। वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म 'यादों की बारात' में उन्हें गाने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनकी आवाज में रचा बसा यह गीत 'यादो की बारात निकली है आज दिल के द्वारे' श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए। इसके बाद उन्होंने किताब, दुश्मन, दोस्त जैसी फिल्मों में भी अपनी बहन शिवांगी के साथ पार्श्वगायन किया। पद्मिनी कोल्हापुरी ने बतौर बाल कलाकार अपने करियर की शुरुआत निर्माता बी.एस.थापा की फिल्म 'एक खिलाड़ी बावन पत्ते' से की। वर्ष 1974 में उन्हें अपनी दूर की रिश्तेदार आशा भोंसले के प्रयास से देवानंद की फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में बतौर बाल कलाकार काम करने का मौका मिला। इसके बाद उन्होंने ड्रीमगर्ल, साजन बिना सुहागन, जिंदगी जैसी फिल्मों में भी बतौर बाल कलाकार काम किया। वर्ष 1977 में प्रदर्शित फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' उनके करियर की अहम फिल्म साबित हुई। राजकपूर की इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री जीनत अमान के बचपन की भूमिका निभाई थी।

वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म 'इंसाफ का तराजू' पद्मिनी कोल्हापुरी के करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। बी.आर.चोपड़ा के बैनर तले बनी यह फिल्म वर्ष 1976 में प्रदर्शित हॉलीवुड फिल्म 'लिपिस्टक' की रिमेक थी। इस फिल्म में पद्मिनी कोल्हापुरी ने अभिनेत्री जीनत अमान की बहन की भूमिका निभाई थी जिन्होंने बलात्कार की शिकार एक युवती की भूमिका निभाई थी। फिल्म में अपनी संजीदा भूमिका से उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया साथ ही सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित की गईं।

सलमान खान-स्टारर 'टाइगर 3' विदेशों में एक दिन पहले रिलीज होगी



मुंबई, 31 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की अपकमिंग एक्शन फिल्म 'टाइगर 3' भारत में रिलीज होने से एक दिन पहले 11 नवंबर को विदेशों में रिलीज होने के लिए तैयार है। एडवांस सेल्स पर आधारित एग्जीबिटर्स की मांग और इन बाजारों में दिवाली से पहले कोई प्रभाव नहीं होने के कारण 'टाइगर 3' 11 नवम्बर को विदेशों में रिलीज होगी। मध्य पूर्व और सभी पश्चिमी बाजारों से शुरू होकर अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र, 'टाइगर 3' को 11 नवम्बर को भारतीय समयानुसार रात 9 बजे रिलीज़ करेंगे। एशिया प्रशांत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाजार 12 नवम्बर को खुलेंगे। फिल्म 'टाइगर 3' भारत में भी 12 नवंबर को सुबह 7 बजे से प्रदर्शित की जाएगी और एडवांस बुकिंग 5 नवंबर से शुरू होगी। 'टाइगर 3' ब्लॉकबस्टर वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है जो 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर' और 'पठान' की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म में इमरान हाशमी और कैटरीना कैफ भी हैं। फिल्म मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित है।

नयनतारा की तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णानी : द गॉडेस ऑफ फूड' 1 दिसम्बर को रिलीज होगी

तिरुवनंतपुरम, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस नयनतारा अपनी तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णानी : द गॉडेस ऑफ फूड' के लिए तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म की रिलीज की तारीख आधिकारिक तौर पर 1 दिसंबर तय की गई है। एक्ट्रेस नयनतारा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, 'अन्नपूर्णानी 1 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज हो रही है। तैयार हो जाओ।' स्टोरी की डिटेल अभी भी पूरी तरह से सामने नहीं आया है। जिसमें नयनतारा एक रूढ़िवादी, उच्च जाति के घराने से आती दिखाई दे रही थी। खाने-पीने की बहुत शौकीन और सपने देखने वाली नयनतारा का किरदार अपने पुराने जीवन को पीछे छोड़कर अपने कुक बनने के सपने को पूरा करने में लग जाता है। फिल्म की शूटिंग तमिलनाडु के श्रीरंगम त्रिची में की गई है। यहां अग्रहारम के दृश्य दिखाए गए हैं। शाहरुख और एटली की मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद 'अन्नपूर्णानी' नयनतारा की अगली फिल्म होगी। इस फिल्म ने एक्ट्रेस को एक पैन इंडिया नाम के रूप में स्थापित किया है।

यूपी में डेंगू के मामले 1,700 के पार

लखनऊ, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में डेंगू के ताजा मामले 1,700 का आंकड़ा पार कर गए हैं। अकेले लखनऊ में पिछले 24 घंटों में 37 नए पॉजिटिव मामले सामने आए। ये मामले शहर के ऐशबाग, अलीगंज, चंद्र नगर, गोसाईंगंज, इंदिरा नगर, चिनहट, काकोरी, एनके रोड, रेड क्रॉस, सिल्वर जुबली और तुरियागंज क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से दर्ज किए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि जिन लोगों का टेस्ट पॉजिटिव आया है, वे घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा, 'हम उनकी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।' उन्होंने कहा कि डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लार्विसाइडल और फॉगिंग गतिविधियां कीं। इसके अलावा, जनता को अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे बर्तनों और टंकियों को ढकने, कूलरों को सप्ताह में एक बार खाली करने और उन्हें फिर से भरने से पहले साफ कपड़े से साफ करने और पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने के महत्व के बारे में बताया। पिछले 30 दिनों में, शहर में हर दो घंटे में तीन नए डेंगू संक्रमण की सूचना मिली है, जिसमें बीमारी के कारण एक की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अधिकतम मामले गोमती नगर, इंदिरानगर और अलीगंज जैसे पॉश इलाकों से सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि यह स्थिति नवंबर के मध्य तक जारी रहने की संभावना है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, हर दिन कम से कम 30 लोग संक्रमित हो रहे हैं, जो सितंबर में 21 के औसत दैनिक संक्रमण से 42 प्रतिशत अधिक है, जिस महीने डेंगू तीव्र गति से बढ़ा। बलरामपुर, लोकबंधु और एसपीएम सिविल जैसे प्रमुख सरकारी अस्पतालों में डेंगू वार्ड क्षमता के करीब हैं, उनके बाह्य रोगी विभागों में इलाज के लिए बुखार के मरीजों की भीड़ ज्यादा है।

गूगल, मैच ग्रुप ने प्ले स्टोर एंटीट्रस्ट मामले में किया सेटलमेंट

सैन फ्रांसिस्को, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। टेक दिग्गज गूगल ने ऐप स्टोर एंटीट्रस्ट मामले में टिंडर, हिंज और ओकेक्यूपिड के डेटिंग ऐप प्रोवाइडर मैच ग्रुप के साथ सेटलमेंट कर लिया है। सेटलमेंट एग्रीमेंट के हिस्से के रूप में, मैच ग्रुप 31 मार्च, 2024 तक 'यूजर च्वॉइस बिलिंग' लागू करने में सक्षम होगा। यह फीचर यूजर्स को गूगल के सिस्टम के अलावा अन्य सिस्टम से भुगतान करने की अनुमति देता है। गूगल के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'हम मैच ग्रुप के साथ सेटलमेंट एग्रीमेंट पर पहुंचकर खुश हैं। यह सुनिश्चित करता है कि हम अपने शेयर्ड यूजर्स को सिक्योर और हाई-क्वालिटी एक्सपीरियंस प्रदान करना जारी रख सकते हैं जिसकी लोग गूगल प्ले पर ऐप्स से अपेक्षा करते हैं, साथ ही गूगल की एंड्रॉइड इकोसिस्टम में निवेश करने और ऐप के पूर्ण जीवनचक्र में मूल्य प्रदान करने की क्षमता को बनाए रख सकते हैं।'

द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, गूगल और मैच ग्रुप का सेंटलमेंट डेटिंग ऐप कंपनी को अल्टरनेट इन-ऐप पेमेंट ऑप्शन प्रदान करने की अनुमति देगा। मैच ग्रुप ने मंगलवार देर रात एक बयान में कहा, 'मैच और गूगल ने अदालत को सूचित किया कि वे मुकदमे में एक दूसरे के खिलाफ अपने संबंधित दावों के निपटान के लिए एक बाध्यकारी टर्म शीट पर पहुंच गए हैं।' बयान में कहा गया है, 'शर्तों के तहत, एस्क्रो में रखे गए 40 मिलियन डॉलर मैच ग्रुप को वापस कर दिए जाएंगे और 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए मुकदमे में दावों से संबंधित मैच वादी द्वारा गूगल को कोई अन्य राशि बकाया नहीं होगी।' मैच ने मई 2022 में गूगल पर मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने गूगल प्ले के साथ ऐप वितरण के लिए बाजार पर अवैध रूप से एकाधिकार कर लिया है और बाजार पर लेनदेन से ली जाने वाली फीस पर जबरन वसूली कर लगाया है।

जान्हवी कपूर ने एनटीआर जूनियर स्टारर 'देवरा' के लिए पूरा किया गोवा शेड्यूल

मुंबई, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित एनटीआर जूनियर की फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' का गोवा शेड्यूल पूरा कर लिया है। एक्ट्रेस गोवा में को-स्टार्स एनटीआर जूनियर और सैफ अली खान के साथ शूटिंग कर रही थीं। जैसे ही गोवा शेड्यूल पूरा हुआ, जान्हवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर 'देवारा' टीम के प्रति अपने लगाव को साझा किया, साथ ही अपने किरदार 'थंगम' का परिचय भी दिया। शेयर की गई तस्वीर में वह सिंपल ट्रेडिशनल ग्रीन और ब्लू कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है: 'सेट, टीम को मिस कर रही हूं और 'थंगम' की भूमिका को अपना रही हूं। हैशटैग देवरा।' 'देवरा' युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और नंदामुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसका पार्ट 1 पूरे भारत में 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगा।

25 नवम्बर से शुरू हो रहा है विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र का सोनपुर मेला...

पटना, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला हर साल सोनपुर में लगता है। यह मेला विशेष रूप से ठंड की शुरूआती दिनों में लगता है और करीब एक महीने के आस- पास रहता है। ऐसे में इस बार सोनपुर मेले की शुरूआत 25 नवंबर से होने जा रहा है। यह मेला एक महीने यानी 26 दिसंबर तक रहेगा। इस दौरान पशु के आलावा अन्य जरूरत की वस्तु की खरीददारी भी कर सकते हैं। दरअसल, विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर पशु मेला को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2023 के शातिपूर्ण एवं सफल आयोजन हेतु गठित कोषांगों के पदाधिकारीगणों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2023 का आयोजन पर्यटन विभाग बिहार, पटना एवं जिला प्रशासन सारण द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस वर्ष मेला 25 नवंबर 2023 से 26 दिसम्बर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। मेला का उद्घाटन दिनांक 25 नवंबर को होगा। इस दौरान बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ओर कला संस्कृति मंत्री जितेंद्र कुमार राय मौजूद होंगे।

मालूम हो कि,बिहार के सोनपुर में हर साल कार्तिक पूर्णिमा से लगनेवाला मेला एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला हैं। इस मेले को 'हरिहर क्षेत्र मेला' के नाम से भी जाना जाता है। जबकि स्थानीय लोग इसे छत्तर मेला कहते हैं। यूं तो इस मेले की पहचान पशु-पक्षियों की बिक्री के लिए जाना जाता है कि लेकिन साल 2003 में पशु-पक्षियों की खरीद-बिक्री पर लगी रोक के बाद इस मेले की स्वरूप बदलता चला गया। अब मेले की पहचान घियेटर के रूप में की जाने लगी है।

आपको बताते चलें कि, ये मेला जंगी हाथियों का सबसे बड़ा केंद्र था। मौर्य वंश के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य मुगल सम्राट अकबर और 1857 के गदर के नायक वीर कुंवर सिंह ने भी से यहां हाथियों की खरीद की थी। वर्ष 1803 में रॉबर्ट क्लाइव ने सोनपुर में घोड़े के बड़ा अस्तबल भी बनवाया था। एक दौर में सोनपुर मेले में नौटंकी की मल्लिका गुलाब का जलवा होता था।

सेना के अस्पताल में 8 साल की बच्ची का दुर्लभ नॉन सर्जिकल ट्रांसप्लांट

नई दिल्ली, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित सेना के अस्पताल में 8 साल की एक बच्ची का गैर-सर्जिकल ट्रांसकैथेटर प्रत्यारोपण किया गया। यह बच्ची जन्मजात हृदय की समस्या से पीड़ित थी। प्रत्यारोपण, कार्डिएक (फुफ्फुसीय) वाल्व का दोष, कमर में एक छोटे से 'निक' के माध्यम से किया गया। लड़की की उम्र 8 वर्ष है और वजन मात्र 28 किलोग्राम है। देश में विशेष रूप से सफारी क्षेत्र में इस गैर-सर्जिकल वाल्व प्रत्यारोपण से गुजरने वाली सबसे छोटी और कम उम्र की बच्ची है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह उपलब्धि (सिर्च एंड रेफरल) दिल्ली छावनी, नई दिल्ली में बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी टीम ने एएफएमएस (सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा) ने हासिल की है। इसके साथ ही अस्पताल ने अपनी उपलब्धियों की शृंखला में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ ली है। यह जटिल उन्नत प्रक्रिया लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह, महानिदेशक, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस), जो सशस्त्र बलों के सबसे वरिष्ठ सेवारत बाल रोग विशेषज्ञ हैं, लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी, डीजीएमएस (सेना) और लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन, कमांडेंट, सेना अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरेल) के संरक्षण और सक्षम मार्गदर्शन में किया गया।

देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार 2 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

और भी जानलेवा होती भारतीय सड़कें

एक ओर तो भारत सरकार सड़क यातायात को सुगम और सुरक्षित साबित करने के बड़े दावे करती है परन्तु वास्तविकता यह है कि भारतीय सड़कें बेहद असुरक्षित हैं जो हर रोज न जाने कितने लोगों के जीवन को लील रही है और लोगों को घायल कर रही हैं। इनमें से बड़ी संख्या में ऐसे भी हैं जो आजीवन विकलांग या शारीरिक रूप से पूरी तरह असमर्थ हो जाते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत में 2022 के दौरान होने वाले सड़क हादसों को लेकर जो वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई है वह बेहद चिंताजनक है। स्थिति की गम्भीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में कहीं न कहीं औसतन हर घंटे 53 दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें 19 लोगों की मौत हो जाती है। ये आंकड़े चेतावनी के रूप में लिये जाने चाहिये और इन दुर्घटनाओं को टालने के लिये असरकारी कदम उठाने होंगे। सड़कें न केवल सुरक्षित हों वरन वाहनों की स्थिति भी ठीक होना चाहिये तथा वाहन चालन भी दोषरहित हो तभी सड़क यातायात को सुरक्षित कर नागरिकों के अमूल्य जीवन बचाये जा सकते हैं।

हर वर्ष राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों द्वारा ऐसी रिपोर्ट जारी होती है। साल 2022 के आंकड़े सड़क दुर्घटनाओं और उनके चलते होने वाली मौतों की संख्या व घायलों की तादाद में बड़ी बढ़ोतरी को दर्शाते हैं। ये आंकड़े एशिया पेसिफिक रोड एक्सीडेंट डाटा के अंतर्गत जारी किये गये हैं। इसके अनुसार साल 2022 के दौरान देश भर में 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 1,68,491 लोगों की मौत हुई और 4,43,366 लोग घायल हुए। उसके पहले साल की तुलना में दुर्घटनाएं 11.9 प्रतिशत बढ़ी हैं। 9.4 फीसदी अधिक लोगों की मृत्यु हुई जबकि घायलों की संख्या के लिहाज से यह 15.3 प्रश की वृद्धि है।

रिपोर्ट में सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण निर्धारित गति से भी तेज चालन, नशे में गाड़ी चलाना और यातायात नियमों का अनुपालन न करना बताया गया है। सड़क हादसों को लेकर वाहन चालकों को जागरूक करने की ज़रूरत बतलाई गई है। उनके लिये शैक्षणिक व प्रशिक्षण अभियान भी आवश्यक बताये गये हैं। सवाल तो यह है कि कुछ वर्षों पहले भारत सरकार ने नियम तोड़ने वालों के लिये बड़े जुर्माने निर्धारित किये थे। विशेषज्ञों ने तभी यह राय जाहिर की थी कि भारी-भरकम आर्थिक दण्ड की बजाय जागरूकता बेहतर उपाय है। मंत्रालय का यह भी दावा रहा है कि सड़क हादसों को रोकने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं जिनमें मंत्रालय द्वारा वाहन चालकों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। इसके अलावा वह सड़कों की गुणवत्ता, वाहन के मानक, यातायात नियमों का कड़ाई से अमल सहित दुर्घटनाओं को रोकने के अन्य पहलुओं पर काम करने का दावा भी करती रही है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मिलकर काम करने की ज़रूरत भी बतलाई गई है। मंत्रालय ने कई अन्य संबंधित संगठनों के साथ मिलकर इन्हें रोकने की ठानी है। इस कार्यक्रम को 4ई का नाम दिया गया है, जिसमें शिक्षा (एजूकेशन), इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन दोनों), प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) और आपातकालीन देखभाल (इमरजेंसी केयर) शामिल हैं। मंत्रालय का यह भी दावा है कि वह सड़क सुरक्षा ऑडिट कराने जा रही है। इस क्षेत्र में कई तरह के शोध, अध्ययन आदि भी किये जा रहे हैं ताकि सड़कों को पूर्णत: निरापद बनाया जा सके।

यह रिपोर्ट बहुत ही चेतावनी भरी है। इसलिये सरकार को चाहिये कि वह सभी आवश्यक कदम उठाये। देखा तो यह जाता है कि सरकारों की रुचि केवल सड़कों के अनावश्यक रूप से चौड़ीकरण और फोर लेन या सिक्स लेन बनाने में रहती हैं। ये सड़कें परिवहन का समय घटाने और हादसों को रोकने के नाम पर चौड़ी तो कर दी जाती हैं लेकिन दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं हो पाती। सफर में लगने वाला वक्त ज़रूर घट जाता है परन्तु वह इकलौता लाभ पर्याप्त नहीं है। देखा यह भी गया है कि वाहन चलाने वाले और रास्तों पर चलने वाले कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां तक कि रास्तों के किनारे रहने वाले भी दुर्घटनाओं की आशंका में जीते हैं।

हाल के वर्षों में वाहनों की गुणवत्ता भी काफी सुधरी है परन्तु यह भी सच है कि उसकी गति में भी इज़ाफ़ा हुआ है। तिस पर बेहतरीन व चौड़ी सड़कें पाकर वाहनों को फर्राटा गति से दौड़ाने का लालच भी बढ़ा है। समस्या यह है कि सड़कों पर चलने-चलाने का शऊर अब तक भारत के लोगों में विकसित हो नहीं पाया है। सरकार को लगता है कि केवल बड़ी राशि का जुर्माना ठोंककर समस्या से निज़ात पाया जा सकता है। कुछ बड़े व अनुशासनप्रिय शहरों में तो यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर निगरानी रखी जाती है लेकिन छोटे शहरों, कस्बों व गांवों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित या बाध्य किया जा सके। परिवहन व यातायात के तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर वाहन दौड़ते नज़र आते हैं। हेलमेट व सीट बेल्ट लगाये बिना वाहन दौड़ते हैं, बाईं ओर चलना अब तक देश ने सीखा ही नहीं, गलत ओवरटेकिंग करना व कट मारना लोगों का खास शगल है। निर्धारित संख्या से अधिक लोगों को ठूंसकर वाहन चलते हैं। निर्धारित गति से अधिक तेज़ रफ्तार के कारण सड़क के किनारे पलटी हुई गाड़ियां और उनके कारण मरने वाले व घायल होते लोगों के मंज़र स्वयं ही बतलाते हैं कि भारतीय सड़कें कितनी निरापद हैं।

चरित्र की कसौटी पर कंगना और दीपिका

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

बीते शुक्रवार को कंगना रनौत की फिल्म तेजस रिलीज हुई, और बुरी तरह पिट गई। फिल्मों का फ्लॉप होना कोई अनहोनी नहीं है। तीसरी कसम जैसी उत्कृष्ट फिल्म को भी दर्शकों ने नकार दिया था, लेकिन बाद में उसकी सार्थकता समझ आई। वैसे तेजस की कोई तुलना कालजयी रचना तीसरी कसम से नहीं की जा सकती, न ही ये कहा जा सकता है कि इस फिल्म का भविष्य क्या होगा। फिलहाल तो ये देखकर आश्चर्य हुआ कि जिस फिल्म को लोग थियेटर में देखने नहीं जा रहे, जिस फिल्म के कई शो दर्शकों की गैरमौजूदगी के कारण रद्द करने पड़े, उसे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पूरी योगी केबिनेट ने लखनऊ में लोकभवन में की गई स्पेशल स्क्रीनिंग में देखा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के आखिरी दृश्यों में योगीजी के आंसू भी निकल आए। इस स्पेशल स्क्रीनिंग की जगह अगर ये दोनों मुख्यमंत्री अपनी केबिनेट के साथ सिनेमा हॉल जाकर ही फिल्म देख लेते तो थियेटर वालों की कमाई भी हो जाती साथ ही इस पर जनता के पैसों से हुआ खर्च भी बच जाता।

खैर, दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ फिल्म देखने के लिए कंगना रनौत भी मौजूद थीं और इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महाराज जी ने इस फिल्म को देखा और सराहा, इससे उन्हें कितनी खुशी हुई है। इसके साथ ही कंगना ने इस फिल्म को न देखने वालों को एंटी नेशनल भी करार दिया। कंगना के विचार सुनने के बाद लगा कि क्या अब इस देश में मनोरंजन का हक भी जनता से छीन लिया जाएगा। क्या अपनी मर्जी से लोग ये भी तय नहीं कर पाएंगे कि कौन सी फिल्म उन्हें देखनी है और कौन सी नहीं। खबर है कि अहमदाबाद में तेजस जिस थियेटर में लगी थी, वो पूरा खाली था, तो क्या कंगना अब अहमदाबाद की जनता को राष्ट्रविरोधी कह देंगी।

वैसे बीते शुक्रवार फिल्म की निराशाजनक शुरुआत के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर आकर लोगों से नाटकीय तरीके से अपील की कि उनकी फिल्म को लोग थियेटर में जाकर देखें। कंगना ने अपनी बात में वजन डालने के लिए कोरोनाकाल के बाद की दुश्वारियों और फिल्म उद्योग की परेशानियों का जिक्र भी किया, हालांकि उनकी ये अपील हास्यास्पद ही लगी, क्योंकि कोरोना के बाद पठान और गदर 2 जैसी फिल्मों ने खूब कमाई की है। जबकि कंगना रनौत की फिल्में लगातार पिट रही हैं और इसकी एक ही वजह हो सकती है कि दर्शक उनमें उत्कृष्टता की कमी महसूस कर रहे होंगे। दर्शक हो या जनता लोकतंत्र में उनके मन की बात ही सुनी जानी चाहिए। मगर 2014 के बाद जो तथाकथित आजादी देश को मिली है, उसमें दर्शकों और जनता की आजादी पर पहरे बिठाए जा रहे हैं। कंगना ने अपनी फिल्म को देखने की अपील के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों से अपने फैन क्लब से जुड़ने की अपील भी की और इसके अलावा अपने साथ न जुड़ने वाले लोगों को एक तरह से बद्दुआ देते हुए लिखा कि, 'वे सभी लोग जो मेरा बुरा चाह रहे हैं, उनका जीवन हमेशा दुखों से भरा ही रहेगा, क्योंकि उन्हें जीवन भर हर दिन मेरा गौरव ही देखना होगा।'

कंगना रनौत जाहिर तौर पर ये सब प्रचार के लिए कर रही हैं और उनसे पहले भी खुद को लाइमलाइट में लाने के लिए ऐसे अतरंगी तरीके दूसरे कलाकार अपनाते रहे हैं। अब तक ऐसे कलाकारों का मखौल बनाया जाता रहा है। लेकिन कंगना रनौत के मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता, क्योंकि सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद जिस तरह वो कभी इजरायली राजदूत से मिल रही हैं, जैसे उनकी फिल्म को देखने पूरी यूपी सरकार पहुंच रही है, उससे समझ आता है कि इस प्रचार-प्रसार के पीछे कोई राजनैतिक खेल छिपा हुआ है। कंगना बार-बार कम उम्र में घर छोड़कर निकलने और अपने संघर्षों का हवाला देकर बताती हैं कि अपना जीवन उन्होंने खुद संवारा है। छोटे शहर की लड़की होने के बावजूद अपनी मेहनत से शोहरत हासिल करना अच्छी बात है। लेकिन ये चारित्रिक दृढ़ता बरकरार भी रहना चाहिए। आपकी फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया तो आप उन्हें राष्ट्रविरोधी कह देंगी, ये तो गलत बात है। मगर राष्ट्रवाद की अफीम का सेवन जिन लोगों ने कर लिया है, उन्हें इस चारित्रिक कमजोरी में भी देशप्रेम ही दिखेगा।

वहीं दूसरी ओर हैं दीपिका पादुकोण, जिन्होंने फिल्म जगत में अपनी मेहनत से ही नाम कमाया है। दीपिका की फिल्म पद्मावत को लेकर किस तरह का बवाल पूरे देश में खड़ा किया गया था, यह सभी को याद होगा। इसके बाद दीपिका की जेएनयू में छात्रों के साथ खड़ी तस्वीर भी बहुत से लोग नहीं भूले होंगे। 2020 में जेएनयू के छात्रों पर नकाबपोश लोगों के हमले के बाद दीपिका जेएनयू पहुंची और चुपचाप प्रदर्शन करने वाले छात्रों के बीच खड़ी रहीं। उनकी चारित्रिक दृढ़ता का एक बड़ा उदाहरण सामने आया। लेकिन दीपिका को केवल इसलिए निशाने पर लिया गया, क्योंकि उन्होंने अपने समकालीन बहुत से कलाकारों की तरह मोदी सरकार की जी हुजूरी नहीं की। दीपिका अब भी वही कर रही हैं, जो उन्हें ठीक लगता है। जैसे कॉफी विद करण शो में अपने पति रणवीर सिंह के साथ पहुंची दीपिका ने शादी के पूर्व के अपने संबंधों, मानसिक स्वास्थ्य, डिप्रेशन पर खुलकर बात की। इस पर दीपिका को चरित्रहीन ठहराने की मुहिम सोशल मीडिया पर चल गई। दो वयस्क, जो लंबी दोस्ती के बाद अब पति-पत्नी हैं, खुलकर अपने संबंधों पर बात कर रहे हैं, तो इसमें चरित्रहीनता की बात कहां से आ गई। दीपिका और रणवीर की जिंदगी में उनके आपसी संबंध कैसे रहे और कैसे आगे बढ़े, ये उनका निजी मामला है, जिस पर कुछ बोलने या न बोलने का हक उनका है, दूसरों का कोई हक नहीं बनता कि इसमें किसी को चारित्रिक प्रमाणपत्र दें। विडंबना ये है कि विश्वगुरु बनने के लिए अब भारत ने मध्यकालीन संकीर्णताओं की गलियों से गुजरना शुरु कर दिया है, जहां किसी महिला के चरित्र की मजबूती उसके संबंधों के आधार पर तय की जाती है। उसकी आत्मनिर्भरता और मुद्दों पर स्वतंत्र राय से पुरुष सत्तात्मक समाज तिलमिला जाता है। यहां सिंदूर और खाली प्लॉट जैसी बेहूदगी भरी बातों पर लोगों को गुस्सा नहीं आता, लेकिन एक महिला ने शादी के पहले के अपने जीवन पर कुछ खुलासा कर दिया, तो उन्हें तकलीफ हो जाती है।

महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है।

दरअसल महिला स्वतंत्रता की परिभाषा भी संकीर्ण मानसिकता के लोग अपने हिसाब से ही तय करना चाहते हैं। इसलिए इन लोगों को कभी दीपिका पादुकोण से तकलीफ होती है, कभी महुआ मोईत्रा से और राहुल गांधी से तो हमेशा ही ये लोग चिढ़े रहते हैं, क्योंकि महिलाएं, बच्चियां, किशोरियां सब बड़ी सहजता से राहुल गांधी से मिलती हैं। दिक्कत ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति के इन लोगों को सत्ता के हिसाब से तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है, इसलिए इनके चरित्र हनन की कोशिशें जारी रहती हैं। मगर ट्रोलर्स यहां भी मार खा जाते हैं। क्योंकि दो लोगों के बीच संबंधों के आधार पर किसी का चरित्र तय करने वाले ये समझ ही नहीं पाते कि चरित्र सच्चाई, ईमानदारी, बुलंद हौसले, दृढ़ इच्छाशक्ति जैसे चुनिंदा अवयवों से मजबूत बनता है और जहां इन अवयवों का अभाव होता है, वहां चरित्र कमजोर पड़ जाता है।

कबीर दास जी ने समाज को बहुत पहले चरित्रचित्रण और परीक्षण का तरीका समझा दिया था। कबीर ने कहा था-

सोना सज्जन साधु जन, टूटि जुरै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुम्हार के, एकै धका दरार॥

तो कंगना हो या दीपिका, संघर्ष तो सबके जीवन में रहा है। लेकिन यह उनका चयन है कि सौ बार धक्का खाने के बावजूद वो खुद को जोड़ने की हिम्मत रखती हैं या एक धक्का खाकर ही दरार को भरने के लिए सत्ता का फेवीकोल लेने सरकार की शरण में पहुंचती हैं।

रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के समक्ष है एक बड़ी चुनौती

■ नन्तू बनर्जी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात से राहत नहीं मिल सकती कि सरकार का सबसे बड़ा सार्वजनिक संपर्क भारतीय रेलवे खराब स्थिति में है। भारत का रेलवे नेटवर्क, जिसे एकल प्रबंधन के तहत दुनिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रणालियों में से एक माना जाता है, प्रतिदिन लगभग 240 लाख यात्रियों को अपने गन्तव्य तक ले जाता है। राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है।

रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था। उनमें लाल बहादुर शास्त्री, बाबू जगजीवन राम, गुलज़ारीलाल नंदा, कमलापति त्रिपाठी, एस.के.पाटिल, मधु दंडवते, ए.बी.ए. गनी खान चौधरी, लालू प्रसाद यादव, जॉर्ज फर्नांडीस, नीतीश कुमार और ममता बनर्जी शामिल थे।

राजनीतिक रूप से, यह प्रतिदिन 240मेगा सार्वजनिक रैली को संबोधित करने जैसा है, जिनमें प्रत्येक की औसत दर्शक संख्या एक लाख होती है। रेलवे राष्ट्रीय सरकार के चेहरे का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय रेलवे के पास लगभग 4.77 लाख हेक्टेयर भूमि है जो कुछ राज्यों के आकार से बड़ी है। अतीत में, देश की कुछ सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक हस्तियों ने रेल मंत्रालय का नेतृत्व किया था।

अधिकांश रेल यात्री लंबी दूरी के यात्री हैं। वे देश के हर हिस्से और भारतीय समाज के हर वर्ग से संबंधित हैं। दुर्भाग्य से, रेलवे आज इन यात्रियों को बहुत कम सुविधा प्रदान करता है। रेलगाड़ियां मुश्किल से ही समय पर चलती हैं। कोच और शौचालय गंदे रहते हैं। यहां तक कि हाई-प्रोफाइल शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें भी अच्छी सीटें, स्नैक ट्रे, स्वच्छ शौचालय और खाने की चीजें उपलब्ध कराने में विफल रहती हैं, जिसके लिए यात्रियों को टिकट बुक करते समय भारी कीमत चुकानी पड़ती है। राज्यों की राजधानियों को दिल्ली से जोड़ने वाली राजधानी एक्सप्रेस समेत लंबी दूरी की ट्रेनें भी खस्ताहाल हैं। न्यूनतम यात्री सुविधा के लिए कोचों, सीटों, शौचालयों और खानपान जैसी सेवाओं और रख-रखाव पर बहुत कम खर्च किया जाता है।

फिर भी प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत में यात्रियों की बढ़ती शेड्यूल और शौचालय की खराब स्थिति के संबंध में यात्रियों की बढ़ती असुविधाओं के बारे में कोई चिंता नहीं है। फरवरी 2019 में लॉन्च किये गये, स्वदेशी रूप से विकसित सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत के 25 ट्रेन सेट वर्तमान में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े रेल नेटवर्क के विभिन्न मार्गों पर 50 सेवाएं संचालित कर रहे हैं। रेलवे ने चालू वित्त वर्ष में 75 ट्रेन सेट या 150 सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

रेल यात्रा असुरक्षित भी हो सकती है। रेलवे ऐसी जानकारी कम ही साझा करता है। एक आरटीआई के जवाब में सार्वजनिक किये गये आंकड़ों के अनुसार, 2009 और 2018 के बीच रेल यात्रियों द्वारा 1.71 लाख से अधिक चोरी के मामले दर्ज किये गये। 2014 के बाद से चोरी के मामले काफी बढ़ गये हैं। 2018 में चोरी के मामले 36,584 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। हालांकि, पिछले चार वर्षों में चोरी के मामलों का कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। देश भर में ट्रेनों में चोरी की घटनाएं पिछले वर्ष की तुलना में 2017 में दोगुनी हो गईं, जबकि डकैती के मामलों में लगभग 70प्रतिशत की वृद्धि हुई। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश उन राज्यों की सूची में शीर्ष पर हैं जहां सबसे अधिक अपराध दर्ज किये गये।

आम तौर पर, भारत का रेल सुरक्षा रिकॉर्ड खराब है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में लगभग 18,000 रेलवे दुर्घटनाओं में 16,000 से अधिक लोग मारे गये। मालगाड़ी के बारे में जितनी कम बात की जाये, वह बेहतर है। पिछले साल रेलवे ने 2038.8लाख टन माल ढुलाई की। रेलवे द्वारा ढोई जाने वाली प्रमुख वस्तुएं कोयला, लौह अयस्क, खाद्यान्न, लोहा और इस्पात, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद, उर्वरक और कंटेनरीकृत यातायात हैं। कोयला और खाद्यान्न जैसी वस्तुओं की चोरी आम बताई जाती है। मालगाड़ियों का समय-सारणी ट्रैक की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

वंदे भारत जैसी नयी ट्रेनों की शुरूआत और स्पीडरनिंग हमेशा सुर्खियों में रहती है। कुछ लोग रेलवे ट्रैक, इंटरलॉकिंग और सिग्नलिंग सिस्टम की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। सरकार का महंगा रेल आधुनिकीकरण कार्यक्रम बाहरी हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। दशकों में देश की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना के बाद इस कार्यक्रम की गहन जांच की जा रही थी, जिसमें 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की टक्कर के बाद कम से कम 275 लोगों की जानें चली गयीं और 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये। गलत ट्रैक और एक मालगाड़ी से टकराने से पहले दूसरी यात्री ट्रेन के मलबे से टकराने की घटना घटी। हालांकि, जनता की याददाश्त कमज़ोर है। कुछ ही हफ्तों में ट्रैक की मरम्मत कर दी गई। मार्ग सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। 60,000 किलोमीटर से अधिक लंबे ट्रैक वाले दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए ट्रेनें एक आवश्यक जीवन रेखा रही हैं।

पिछले साल, आधुनिकीकरण योजना के हिस्से के रूप में नयी ट्रेनों और स्टेशनों पर बड़े पैमाने पर खर्च किया गया था, जिसका लक्ष्य 2024 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण और 2030 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य है। 65.8 प्रतिशत पर, भारत अपने नेटवर्क का एक उच्च अनुपात में विद्युतीकरण का दावा करता है जबकि यह फ्रांस में 60 प्रतिशत या यूके में 38 प्रतिशत है। 2022-23 में अब तक का सबसे अधिक 2,03,983 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हासिल किया गया। रेलवे का पूंजीगत व्यय 2013-14 में 53,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 2,60,200 करोड़ रुपये हो गया है।

फिर भी, तथ्य यह है कि सरकार ध्यान आकर्षित करने वाली बड़ी बातों को प्राथमिकता दे रही है। जैसे-मौजूदा स्टॉक में कम ग्लैमरस अपग्रेड की कीमत पर ईटी परियोजनाएं। ऐसा कहा जाता है कि कपूरथला कोच फैक्ट्री में विनिर्माण में बड़ी देरी की खबरों के बीच रेलवे 2030 तक 800सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन सेट के साथ अपने आधुनिकीकरण कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ायेगा। मौजूदा कोचों के खराब मानकों के बारे में क्या? बाद वाले को और अधिक तत्काल बदलने की आवश्यकता है। इस ओर अधिकारियों का ध्यान कम है। यात्री सेवाएं, विशेषकर लंबी दूरी की ट्रेनों में, गिरावट जारी है।

यात्री ट्रेन सेवाओं के संचालन के मानक में भारी गिरावट रेलवे द्वारा 2017-18 से चलाये जा रहे तरीकों का परिणाम हो सकती है, जब सरकार ने रेल बजट को केंद्रीय बजट में विलय करने का फैसला किया, जिससे 92 साल पुरानी अलग बजट की प्रथा समाप्त हो गई। देश के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर को एक विशेष पहचान प्रदान करने वाला था एक अलग बजट। रेलवे के पास अब कोई पूर्णकालिक स्वतंत्र मंत्री भी नहीं है।

2.5 लाख करोड़ रुपये के रेलवे विभाग का नेतृत्व अश्विनी वैष्णव के पास है, जो तेजी से बढ़ते 90,000 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और संचार विभाग - तीनों का एक केंद्रीय मंत्री के रूप में नेतृत्व करते हैं। एक पूर्व आईएएस अधिकारी से राज्यसभा सांसद बने, वैष्णव एक ही समय में 39वें रेल मंत्री, 55वें संचार मंत्री और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं।

इस तरह की असंबद्ध हाई-प्रोफाइल एक साथ पोर्टफोलियो साझा करने की व्यवस्था अपरिहार्य आपदा के लिए एक नुस्खा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि स्वयं मंत्री की योग्यता कितनी अधिक है। इससे आपदा से बचना संभव नहीं है। इस प्रकार, कुछ लोग रेलवे के परिचालन प्रदर्शन में गिरावट और यात्री सुविधाओं में गिरावट के लिए वैष्णव को भी दोषी ठहरा सकते हैं।

पावन प्रसंग

भगवान का आशीष

राष्ट्रीय कवियत्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान ने मनुष्य जीवन के बाल्यकाल बचपन के समय को जीवन का श्रेष्ठ काल या यूं कहें कि स्वर्णिम समय निरूपित करते हुये यह शब्दांकित किया है कि-

मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी
नंदन वन सी चहक उठी, वो छोटी सी कुटिया मेरी।

यहां जो बचपन है उसकी बहुत प्यारी छबि अंकित की गई है। जो हमेशा पक्षियों के कलरव से संगीतमय रहता है, जो सदा सुरभित, सुशोभित है। जहां शुद्ध-स्वच्छ हवा वृक्ष के कोमल पत्तों से, पुष्पों से अठखेलियां करती है, उस नंदन वन से बचपन को उपमा दी गई है। यहां एक बात गौर करने बाली है वह यह कि बचपन किसी एक को नहीं सबको प्यारा लगता है। आपको, हमको अपना अपना बचपन याद आता है, माता -पिता को अपनी संतान प्यारी लगती है, दादा दादी को नाती-पोतों के बचपन की मधुर स्मृतियां आनंद अनुभूति देती हैं। कहने का तात्पर्य यह कि बचपन किसी का भी हो मनुष्य का, पक्षी का, पशु का या अवतार पुरुष जगत के ईश्वर जगदीश्वर का, सदा से ही श्रेष्ठ रूप में जीवन के काल में प्रतिष्ठित है। चूंकि बचपन उत्तम है, नाजुक है, निश्चल है, निष्कपट है या एक शब्द में कहें कि अत्यंत ही भोला है, अत: इसका भटक जाना या इसके भोले मन बुद्धि पर गलत मार्ग अंकित हो जाना या किसी गलत कार्य के प्रभाव क्षेत्र में आ जाना संभव है। अत: बचपन की देखरेख, उसका संरक्षण अति महत्वपूर्ण है। बचपन में मन पर पड़ा प्रभाव जीवन पर्यंत हमारे मन पर रहता है। इसीलिए जिंदगी में इस बात की बहुत अहमियत है कि बचपन में क्या सीखा, बचपन का साथी कौन है, बचपन किसकी गोद में बड़ा हो रहा है, बचपन किसकी छत्रछाया में निखर रहा है? उपरोक्त प्रश्नों की महत्ता को समझने के लिये आइये हम अपने बचपन को याद करें। हमसे जब बचपन में कोई भूल होती थी, हम अपने को बचाने, निर्दोष साबित करने जब झूठ बोलते थे, किसी का अपमान कर देते थे या ऐसा कोई कार्य हो जाता था जो अशोभनीय हो, गलत हो, अकरनीय हो तब हमारे ऊपर किस तरह हमसे बड़ों का क्रोध उतरता था वह तो एक बात है, पर गौर करने बाले वे कोप मिश्रित शब्द हैं जो हमारे गलत कृत्य पर कहे जाते थे, वे यह कि इसने यह गलत कार्य कैसे कर दिया? हमने तो सिखाया नहीं, जरूर इसका साथ किसी गलत प्रवृति वाले दोस्त से हो गया है, अवश्य ही इसकी संगति बुरे लोगों से है, यह खराब संगति का शिकार हो गया है। ये जो संगति या साथ है इसको हमारे पूर्वज, हमारे माता-पिता बचपन को संवारने का, निखारने का, न केवल सिर्फ बचपन को अपितु सम्पूर्ण जीवन को सुसंस्कृत बनाने का, जीवन को सार्थकता प्रदान करने का मूल आधार मानते थे, कहने का मतलब सबसे कारगर तरीका मानते थे। समाज मनीषी और सन्त लोग तो कहते हैं कि बचपन कच्चा घड़ा होता है, उसकी घड़ाई, उसका निर्माण ठीक उस तरह होना चाहिये जैसे कुम्हार अपने घड़े को बनाता है। घड़ा बनाते समय कुम्हार ऊपर से ठोकता है, उसको चपत लगाता है, उस पर शक्ति से हाथ चलाता है, पर अन्दर से दूसरा हाथ लगाकर वह घड़े की माटी को साधे रहता है, अंदर की माटी को सहारा दिये रहता है ताकि अंदर से माटी गिरे न, भस्के न। कुम्हार द्वारा घड़े को बाहर से कूटना और अन्दर से सम्हालने का संकेत है कि कच्चा घड़ा बनाते वक्त न टूटे और बाहर से कूटने का संकेत है कि घड़ा पकने के बाद कभी न बिखरे। इसको इस नजरिये से देखिये कि बचपन कच्चा होता है तब भी न खराब हो और बचपन जब बड़ा हो जाय तब भी न फूटे, न बिखरे और ये तभी हो सकता है जब बचपन की संगत कुम्हार जैसे रचनाधर्मी सृजनकर्ता से हो जो हमेशा-हमेशा के लिए बचपन को तराश कर हीरा बना दे। इसीलिए ज्ञानी जन संगति को, सत्संग को भगवान का आशीष मानते हैं।

गिरिराज चाचा

आपके पत्र

भारतीय सेना के पासंग भी नहीं है इस्राइली सेना

अक्सर भारतीय मीडिया, रक्षा विशेषज्ञ, इंटलेक्चुअल्स, लीडर, एवं आवाम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आम विमर्श और व्यक्तिगत बहसों में इस्राइली सेना का गुणगान और भारतीय सेना से उसकी तुलना करते रहते हैं। इस तुलना में वो इस्राइली सैन्य कार्रवाहियों के मोह में बंध कर अति उत्साह में कई बार उसे भारतीय सेना से भी बेहतर बताने लगते हैं। लेकिन यह तुलना ही हास्यास्पद और बेमानी है। इस्राइली सेना को एक जरा से भू-भाग(हमारे मणिपुर से भी कम) और महज 90 लाख नागरिकों की सुरक्षा करना है और वह भी अपने आक़ा अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे दर्जनों शक्तिशाली, साधन-संपन्न, अत्याधुनिक हथियारों और परमाणु शक्ति से लैस मित्र राष्ट्रों के संरक्षण और वरदहस्त के दम पर। यह सब होने के बाद भी इस्राइली सेना, उसका सुरक्षा तंत्र और उसका बहुचर्चित खुफ़िया संगठन 'मोसाद' इस बार सोता हुआ पाया गया जिसकी बहुत बड़ी क़ीमत निर्दोष इस्राइली नागरिकों को चुकानी पड़ी है।

इसके बरअक्स उसके ख़िलाफ़ लड़ने वाले फिलिस्तीनियों के पास तो अपनी ज़मीन भी नहीं है। वहां के आतंकवादी संगठन हमास में इतना दम नहीं है कि वह आधुनिक इस्राइली सेना को परास्त कर सके। वह बस इसी तरह आकस्मिक हमले कर इस्राइल को कुछ नुक़सान पहुंचा सकता है और सम्भावित अरब-इस्राइल शांति वार्ताओं को पटरी से उतार सकता है। जिसका ख़ामियाजा हमेशा अंतत: निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों, महिलाओं और विशेषकर बच्चों को अपनी जान गंवा कर उठाना पड़ा है। इस बार भी वही इतिहास दोहराया जा रहा है।

इस्राइली सेना के दायित्वों की तुलना में हमारी सेना को 140 करोड़ नागरिकों और एक वृहद् भू-भाग की सुरक्षा सिर्फ़ और सिर्फ अपने दम पर सुनिश्चित करनी होती है। हमारे दायें-बाएं - दोनों और परमाणु शक्तिसम्पन्न शत्रु देश हैं जिनमें चीन तो सबसे साधनसंपन्न ख़तरनाक़ विनाशकारी आयुधों वाली बड़ी सेना का अधिपति है। दरअसल इस्राइल की सैन्य क्षमता और दायित्व हमारी सैन्य क्षमता और जिम्मेदारियों को देखते हुए हमारे मुक़ाबले कुछ भी नहीं है। शांति काल में भी प्राकृतिक आपदाओं और आंतरिक ज़रूरतों में भारतीय सेना ने अपने सेवा कार्यों और राहत अभियानों में हमेशा उच्च मानदण्ड स्थापित किये हैं।

तुलना करते समय इस बात का भी ख़याल रखें कि इस्राइल की स्थापना के बहुत पहले प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में भारतीय सेना ने अंग्रेजी सेना के साथ मिलकर सात समुंदर पार तमाम विपरीत परिस्थितियों और हाड़ गला देने वाली ठंड में लड़ते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए थे। आज़ादी के फौरन बाद 1948 में तथा 1965, 1971 और सियाचिन के युद्धों में पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त किया। इसमें 1971 में पाकिस्तान को दो भागों में बांटने और उसके 93 हज़ार सशस्त्र सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए बाध्य करने का अभूतपूर्व पराक्रम भी शामिल है। दुनिया में जहां कहीं भी देशों में आंतरिक संघर्ष और अशांति हुई है संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के रूप में भारतीय सैनिकों की तैनाती की मांग की जाती है। इसका कारण यह है कि भारतीय सेना ने कहीं भी और कभी भी अपने अभियानों में निर्दोष नागरिकों, बच्चों, बुज़ुर्गों और महिलाओं को निशाना नहीं बनाया तथा शत्रु देशों के नागरिकों के साथ हमेशा मानवीय मूल्यों और सैन्य आदर्शों को तरज़ीह दी है। इसके विपरीत इस्राइली सेना ने अपने अभियानों में कभी शुचिता और सैन्य मर्यादाओं का पालन नहीं किया।

इस्राइल की सेना का जितना चाहें गुणगान करें पर निवेदन है कि ऐसा करते हुए यह ध्यान रखें कि हमारी महान सेना की अवमानना न हो।

-मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग़

देश विदेश

चीन का 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान शुरू

शंघाई, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन का 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान दल पांच महीने से अधिक समय तक चलने वाले मिशन की शुरुआत करते हुए बुधवार सुबह रवाना हुआ। यह पहली बार है कि चीन का अंटार्कटिक वैज्ञानिक अनुसंधान मिशन तीन जहाजों द्वारा किया जाएगा। अनुसंधान आइसबेकर जुएलॉंग और जुएलॉंग दो या स्नो ड्रैगन और स्नो ड्रैगन दो, शंघाई से रवाना हुए, जबकि मालवाहक जहाज तियान हुई पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के झांगजीगांग से रवाना हुए।

कोलंबिया, चिली ने इजराइल से अपने राजदूत वापस बुलाए

कोलंबिया ने गाजा में इजरायली सुरक्षा बलों के हमलों की कड़ी निंदा की

बोगोटा/सैंटियागो, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। गाजा में हमास-इजरायल संघर्ष के बीच कोलंबिया और चिली ने इजरायल में अपने-अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में, कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा मैंने बातचीत के लिए इज़रायल में अपने राजदूत को बुलाने का फैसला किया है। अगर इजराइल फिलिस्तीनी लोगों का नरसंहार नहीं रोकता है, तो हम वहां नहीं रह सकते।

मंगलवार देर रात एक बयान में, कोलंबियाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार गाजा में इजरायली सुरक्षा बलों के हमलों की कड़ी निंदा करती है। सरकार इस दायित्व की दोहराती है कि इजरायल के सुरक्षा बलों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का पालन करना होगा। इसमें कहा गया है, दुनिया के सभी देशों द्वारा दोनों देशों की पूर्ण मान्यता से ही क्षेत्र में शांति आएगी। इस बीच, चिली के विदेश

इज़रायल ने गाजा पट्टी में फिर से हमास को बनाया निशाना

यरूशलेम। इजरायल रक्षा बेल (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उन्होंने गाजा पट्टी में हमास और उसके 'आतंकवादी सेल' के कमांड पॉइंट को फिर से निशाना बनाया। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा, रात भर में, संयुक्त आईडीएफ सैनिकों ने पूरे गाजा पट्टी में ऑपरेशनल कमांड सेंटर और हमास आतंकवादी सेल सहित कई आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने फिलिस्तीनी एक्सक्वेव के उत्तर में एक अस्पताल और सरकारी सुविधाओं के बगल में स्थित एक बहुमंजिला इमारत में हमास लड़ाकों के एक समूह की पहचान की और उनके खिलाफ हवाई हमला किया था। आईडीएफ सैनिकों ने गाजा पट्टी में सक्रिय बलों की ओर जा रहे एंटी-टैंक मिसाइलों से भरे एक वाहन की पहचान की। जवाब में, सैनिकों ने वाहन की ओर फायर करने के लिए एक विमान को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि मौजूदा संघर्ष की शुरुआत में गाजा में 11 हजार से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए हैं।

हौथी के मिसाइल हमलों के बाद इज़राइल ने लाल सागर में सुरक्षा बढ़ाई

तेल अवीव। इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि यमन में ईरान समर्थित हौथी द्वारा कई मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद इसने लाल सागर क्षेत्र में हवाई सुरक्षा बढ़ा दी है। टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, यमन से इज़राइल में एक मिसाइल और दो ड्रोन लॉन्च किए जाने के बाद, मंगलवार को स्थिति के आकलन के बाद जहाजों को तैनात किया गया। लाल सागर के पास इज़राइल के सबसे दक्षिणी शहर इलियट के पास बुधवार सुबह एक हौथी के मिसाइल को रोका गया। टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, रिसॉर्ट शहर इलियट, जहां लगभग 50,000 लोग रहते हैं, में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं जिन पर हाल के हफ्तों में बमबारी की गई है। इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि हौथी हमलों से बचाने के लिए क्षेत्र में हवाई सुरक्षा की कई परतें हैं। अमेरिकी सेना भी लाल सागर क्षेत्र में तैनात है और उसने कई हौथी मिसाइलों और ड्रोनों को रोका है। टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने धमकी दी कि इजराइल हमलों का जवाब दे सकता है। उन्होंने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में कहा, हम रक्षा तैयारी बहुत ऊंचे स्तर की है।

दैनिक पंचांग

mypandit.com "24 hour astrology service"

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 2 नवम्बर, 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 4

राशिफल

मेष - आज आप का दिन शुभ फलदायी होगा। विचारों में अति शीघ्र परिवर्तन आने की वजह से महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी लेने में थोड़ी दिक्कत होगी। व्यापार या नौकरी के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

वृषभ - आज आपको मन को स्थिर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। मनोदशा कमज़ोर रहेगी। समझौतावादी प्रवृत्ति रखने से आपको नुकसान नहीं होगा। आज संभव हो, तो प्रवास को टालें।

मिथुन - आज भाग्यवृद्धि का दिन है। स्वास्थ्य और उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। आज आप अपने लिए नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में व्यस्त रहने वाले हैं। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। धन का अधिक व्यय न हो, इसका ध्यान रखें।

कर्क - आज मन में किसी बात को उत्तेजन रहेगी। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों से मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च हो सकता है। वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। कन्मयुक्त की स्थिति में रहेंगे। अति महत्वपूर्णनिर्णय आप टाल दें।

कन्या - आज का दिन शुभ फलदायी है। नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है। व्यापार में लाभ एवं नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होने की संभावना है।

तुला - व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ की संभावना है। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। लंबी यात्रा और किसी धार्मिक स्थल पर जाने कार्यक्रम बन सकता है। लेखनकार्य एवं बौद्धिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन शांतिपूर्वक और सावधानीपूर्वक गुज़ारने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम में असफलता के योग हैं, इसलिए कोई नया काम शुरू ना करें। क्रोध पर संयम रखें। नियम विरोधी एक्टिविटी से दूर रहें।

धनु - आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मनोरंजन के प्रसंग से आपका मन खुश रहेगा। नए मित्रों के मिलने से आपको आनंद मिलेगा। मित्रों के साथ प्रवास, पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

मकर - आपके व्यापार के लिए दिन अच्छा है। बिक्रमेस को बढ़ाने के लिए आप कोई विशेष प्रयास करेंगे। घर के लेन-देन में सरलता रहेगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा।

कुंभ - आज कोई भी नया काम शुरू ना करें। जल्दी-जल्दी काम करने से आप नुकसान उठा सकते हैं। महिलाओं को अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा। संतान की चिंता रहेगी।

मीन - आज का दिन असंबिक घटनाओं के कारण उत्साहजनक नहीं रहेगा। घर में परिवारवालों के साथ वाद-विवाद होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी। किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1534 – सिखों के चौथे गुरु रामदास का जन्म हुआ था।
1834 – एटलस नामक जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था।
1841 – अकबर खान ने अफगानिस्तान में शाह शुजा के खिलाफ विद्रोह किया।
1852 – फ्रेंकलिन पियर्स अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे।
1914 – रूस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की थी।
1936 – बीबीसी ने टेलीविजन सेवा शुरू की थी।
1950– नोबेल पुरस्कार विजेता, महान नाटककार एवं कुशल राजनीतिज्ञ जार्ज बर्नार्ड शा का निधन हुआ था।
1960 – बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीतकार अनु मलिक का जन्म हुआ था।
1965 – बॉलीवु अभिनेता शाहरुख खान का जन्म हुआ था।
1982 – प्रसिद्ध पहलवान योगेश्वर दत्त का जन्म हुआ था।
1984 – अमेरिका में 1962 के बाद पहली बार एक महिला वेल्मा बारफिल्ड को फांसी की सजा दी गयी थी।
1999 – पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिकी केन्द्रों पर रॉकेट से हमला हुआ था।
2002 – पीडीपी के नेता मुफ्ती मोहम्मद सईद ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया।
2004– चीन के हेनान में जातीय संघर्ष में 20 लोगों की मौत ।
2005 – कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया।
2007 – अंतरक्षीय अंतरिक्ष स्टेशन पर खराब सोलर पंखों को ठीक करने के बाद डिस्कवरी के यात्री धरती पर सुरक्षित लौटे।
2008 – केन्द्र सरकार ने सेवानिवृत्त के बाद पेंशन फंड से धन निकालने की सुविधा समाप्त की थी।
2012- प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीराम शंकर अभयंकर का निधन हुआ था।

प्रथम पृष्ठ का शेष

किसानों की दीवाली शुरू...

केंद्रों तक पहुंचा देने की बात कही है। इसी आधार पर भोग सरकार से कुछ दिनों की राहत मांगी गई थी। धान खरीदी के लिए करीब 3 हजार बायोमेट्रिक मशीन की जरूरत है। इसमें 2617 मशीन खरीदी केंद्रों में लगाई जाएगी। बाकी मशीन रिजर्व में रखा जाएगा।

25 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.72 लाख मीट्रिक टन किसानों का एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 61 हजार नये किसान है।

2040 से 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर

राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 2497 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इस साल किसानों से सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। और सरकार का 125 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य है ।

अर्जुनी में धान खरीदी ...

से लेकराम साहू समिति प्रबंधक एवम् नूतन साहू गिरधारी लाल साहू रामायण ध्रुव, घासी निसाद, प्रभुश पाठक, दौलत वर्मा, परदेशी साहू, महेतरू निषाद, बेलू राम साहू, नंदराम साहू आदि किसान उपस्थित थे।

बलौदाबाजार में पहले दिन ...

धान उपार्जन केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान कुछ कमियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। ग्राम छेरकापुर निवासी बरतु धीवर एवं मनहरण धृतलहरे ने पहले ही दिन अपना पूरा धान बेच दिया। उनकी लगभग 1 एकड़ जमीन है। उन्होंने लगभग 25 -25 कट्टा धान बेचा है। कुछ बारदाने वे स्वयं लाये थे, बाकि समिति की ओर से उन्हें प्रदान किया गया। इसी तरह छेरकापुर उपार्जन केंद्र में धान बेचने पहुँचे कल्याण साहू ने कहा कि उपार्जन केन्द्र में कर्मचारियों से पूरा सहयोग मिल रहा है। उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें नही है। एक ही बार में ज्यादातर किसानों का धान बिक जा रहा है। इस दौरान खाद्य अधिकारी विमल दुबे,उप पंजीयक सहकारिता श्री गौड़ एवं बैल नोडल अधिकारी श्री शर्मा ने विभिन्न केंद्रों में धान बेचने आये किसानों और हमालों से बातचीत की और उपार्जन केन्द्र की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

75 सीट जीतकर...

तेंदूपत्ता और धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। फिर से कर्ज माफी और वनोपज को लेकर तमाम तरह के काम कांग्रेस की सरकार में हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में मुक्त शिक्षा से लेकर युवाओं को रोजगार देने का काम कांग्रेस पार्टी ने की है, इसलिए फिर से एक बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ की स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई देते शुभकामनाएं दी। आचार संहिता के कारण सादगी पूर्ण तरीके से स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के 15 साल के शासन में आदिवासियों को फर्जी एनकाउंटर में मारने का काम होता था बेगुनाह आदिवासियों को जेल में बंद करने का काम होता था और 15 साल में इलाके में हाट बाजार बंद हो गए स्कूल बंद हो गए। वनोपज खरीदी होता था जिसके कारण से आदिवासी सड़क पर अपने वन उपज को बेचने के लिए मजबूर थे, ऐसी स्थिति के बीच यहां की जनता भाजपा के 15 साल के शासन को देखे हैं, जिसकी वजह से आप लोग इन सभी समस्या से वाकिफ है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की पारंपरिक रूप से लगने वाला मुर्गा बाजार भी बंद हो गई थी। भाजपा सरकार में पिछले 15 सालों में मोबाइल, टिफिन, साइकिल बांट कर भ्रष्टाचार करने का काम हुआ। सुकमा आने के लिए भी 10 बार सोचा जाता था लेकिन आज रात के 10 बजे हो या 12 बजे रात हम बेधड़क होकर रात सुकमा से जगदलपुर, दंतेवाड़ा जा सकते हैं। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 5 सालों में सभी वादों को पूरी की है। हमारे नेता राहुल गांधी के द्वारा किए गए सभी वादे पूरे किए गए। किसानों की कर्ज माफी, 25 सौ रूपए धान और वन उपज की खरीदी, तेंदूपत्ता 4 हजार रूपए मानक बोरा, उद्योग के नाम पर अधिग्रहण किए गए भूमि को वापस किया। लघु उपज को समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा किए थे। सहित सभी वादे पूरे किए हैं।

'जो देश की संपत्ति बेचता है ...

ने कभी भी गरीब जनता से मुलाकात नही किया बल्कि किसानों और गरीबों की बात कहकर वोट मांगने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी मोदी जी जैसा भागने वाली और जुमलेबाजी करने वाली पार्टी नही है। जो वायदा करते है उसे पूरे करते है। वे चुनावी आमसभा को संबोधित करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पहुंचे थे। उन्हें दोपहर 2.35 को पहुंचना था लेकिन सवा दो घंटे के विलंब से पहुंचे जिसके कारण बिना औपचारिकता के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीधे मंच में माइक थामते हुए संबोधन शुरू कर दिया। सीएम के बाद खड़गे ने संक्षिप्त उदबोधन देते हुए जिले के चारों कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से कहा था कि कालाधन लाकर 15 लाख रुपए प्रत्येक व्यक्ति को देंगे, 2 करोड़ नौकरियां नौजवानों को प्रतिवर्ष मिलेगा, किसानों की आमदनी डबल करेंगे लेकिन एक भी वायदा पूरा नही किया। जो जैसा बोलता है वैसा करने वाला एक मात्र कांग्रेस पार्टी की सरकार है। जो भरोसा दिलाने के साथ ही अपनी बातों को अमल में लाती है। मोदी जी गरीब की बात करते है लेकिन कभी भी गरीबों के पास नही गए। श्री खड़गे ने कहा कि मणीपुर जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी एक भी दिन मणीपुर नही गए। इसके पूर्व सीएम बघेल ने पब्लिक से पूछा कि कर्ज माफ करना है कि नही, जोर की आवाज आने पर उन्होंने कहा कि हमारे अध्यक्ष खड़गे जी, राहुल जी, प्रियंका जी ने जो 16 वायदे किए हैं वे भी कांग्रेस की सरकार बनने पर पूरा करेंगे। उन्होंने राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए घोषणाओं का सिलसिलेवार जिक्र करते हुए कहा कि आज से 20 क्विंटल धान खरीदी शुरू हो गया है, किसानों के कर्ज माफी, गैस रिफिलिंग में 5 सौ रुपए की सब्सिडी, 35 किलो चावल, 2 सौ यूनिट तक बिजली बिल माफ, तेंदूपत्ता तोड़ने वाले प्रत्येक परिवार को 4 हजार अतिरिक्त, भूमिहीन मजदूरों को 7 के बदले 10 हजार रुपए और लघुवनोपज में 10 रुपए प्रति किलो की वृद्धि, सभी स्कूलों का आत्मानंद स्कूलों में उन्नयन, केजी से पीजी तक प्रो शिक्षा जैसे घोषणाओं का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री बघेल ने कहा कि हमने किसानों का कर्ज माफ किया लेकिन मोदी सरकार 24 लाख करोड़ रुपए उद्योगपतियों का माफ किया है। हमने सत्ता में आने के बाद जनता की सेवा ईमानदारी से की, सुख-दुख सभी परिस्थितियों में जनता के साथ खड़े रहे। आगे भी खड़े रहेंगे। सीएम के साथ छग प्रभारी कुमारी शैलजा नांसिरहुसैन भी पहुंचे थे।

योगी आदित्यनाथ 8 सभा...

12.40 बजे उमेरगांव में आमसभा में चुनावी हुंकार भरेंगे। फिर दोपहर 2 बजे पंडरिया जायेंगे। पंडरिया में भी सीएम योगी आमसभा करेंगे। दोपहर 3 बजे पंडरिया से कवर्धा रवाना होंगे। 3.30 बजे कवर्धा में रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कवर्धा से शाम 5.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट लौटेंगे। शाम 6 बजे बिरगांव में सभा और रोड शो करेंगे। रात 8 बजे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में योगी आदित्यनाथ आराम करेंगे। 5 नवंबर को फिर कई विधानसभाओं में भुजांबाप प्रचार करेंगे योगी आदित्यनाथ। सीएम योगी लगभग 10 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सुबह 11 बजे बीजापुर में आमसभा को संबोधित करेंगे। 12.30 बजे बस्तर पहुंचकर आमसभा करेंगे। योगी आदित्यनाथ 2.10 बजे उजानेदांगांव में सभा और रोड शो करेंगे। शाम 4.30 बजे भाटापारा में सभा और रोड शो करेंगे। शाम 6.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

राजनीतिक चंदे की प्रक्रिया में ...

का सात गुना और लोग तो सैन तो सीन गुना है।सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की संविधान पीठ ने राजनीतिक फंडिंग से जुड़ी चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार से सुनवाई शुरू की। इससे एक दिन पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया। इसमें उन्होंने कहा कि किसी राजनीतिक दल को मिलने वाले चंदे की जानकारी पाना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने वेंकटरमनी से मामले में अपनी राय देने को कहा था। एडीआर का पक्ष रख रहे प्रशांत भूषण ने मंगलवार को कोर्ट में कहा था कि चुनावी बॉन्ड लोकतंत्र के लिए सही नहीं हैं।

सीतलवाड़ की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धन गबन मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद की 2019 के गुजरात उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए बुधवार को उसकी पुष्टि की। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता अपर्णा भट्ट की अपने मुवक्किल दंपति की अग्रिम जमानत की पुष्टि करने के अनुरोध और संबंधित पक्षों की दलीलें ने सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

सीएम भूपेश बघेल का...

कि देश की सरकार की जिम्मेदारी सिर्फ सीमाओं की सुरक्षा के लिए सीमित नहीं बल्कि व्यक्ति की निजता की सुरक्षा भी भारत सरकार की जिम्मेदारी है। यदि प्रकार की कर्ज घटना होती है तो यह शासन की डिजिटल सुरक्षा प्रणाली पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है।

वहीं नई दिल्ली में प्रेसवार्ता के दौरान राहुल गांधी ने फोन 'हैकिंग' को लेकर कहा था कि बहुत कम लोग इसके खिलाफ लड़ रहे हैं, लेकिन हम डरे हुए नहीं हैं। आप जितनी चाहें उतनी (फोन) टैपिंग कर सकते हैं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर आप मेरा फोन लेना चाहो तो मैं वो दे दूँगा। उन्होंने कहा था कि मेरे कार्यालय में कई लोगों को यह संदेश मिला है। कांग्रेस में केसी वेणुगोपाल जी, सुप्रिया, पवन खेड़ा को भी यह संदेश मिला है। वे (भाजपा) युवाओं का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा ...

ओ असम के मुख्यमंत्री अपने भाषण में। उनके चुनावी भाषणों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को एक मेमोरेंडम पेश किया है। हमने शिकायत की है, मैं चीफ इलेक्शन कमिश्नर से मिलने खुद गया था। उन्होंने नोटिस असम के मुख्यमंत्री को दिया है जो कवर्धा में उनका भाषण था। हालांकि गृहमंत्री के बारे में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की, पर हम उम्मीद करते है कि गृह मंत्री के भाषण पर उनको जो कार्यवाही करनी है, वो करेंगे। ध्रुवीकरण के अलावा भाजपा के पास और कोई मुद्दा नहीं है।हम इसका मुकाबला करेंगे हम डरते नहीं है।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री दुनिया भर की बात करेंगे, कांग्रेस की आलोचना करेंगे, लेकिन मोदी गलती से भी सच नहीं कह सकते।नगरनार स्टील प्लांट पर क्या-क्या नहीं कहा ? अक्टूबर 2020 से लेकर पिछले ढाई साल मोदी सरकार नगरनार इस्पात कार्यालय को बेचने में लगी है। आज कह रहे हैं कि निजीकरण नहीं होगा। 5 अक्टूबर को मोदी जी के बयान का खण्डन किया था।अगर मोदी सरकार को मौका मिले तो भिलाई स्टील प्लांट भी निजीकरण कर दें।

जयराम ने कहा कि जिस तरह से सार्वजनिक संपत्ति का निजीकरण हो रहा है उसकी नगरनार तो एक शुरुआत थी। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री कहते हैं कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं था।मोदी सरकार अक्टूबर 2020 से निजीकरण करने में लगी हुई है।कोरबा के प्लांट का निजीकरण हुआ।केंद्र के निजीकरण की नीति छत्तीसगढ़ के हित के लिए नहीं है।सबसे ज्यादा विलंबित ट्रेनों का छत्तीसगढ़ में होता है, प्राथमिकता उन रेल गाड़ियों को दी जा रही है, जो कोयला ले जाती है, 80 प्रतिशत रेल यात्रा में भारी कटौती हुई है। मोदी सरकार की नीतियों से रेल यात्रा प्रभावित है

कांग्रेस महासचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को कई बार कहा था कि भेदभाव मत कीजिए। हिमाचल में जो बाढ़ आई, उसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया गया।इस चुनाव में कांग्रेस ने कई वादे किए हैं।हमने कई गारंटी दी, यह कागजी वादे नहीं है। हमने 17 गारंटी दी है, एक गारंटी आज से लागू की गई है, वह है प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी किसानों का वादा पूरा किया। स्वास्थ्य, शिक्षा, किसान, महिला, युवा, आदिवासियों और वंचित वर्गों के लिए यह गारंटी दी है, गैस सिलेंडर जो 989 रुपए है उसमें 500 रुपए घटाया जाएगा. यह महिलाओं के खाते में जाएगा।सबसे कम गैस सिलेंडर का दाम छत्तीसगढ़ में होगा।

ग्वालियर, कोझिकोड बने...

यहां महान संगीतकार तानसेन एवं बैजू बावरा हुए हैं और ग्वालियर की संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन सदियों से किया जा रहा है। ग्वालियर संगीत घराने में गुरु शिष्य परंपरा अभी भी प्रचलित है। आज भी पूर्ववर्ती सिंधिया राजघराने द्वारा ऐतिहासिक संगीत एवं पारम्परिक वाद्ययंत्रों को बजाने वाले कलाकार और उनकी कला को जीवित रखने के लिए उनका संरक्षण किया जाता है। ग्वालियर में राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय भी स्थापित किया गया है जिसमें संगीत, नृत्य, ललित कला और नाटक और रंगमंच में पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

केसीआर सरकार...

को 2040 तक लगभग 31,000 रुपए का बोझ उठाना होगा। तेलंगाना के लोगों का पूरा पैसा केसीआर के परिवार के हाथों में जा रहा है।

गांधी ने आगे कहा कि अगर कांग्रेस इस बार सत्ता में आती है तो केसीआर द्वारा चुराया गया पैसा जनता वापस करेगी। तेलंगाना की जनता ने दोराला तेलंगाना नहीं बल्कि जनता के तेलंगाना का सपना देखा था। राज्य में इस बार कांग्रेस और बीआरएस के बीच मुकाबला नहीं है। बल्कि, असल मुकाबला दारोला तेलंगाना (सामंतों) और प्राजला तेलंगाना (जनता का तेलंगाना) के बीच है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो जनता की अकांक्षाओं के लिए काम करेगी, जिसके लिए तेलंगाना का गठन किया गया था। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोगों की इच्छाओं का ख्याल और उनका सपना पूरा करनाथा।

भाजपा-ओवैसी पर भी साधा निशाना

राहुल गांधी ने कहा कि आज सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों के खिलाफ सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों जांच कर रही हैं लेकिन केसीआर के खिलाफ कोई भी एजेंसी जांच नहीं कर रही। केसीआर ने जीएसटी और कृषि कानूनों सहित लोकसभा में भाजपा का समर्थन किया था। अगर आप बीजेपी और एआईएमआईएम को वोट देंगे तो मदद बीआरएस को मिलेगी।

सुडोकू 6364

					2			9
8	7	3					2	4
			3		8	1		
4		7		5		2	1	
	6	5				3		
	2	9		7		4		5
		8	5		3			
7	5					3	8	1
9			6					

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6364

१		२		३	■	४		५
	■			६			■	
७					■	८		९
	■			१०			■	■
■	११		१२				१३	
		■			१४			
१५		१६					१७	१८
				१९		२०		■
२१						२२		२३
	■	२४						

बायें से दायें:-

१. खुशामद पसंद
४. छाती, सीना
६. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु (उर्दू)
७. कर्मचारी, नौकर (उर्दू)
८. इंद्र के बगीचे का एक वृक्ष जो भी मांगों वह देता है
१०. वह जिसे फैसले के लिए हाकिम के पास पेश किया गया हो (उर्दू)
११. परिमाण, मात्रा, मापतौल (उर्दू)
१३. अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम
१४. बगावत
१६. दुर्दशाग्रस्त (उर्दू)
१७. अकस्मात
१९. व्यर्थ, बेकार (उर्दू)
२१. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
२२. मसाले और दवा के काम आने वाला एक सुगंधित फल (उर्दू)
२४. मुरीदी

ऊपर से नीचे:-

१. चमड़े का काम करने वाला, मोची
२. फायदेमंद
३. वृद्धिमान (उर्दू)
४. वश में करने वाला
५. रेका हुआ, कुछ समय के लिए आगे बढ़ाया हुआ, ढाक या छिपा हुआ
९. धन-दौलत
११. भौंरा, भ्रमर
१२. प्रविष्ट (उर्दू)
१३. विवाद, हुज्जत
१४. शादी
१५. वर्षा
१६. वह गाना जो हास्यप्रधान हो
१८. शपथ (उर्दू)
१९. वह जरूश जो कभी न भरे (उर्दू)
२०. मृत्यु, नियति, भाग्य (उर्दू)
२३. शर्म, हया

वर्ग पहेली-6363

१ भु	क्क	२ भो	गी	■	■	३ अ	४ ध्वा	रो	ही
ग		ज्ञ		५ प	ल्ल	व		क	
६ ग	ड़	प		७ ध	■	७ स	र्य	ना	८ भ
ना		■		९ भ	म	र		■	हा
■	१० अ	दा	११ क	छ	■	■	१२ स	ग	म
■	जी	■	ले	१३ कि	र्चि	धा	■	हि	
१४ आ	व	१५ ह	वा	■	वा	१६ र	१७ ह	ह	म
क	■	ल	■	१८ अ	ड़	१९ ना	■	र्ध	
२० म	ग	ध	■	सी	■	२१ थ	प	क	२२ ना
णा	■	२३ र	स	म	य	■	■	■	ज

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

दुनिया को जानें

बांग्लादेश ने स्थानीय मुद्रा कार्ड लॉन्च किया

ढाका, 1 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश ने कैशलेस सोसायटी के निर्माण के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को देश में पहला स्थानीय मुद्रा कार्ड (लोकल करेंसी कार्ड), टका पे लॉन्च किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को राजधानी ढाका में अपने आधिकारिक आवास गणभवन से टका पे का उद्घाटन किया। यह कार्ड बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक के सहयोग से राज्य के मालिकाना हक वाले सोनाली बैंक, निजी मालिकाना हक वाले सिटी बैंक और ब्रैक बैंक द्वारा जारी किया जाएगा।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उद्घाटन समारोह में बोलते हुए कहा कि यह कार्ड बांग्लादेश में कैशलेस समाज (सोसायटी) के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। एक स्वतंत्र और संप्रभु देश के रूप में, दूसरों पर निर्भरता कम करने के लिए बांग्लादेश की वित्तीय प्रणाली को स्वतंत्र और संप्रभु होना होगा। पीएम ने आगे कहा, हमें किसी एक कठिन मुद्रा पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने नए शुरू किए गए डेबिट कार्ड के प्रत्येक धारक के लिए डेटा सुरक्षा की आवश्यकता

खेल जगत

वनडे रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बने पाकिस्तान के शाहीन आफरीदी

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां) पाकिस्तान के इन-फॉर्म तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग के अनुसार, सात स्थानों की छलांग लगाकर इस प्रारूप में नंबर 1 वनडे गेंदबाज बन गए। आफरीदी ने अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ दिया। भारत के मोहम्मद सिराज (तीसरे) और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (चौथे) को एक स्थान का नुकसान हुआ है, भारत के कुलदीप यादव (सातवें) और बांग्लादेश के मुजीब उर रहमान (आठवें) दोनों की स्पिन जोड़ी शीर्ष 10 में दो स्थान के फायदे के साथ है। आफरीदी वर्तमान में विश्व कप में एडम ज़म्पा के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, दोनों ने 16-16 विकेट लिए हैं।

भारत की निगाहें श्रीलंका को भी हरा लगातार सातवीं जीत के साथ शीर्ष पर बने रहने पर

■ श्रीलंका से भारत के विजय रथ को रोकने की उम्मीद बेमानी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 1 नवंबर (देशबन्धु)। रंग में चल रहे धुरंधर विस्फोटक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई में जीत का छक्का जड़ चुके भारत की निगाहें अब श्रीलंका को भी बृहस्पतिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हरा कर मौजूदा आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप में अपनी जीत का सिलसिला जारी रख लगातार सातवीं जीत के साथ शीर्ष पर बने रहने पर लगी हैं। वहीं अपने छह में से चार मैच हराने और मात्र दो जीतने वाली श्रीलंका से भारत के हाल ही के दमदार प्रदर्शन के मद्देनजर उसके विजय रथ को रोकने की उम्मीद बेमानी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच विराट कोहली की जीवट भरी बल्लेबाजी और इंग्लैंड के खिलाफ छठा मैच अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के गेंद से कहर से कुछ लडखड़ाने के बाद जीता। इंग्लैंड के खिलाफ चाहे वह तेज गेंदबाज बुमराह हों या फिर मोहम्मद शमी और निचले मध्यक्रम में बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव ने विश्वास से बल्ले से प्रदर्शन कर दर्शाया कि भारत के पास हर मुश्किल स्थिति से उबारने के लिए अलग -अलग नायक हैं। भारत की कोशिश 2003 और 2007 में ऑस्ट्रेलिया की तरह अजेय रहकर खिताब जीतने पर लगी है। बहुत क्रिकेट पंडितों व भारतीय प्रशंसक बस यही

कामना कर रहे हैं सेमीफाइनल में पहुंचने पर भी उसके कौशल के साथ तकदीर भी साथ रहे और फाइनल में पहुंचे।

लगातार छह जीत के साथ एक पैर सेमीफाइनल में रख चुके की बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ जीत उसके अंतिम चार में पहुंचने को लेकर किसी भी गुणा भाग और अगर मगर को खत्म कर देगी। तब भारत के लगातार सातवीं जीत के साथ 14 अंक हो जाएंगे और वह सबसे पहले सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम होगी। भारत की कोशिश शीर्ष पर रह कर सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर लगी है और उसने इस ओर अपने मजबूत कदम बढ़ा भी दिए हैं। भारत और श्रीलंका ने अब तक वनडे विश्व कप के इतिहास में हुए कुल नौ मुकाबले में से चार-चार जीते हैं जबकि एक बेनतीजा खत्म हुआ है। भारत ने 2019 में पिछले संस्करण में कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल के शतकों और जसप्रीत बुमराह के गेंद से कमाल की बदौलत श्रीलंका को सात विकेट से शिकस्त दी थी। भारत ने श्रीलंका से एशिया कप फाइनल सहित अपने पिछले लगातार पांच मैच जीते हैं। भारत ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को लखनऊ में पहली बार पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर कम स्कोर वाले मैच में जिस तरह अपने अनुभवी सदाबहार रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह के गेंद से कहर से सौ रन से शिकस्त दी उससे यह साफ हो गया कि उसके गेंदबाजों को भी अपनी टीम को मझधार से निकालना आता है।

अब तक मौजूदा संस्करण में एक एक शतक जड़ चुके पहले स्थान पर चल रहे कप्तान रोहित शर्मा (कुल 398 रन), दूसरे स्थान पर चल रहे विराट कोहली (कुल 354 रन) के साथ केएल राहुल (कुल 271 रन) ने मैच के मिजाज के मुताबिक जोश के साथ होश भी दिखाकर भारत को अब तक के लगातार छहों मैच जीत दिलाने में योगदान किया। शुभमन गिल ने चार मैच खेल कर एक अर्द्धशतक सहित भले ही अब कुल 104 रन बनाए हैं लेकिन वह क्रीज पर एकदम सहज दिखे। बल्लेबाजी में भारत की अकेली चिंता शुरू के छहो मैच खेलने वाले श्रेयस अय्यर (कुल 134 रन) का पहले न्यूजीलैंड और फिर इंग्लैंड के खिलाफ शार्ट गेंद पुल करने की कोशिश में कैच थमा अपना विकेट गंवाना है। श्रेयस को ऐसे में एकादश में बने रहने के लिए सूर्यकुमार यादव और बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण इशान किशन से चुनौती मिल रही है।

भारत की लगातार छह जीत का सबब यह है कि हार्दिक पांड्या के चौथे मैच में चोट खाने के बाद उपलब्ध न होने के बावजूद शानदार जीत दर्ज कर बताया कि उसके पास उसे मुश्किल स्थिति से उबारने वाले खिलाड़ी हैं। भारत ने शुरू के पांच मैचों में लगातार लक्ष्य का पीछा करते हुए हासिल की। कप्तान दसुन षणाका और तेज गेंदबाज लाहिरु कुमार जैसे अपने कई शीर्ष खिलाड़ियों के चोट के चलते श्रीलंका टीम से बाहर होने से श्रीलंका की टीम की टीम सही संयोजन के लिए मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को हराने को छोड़ बराबर संघर्ष करती दिखी।

डिकॉक और दुसें का प्रहार, न्यूजीलैंड को बनाने होंगे 358

पुणे 1 नवंबर (एजेंसियां)। क्विंटन डिकॉक(114) और रासी वान दर दुसें (133) के बीच दूसरे विकेट के लिये 200 रन की साझीदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट खोकर 357 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया।

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की रनो से भरपूर पिच पर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को शुरुआती ओवरों में मदद मिली,नतीजन डिकॉक और कप्तान तेम्बा बवूमा (24) को खेलने में परेशानी नजर आयी। कुछ अच्छी बाउंड्री से दर्शकों को वाहवाही लूट चुके बवूमा हालांकि नौवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट का शिकार बने जिनका कैच स्लिप में खड़े मिचेल सैंटनर ने पकड़ा। भारत नये बल्लेबाज दुसें के क्रीज पर आते ही रनो की रफ्तार तेज हो गयी। दुसें और डिकॉक ने कीवी गेंदबाजों को बगैर कोई मौका दिये मैदान के चारों ओर रन बटोरना शुरु कर दिया। खतरनाक रूप ले चुकी इस साझीदारी को तोड़ने के लिये कप्तान टॉम लेथम ने बदल बदल कर गेंदबाजों को लगाया। इस बीच डिकॉक ने 98 के स्ट्राइक रेट से विश्व कप में अपना चौथा शतक पूरा किया। उनके एक दिवसीय करियर का यह 21वां शतक था। दूसरे छोर में दुसें ने भी अपनी शतकीय पारी के दौरान 118 गेंद खेल कर नौ चौके और पांच छक्के लगाये। न्यूजीलैंड के अनुभवी टिम साउदी ने 40वें ओवर में डिकॉक का विकेट लेकर अपनी टीम को राहत पहुंचायी मगर तब तक दक्षिण अफ्रीका बड़े स्कोर को ओर बढ़ चली थी। नये बल्लेबाज डेविड मिलर (53) ने तूफानी अंदाज में कीवी गेंदबाजों पर प्रहार किया और मात्र 30 गेंदों में दो चौके और चार छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच दुसें टिम साउदी के दूसरे शिकार बने जबकि मिलर का विकेट जिमी नीशम ने उखाड़ा।

आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	पाइंट
भारत	6	6	0	0	12
दक्षिण अफ्रीका	6	5	1	0	10
न्यूजीलैंड	6	4	2	0	8
ऑस्ट्रेलिया	6	4	2	0	8
पाकिस्तान	7	3	4	0	6
अफगानिस्तान	6	3	3	0	6
श्रीलंका	6	2	4	0	4
नीदरलैंड	6	2	4	0	4
बांग्लादेश	7	1	6	0	2
इंग्लैंड	6	1	5	0	2

बाबर आजम स्पिन के खिलाफ सहज नहीं दिखाई देते : रमीज राजा

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने रमीज राजा ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी पारी की शुरुआत में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने में सहज महसूस नहीं करते हैं और उन्होंने बाद में उन्हें शतक के साथ वापसी करने की सलाह दी। आईसीसी विश्व कप 2023 के अब तक सात मैचों में बाबर ने 30.85 की औसत से 216 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक उनके नाम हैं। सात पारियों में से, वह स्पिनरों कॉलिन एकरमैन, मेहदी हसन मिराज, नूर अहमद, तबरेज शम्सी और एडम ज़म्पा द्वारा पांच बार आउट हुए हैं।

रमीज ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए बाबर को टर्निंग ट्रैक पर स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए स्वीप शॉट खेलने का सुझाव दिया, यदि आप उसकी बल्लेबाजी में गलती ढूंढना चाहते हैं, तो जब वह पारी की शुरुआत करता है तो स्पिन के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी होती है। रमीज ने कहा, स्पिन के खिलाफ वह उतना धारप्रवाह नहीं है जितना वह तब होता है जब वह गति का सामना कर रहा होता है। मुझे नहीं पता कि यह उसका फुटवर्क है या यह उसके दिमाग में है, या क्या उसके पास बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं क्योंकि वह स्वीप शॉट नहीं



खेलता है। धीमी पिचों पर आपको स्वीप शॉट खेलने की जरूरत होती है।

बाबर का स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष मौजूदा विश्व कप में पाकिस्तान टीम के लिए एक बड़ा झटका है। रमीज़ को लगता है कि इस तरह से आउट होने से बल्लेबाज के आत्मविश्वास में कमी आती है। उन्होंने कहा, जब भी वह आक्रामक रहा है, वह आउट भी हुआ है। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने ओरदार छक्का लगाया और फिर गलत समय पर आउट हो गए। रमीज ने कहा, उसे बस शतक तक पहुंचने के लिए मेहनत करने की ज़रूरत है जहां वह गति, स्पिन का सामना करता है और अपनी भूमिका के बारे में सहज महसूस करता है। वह पूरी तरह से आउट ऑफ टच नहीं है, वह अभी भी गेंद को मिडल कर रहा है, लेकिन ऐसा है कि जब वह स्पिन के खिलाफ अपनी पारी शुरू करता है, तो वह थोड़ा घबराया हुआ दिखता है।

पाकिस्तान मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से टूर्नामेंट की अपनी तीसरी जीत के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और उसका सेमीफाइनल क्वालीफिकेशन अभी भी बरकरार है। पाकिस्तान का अगला मुकाबला शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड से होगा।

बीसीसीआई ने दिल्ली, मुंबई मैच में पटाखों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) ने दिल्ली और मुंबई में बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को देखते हुए इन दोनों शहरों में विश्व कप के शेष मैचों के दौरान आतिशबाजी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुंबई 2 नवंबर (भारत बनाम श्रीलंका), 7 नवंबर (ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान) और 15 नवंबर को सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि दिल्ली बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच अपने आखिरी लीग मैच की मेजबानी 6 नवंबर को करेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बुधवार को एक मीडिया बयान में कहा, बीसीसीआई पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति संवेदनशील है। मैंने इस मामले को औपचारिक रूप से आईसीसी के सामने उठाया और मुंबई में कोई आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं होगा, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। बोर्ड पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने प्रशंसकों और हितधारकों के हितों को हमेशा सबसे आगे रखेगा। बीसीसीआई मुंबई और नई दिल्ली दोनों में वायु गुणवत्ता को लेकर तत्काल चिंता को स्वीकार करता है जबकि हम क्रिकेट के उत्सव के अनुरूप आईसीसी विश्व कप की मेजबानी करने का प्रयास करते हैं, हम अपने सभी हितधारकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। उपर्युक्त दोनों शहर हवा की बहुत खराब गुणवत्ता का सामना कर रहे हैं, दिल्ली में बुधवार को 372 के एक्यूआई के साथ बहुत खराब दर्ज किया गया, जबकि मुंबई 150-200 के एक्यूआई के साथ खराब श्रेणी में था।

हार्दिक पांड्या श्रीलंका, द.अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो सकते हैं : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के ऑलराउंडर खिलाड़ी हार्दिक पांड्या मौजूदा विश्व कप 2023 में चोट के कारण श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से भी बाहर हो सकते हैं। हार्दिक पांड्या पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करते समय चोटिल हो गए थे। गेंद को रोकने के प्रयास में हार्दिक का दाहिना टखना मुड़ गया, जिससे उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। फिर, पांड्या को हिंबे के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी, बेंगलुरु भेजा गया था जिससे वो जल्द से जल्द फिट होकर वापसी कर सकें। हालांकि, इस ऑलराउंडर के इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर के मुकाबले के लिए सीधे

लखनऊ में टीम में शामिल होने की उम्मीद थी लेकिन लिगामेंट की चोट के कारण उन्हें उस मैच से भी बाहर बैठना पड़ा। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट मेडिकल टीम एनसीए के साथ लगातार संपर्क में है। अगले कुछ दिनों में उनकी फिटनेस पर अपडेट मिलने की उम्मीद है। मगर वह श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में भाग नहीं ले पाएंगे। टीम में हार्दिक पांड्या की कमी मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव ने पूरी की। शमी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से विश्व कप के अब तक सिर्फ दो मैचों में 9 विकेट लिए हैं। सूर्यकुमार न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 रन पर आउट हो गए लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में 49 रन की जुझारू पारी खेलकर वापसी की। भारत अंक तालिका में शीर्ष पर है और इतने ही मैचों में छह जीत के साथ टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के लिए कोलकाता जाने से पहले उन्हें गुरुवार को मुंबई में श्रीलंका से खेलना है।

शमी को उनकी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है : सिद्दीकी

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के लिए विश्व कप 2023 के पहले चार मैच नहीं खेलने के बावजूद, मोहम्मद शमी न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो मैचों में अपने महत्वपूर्ण स्पैल से बेहद प्रभावशाली रहे हैं। चाहे धमशाला हो या लखनऊ का मैदान, शमी ने गेंद को दोनों तरफ घुमाया है और बल्लेबाजों को तेजी से छकाते हुए (5-54) और (4-22) के खतरनाक स्पैल के साथ वापसी की है। पहले चार मैचों तक बाहर रहने वाले मोहम्मद शमी को चोटिल हार्दिक पांड्या की जगह टीम में मौका मिला। मगर उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से अब अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बीच शमी के बचपन के कोच ने आईएएनएस से खास बातचीत की। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, किसी भी चीज में पूर्णता प्राप्त करने के लिए, आपको बहुत मेहनत करनी होगी और जुनून ऐसा होना चाहिए कि लोग आश्चर्यचकित रह जाएं। जब कोई किसी कौशल में महारत हासिल करने के लिए उस स्तर की कड़ी मेहनत करता है, तब उसे उसका फल भी मिलता है।

सार संक्षेप

न्यूजीलैंड के मैट हेनरी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बीच ओवर में मैदान से बाहर चले गए

पुणे। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को बुधवार को यहां एमसीए स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बीच में ही मैदान छोड़ना पड़ा। हेनरी प्रस्थान करने से पहले अपने छठे ओवर में तीन गेंदें डालने में सफल रहे, जिनी नीशम ने शेष गेंदों को पूरा करने के लिए कदम बढ़ाया। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, छठे ओवर के दौरान दाहिनी हैमस्ट्रिंग में जकड़न महसूस होने के बाद मैट हेनरी फिलहाल पुणे में मैदान से बाहर हैं। इसमें कहा गया है, आगे के आकलन के बाद वह इस स्तर पर मैदान पर नहीं लौटेंगे। 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 11 विकेट लिए हैं। उनकी चोट न्यूजीलैंड टीम के लिए नवीनतम झटका है, उनके कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन क्रमशः अंगूठे और अकिलिस चोटों के कारण पहले ही बाहर हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, मार्क चैपमैन को पिंडली की चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। न्यूजीलैंड विश्व कप लीग चरण में छह मैचों में चार जीत के साथ तीसरे स्थान पर है। सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए वे पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ महत्वपूर्ण मैचों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

चोट लगने के कारण मेक्सवेल इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से बाहर

अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल सोमवार को गोल्फ से संबंधित घटना में चोट लगने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से बाहर हो गए हैं। यह समझा जाता है कि मैक्सवेल अपने निर्धारित अवकाश के दिनों में शाम को क्लब हाउस से टीम बस की ओर लौटते समय गोल्फ कार्ट के पिछले हिस्से को पकड़ रहे थे, तभी उनकी पकड़ छूट गई। उनके छह से आठ दिनों तक कन्कशन प्रोटोकॉल के तहत रहने की उम्मीद है। मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड्स ने कहा, वह अपनी दी गई जानकारी के प्रति ईमानदार हैं।

नवनीत व संगीता के एक-एक गोल से भारत ने जापान को हरा लगातार चौथी जीत दर्ज की

नई दिल्ली, 1 नवंबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर नवनीत कौर और संगीता कुमारी के एक-एक गोल की बदौलत भारत की महिला हॉकी टीम ने जापान को रांची में मंगलवार रात रोचक संघर्ष में राउंड रॉबिन लीग मैच में 2-1 से हरा कर झारखंड महिला एशियन ट्रॉफी में लगातार चौथी जीत दर्ज की। पराजित जापान की ओर से एकमात्र गोल काना उराता ने दागा।

अपनी डच कोच यांकी शॉपमैन के मार्गदर्शन में भारत की शुरू से ही आक्रामक हॉकी खेलने की रणनीति से जापान की टीम बौखला गई। जापान ने भारत के हमलों को नाकाम करने के लिए पूरी ताकत अपनी किले की चौकसी पर लगा दी। जापान ने इसके बाद जवाबी हमले बोल कर वापस भारत पर दबाव बना लिया। जापान को पहले क्वॉर्टर में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में तब्दील

नहीं कर पाई। जापान की गोलरक्षक अकियो तनाका ने गजब की मुस्तैदी दिखाते हुए दूसरे क्वॉर्टर में भारत को मिले पेनल्टी कॉर्नर को रोकने के साथ उसके गोल करने के हमले नाकाम कर उसे शुरू के दो क्वॉर्टर में गोल करने से रोके रखा। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने तीसरे क्वॉर्टर के पहले ही मिनट में डी में पहुंच दनदनाता शॉट जमा गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। काना उराता के छह मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से जापान ने एक एक की बराबरी पा ली। जापान के बराबरी पाने के बाद लगातार हमले बोल कर भारत ने पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया लेकिन तीसरे हाफ में अकियो तनाका की जगह उतरने वाली जापन की गोलरक्षक अइका नाकामुरा ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी कर भारत को फिर बढ़त लेने से रोक दिया और तीसरे क्वॉर्टर की समाप्ति पर दोनों टीमें एक एक गोल से बराबर रही।

भारत ने दनादन हमले बोल कर चौथे क्वॉर्टर के रूप मे ही लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। संगीता ने तीसरे पेनल्टी पर गोलरक्षक के पैड से लगकर वापस लौटती गेंद को संभाल गोल कर भारत को चौथे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में 2-1 से आगे कर दिया। जापान ने बराबरी पाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी लेकिन भारत की कप्तान गोलरक्षक सविता ने मुस्तैदी से अपने किले की चौकसी कर उसकी हर कोशिश नाकाम कर दी। भारत अब अपने और अंतिम पूल मैच में बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया से रात साढ़े आठ बजे भिड़ेगा।

वर्ल्ड कप के बाद डेविड विली लेंगे संन्यास

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड विली ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की है कि वह भारत में खेले जा रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।

33 साल के डेविड विली एक खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। हालांकि, भारत में खेले जा रहे मेगा-इवेंट में वो अपनी टीम के लिए कुछ खास नहीं कर पाए हैं। बताया जा रहा है कि विली का संन्यास लेने का निर्णय ईसीबी के 2023-24 चक्र के लिए उन्हें केंद्रीय अनुबंध की पेशकश नहीं करने के फैसले के बाद आया है।

विली ने विश्व कप में अपने तीन मैचों में पांच विकेट लिए हैं। जिसमें भारत के खिलाफ मैच में तीन विकेट (केएल राहुल, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव) और निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन शामिल हैं। विली ने सोशल मीडिया पर किए गए अपने पोस्ट में लिखा, मैं कभी नहीं चाहता था कि यह दिन आए। मैंने बचपन से केवल इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का सपना देखा है। मैंने बहुत विचार करने के बाद और बहुत

अफसोस के साथ यह फैसला लिया है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का सही समय आ गया है। मैं विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलूंगा।

विली ने मई 2015 में आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड में डेब्यू किया और इयोन मोर्गन, ट्रेवर बेलिस और एंड्रयू स्ट्रॉस की कप्तानी में खेले। उन्होंने अब तक 70 वनडे मैचों में 94 विकेट लिए हैं और 43 टी20 में 51 विकेट चटकाए। अपने करियर में उतार-चढ़ाव भरे सफर के बाद विली 2019 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की अंतिम टीम का भी हिस्सा थे, लेकिन तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को चयन में शामिल करने के लिए अंतिम समय में उन्हें हटा दिया गया।

सुडोकू 6364 का हल

5	1	4	7	6	2	8	3	9
8	7	3	1	9	5	6	2	4
6	9	2	3	4	8	1	5	7
4	8	7	9	5	6	2	1	3
1	6	5	2	3	4	7	9	8
3	2	9	8	7	1	4	6	5
2	4	8	5	1	3	9	7	6
7	5	6	4	2	9	3	8	1
9	3	1	6	8	7	5	4	2

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढने वाले शेयर

सन फार्मा	2.67 प्रतिशत
बजाज फिनसर्व	0.47 प्रतिशत
रिलायंस	0.35 प्रतिशत
एसबीआई	0.15 प्रतिशत
भारती एयरटेल	0.02 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

एशियन पेंट	2.04 प्रतिशत
टाटा स्टील	1.81 प्रतिशत
मारुति	1.61 प्रतिशत
जएसडब्ल्यू स्टील	1.54 प्रतिशत
एनटीपीसी	1.34 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दडा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

चीनी एस	3640-3740
चीनी एम	3800-3900
मिल डिलीवरी	3520-3620
गुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

भारतीय रेलवे ने की 887.25 टन माल ढुलाई

- रेलवे अप्रैल-अक्टूबर 2023 के दौरान भारतीय रेलवे ने 887.25 टन की माल ढुलाई की
- पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 31.61 टन अधिक है

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे चालू वित्त वर्ष के सात माह में 887.25 टन माल ढुलाई करके नया रिकॉर्ड कायम किया है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल-अक्टूबर 2023 के दौरान भारतीय रेलवे ने 887.25 टन की माल ढुलाई की जबकि पिछले साल की पहले सात माह में माल ढुलाई 855.64 टन थी। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 31.61 टन अधिक है। रेलवे ने पिछले वर्ष अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 92345.27 करोड़ रुपये अर्जित किये थे, इसकी तुलना में इस वर्ष इसी अवधि में लगभग 3584.03 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 95929.30 करोड़ रुपये अर्जित किए हैं।

आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2022 में 118.95 टन के लदान की तुलना में, इस वर्ष अक्टूबर माह में 129.03 टन की माल ढुलाई की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8.47 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर 2022 में माल ढुलाई से 13353.81 करोड़ रुपये की आय हुई थी, इसकी तुलना में बीते माह 14231.05 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.57 प्रतिशत अधिक है।

भारतीय रेलवे ने अक्टूबर 2023 के दौरान, कोयला 64.82 मिलियन टन, लौह अयस्क 14.81 मिलियन टन, कच्चा लोहा और फिनिश्ड स्टील 5.74 मिलियन टन, सीमेंट (इएक ?ससीएल. क्लिंकर) 6.32 मिलियन टन , क्लिंकर 4.77 मिलियन टन , खाद्यान्न 3.62 मिलियन टन, उर्वरक 5.72 मिलियन टन, खनिज तेल 4.35 मिलियन टन, कंटेनर 7.15 मिलियन टन और शेष अन्य वस्तुओं में 8.55 मिलियन टन माल ढुलाई की।

अक्टूबर तक 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने आज कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर तक 7.85 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किये गये हैं। विभाग ने यहां आंकड़े जारी करते हुये समय पर अनुपालन के लिए करदाताओं और कर पेशेवरों की सराहना की और कहा कि 31 अक्टूबर आईटीआर 7 को छोड़कर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। विभाग ने अब तक रिटर्न नहीं दाखिल करने वालों से समय पर कर अनुपालन करने की भी अपील की है।

आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 अक्टूबर तक दाखिल कुल रिटर्न अब का सर्वाधिक 7.85 करोड़ रिटर्न रहा है जबकि आंकलन वर्ष 2022-23 के लिए 7.78 करोड़ रिटर्न दाखिल किये गये थे। विभाग ने कहा कि आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल रिटर्न में से 7.51 करोड़ का सत्यापन किया जा चुका है। सत्यापित 7.51 करोड़ रिटर्न में से 7.19 करोड़ रिटर्न 31 अक्टूबर तक प्रोसेड किया जा चुका है जो कुल सत्यापित रिटर्न का 96 प्रतिशत है।

'जेम पर सेवाओं की खरीद इस वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है'

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के ई मार्केट पोर्टल जेम पर सेवाओं की खरीद फरोख्त तेजी से बढ़ रही है और वर्ष 2023-24 में इस पर सेवाओं की सकल खरीद-बिक्री का स्तर 1.50 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। यह अनुमान जेम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने व्यक्त किया है।

जेम पोर्टले के सीईओ पीके सिंह ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 30 अक्टूबर, 2023 तक के रुझानों का हवाला देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में में जेम पर सेवाओं की खरीद 1.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि 2019 में इस पोर्टल के माध्यम से सरकारी विभागों और उपक्रमों ने 3069 करोड़ रुपये मूल्य की सेवाओं की खरीद की थी और 2022-23 में यह 66 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गयी।

श्री सिंह ने बताया कि 2019-20 में जेम पर खुई सकल खरीद-फरोख्त के मूल्य के हिसाब से सेवाओं का हिस्सा 13.4 प्रतिशत था जो 2020-21 में 22 प्रतिशत, 2021-22 में 23.1 प्रतिशत और 2022-23 में 32.8 प्रतिशत रहा। चालू वित्त वर्ष में अब तक सेवाओं का हिस्सा 47 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने जेम पोर्टल की शुरुआत अगस्त 2016 में की थी और तमाम विभागों, मंत्रालयों और उनके उपक्रमों को बहुत सी वस्तुओं और सेवाओं की खरीद इसी आनलाइन सुविधा के माध्यम से करना अनिवार्य कर दिया था। जेम पर आज 63,000 सरकारी इकाइयां खरीदार के रूप में पंजीकृत है। इनमें राज्य सरकारें और केंद्रीय पुलिस बलों के संगठन भी हैं।

इसके माध्यम से सेवा और वसतुओं की आपूर्ति के लिए पंजीकृत विक्रेताओं की संख्या 62 लाख तक पहुंच गयी है। श्री सिंह ने बताया कि आज कुशल, अर्धकुशल तथा कुशल श्रम-शक्ति की सेवाएं जेम के जरिए क्रय की जा सकती हैं। पिछले वित्त वर्ष में इस पोर्टल से श्रमि-शक्ति की सेवाओं के लिए 40 हजार ठेके जारी किए गए थे।

एलएंडटी ने फैबलेस सेमीकंडक्टर चिप डिजाइनिंग में किया प्रवेश

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। लार्सन एंड टुब्रो एक सहायक कंपनी स्थापित करके फैबलेस सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन में प्रवेश कर रही है। कंपनी के बोर्ड ने 830 करोड़ रुपये तक के निवेश के साथ फैबलेस सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन और उत्पाद स्वामित्व के व्यवसाय में संलग्न होने के लिए एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के निगमन को मंजूरी दे दी।

एलएंडटी के मुख्य वित्तीय अधिकारी आर शंकर रमन ने कंपनी द्वारा 2023-24 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा के बाद संवाददाताओं से एक कॉन्फ्रेंस कॉल में यह बात कही, हम फैबलेस सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए डिजाइन तैयार करेंगे। हमने डिजाइन के अंत तक बने रहने का फैसला किया है क्योंकि इसे पेटेंट कराया जा सकता है और यह सबसे मूल्यवान होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी की रणनीति आपूर्ति श्रृंखला के कम निवेश वाले हिस्से पर ध्यान केंद्रित करने की है। यह देखते हुए कि वैश्विक निर्माता, विशेष रूप से चीन में, कितने प्रतिस्पर्धी हैं, इसकी विनिर्माण क्षेत्र में उतरने की कोई योजना नहीं है। रमन ने कहा, हमारा मानना है कि (सेमी-कंडक्टर चिप) विनिर्माण क्षेत्र में चीनी, ताइवानी और कोरियाई कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में बहुत समय लगेगा, इसलिए यह वह क्षेत्र नहीं है जिसे हम इस समय लक्षित कर रहे हैं।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे गिरकर बुधवार को अब तक के सबसे निचले स्तर 83.33 पर पहुंच गया। विदेशी फंडों ने शेयर बाजारों से पैसा निकालना जारी रखा और मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के चलते तेल की कीमतों में इजाफा हुआ। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक पर अमेरिकी ग्रीनबैक भी मजबूत हुआ, जो 0.20 प्रतिशत बढ़कर 106.87 पर पहुंच गया। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 83.26 पर खुला और निचले स्तर 83.35 तक गिर गया। हालांकि, कुछ उतार-चढ़ाव के बाद, यह आखिरकार पिछले दिन के मुकाबले 9 पैसे कम होकर 83.33 पर अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। भारतीय रुपए को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी बांड पर अधिक यील्ड के कारण भारतीय शेयर बाजारों से पैसा बाहर जा रहा है और वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने डॉलर की मांग बढ़ा दी है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, हालांकि आरबीआई

अपने भंडार से अमेरिकी डॉलर जारी कर रुपए को स्थिर करने में कुछ हद तक सफल रहा है, लेकिन यह एक हद से आगे नहीं जा सकता। हाल के हफ्तों में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार गिर रहा है। रुपए को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.29 से नीचे गिरने से रोकने के लिए आरबीआई ने अक्टूबर में विदेशी मुद्रा बाजार में लगातार हस्तक्षेप किया। शुक्रवार को जारी आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 20 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.36 अरब डॉलर घटकर 583.53 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह हालांकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.15 अरब डॉलर बढ़ गया था, जिसने पिछले पांच हफ्तों में लगातार गिरावट को रोक दिया। 6 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14.166 अरब डॉलर गिरकर पांच महीने के निचले स्तर 584.74 अरब डॉलर पर आ गया था। ताजा गिरावट के साथ, विदेशी मुद्रा भंडार और भी गिर गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट से आरबीआई के पास रुपए को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने की गुंजाइश कम है, जिससे भारतीय मुद्रा कमजोर हो जाएगी।

8 मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज कहा कि प्रचलन से हटाये गये दो हजार मूल्य के 97 प्रतिशत बैंक नोट उसके पास वापस आ गये हैं।

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NITIN AGRAWAL S/O BIMAL AGRAWAL resident of CHHAPARIA HOUSE WARD NO.-15 CHHAPARIA COLONY ABHANPUR (NP) RAIPUR (C.G.) 493661 have changed my son old name SHARTHAK CHHAPARIA AGRAWAL S/O NITIN AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SARTHAK AGRAWAL S/O NITIN AGRAWAL in all Government and other documents.

NITIN AGRAWAL
CHHAPARIA HOUSE WARD NO.-15 CHHAPARIA COLONY ABHANPUR (NP) RAIPUR (C.G.) 493661

अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष अक्टूबर में 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अक्टूबर में संग्रहित जीएसटी 151718 करोड़ रुपये की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्टूबर में संग्रहित कर राजस्व अब का दूसरा सबसे अधिक कर है। इससे पहले अप्रैल 2023 में इस मद में 187035 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रहित हुआ था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अक्टूबर में कुल जीएसटी संग्रह 172003 करोड़ रुपये रहा है। इसमें सीजीएसटी 30062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91315 करोड़ रुपये जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित कर 42127 करोड़ रुपये भी शामिल है। क्षतिपूर्ति अधिभार के रूप में 12456 करोड़ रुपये संग्रहित हुये हैं जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1294 करोड़ रुपये भी शामिल है।

सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 42873 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 36614 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से अगस्त में सीजीएसटी 72934 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 74785 करोड़ रुपये रहा है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00066 जोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20232444072480 0001

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00066 के अंतर्गत ग्राम जोरा के वर्तमान भूमिस्वामी सुकलुराम पिता/पति हगरू राम पता जोरा रायपुर, ईश्वरी नारंग पिता/पति सुकालू राम पता उषा बाई धृतलहरे पिता/पति सुकालू राम पता विमला टंडन पिता/पति सुकालू राम पता जोरा रायपुर, अनिल बंजारे पिता/पति सुकालू राम पता जोरा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 35/11 0.0650 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कामिनी बंजारे पिता/पति स्व. अनिल कुमार बंजारे पता कृषक नगर जोरा रायपुर छ.ग., जितेन्द्र बंजारे, भूपेन्द्र कुमार बंजारे, शैलेन्द्र बंजारे, किरण पिता/पति स्व. अनिल कुमार बंजारे पता कृषक नगर जोरा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी-6304510102023013

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी बृजबाई देवांगन पिता/पति स्व. नरसिंग देवांगन पता दीपक किराया भंडार के पीछे हनुमान नगर रायपुर छ.ग., बीर सिंग देवांगन पिता/पति स्व. रामाधीन देवांगन पिता/पति स्व. नरसिंग देवांगन पता दीपक किराया भंडार के पीछे हनुमान नगर रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1091 0.0070, 1091 0.0070 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.10.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-20
तहसील जिला-रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

जारी दिनांक 25.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष अग्रवाल पिता कैलाश अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम मंगसा पटवारी हल्का नंबर 09 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-20 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 359/4, 359/5 रकबा कुल 0.603 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16.10.2023 के परिपालन में दिनांक 02.11.2023 को समय 11.00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 09 के पवनी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-20

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-20
तहसील जिला-रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

जारी दिनांक 25.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष अग्रवाल पिता कैलाश अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पथरी पटवारी हल्का नंबर 08 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-20 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 535, 537, 539/1, 539/2, 539/5, 546/3 कुल रकबा 1.927 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16.10.2023 के परिपालन में दिनांक 02.11.2023 को समय 11 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 08 के पथरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-20

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-20
तहसील जिला-रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

जारी दिनांक 25.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विपिन अग्रवाल पिता के.सी. अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम मंगसा पटवारी हल्का नंबर 09 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-20 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 359/1 रकबा 0.671 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16.10.2023 के परिपालन में दिनांक 02.11.2023 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत हैं।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 09 के पवनी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-20

न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/202308111000312/
अ-6अ/2023
ग्राम सांकरा प.ह.नं. 24
रा.नि.मं. 19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 26.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जानकी देवी पति श्री जयप्रकाश सिंह निवासी म.नं. 6/7 मंदपा बुजुर्ग पो. आ. थाना रेवेलगंज तहसील रेवेलगंज जिला छपरा बिहार के द्वारा अपने अधिवक्ता श्री महेश खाखरिया के माध्यम से छ.ग. भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम सांकरा प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. धनेली-19 तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 230/3 का भाग नया रकबा 0.022 हे. अर्थात 2400 वर्गफुट क्रय किया गया है जिसका नामांतरण किया जाकर नया खसरा बटांकन नंबर 230/12 से खसरा नंबर 230/15 का बटांकन रकबा के अनुसार ऑनलाईन भूईया पोर्टल में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08.11.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/202310114900005/
अ-6/2022-23
ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 25.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर का आदेश क्रमांक / एफ / 4-122/ सात / - 1 / 2014 नया रायपुर दिनांक 31 दिसंबर 2016 विभागीय संतसंख्यक आदेश दिनांक 30 अक्टूबर 2014 के माध्यम से काटोरातालाब योजना के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा पटवारी हल्का नंबर 70 में आबंटित भूमि में शासन को देय राशि का समायोजन उपरांत 7,30,230.00 रुपये प्राधिकरण द्वारा अधिक राशि जमा की गई है उक्त राशि को कंडिका ब में दर्शित राशि में समायोजन किया जा सकेगा। अतः खसरा क्रमांक 297 रकबा 0.64 एकड़, खसरा नंबर 298 रकबा 0.69 एकड़, खसरा नंबर 321 रकबा 0.48 एकड़, खसरा नंबर 322 रकवा 0.09 एकड़ भूमि अर्थात 1.90 एकड़ भूमि पर रायपुर विकास प्राधिकरण का नाम शासन आदेश में नामांतरण करने ज्ञापन प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण कि सुनवाई न्यायालय में दिनांक 07/11/2023 को नियत है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07/11/2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-20
तहसील जिला-रायपुर (छ.ग.)
आम सूचना

जारी दिनांक 25.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विपिन अग्रवाल पिता कैलाश अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम पथरी पटवारी हल्का नंबर 08 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-20 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 539/4 रकबा 0.425 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16.10.2023 के परिपालन में दिनांक 02.11.2023 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 08 के पथरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-20

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/2022-2023
ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 30.10.2023

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती नसरीन अफरोज पति श्री सैय्यद शहशाह मोहिद्दीन निवासी खमतराई रायपुर द्वारा अपने अधिवक्ता एम जेड खान के माध्यम से अनावेदकगण (1) श्रीमती गुष्पादेवी पिता मोहन लाल केला 2. लक्ष्मी देवी वल्द दादु प्रसाद शुक्ला 3. श्याम सुंदर राठी वल्द लक्ष्मीनारायण राठी द्वारा आम मु. आम ताराचंद वल्द हजारी लाल शर्मा सभी निवासी स्टेशन रोड तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदिका के क्रयशुदा हक स्वामित्व की खुली भूमि खसरा नंबर 477/2 वर्ष भाग रकबा 0.010 हे. अर्थात 1800 वर्गफुट प.ह.नं. 108 वाके मौजा खमतराई के प्लाट नंबर 11 तहसील व जिला रायपुर में स्थित है। जिसे विक्रेतागण अनावेदकगण से दिनांक 19.08.1990 बने क्रय किया जाकर विधिवत उप पंजीयन कार्यालय रायपुर छ.ग. में विक्रय विलेख संपादित किया गया है। जिसका पुस्तक क्रमांक अ-1 ग्रंथ क्रमांक 13942 पृष्ठ क्रमांक 95 से 104 दस्तावेज विलेख क्रमांक 5294 देकर पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदिका अपना नाम दर्ज करवाना चाहती है। उक्त संपत्ति आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य में है। जिस पर क्रय दिनांक से आवेदक शांतिपूर्ण दाखिल व काबिज चली आ रही है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदिका अपना नाम राजस्व अभिलेखों से ऑनलाईन रिकार्ड दर्ज कराना चाहती है। उक्त भूमि का राजस्व अभिलेख का निरीक्षण करने व दस्तावेजों की सत्यापित प्रति निकालने पर तथा हल्का पटवारी द्वारा जानकारी प्रदान करने पर यह ज्ञात हुआ है कि आवेदित भूमि खसरा नंबर 477/2 जो कि खसरा नंबर 477/1 में शामिल हो गयी है। आवेदिका का नाम आज दिनांक तक राजस्व अभिलेखों में त्रुटि होने से खाता दुरूस्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा आवेदिका को अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की क्रयशुदा भूमि पर नाम दर्ज न किये जाने से अपूर्णिय क्षति होगी तत्संबंध में खाता दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 21.11.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

आम सूचना

(टिकरापारा, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क. 51. नया वार्ड क. 55. प.ह.न. 70. रा.नि.मं. रायपुर 1 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित रा.वि.प्र. के नगर विकास योजना क. 4- कमल विहार सेक्टर-4, भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गोपाल कुमार इंदुरिया पिता जगतराम इंदुरिया निवासी डी-99, पीएंडटी कालोनी सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार टैगोर नगर, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्रीमती रेनू मनूजा पिता स्व. अमरनाथ मनचंदीया निवासी- कृपा भवन जलविहार कालोनी, रायपुर छ.ग. एवं मनेन्द्र पाल सिंग अहलूवालिया पिता श्री अजीत सिंह अहलूवालिया (उर्फ -मनिन्दर पाल सिंह वालिया) निवासी- संतोष बिल्डिंग गंज डबरी, स्टेशन रोड, रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की वाके मौजा टिकरापारा, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 51. नया वार्ड क्र. 55, प.ह.न. 70, रा.नि.मं. रायपुर 1 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित रा.वि.प्र. के नगर विकास योजना क्र. 4- कमल विहार, सेक्टर-4, भूखंड क्र. बी-59 लेआउट के अनुसार खसरा नं. 699 का भाग वर्तमान खसरा नं. 699/1 का भाग क्षेत्रफल 199.50 वर्गमीटर अर्थात 2146.62 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक इत्यादि को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मयदस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात् किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा । जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा ।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 01.11.2023

पवन पंसारी
अधिवक्ता
पता-शिवाजी नगर मलशाय तालाब के पास, कुशालपुर रायपुर (छ.ग.)
मो. 98264 65429

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजमणी केशवानी (गुप्ता) पिता स्व. गजाधर केशवानी (गुप्ता) निवासी बंजारी नगर, रावांभाठा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ. ग. की निजी संपत्ति खसरा नं. 390/301, 390/194, रकबा 1680 वर्गफीट जो कि रावांभाठा पं. रविशंकर शुक्ला वार्ड नं. 12, रायपुर पटवारी हल्का नं. 86, रा.नि.मं. रायपुर-21- रावांभाठा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित है से संबंधित पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 19/09/2013 वाल्यूम नं. 60338, सीरियल नं. 3271, पेज 85 से 9 जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीबद्ध है जिसे श्रीमती स्वतंत्रता पति श्री अमृत दास पोडवाल निवासी झंडा चौक, आजाद नगर, रावांभाठा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने श्री बाबू लाल केशरवानी पिता श्री राजमणी केशरवानी निवासी खदान पारा, रावांभाठा, रायपुर को विक्रय किया या एवं एक और पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 12/12/2011 वाल्यूम नं. 52698, सीरियल नं. 3949 ग, पेज 23 से 33 जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीबद्ध है, जिसे मोहम्मद नसरुद्दीन पिता हाजी जैनुल हक निवासी भाजी नगर, बिरगांव, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. ने श्री बुधसेन केशयवानी निवासी दीनदयाल उपाध्याय नगर गुढ़ियारी रायपुर को विक्रय किया था। उपरोक्त विक्रय विलेख कहीं गुम गया है जो पर्याप्त खोजने पर भी नहीं मिल पा रहा है। उक्त विकय विलेख के गुम हो जाने की सूचना पोलिस थाने में दर्ज करवाई जा चुकी है।

श्री राजमणी केशवानी (गुप्ता) ने ऋण हेतु मेरे पक्षकार जना स्मॉल फाइनेंस बैंक संस्था सहकारी सोसायटी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यलय में दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बाद म्याद की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जायेगी ।

सो सूचना जाने।

रायपुर 01.11.2023
मो. नंबर 94252-08945

विजय शंकर तिवारी
अधिवक्ता
779 केशर कुंज सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 94252-08945

न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा
तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/202306111000121/
अ-6-अ/2023
ग्राम भेरवा प.ह.नं. 01
रा.नि.मं. 15 धरसींवा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 01.11.2023

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भी भुखन सिंह वर्मा पिता श्री सरजू सिंह वर्मा एवं अन्य एक निवासी ग्राम भेरवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा छ.ग.भू.रा.स. 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम भेरवा प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. धरसींवा-5 तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 168, 250, 423, 443, 452, 463, 511, 512, 572, 573 भूमि आवेदकगण के नाम पर दर्ज होकर धारित है। उक्त भूमि के खसरा ऑनलाईन में त्रुटिपूर्ण बटा शून्य दर्ज है जबकि उक्त खसरे में बटांकन नहीं है एवं ऑनलाईन में खसरा क्रमांक 512 शामिल 572, 573 दर्ज है जबकि वास्तव में खसरा क्रमांक 512 मूल खसरा है तथा खसरा क्रमांक 572 शामिल 573 है। आवेदकगण में आवेदित भूमि के खाते में नौरनकरण का नाम त्रुटिवश दर्ज है जबकि वास्तव में आवेदक क्रमांक 02 का नाम नामकरण है। आवेदित भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में हुई उपरोक्तानुसार त्रुटि को सुधार कर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 20.11.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार धरसींवा

नाम परिवर्तन सूचना

मै, मेघा गोयल पति ध्रुव गोयल, निवासी- फ्लैट क्रं. - ए / 301, वालफोर्ट आर्किड, वार्ड क्रं. - 31, आस्था अपार्टमेंट के सामने, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं तथा एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करता हूं, कि :-यह कि शपथपत्र दिनांक 26.10.2023 एवं इस सूचना पत्र से पूर्व सरकारी दस्तावेज - भारतीय पासपोर्ट क्रं. - एल 7626694 जो कि दिनांक 02.04.2014 को जारी किया गया था जिसमे मेरा नाम - मेघा अशोककुमार गोयल दर्ज है परन्तु शेष अन्य दस्तावेजो मे केवल मेघा गोयल तथा मुझे आम जनता भी मेघा गोयल के नाम से जानती व पहचानती है। यह कि मै उक्त शपथपत्र दिनांक . 26.10.2023 एवं इस सूचना पत्र के बाद अपने सभी सरकारी दस्तावेजो जैसे कि भारतीय पासपोर्ट क्रं. एल 7626694 तथा अन्य सभी दस्तावजो जिसमे भी मेरा नाम - मेघा अशोककुमार गोयल दर्ज हो चुका है उसे संशोधित कर मेघा गोयल करवाना चाहती हूं । इस सूचना पत्र के प्रकाशन उपरांत एवं शपथपत्र दिनांक 26.10.2023 के अनुसार उपरोक्त संशोधन करवा लूंगी ।

सो सूचना जाने,
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 02.11.2023

मेघा गोयल पति ध्रुव गोयल,
निवासी - फ्लैट क्रं - ए / 301, वालफोर्ट आर्किड, वार्ड क्रं-31, आस्था अपार्टमेट के सामने, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छग), (शपथकर्ता)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BAJRANG AGRAWAL S/O PHOOL CHAND AGRAWAL resident of 59, NR RAJAN PETROL PUMP WARD NO 15 MAIN ROAD KATGHORA DIST KORBA (C.G.) have changed my old name BAJRANG AGRAWAL S/O PHOOL CHAND AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is BAJRANG LAL AGRAWAL S/O PHOOL CHAND AGRAWAL in all Government and other documents.

BAJRANG LAL AGRAWAL
59, NR RAJAN PETROL PUMP WARD NO 15 MAIN ROAD KATGHORA DIST KORBA (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD KHALID MUSTAFA MEMON S/O MOHAMMAD IBRAHIM MEMON resident of H.NO. 247 WARD NO. 06 SADAR BAZAR CHAMPA DT. JANJGIR CHAMPA (C.G.) have changed my old name MOHAMMAD KHALID MUSTAFA MEMON S/O MOHAMMAD IBRAHIM MEMON so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD KHALID MEMON S/O MOHAMMAD IBRAHIM MEMON in all Government and other documents.

MOHAMMAD KHALID MEMON
H.NO. 247 WARD NO. 06 SADAR BAZAR CHAMPA DT. JANJGIR CHAMPA (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHILPA CHHABRA D/O HARJEET SINGH CHHABRA resident of 880,RAJA TALAB, NEAR NAV DURGA CHOWK, REDDY BADA, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name SHILPA CHHABRA D/O HARJEET SINGH CHHABRA so in future I should be recognized by my new name that is SHILPA CHAWLA W/O HARPREET SINGH CHAWLA in all Government and other documents.

SHILPA CHAWLA
880,RAJA TALAB,NEAR NAV DURGA CHOWK, REDDY BADA, RAIPUR, (C.G.) 492001

शांत्रीबाई कॉलेज में राष्ट्रीय एकता की ली शपथ

महासमुंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। शांत्री बाई कला वाणिज्य ,विज्ञान महाविद्यालय महासमुन्द में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युथरेडक्रास के संयुक्त तत्वधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जंयती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रय का शुभारंभ संस्था प्रमुख महाविद्यालय की प्राचार्यडॉ. सविता चन्द्राकर ने भारत माता एवं वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र पुष्पेन्द्र घृतलहरे, नीलमसाहू, लक्ष्मी महेश्वरी, गोपी चंद पटेल, हसलेखा ठाकुर, गुलशन प्रसाद, डेनिस चन्द्राकर ने वल्लभ भाई पटेल के जीवन परिचय, ऐतिहासिक राजनैतिक परिदृश्य,सामाजिक स्थिति से जुडें सभी पहलुओं पर एक-एक करके प्रकाश डाला। डॉ. सविता चन्द्राकर ने सभी विचारोको सारगभित शब्दों में पिरोते हुऐ कहा कि राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता बनायें रखना है तो हमें अपनी व्यक्ति गत ईष्या-द्वेष, जाति,संप्रदांय से उपर उठकर एक होना होगा। वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व उनके सशक्तविचारों, आजादी एवं राष्ट्र निर्माण व एकीकरण में उनके योगदान से छात्र/छात्राओं को रुबरु कराया एवं उनके व्यक्तित्वकोअपने जीवन में उतारने का संकलप लेने की बात कही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चन्द्राकर, लुकेश साहू, सोनाली यादव, मेनका चन्द्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, किशोर कठार, दिव्या चन्द्राकर, हीना चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन,यमन सिन्हा, गुलाब चन्द्राकर, देवानंद चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चन्द्राकर, मानिक पटेल एवं छात्र-छत्राएं उपस्थित थे।

कन्या महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

बलौदाबाजार, 1 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती के सुअवसर पर महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महविद्यालय की प्राचार्य, शिक्षकगण व महाविद्यालय की समस्त छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की छायाचित्र पर पुण्यार्पित कर किया गया। तत्पश्चात महविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा सभी छात्राओं को देश की एकता और अखण्डता को बनायें रखने हेतु एकता की शपथ ग्रहण करायी गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाये जाने के महत्व को बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस एकजुटता की पुष्टि करता है, ''विविधता में एकता'' की भावना को बढ़ावा देता है और राष्ट्रीय अखण्डता बनाए रखने के महत्व पर जोर देता है। इसी के साथ उन्होने सरदार वल्लभ भाई पटेल की व्यक्तित्व से जुड़े सभी अच्छी कार्यो का विशलेषण किया। और इस प्रकार सभी शिक्षकगण व छात्राओं ने कार्यक्रम मे शामिल होकर अपने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तथा देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने की संभव प्रयास करने की मिलकर प्रतिज्ञा ली और कार्यक्रम को सफ्ल बनाया।

लौह पुरुष की जयंती पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

धमतरी, 1 नवंबर (देशबन्धु)। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर पर नगर निगम सभागृह में निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को निगम आयुक्त विनय कुमार ने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। कर्मचारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल से प्रेरणा लेते हुए राष्ट सेवा के लिए कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। आयुक्त ने आज निगम के सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारी/कर्मचारियों को शपथ दिलवाया। राष्ट्रीय एकता दिवस आज निगम सभागार में सादगी पूर्वक मनाया गया। निगम के अधिकारी/कर्मचारी ने इस बात की शपथ ली कि राष्ट की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हु जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता व कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हु। गौरतलब है कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सभी स्थानों में मनाया जा रहा है। नगर निगम धमतरी में भी इसको लेकर शपथ लिया गया। शपथ के दौरान उपायुक्त पी सी सार्वा, कार्यपालन अभियंता विजय खलखो आदि मौजूद रहे।

बसपा और गोंगपा गठबंधन कर लड़ रहे चुनाव

महासमुंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जिले की चारों विधानसभा सीट से इस बार बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गठबंधन कर दो विधानसभा सीट सरायपाली और बसना से बहुजन समाज पार्टी और महासमुंद व खल्लारी विधानसभा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। मंगलवार 31 अक्टूबर को स्थानीय प्रेस क्लब भवन में पत्रकारों के समक्ष उन्होंने अपना घोषणा पत्र बताया। बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी बसंत सिन्हा ने बताया कि विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी संयुक्त रूप से प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रही है जिसमें 57 सीटों से बसपा और 37 सीटों से गोंगपा के प्रत्याशी चुनाव

मैदान में है। उन्होंने बताया कि सरायपाली विधानसभा से बसपा के जयनारायण किशोर और खल्लारी विधानसभा के सुफ्ल साहू चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार गोंगपा से महासमुंद विधानसभा से डेजीरानी नेताम और बसना से अजय रात्रे ने नामांकन भरा है। महासमुंद प्रत्याशी डेजी रानी नेताम का यह तीसरा विधानसभा चुनाव है। शेष प्रत्याशी पहली बार चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। श्री सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति, जनजाति और आदिवासियों की बड़ी संख्या है। इसी प्रकार जिले में भी यह संख्या अधिकाधिक है। समाज के सभी लोगों को जोड़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है ताकि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों को विजय दिलाई जाए। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि समाज के लोगों से सहायता लेकर और अपने निजी खर्च पर प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। श्री सिन्हा ने बसपा और गोंगपा गठबंधन की सरकार बनने पर सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय हेतु प्रयास किया जाएगा। उन्होंने 50 बिंदु वाले संयुक्त घोषणा पत्र की भी जानकारी दी। जिसमें धान खरीदी, शिक्षा, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाएं रोजगारए सरकारी कर्मचारियों, बेरोजगारों और किसानों के लिए प्राथमिकताएं बताई। इस दौरान जिले के चारों विधानसभा प्रत्याशी मौजूद रहे।

अधिकारी-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

बलौदाबाजार, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में शासन के निर्देशानुसार आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनाई गई। देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को हर साल राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। अपर कलेक्टर वी सी एक्का ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने इस मौके पर देश की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा को बनाये रखने में सरदार बल्लभ भाई की भावना के अनुरूप

समर्पित होकर काम करने का संकल्प लिया।

अपर कलेक्टर श्री एक्का ने आजादी के दौरान साढ़े 5 सौ से ज्यादा देशी रियासतों को भारत संघ में मिलाने में सरदार पटेल के साहसपूर्ण संघर्ष की कहानी बताई। और उनकी भावना के अनुरूप हर किसी को अपने-अपने दायित्व निबाहने का आग्रह किया। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर भी उनका स्मरण किया गया। राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में उनकी महती भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी,संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे, डिप्टी कलेक्टर सोनकर, अंशुल वर्मा सहित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के सभी अधिकारी- कर्मचारी गण उपस्थित थे।

नगर पालिका में राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली गई शपथ

बलौदाबाजार, 1 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में शपथ लिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के द्वारा समस्त कर्मचारीगणों को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई गई। जिसमें ''राष्ट्र की एकता और अखण्डता एवं सुरक्षा को बनाये रखने स्वयं को समर्पित करूंगा तथा अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा''यह

शपथ अपने देश की एकता की भावना से लेते हुये जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता से संभव बनाया जा सके। अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। उक्त शपथ का पठन कर सभी ने शपथ लिया। राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टुबर को लिये गये शपथ के अवसर पर नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक, मनोज कश्यप, गणेश राम पाड़े, शतेन्द्र सिन्हा, कृष्णकांत कुर्रे, सुरेन्द्र सोना, मुकेश लहरे, राजेश यादव, दीपिका बंजारे, प्रीति ठाकुर, रजनीश मिश्रा, कृष्णा गेण्डरे, किशोर यादव, सालिक राम वर्मा, संजय कुमार साहू, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में दी जानकारी

महासमुंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने आज प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जिले में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिला अंतर्गत बसना विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केन्द्र खल्लारी विधानसभा के दो मतदान केन्द्र तथा महासमुंद के एक मतदान केन्द्र स्थल भवन परिवर्तन किए जाने हेतु और सरायपाली विधानसभा के आठ मतदान केन्द्र एवं महासमुंद विधानसभा के एक मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तन के लिए प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया गया था। जिसे आयोग द्वारा सहमति प्रदान की गई है। बसना विधानसभा अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 237 शा.उमावि् भवन आदर्श नगर बसना का स्थल परिवर्तन कर शासकीय आदर्श प्राथ. शाला टिकरापारा

बसना किया गया है। इसी तरह 238 हायर सेकेंडरी स्कूल बालक बसना का स्थल परिवर्तित कर शास. प्राथ. शाला आदर्शनगर बसना, 240 शास् प्रा. शाला भवन डीपापारा बसना को कन्या उच्च माध्य. विद्यालय बसना एवं खल्लारी विधानसभा अंतर्गत 47 प्रा शा भवन खुटेरी को ग्राम पंचायत भवन खुटेरीए 174 अनुसूचित जनजाति प्राधिकरण भवन बुंदेली को अतिरिक्त कक्ष प्राथमिक शाला भवन बुंदेली एवं महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 120 बढ़गांव शा. पूमाशा को प्रा शाला भवन कक्ष क्रमांक 02 किया गया है। इसी तरह सरायपाली विधानसभा अंतर्गत मतदान केन्द्र 127 प्रा शाला भवन कक्ष क्रमांक 01 व 128 प्रा शाला भवन कक्ष क्रमांक 02 का नया प्रस्तावित नाम शास प्राथ इंग्लिश मीडियम स्कूल विरेन्द्र नगर सरायपाली किया गया है। इसी प्रकार 129 व 130 सरायपाली प्रा शाला भवन सरायपाली का नाम शासकीय आदर्श प्राथ शाला महलपारा सरायपाली तथा 132, 133, 134 व 135 सरायपाली मिडिल स्कूल सरायपाली का नाम माधव राव सदाशिवराव गोलवलकर शा.प्रा.उप्राशा सरायपाली एवं महासमुंद विधानसभा से 49 कोलपदर मिडिल स्कूल भवन का नाम शा प्राण्शा कोलपदर हो गया है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सभी प्रेक्षक महासमुंद पहुंच चुके हैं। उनसे मिलने के लिए न्यू सर्किट हाउस लभराखुर्द में सुबह 10 बजे से 11 बजे का समय निर्धारित है। प्रेक्षकों से उनके नम्बर से सम्पर्क भी किया जा सकता है। कलेक्टर ने बताया कि मतदान दल का द्वितीय रेंडमाइजेशन 04 नवम्बर को होगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा आज की गई है। 02 नवम्बर दोपहर 03 बजे तक अभ्यर्थिताएं वापस ली जा सकती है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों के सवालों का जवाब दिया। प्रेस कांफ्रेंस में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला प्रतिनिधि मौजूद थे।

रिसदा विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बलौदाबाजार, 1 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में आज लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी को उनकी पूण्यतिथि पर विद्यालय परिवार द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालयीन स्टाफव छात्रसंघ के द्वारा सरदार पटेल व इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात् राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को सुदृढ़ व अक्षुण्य बनाये रखने हेतु शपथ लिया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महामानव के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन शैली से प्रेरणा लेकर आत्मसात करने का छात्र-छात्राओं से आव्हान किया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बेनर तले मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से निष्पक्ष व नि:स्वार्थ भाव से शत् प्रतिशत मतदान करने की मतदाताओं से अपील की गई। उक्त आयोजन में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती पार्वती वर्मा, शिक्षकगण अनिल बंजारे, दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, भावेश सेन, नंदकुमार मल्होत्रा, सनत खरे, संजय जोशी, श्रीमती भारती उके, अर्चना वर्मा, प्रार्थना महोबिया, प्रीति जलहरे, मंजू कोसले सहित कार्यालयीन स्टाफ महेश साहू, गरिमा पैकरा, मोहर साय साहू एवं शालेय छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रमेश नेगी ने किया।

अस्थाई फटाका दुकानों की नीलामी 3 को

महासमुंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। दिवाली त्यौहार के लिए अस्थाई फ्टाका दुकानें शहर के स्वामी आत्मनन्द हिन्दी मीडियम स्कूल मैदान में लगाई जाएगी। फ्टाका दुकानें लगाने के लिए 3 अक्टूबर को पीआईसी की बैठक में निर्णय लिया जा चुका है। जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया है कि जिन फ्टाका व्यवसायियों का लाइसेंस नवीनीकरण हो गया है, वे फ्टाका व्यवसायी अस्थाई फ्टाका दुकान लगाने के लिए 10 बाई 10 वर्गफुट आकार की प्रति दुकान प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, जीवित लायसेंस, आधार कार्ड, चालान कापी आदि 1 एवं 2 नवंबर 2023 को शाम 5 बजे तक नगर पालिका के राजस्व विभाग में जमा करा सकते है। 3 नवंबर को दोपहर 3 बजे अस्थाई फ्टाका दुकानों का आबंटन लाटरी पद्धति से ले आउट में दशार्ये अनुसार किया जाएगा। इस संबंध में नियम शर्तों की अधिक जानकारी नगर पालिका के राजस्व विभाग से प्राप्त की जा सकती है। श्री रात्रे ने बताया कि नगर पालिका द्वारा अस्थाई फ्टाका दुकानों के लिए पेयजल, फायरबिग्रेड, साफसफाई की सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध कराई जाएंगी।

सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

महासमुंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मनहरण लाल साहू को शाल-श्रीफल भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। वे 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए है। विदाई समारोह में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मनीराम उइके, जितेद्र चंद्राकर, अमरदास बांधे, सुरेंद्र साहू, गौतम दीवान, नरेश चंद्राकर, संपत सिंह गौतम व स्टाफ ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में किसानों के जीवंत संपर्क में रहकर विशिष्ट स्थान बनाया है। उनके अनुभवों का लाभ कनिष्ठ कर्मचारियों को सदैव मिलता रहा है।

केवि में मनाया गया राष्ट्रीय एकता पर्व

धमतरी, 1 नवंबर (देशबन्धु)। केवि धमतरी के प्राचार्य गिरीश बाबु कुस्तवार के मुख्य आतिथ्य में 31 अक्टूबर मंगलवार को विद्यालय में स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरदार पटेल के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुआ। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। मनोज कोसरिया ने प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाया। इस अवसर पर सरदार पटेल की जीवनी एवं राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम तथा भारत को अखंड बनाने में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए पलक साहू कक्षा दसवीं, पूर्वी बैस कक्षा ग्यारहवीं, जाह्नवी साहू कक्षा नवमीं एवं जिज्ञासा सोनवानी कक्षा दसवीं ने भाषण और कविता प्रस्तुत किया। प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार ने सरदार पटेल की महानता, राष्ट्र प्रेम एवं देश के लिए किये कार्यों के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल आजादी के बाद 562 देशी रियासतों को भारत में मिलाकर अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने शिक्षकों एवं बच्चों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात विद्यालय में स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत तथा फिट इंडिया फ्रीडम रन थीम पर प्लॉगिंग रन का आयोजन हुआ जिसमें प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में साफ़- सफाई किया गया। धनेश्वर साहू और सुरेश देवांगन ने कार्यक्रमों का संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पी एल साहू, योगेश नेताम, रीमन देवांगन, हरेन्द्र साहू, कविता सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

न्यायालय तहसीलदार महासमुंद
जिला महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.मा.क्र. ब 121 वर्ष 2022-2023
रा.नि.मं. महासमुंद
तहसील व जिला महासमुंद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार साहू पिता नरेन्द्र कुमार साहू जाति तेली निवासी वार्ड नंबर 14 महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद के द्वारा साहूकारी लायसेंस प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन के साथ चालान, आधार कार्ड, पैनकार्ड की छायाप्रति संलग्न किया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 06.11.2023 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
महासमुंद

उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़

आम सूचना

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं किरण कुमार ध्रुव पिता श्री कंवल सिंह ध्रुव निवासी वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) पूर्व में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत था। पूर्व में हमारे सरनेम की स्पेलिंग को Dhrub लिखा जाता था जो मेरे सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जिसको हमने अब मैने सरनेम की स्पेलिंग को परिवर्तित कर Dhruw कर लिया है। तथा भविष्य में मेरे सरनेम की स्पेलिंग को Dhruw से ही जाना जावें।

किरण कुमार ध्रुव
(Kiran Kumar Dhruw)
वार्ड नं. 04 अयोध्या नगर
महासमुन्द, तहसील व जिला
महासमुन्द (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
समंस/सूचना

रा.प्र.क्र. 202302230300026/40,
ब-121 वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण उत्तरवादीगण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नामांतरण पंजी में) पारित नामांतरण क्रमांक 87/43 आदेश दिनांक 17.04.2014 से लुब्ध एवं परिवेदित होकर अपीलार्थी उमासिंह पिता चुरामन सिंह, निवासी ग्राम जेवरा, तहसील व जिला बेमेतरा, वर्तमान पता उमासिंह पत्नी चंद्रहास सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट कोसा मुलमुला रेमन्ड गोपाल नगर तहसील पामगढ़ थाना मुलमुला जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) (मामला ग्राम-जेवरा तहसील व जिला बेमेतरा) के द्वारा अपील आवेदन पेश किया गया, जिस पर प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार उत्तरवादी को आहूत किया गया है, परंतु आज पर्यंत उक्त पक्षकार प्रकरण में उपस्थित नहीं रहे हैं-

1. रामकृष्ण पिता चुरामन सिंह निवासी ग्राम जेवरा तहसील व जिला बेमेतरा वर्तमान पता - मुकाम पोस्ट गुड़देवा तहसील कटघोरा थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा (छ.ग.) मो.नं. 9027876401 2. शिरोमणि पिता चुरामन सिंह, अ/विद्यादेवी पत्नी शिरोमणि सिंह ब/ निरज सिंह पिता शिरोमणि सिंह दोनों निवासी ग्राम उसलापुर, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ. ग.) मो.नं. 7013382801 3. मणीकर्णिका पिता चुरामन सिंह निवासी ग्राम जेवरा तहसील व जिला बेमेतरा वर्तमान पता- मणीकर्णिका पत्नी के. के. सिंह सतीश बुकड़यिों पुराना बसस्टैण्ड के पास जाजगीर, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) 4. सुकन्या पिता चुरामन सिंह निवासी ग्राम जेवरा तहसील व जिला बेमेतरा वर्तमान पता- सुकन्या पत्नी साखीगोपाल इंदिरा नगर जांजगीर, जिला- जाजगीर चांपा (छ.ग.) प्रकरण के अग्रिम कार्यवाही हेतु उक्त पक्षकार की उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति / आक्षेप पेश करना हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 20/11/2023 तक पेश कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनाँक 27/10/23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर सहित जारी । कृपया राज्य स्तरीय प्रचलित समाचार पत्र में प्रकाशन करावें ।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेमेतरा

15 सालों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी पांच मांगें नहीं हुई पूरी

■ गांव के बाहर लिखा 'नेताओं का प्रवेश वर्जित है'

गरियाबंद, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ को अस्तित्व में आने के 24 साल बाद भी गरियाबंद जिले का एक गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है. देवभोग तहसील के परेवापाली गांव में 800 की आबादी वाले गांव के ग्रामीणों ने इस बार भी चुनाव बहिष्कार का निर्णय लेते हुए गांव के बाहर एक पोस्टर लगा दिया है, जिसमें लिखा गया है 'नेताओं का प्रवेश वर्जित है'.

दरअसल, ग्रामीणों ने गांव को सेनमूडा और पंचायत मुख्यालय निष्ठीगुड़ा को जोड़ने पक्की सड़क के मुख्य मांग के अलावा स्कूल भवन, राशन दुकान, पेयजल, कर्चिया मार्ग पर पूल निर्माण और 45 साल पुराने नहर की मरम्मत के लिए 2008 से भाजपा शासनकाल से मांग करते आ रहे हैं. ग्रामीण विद्याधर पात्र, निमाई चरण, प्रवीण अवस्थी बताते हैं कि कि भाजपा सरकार में मांग पूरी नहीं हुई तो 2018 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया गया. कांग्रेस सरकार बनी तो हमे आश्वासन मिला.

2021 से लगातार अपनी मांगों को नई सरकार के कार्यकाल में दोहराया गया. कलेक्टर से लेकर एसडीएम को भी ज्ञापन दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. आक्रोशित ग्रामीण फिर से गांव में बैठक कर इस बार भी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है.

50 परिवार ने छोड़ दिया गांव

मूलभूत समस्या के कारण गांव में अब तक 50 परिवार ने गांव छोड़ दिया है. 800 की आबादी वाले इस गांव में 150 परिवार रहते थे. ग्रामीणों ने कहा कि 23 परिवार ऐसे हैं, जो अपने नाते-रिश्तेदारों के गांव में जाकर बस गए. उनका नाम भी वोटर लिस्ट से कटवा दिया गया. वर्तमान में 446 मतदाता संख्या दर्ज है. इन्हीं में से 35 परिवार में शामिल मतदाता अपने परिवार समेत देवभोग ओर ओडिसा में जाकर बस गए. इन परिवार की खेती-किसानी और राशन कार्ड गांव के नाम से है. मतदान करने भी आते हैं.

कच्ची सड़क बरसात में बन जाती है जानलेवा

कनहार मिट्टी के कारण गांव की कच्ची सड़क बरसात के दिनों में खतरा बढ़ जाता है. दुपहिया तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल होता है. प्रसव पीड़ा हुई तो प्रसूता को खाट में लाद कर दूर खड़ी एंबुलेंस तक ले जाना पड़ता है. खतरे को देखते हुए प्रसूता को सुरक्षित दूसरे गांव में किराए के मकान लेकर प्रसव तक बाहर रखना पड़ता है.

ज्यादातर मांगों की मिली मंजूरी

ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार के ऐलान पर एसडीएम अर्पिता पाठक ने बताया कि ग्रामीणों की भवन, सड़क, पेय जल से जुड़ी ज्यादातर मांगों को मंजूरी मिल चुकी है. पेय जल के लिए काम जारी है. गांव में प्रशासन जा कर उन्हें मांगों की विस्तृत जानकारी देगी. गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर ग्रामीणों को मतदान में भाग लेने की अपील भी की जाएगी.

फर्जी हस्ताक्षर कर हड़प ली दावनबोड़ के किसान की जमीन

बागबाहरा, 1 नवंबर (देशबंधु)। पैसे उधार लेने के चक्कर में दावनबोड़ (अनवरपुर) के एक किसान धोखाधड़ी का शिकार हो गया। पैसे देने के एवज में आरोपियों ने उनकी जमीन गिरवी रखने की बात कह कर फर्जी हस्ताक्षर कर धोखाधड़ी से कूट रचना कर उनकी जमीन को अपने नाम करा रजिस्ट्री करा ली। इसकी जानकारी होने पर किसान ने बागबाहरा थाना में पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस इस मामले की बारीकी से जाँच कर रही है। बहरहाल अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने उक्त पांचो आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 120 बी , 419,420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

बागबाहरा थाना प्रभारी निरीक्षक महेश साहू ने बताया कि रायपुर जिले के आरंग निवासी प्रार्थी किसान मनोज चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि ग्राम दावनबोड़ (अनवरपुर) पटवारी हलका नंबर 06 तहसील बागबाहरा में खसरा नंबर 250 रकबा 2.78 हेक्टेयर भूमि प्रार्थी एवं उनके बड़े भाई मनहरण चंद्राकर और माँ निमन बाई चंद्राकर के नाम पर संयुक्त रूप से उक्त जमीन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रहा है। वह अपने संयुक्त खाते की भूमि के केसीसी लोन निकालने के लिए जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड देखा तो उक्त भूमि रायपुर जिले के अभनपुर निवासी पुष्पेंद्र गिलहरे के नाम पर होना पाया गया। इस सम्बन्ध में जानकारी के लिए पंजीयक कार्यालय महासमुंद जाकर सम्बन्धित दस्तावेज की छायाप्रति प्राप्त की तो देखा कि वह जमीन पुष्पेंद्र गिलहरे के नाम से रजिस्टर्ड हो गया है। प्रार्थी किसान मनोज चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि गत 7 सितम्बर 2022 को विजय वर्मा के साथ पुष्पेंद्र गिलहरे, मोहन लाल नवरंगे, भोजलाल बघेल, गौतम बंजारे ग्राम दावनबोड़ (अनवरपुर) पहुंचे। उक्त जमीन के

■ बागबाहरा पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ किया जुर्म दर्ज

■ आरोपियों ने अपने नाम कराई जमीन की रजिस्ट्री

पास उनके बड़े भाई मनहरण चंद्राकर को बुलाया। उसने कहा कि वह पैसे देने के लिए तैयार है। उसके बदले में अपनी जमीन गिरवी रखना पड़ेगा। इसके बदले 10 लाख रुपए देने की बात कहते हुए 2 लाख रुपए नगद देकर इस संबंध में प्रार्थी और उनकी मां नेमन बाई चंद्राकर को इस बात को बताने के लिए मना किया। प्रार्थी मनोज चंद्राकर ने बताया कि आरोपियों ने मनहरण चंद्राकर के बैंक खाते में 27 लाख 81 रुपए ट्रांसफर किया। कुछ समय बाद उनके बिना किसी जानकारी के गौतम बंजारे द्वारा दोबारा आरटीजीएस के माध्यम से ज्योति बंजारे और हृदय लाल गिलहरे के खाते में पैसा ट्रांसफर करा लिया। इसके अलावा पुष्पेंद्र गिलहरे द्वारा मनहरण चंद्राकर को अलग-अलग समय में कुल 3 लाख रुपए दिया गया है।

उक्त जमीन की रजिस्ट्री कराने अज्ञात लोगों से करवाया फर्जी हस्ताक्षर

मनहरण चंद्राकर गत 28 सितम्बर 2022 को बिना बताये उपपंजीयक कार्यालय महासमुन्द आ गया। आरोपियों ने उनकी मां नेमन बाई चंद्राकर के स्थान पर एक अज्ञात महिला और प्रार्थी के स्थान पर एक अज्ञात पुरुष को उपपंजीयक कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए खड़ा किया। आरोपियों के बताये अनुसार मनहरण चंद्राकर ने रजिस्ट्री दस्तावेज में अपना हस्ताक्षर कर दिया। उनकी मां की जगह एक अज्ञात महिला और प्रार्थी की जगह एक अज्ञात पुरुष से फर्जी हस्ताक्षर करवाया और जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा लिया। इस मामले का काफी विलम्ब से खुलासा होने पर आरंग के पीड़ित किसान मनोज चंद्राकर ने इस धोखाधड़ी मामले का रिपोर्ट बागबाहरा थाने में आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराया। जिस पर बागबाहरा पुलिस ने पांचो आरोपियों के खिलाफ धारा 120 बी 419,420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इस धोखाधड़ी मामले की जांच पड़ताल पुलिस द्वारा बारीकी से किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है।

वाहनों की चेकिंग में मिला एक करोड़ का सोना-चांदी

कोंडागांव, 1 नवंबर (देशबंधु)। जिला मुख्यालय के मर्दापाल में वाहनों की चेकिंग के दौरान चार वाहनों से 1400 ग्राम सोना और 60 किलो 500 ग्राम चांदी के साथ ही लगभग पौने दो लाख 60 हजार रुपए नगद भी बरामद किए गए।

■ एक वाहन से लगभग दो लाख 15 हजार रुपए नगद भी बरामद

विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रलोभित करने वाली वस्तुओं के परिवहन पर रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं जिला एण्डाधिकारी दीपक सोनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कोंडागांव विधानसभा के अनुविभागीय दंडाधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी निमितेश सिंह द्वारा जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहे वाहनों की चेकिंग के दौरान पांच वाहनों से ये सामग्री बरामद की गई। इनमें कार क्रमांक सीजी 27 एन 5787 से लगभग 300 ग्राम सोना और 25 किलो चांदी के साथ ही 25 हजार रूपए, कार क्रमांक सीजी 04 एन डब्ल्यू 0308 से 150 ग्राम सोना और 400 ग्राम चांदी के साथ 29 हजार 600 रुपए, कार क्रमांक सीजी 27 के 2831 से 800 ग्राम सोना और 10 किलो चांदी, कार क्रमांक सीजी 27 एल से 150 ग्राम सोना और 25 किलो चांदी बरामद किया गया। इसके साथ ही सफेद रंग की इनोवा क्रिस्टा वाहन क्रमांक सीजी एमयू 0566 से दो लाख 15 हजार रुपए नगद भी बरामद किए गए। जांच के दौरान पाई गई सामग्री के संबंध में वाहन मालिकों से पुछताछ की गई और इसे उड़नदस्ता दल के सुपुर्द कर दिया गया है।

पर्चा जारी कर मतदानकर्मियों को आने से किया मना, बताया जान का खतरा

चुनाव को लेकर नक्सलियों की चेतावनी

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के नक्सल क्षेत्र में 7 सितंबर को चुनाव होना है। चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पारा मिलिट्री फोर्स के जवान की बड़ी संख्या में तैनाती की गयी है। खासकर बस्तर के इलाके में बड़ी संख्या में जवानों को लगाया गया है। अतिसंवेदनशील बस्तर के कई पोलिंग बूथों में चुनाव के 48 घंटे के पहले ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर दी जायेगी। वहीं चुनाव कार्य के लिए आने वाले कर्मचारियों को भी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच लाया और ले जाया जायेगा।

इधर नक्सलियों ने चुनाव का बहिष्कार किया है। । नवंबर को भी नक्सलियों ने एक पर्चा जारी कर चुनाव अधिकारी व चुनाव कर्मियों को चेतावनी दी है। पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन ने पर्चा जारी कर चुनाव कार्य के लिए मतदानकर्मियों को आने से मना किया है। प्रेस नोट जारी कर नक्सलियों ने कहा कि चुनाव ड्यूटी में 245 पोलिंग बूथ में श्ङ्कस्मशीन लेकर आने वाले अधिकारी ङ्क कर्मचारियों को सुरक्षा बलो के साथ आने पर जान का खतरा हो सकता है। पर्चा में लिखा है कि पुलिसबलों के साथ आने में चुनावकर्मियों की जान का खतरा हो सकता है। इसलिए चुनाव के लिए कर्मचारी ना आयें।

सामान्य और पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण

मुंगेली, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक गंगाधरण डी. और पुलिस प्रेक्षक रामसिंह ने संयुक्त रूप से शासकीय औद्योगिकी कृषि महाविद्यालय चातरखार में ईवीएम स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्वाचन आयोग की चेक लिस्ट के अनुरूप तैयारियों का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया.

प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग, निर्वाचन संबंधी सामाग्रियों का वितरण और वापसी, मतगणना आदि कार्य के लिए किए जा रहे तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. प्रेक्षकों ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाने, पावर बैकअप की व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और कैम्पस में पर्याप्त लाईटिंग के निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव द्वारा मुंगेली, लोरमी और बिल्हा विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात टीम और उनके कार्यों की जानकारी दी गई. कलेक्टर ने मतदान दलों और निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भोजन-पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह, अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

नगर में लगातार हो रही चोरियां परंतु आरोपी पुलिस की पकड़ से कोसो दूर

■ माल के साथ जान का खतरा, नगरवासियों में जबरदस्त आक्रोश शीघ्र ही जनांदोलन की तैयारी

■ चोरी गए नगदी सहित सोने चांदी के जेवर की कीमत लगभग 21 लाख, पुलिस ने दर्ज किया 3 लाख 50 हजार

नवापारा राजिम, 1 नवम्बर (देशबंधु)। नवापारा शहर मे चोरी की वारदात लगातार बढ़ती ही जा रही हैं, शातिर चोर अब नगर के व्यस्ततम इलाकों को अपना निशाना बना रहे हैं। हॉल ही मे शनिवार रविवार की रात को नगर के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी के यहाँ से नगदी 1 लाख सहित पैतृक संपत्ति के 350 ग्राम सोने के जेवर तथा 300 ग्राम चांदी की बट्टी कुल कीमती इक्कीस लाख रुपए की चोरी कर अज्ञात चोर फ्फार हो गया।

क्या कहते है संचालक- सदर रोड स्थित लालाजी पुस्तक दुकान के संचालक आकाश जैन ने बताया कि शनिवार रविवार की रात मेरे घर की तिजोरी में रखे सोने, चांदी के जेवर और नगदी सहित लगभग इक्कीस लाख रुपए की चोरी हुई है। परंतु उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने जब गोबरा नवापारा थाने पहुंचा तो रिपोर्ट दर्ज करने आनाकानी करते रहे बहुत दबाव बनाने के बाद रिपोर्ट दर्ज की परंतु चोरी गए सामानों का मूल्यांकन बहुत कम कर दर्ज किया।

जब हमारे संवाददाता ने पड़ताल की तो पाया कि अधिकतर चोरी की घटनाओं की एफआईआर दर्ज ही नहीं की जाती। जिन मामलों में दर्ज होती भी है तो अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आए हैं जिससे नगरवासी अपने आप को बहुत ही असुरक्षित महसूस करने लगे हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली से आक्रोशित नजर आए।

क्या क्या चोरी गया- नगदी एक लाख रुपए सोने का 01 नग हार सेट, 01 नग सोने की अंगूठी एवं पैतृक संपती सोने के जेवरात लगभग वजनी करीबन 300 ग्राम व सोने का 02 नग मंगलसूत्र, 01 नग हार सेट, 02 नग चौन, 09 नग अंगूठी, 04 नग कड़ा, 07 जोडी कान का जेवर, सोने का 05 ग्राम सिक्का, 02 नग बुंदी एवं चांदी 300 ग्राम सिक्का व डीब्बा जुमला 2,50,000 रुपए। सोने एवं चांदी का जेवर जुमला 350,000।

पहला केस- सदर रोड स्थित प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य डॉ. राजेंद्र गदिया के घर फ्नवरी 2020 एवम 2021 में अज्ञात चोर ने घर में घुसकर नगदी चोरी की थी। 26 फ्नवरी 2020 में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई परंतु फ्नवरी 2021 में हुई घटना की रिपोर्ट ही दर्ज नहीं की गई। आज दिनांक तक आरोपी को पुलिस पकड़ने में असमर्थ रही। जबकि अज्ञात चोर का सीसीटीवी फुटेज परिवार द्वारा पुलिस को सौंपा गया था।

दूसरा केस- हटरी गली स्थित निर्मल बीज भंडार के संचालक चौधरी सौरभ जैन ने बताया कि 1 मई 2022 को दुकान के गले में रखे नगदी 50 हजार रुपए की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा की गई थी जिसकी सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराई गई थी परंतु आज तक ना ही आरोपी पकड़ा जा सका और ना ही रुपए मिले।

तीसरा केस- सितंबर माह के पहले सप्ताह में गंज रोड स्थित वर्धमान ज्वेलर्स में चोरी की घटना घटी थी। चोरी की घटना की अंजाम देने वालों का वीडियो भी वायरल हुआ था। जिसमें दो व्यक्ति दुकान में सामान लेने पहुंचे और दुकानदार को गुमराह करते हुए सोने की अंगूठी चोरी कर ले गए। दुकानदार के शिकायत के अनुसार चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार की थी। परंतु आज तक आरोपी पकड़े नहीं जा सके हैं।

कुछ माह पूर्व सदर रोड में चोरों का हौसला अधिक आतंक था कि लोग अपने अपने घर की छतों में स्वयं पहरा देते थे क्योंकि रात को चोर अपना शिकार ढूंढने एक छत से दूसरे छत में भागते फिरते थे। लोगों में इस बात का आक्रोश है कि पुलिस अपना कार्य मुस्तैदी से नहीं कर रही है। यदि मुख्य मार्गों में चोरों का हौसला इतना बुलंद है तो गलियों में रहने वालों का तो भगवान ही मालिक है। हम पुलिस से मांग करते हैं की जल्द से जल्द चोरों को पकड़ कर पीड़ितों को न्याय दे नहीं तो हमे आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा किसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

कुछ दिनों पहले नगर के एक सोने-चांदी की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें दो व्यक्ति दुकान में सामान लेने पहुंचे और चांदी के कुछ सामने लिए। इसके बाद इधर-उधर की बाते करते हुए दुकानदार को गुमराह करते हुए सोने की अंगूठी चोरी कर ले गए। दुकानदार के शिकायत के अनुसार चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 160000 की है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर ओरापियों की तलाश में जुट गई है।

क्या कहते हैं अधिकारी

गोबरा नवापारा के टीआई आशीष सिंह राजपूत ने बताया एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सरगमों से आरोपी की तलाश जारी है जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। रही बात काम मूल्यांकन की तो जितने का बिल पीड़ित द्वारा प्रस्तुत किया गया है उसके हिसाब से मूल्यांकन किया गया है। जैसे ही बिल पेश किया जाएगा उसे भी जोड़ दिया जाएगा।

रहस्यमयी ढंग से लापता हुई महिला

पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट

कोरबा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। कोरबा शहर के मानिकपुर चौकी अंतर्गत एसबीएस कॉलोनी गायत्री नगर में रहने वाली एक महिला लापता हो गई है। दशहरे के दूसरे दिन सुबह वह घर से घूमने जाने के लिए निकली, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। महिला इस वक्त कहां और किस हाल में है इस बात की जानकारी किसी को भी नहीं है। महिला की सलामती को लेकर पिता बहुत परेशान है। मानिकपुर चौकी में उसने गुम होने का मामला दर्ज करवाया है।

मानिकपुर चौकी के बाहर अपने पुत्री की तस्वीर हाथों में लेकर खड़े इस व्यक्ति का नाम परदेशी राम है। जो कि एसबीएस कॉलोनी गायत्री नगर निवासी परदेशी राम की 36 वर्षीय पुत्री रामकुमारी चंद्रा लापता हो गई है जिसे लेकर वह काफी परेशान है। रामकुमारी दशहरे के दूसरे दिन सुबह घूमने जाने के लिए घर से निकली जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। पिता ने रामकुमारी की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। अंत में थक हार कर वह पुलिस थाना पंहुचा और पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया। पिता ने बताया कि उसकी पुत्री का ससुराल ग्राम बरभांटा में है और वो कुछ महिनें से अपने मायके में ही रह रही थी। पुलिस ने रामकुमारी के मामले में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

बग़ैर अनुमति ही छापे जा रहे थे फ्लैक्स, उड़नदस्ता ने ज़प्त किए आठ रोल

महासमुंद, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के खल्लारी विधानसभा अंतर्गत बागबाहरा में उड़नदस्ता टीम लगातार जाँच पड़ताल में जुटी हुई है। जाँच पड़ताल के दौरान ही निर्वाचन उड़नदस्ता की टीम ने आयोग की अनुमति के बगैर प्रिंट किए जा रहे फ्लैक्स को जप्त किया है। रिटर्निंग ऑफिसर सृष्टि चंद्राकर ने इसकी पुष्टि की है।

उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि तहसीलदार लीलाधर कंवर के नेतृत्व में उड़नदस्ता की टीम जाँच पड़ताल कर रही थी। तभी टीम बागबाहरा स्थित रजा प्रिंटर्स भी पहुंची थी, जहाँ बगैर अनुमति के राजनैतिक प्रचार हेतु फ्लैक्स प्रिंट किया जा रहा था। दूकान की तलाशी के दौरान उड़नदस्ता को प्रिंट किए गए आठ रोल बरामद हुए, जिसे जप्त कर कार्यवाही की गई है।

एफएसटी टीम ने खेल सामग्री रखे गोदाम में मारा छापा

सक्ती, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर से शुरू होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे राज्य में आचार संहिता लागू है. जिसके चलते प्रशासन अलर्ट मोड पर है. शांतिपूर्ण चुनाव कराने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. अब तक राज्य में अलग-अलग जिलों में चेकिंग के दौरान करोड़ों के सोने-चांदी के जेवरात, कैश, साड़ी-कपड़े समेत अन्य सामग्रियां पुलिस ने जब्त की है. इसी कड़ी में बुधवार को सक्ती जिले में उड़न दस्ता (स्नस्ख्र) ने कार्रवाई करते हुए खेल सामग्री रखे गोदाम में मारा छाप मारा. जहां चुनाव में बांटने के लिए रखी गई क्रिकेट किट जब्त की गई है.

■ चुनाव में बांटने के लिए रखी गई 500 से अधिक क्रिकेट किट जब्त

जानकारी के मुताबिक, सक्ती जिले में उड़न दस्ता (एफएसटी) की टीम को एक गोदाम में चुनाव में मतदाताओं को बांटने के लिए खेल सामग्री रखने की सूचना मिली, जिसपर एक्शन लेते हुए टीम ने गोदाम पर छापा मारा. इस दौरान टीम ने मौके से बरामद 500 क्रिकेट किट जब्त कर ली है. जब्त किट की कुल कीमत 3 लाख रुपए आंकी गई है.

गौरलतलब है कि जिले में उड़नदस्ता दल लगातार कार्रवाई कर रहा है. राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ता ही एक-दूसरे की शिकायत निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों से कर रहे हैं. इससे सामग्री जब्ती करने में सहूलियत भी मिल रही है.

देशबन्धु
पाठकों के लिए
माह अक्टूबर 2023 का
अखबार बिल

दिन	दर	रू.पै.
30 दिन	4.00	- 120.00
कुल 30 दिन		120.00

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 नवम्बर 2023 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

	अंडा	मुर्गी	ब्रायलर
02.11.2023			
फार्म	5.28	87	170
बिल्स	6.25	102	195
डिलीवरी	543 क्रैक्ड़		
दर्जन अंडा 75 रु.			
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.			

CSPFA

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट सेन्टर, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in
आवेदन के लिए स्कैन करें
संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती
संविदा आधार पर विभिन्न विशेषज्ञ पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन क्र.	पद नाम	रिक्त	बेंची/ समतुल्य बेंची
CRPD/SCO/2023-24/23	सर्किल क्रिकेन्स बैंकिंग सलाहकार (सीबीबीए)	1	-
CRPD/SCO/2023-24/24	बिजनेस विश्लेषक	1	एमएमजीएस II

आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले पात्रता और अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए बैंक की करियर वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें. आवेदन करने के लिए, हमारे करियर पेज (https://bank.sbi/careers/current-openings) पर जाएं।
• ऑनलाइन आवेदन करने और शुल्क के भुगतान की तिथि : 21.10.2023 से 10.11.2023 तक
स्थान: मुंबई
दिनांक: 21.10.2023
महाप्रबंधक (भारती एंड पीएम)

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

चुनावी भीड़ : आमजन को न हो दिक्कत

90 सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 और 17 नवम्बर को होने वाले मतदान की गहमा-गहमी अब बढ़ चली है। अनेक बड़े नेता आ चुके हैं और कई आने वाले हैं। चुनाव हो रहे हैं तो यह स्वाभाविक ही है कि बाहरी नेता आएंगे और अपने प्रत्याशियों के लिये प्रचार करेंगे। स्टार प्रचारक कहे जाने वाले बड़े नेताओं के लिये भीड़ उमड़नी स्वाभाविक है लेकिन प्रशासन, सम्बन्धित राजनैतिक दल एवं उम्मीदवारों को चाहिये कि वे सड़कों पर यातायात सुचारू बनाये रखें। विशेषकर स्कूलों एवं अस्पतालों के पास भीड़ न होने दें तथा वाहनों के काफिलों को रुकने न दें। आम जनता परेशान न हो, इसका खास ख्याल रखना होगा।

अब तक नामांकन पत्र भरने के लिये सियासी पार्टियां और उम्मीदवार बड़े-बड़े जुलूसों का आयोजन करते रहे हैं। साथ ही छोटी-बड़ी सभाएं भी आयोजित हो रही थीं। जब से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी, तकरीबन सभी जिलों में ऐसे भीड़ भरे आयोजन तभी से लगभग रोज ही देखने को मिल रहे थे। राजनैतिक दल और प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए जिला कार्यालय जाते थे। इसके लिये उनकी कोशिश रहती थी कि ज्यादा से ज्यादा लोग और वाहन रहें। वह दौर तो खत्म हो गया है परन्तु उससे होने वाले जाम से सबक लेकर अगले सभी चरणों में होने वाली चुनावी भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। नामांकन के वक्त तो फिर भी जुलूसों में शामिल होने वालों की संख्या की एक सीमा भी होती है, लेकिन अब जो आम सभाएं होने जा रही हैं, उनसे ऐसे सभी शहरों की यातायात व्यवस्था ही नहीं, पूरा जीवन भी अस्त-व्यस्त हो सकता है जहां सभाएं होंगी।

कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, रविशंकर प्रसाद, हिमंता बिस्वा सरमा आदि के अलावा अनेक केन्द्रीय मंत्री एवं विभिन्न दलों के शीर्ष नेता छग के दौरे कर चुके हैं। चूंकि ये सारे स्टार प्रचारक हैं और महत्वपूर्ण ओहदों पर हैं, उनके आगमन एवं लौटने के दौरान ही नहीं बल्कि उनकी सभाओं में भारी भीड़ होती है। जिस शहर या कस्बे में उनकी उपस्थिति होती है वहां की यातायात व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त हो जाती है। अब मोदी एवं शाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई स्टार प्रचारक आयेंगे। ऐसे में लोगों को दिक्कतें न हों इसके इंतज़ाम करने होंगे। ध्यान यह रहे कि उनके मार्ग व सभास्थल ऐसे तय हों कि किसी को कहीं फंसना न पड़े। प्रशासन के साथ राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों की भी यह जिम्मेदारी है। राजधानी एवं हवाई अड्डा यहां होने से रायपुर को खास दिक्कत होती है क्योंकि बाहर से आने वाले सारे विशिष्टजन पहले यहीं उतरते हैं।

उल्टा पुल्टा

चिटू अपने दोस्त को ज्ञान बांट रहा था कि अगर परीक्षा में पेपर बहुत कठिन हो तो... आंखें बंद करो, गहरी सांस लो, और जोर से कहो- ये विषय बहुत मजेदार है इसलिए अगले साल फिर से पढ़ेंगे।

कवासी लखमा और उनके समर्थकों का जगह-जगह कठिनाई

कल किस्टाराम में हजारों आदिवासियों ने नहीं होने दी कांग्रेस की चुनावी सभा

सुकमा/जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में सबसे पिछड़े और अशिक्षित इलाके के रूप में जिस विधानसभा क्षेत्र की पहचान है वहां ऐसा कुछ हो रहा है जो तथाकथित रूप से विकसित ,संपन्न और शिक्षित इलाकों में भी कभी नजर नहीं आता। पांच सालों में सिर्फ एक बार वोट मांगने के नाम पर नजर आने वाले नेताओं से सवाल जवाब करने का ट्रेंड अभी छत्तीसगढ़ में नजर आना शुरू नहीं हुआ है, लेकिन प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित कोंटा इलाके में अब लोग सिर्फ नेताओं से सवाल ही नहीं कर रहे बल्कि सवाल का संतोषजनक जवाब ना मिलने पर नेताओं को अपने गांवों से खदेड़ भी रहे है। ऐसी शुरुआत उस कोंटा इलाके से हुई है जो प्रदेश का सबसे पिछड़ा इलाका माना जाता है। यहां कांग्रेस के कवासी लखमा चार बार के विधायक हैं और इस बार फिर कांग्रेस की टिकिट पर चुनाव लड़ रहे हैं कोंटा के अतिसंवेदनशील माने जाने वाले किस्टाराम इलाके में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे मंत्री कवासी लखमा के सुपुत्र हरीश लखमा जो कि सुकमा

जिला पंचायत के अध्यक्ष भी हैं को ग्रामीणों ने बेइज्जत कर गांव से बाहर खदेड़ दिया। गनीमत है कि मंत्री पुत्र सुरक्षा घेरे में चल रहे थे अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी भी वहां हो सकती थी।

दरअसल इस इलाके के पालाचलमा, करिगुण्डम, पोटकपल्ली आदि पंचायत के करीब तीन हजार ग्रामीण यहां एकत्र हुए थे वे सब स्थानीय विधायक से लंबे समय से नाराज चल रहे हैं। मंत्री पुत्र के चुनावी भाषण के बीच ग्रामीण अचानक कख्ड़ हो गए और हरीश से सवाल करने लगे। ग्रामीणों ने कहा कि सुकमा जिले में सात

मंत्री लखमा के बेटे को करना पड़ा भरी विरोध का सामना

सौ शिक्षकों की नियुक्ति की गई उसमें दो को छोड़ कर बाकी 698 शिक्षक अन्य जिलों के निवासी हैं ग्रामीणों ने पूछा की हमारे जिले में शिक्षित बेरोजगारों की कोई कमी थी क्या जिसकी वजह से अन्य जिलों के लोगों की भर्ती की गई है। बस्तर फाइटर के नाम से पुलिस में भर्ती को लेकर कोई नियम शर्तें नहीं है। सरकार हम आदिवासियों को आपस में लड़वा कर मारना चाहती है। आराम वाली नौकरी दूसरे जिलों के लोगों को और खतरे वाली नौकरी हमारे लोगों को। अब ये सब नहीं चलेगा। ग्रामीणों ने शिक्षकों की भर्ती में बड़े पैमाने पर पैसे की उगाही करने का आरोप स्थानीय विधायक और उनके पुत्र पर लगाया। किसी गांव में सड़क, स्कूल,अस्पताल और आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है। 20 वर्षों में एक बार भी विधायक और मंत्री कवासी लखमा ने हमारे इन गांवों में झांक कर भी नहीं देखा। अब जब चुनाव सामने है तो इन्हें हमारी याद आई है और ग्रामीणों को बरगलाने को कोशिश की जा रही है। पिछले चुनाव में किए गए तमाम वादे पूरे नहीं किए गए और अब फिर से झूठे वादों के सहारे वोट मांगने के लिए गांव गांव घूम रहे हैं। विधायक कवासी लखमा का अभेद किला माने जाने वाला कोंटा इलाका बुरी तरह से उनके विरोध की आग में जल रहा है। जगह जगह बड़े मियां और छोटे मियां के नामों से मशहूर मंत्री और मंत्री पुत्र को जनता का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। इससे पहले छिंदगढ़ ब्लॉक के डोलेरास , पेंदलनार, पेद्दारास और अब किस्टाराम में इन्हें और इनकी टीम को भयंकर विरोध का सामना करना पड़ा है। लगातार सड़क स्कूल और अस्पताल की मांग मूलवासी बचाओ मंच द्वारा की जा रही है। वृद्धा पेंशन,वन अधिकार पट्टा, बेरोजगारी भत्ता, नल जल योजना, जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए गांव गांव में महीनों से आंदोलन किए जा रहे है, लेकिन लखमा ने कभी भी इनसे मिलकर बातचीत नहीं की और न ही इनकी समस्याओं के निराकरण पर कोई ध्यान दिया। अब ग्रामीण भी इन्हे सबक सिखाते ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

नक्सलियों ने किया विधानसभा चुनाव का बहिष्कार

सुकमा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत अरलमपल्ली में शासकीय भवन पर नक्सलियों के द्वारा चुनाव बहिष्कार के नारे लिखकर विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया गया है। वहीं चुनाव बहिष्कार के नारे लिखे जाने से ग्रामीणों में काफी दहशत है, इसका असर विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा। जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए नजर आ रहे हैं। बीते दिनों जहां नक्सलियों ने जिले के चिंतलनार मतदान केंद्र के बाहर नक्सलियों के द्वारा

पर्चा फेंक कर विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया। इसके अलावा नक्सलियों ने सिलगेर मार्ग में तख्ती पर चुनाव का बहिष्कार करते हुए विरोध दर्ज किया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने है। जैसे जैसे चरण के चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है। वैसे वैसे राजनीतिक दलों की सक्रियता भी बढ़ने लगी है। इसके साथ ही नक्सली भी अपनी सक्रियता बढ़ाते व अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आ रहे हैं। बता दे कि छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव का ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

बस्तर की दो महिला रेफरी ने बढ़ाया बस्तर का गौरव

जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वाधान में एनटीपीसी कोरबा द्वारा 1 से 3 नवंबर 2023 को सीनियर महिला अंतर जिला स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में बस्तर संभाग की दो महिला रैफरी की भूमिका में अपना कर्तव्य निभाएंगे। एक अमीषा कुरामी जो जगदलपुर की है और एक लक्ष्मी कचलम जो नारायणपुर की है। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया जिसमें डीएफएदुर्ग, रायपुर, कोरबा,कोरिया, बिलासपुर एवम बलोदाबाजार और

सीनियर महिला अंतर जिला स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप में बने रेफरी

प्रतियोगिता में बस्तर संभाग से इस वर्ष फिटनेस टेस्ट पास सभी रैफरी की पोस्टिंग हो रही है। उक्त जानकारी डीएफए बस्तर रैफरी प्रमुख रूपक मुखर्जी ने दी। दो दिवसीय प्रतियोगिता है जिसका फाइनल मैच 3 नवंबर को है । उदघाटन दिन दो मैच होंगे जिसमे पहला मैच दोपहर 2 बजे डीएफए कोरिया विरुद्ध बलौदा बाजार और 3 बजे दूसरा मैच डीएफए रायपुर विरुद्ध बिलासपुर के मध्य खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के द्वारा आयोजित विभिन्न रजिस्टर्ड फुटबॉल

पीएमटी हास्टल के 250 से ज्यादा आदिवासी छात्रावासियों का तीन माह से राशन भत्ता बंद

जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। धरमपुरा पीजी कालेज के संयुक्त पीएमटी अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास के 250 से ज्यादा बालक-बालिकाओं को अगस्त, सितंबर व अक्टूबर माह सहित तीन माह का भोजन सहायक रा?शि नहीं मिल रही है। इन छात्रों को शासन की ओर से प्रत्येक छात्र को बारह सौ रुपए दिए जाते रहे हैं। एकाएक यह रा?शि बंद हो जाने की वजह से अब ये सभी अपने घर से मिल रहे पैसे से राशन खरीदकर जैसे तैसे अपना गुजर बसर कर रहे हैं। पीजी कालेज परिसर में बालक व बालिकाओं के लिए अलग अलग दो छात्रावास बने हुए हैं। राशन सहायक भत्ता मिलने पर यह सभी उससे सामूहिक मेस का संचालन किया करते थे। अब हालत यह है कि तीन माह से रकम नहीं मिलने से

परेशानी में फीस के पैसे से कर रहे गुजारा

इन छात्रों को चावल, दाल, गैस, तेल, हरी स ?ब्जियों के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। इस परेशानी से बचने के लिए यह सभी छात्र अब अपने घर- परिवार से मिले पैसे से राशन, गैस व स ?ब्जियों को खरीदकर गुजारा कर रहे हैं।

परीक्षा की फीस दें या पेट भरें

इन छात्रवासियों ने बताया कि तीन माह से वे जैसे तेसे मेस का संचालन कर रहे हैं। ऐसे में अब परीक्षा फार्म भरने की ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

कांग्रेस की घोषणाओं को रेवड़ी बताने वालों को जनता देगी सीख : रेखचन्द

जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर तथा छत्तीसगढ की जनता के मन में कांग्रेस और उसके काम हैं। मतदाता भाजपा को सबक सिखाने के मूड में है। यह कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रेखचंद जैन का। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी जतिन जायसवाल के साथ सतत सघन संपर्क में जुटे श्री जैन का कहना है कि लोग पिछले पांच साल के कांग्रेस की योजनाओं से अत्यधिक प्रभावित हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, संस्कृति आदि विविध क्षेत्रों में कांग्रेस ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाले कार्य किए हैं। आदिवासी बाहुल्य बस्तर में आदिम संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में बेमिसाल काम किए गए हैं। हजारों महिला समूहों को स्वावलम्बन से जोड़कर उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान की गई है। स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थापना ने निम्न व मध्यम वर्गीय परिवारों की आंखों में बेहतर भविष्य का सपना गढ़ा है। कर्जमाफी का लाभ लाखों परिवारों ने पाया है। धान बोनस व उसके न्यूनतम समर्थन मूल्य की कांग्रेस की नीति ने बस्तर समेत राज्य के 20 लाख से अधिक किसान परिवारों को सशक्त किया है। बिजली बिल हाफ योजना से लाखों मध्यमवर्गीय परिवार लाभांवित हो रहे हैं। कांग्रेस की योजनाओं से जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलाव की तुलना शहर से



कर्जमाफी को मुफ्त की रेवड़ी कहते हैं भाजपा नेता: कर्जमाफी को मुफ्त की रेवड़ी बताने वाली भाजपा को जनता सबक सिखाने के मूड में है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दी है। इसकी चर्चा समूचे देश में हो रही है। भाजपा केवल राज्य निर्माण के घमंड में डूबी रही जबकि लोगों के जीवन निर्माण का काम कांग्रेस ने किया है। छत्तीसगढ़ की ढाई करोड़ गांव तक भाजपा के 15 साल के कुशासन से हो रही है। भाजपा किसानों को धान बोनस के लिए तरसाने व लाठी मारने वाली पार्टी साबित हुई है।

जनता के जीवन में सुख - शांति का वास हो और सामाजिक एकता बनी रहे, यह बात भाजपा को नागवार गुजर रही है। येन-केन प्रकरेण सत्ता हथियाने के हवस में भाजपा नेता जिस प्रकार के बयान दे रहे हैं, उसे जनता सुन व समझ रही है। 3 दिसंबर को जहां अबकी बार 75 पार का कांग्रेस का नारा जहां साकार होगा वहीं भाजपा की विभाजनकारी नीति का अंत भी होगा क्योंकि छत्तीसगढ़ में लोग एकता, भाईचारे, प्रेम-मोहब्बत तथा सामाजिक एकता का संदेश देने में आस्था रखते हैं। श्री जैन ने कहा हैं कि विभिन्न वर्गों से जुड़ी कांग्रेस की घोषणाओं को रेवड़ी बताकर जनता का अपमान करने वालों को कड़ा सबक सिखाने तथा भाजपा को संदेश देने के मूड में लोग हैं।

सेवानिवृत्त होने के बाद युवाओं को अपने अनुभवों का ज्ञान जरूर दें : कलेक्टर

जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि शासकीय सेवक के रूप में लम्बी अवधि तक सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने के उपरांत समाज-समुदाय के युवाओं को

सेवानिवृत्त हो रहे 10 कर्मचारियों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

अपने अनुभवों का ज्ञान जरूर दें। उन्होंने कहा कि हर माह की तरह हमारे शासकीय कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, शासकीय परिवार से जुड़ा होने के दिन उनका अभिनंदन करने की प्रथा शुरू की गई है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना

करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त हमारे शासकीय सेवकों को उनके सभी स्वत्वों का शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता का समय पर प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त हो रहे 10 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्यक्तियों को पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल और पीपीओ पत्र देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी ने बताया कि इस माह सेवानिवृत्त हो रहे 10 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। इस अवसर पर कार्यालय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन से संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे विशिष्टगण उपस्थित थे।

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर में सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अभिषेक बाजपाई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ के. इंदिरा ने की। इस अवसर पर प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में क्रिकेट पूरे विश्व के लोगों की पसंद है आज क्रिकेट के मैदान में जो खिलाड़ी खेल रहे हैं वह आने वाले समय में जरूर जिले और अपने प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। खेल के मैदान में हर खिलाड़ी के अंदर सिर्फ और सिर्फ खेल की भावना होनी चाहिए क्योंकि हार और जीत तो एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, आज खेल से ही मनुष्य के शारीरिक और मानसिक विकास का होना संभव है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। प्रो. बाजपाई ने छात्रों से कहा कि जीवन हो या खेल बिना सामूहिक प्रयास से किसी को सफलता नहीं मिलती। कोई खिलाड़ी अकेले दम पर टीम को सफलता नहीं दिला सकता है बल्कि सामूहिक प्रयास से ही सफलता मिलती है। प्रो. इंदिरा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को खेल हेतु प्रेरित करते हैं। इससे उनकी प्रतिभा को तराशने का कार्य होता है। यही छात्र आगे चल कर बड़े स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ एनके सिंह ने बताया कि इस वर्ष बस्तर संभाग से 10 टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक बीएल केवट एवं महाविद्यालय के ग्रंथपाल डॉ शोएब अंसारी उपस्थित रहे।

आज का प्रथम मैच: सेक्टर स्तरीय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता का आज शुभारंभ कालीपुर सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। आज का पहला मैच क्राइस्ट कॉलेज जगदलपुर विरुद्ध मॉडल कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमे मॉडल कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। क्राइस्ट कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवरों में 140 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। क्राइस्ट कॉलेज की ओर से आदिल खान ने 21 गेंदों में 32 रन और अभिषेक कुमार ने 22 रनों का योगदान दिया। मॉडल कॉलेज की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए प्रशांत दास ने 4 और कारण लखामी ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए मॉडल कॉलेज 15 ओवर में केवल 63 रनों पर ही ढेर हो गई। क्राइस्ट कॉलेज की ओर से पप्पू बरखा और अभिषेक कुमार 3ङ्क3 विकेट लिए। मॉडल कॉलेज से केवल साहिल पठानयक ही 13 रनों का पारी खेल सके। आज के मैच के अंपायर राजेश यादव व भूषण चेलक थे एवम आज के स्कोरर बलदेव मौर्य व सुनील यादव थे। उदघोषक सुनील कश्यप थे।

आज का दूसरा मैच गवर्नमेंट कॉलेज बस्तर विरुद्ध यू. टी. डी जगदलपुर के मध्य खेला गया, जिसमे बस्तर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, परंतु उनका यह निर्णय गलत साबित हुआ। केवल 16.5 ओवरों में केवल 77 रन ही बना पाई और ऑल आउट हो गई। अच्छी गेंदबाजी करते हुए कौशल प्रधान एवम भूपेंद्र ने 2ङ्क2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यू टी डी जगदलपुर की टीम ने मात्र 9.5 ओवर में 9 विकेट् से लक्ष्य को हासिल कर लिया। भूपेंद्र नाग ने 41 रनों की पारी खेली एवम शिब्बू ने नाबाद 24 रन बनाए। बस्तर की और से केवल हर्षित ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

किरणदेव ने शहर के नौ वार्डों में किया प्रचार

जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जगदलपुर विधानसभा प्रत्याशी किरणदेव ने पहली नवम्बर बुधवार से शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क व प्रचार आरंभ किया है। प्रवीर वार्ड क्रमांक एक से कोहकापाल में स्थित परदेशी माता मंदिर में मत्था टेक भाजपा प्रत्याशी किरणदेव ने जन आशीर्वाद यात्रा प्रारंभ की। भाजपा जगदलपुर विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार के बाद शहरी क्षेत्र में अब पूरा फोकस रही है। भाजपा प्रत्याशी किरणदेव ने शहर की सीमा से किनारे के सघन बसाहट वाले वार्डों से रणनीति बनाकर प्रचार व दौरा कार्यक्रम आरंभ किया है। बुधवार को किरणदेव ने प्रवीर वार्ड से जनसंपर्क के लिये जन आंदोलन यात्रा शुरू कर विजय वार्ड, शिवमंदिर वार्ड, भैरमदेव वार्ड, वीर सावरकर वार्ड, भगतसिंह वार्ड, सिविल लाइन, लालबहादुर शास्त्री

वार्ड व चंद्रशेखर आजाद वार्ड का भ्रमण किया और ढोल बाजे के साथ रैली निकाल कार्यकर्ताओं की टोली के साथ घर घर संपर्क किया। एक दिन में नौ वार्डों में सघन जनसंपर्क कर महिलाओं, बुजुर्गों से आशीर्वाद मांगा व युवाओं, बच्चों से साथ देने अपील की। भाजपा प्रत्याशी किरणदेव ने कहा कि भाजपा विकास की पक्षधर है। प्रदेश में भाजपा के 15 साल के शासन में छत्तीसगढ़ में विकास के अनेकोनेक काम हुये, जिससे छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य का रुप में पहचान मिली। नगर निगम में अपने महापौर के पांच साल के कार्यकाल में शहर को बेहतर सुविधायें देने व लोगों की समस्याओं को अविलंब दूर करने की नीति बना कर कार्य किये गये। जनता ही जनार्दन है, जो अच्छे बुरे का भेद भलीभाँति समझती है। जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है और हमेशा रहेगा।

मांहगुराम बघेल गुमलवाड़ा सरपंच ने भाजपा छोड़ कांग्रेस प्रवेश किया

जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय राजीव भवन में महामंत्री मलकीत सिंह गैदु व क्रेडा अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार की उपस्थिति शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के समक्ष व सोनमती बघेल कैकागड सरपंच,ब्लॉक अध्यक्ष नानगुर के नेतृत्व में मांहगुराम बघेल गुमलवाड़ा सरपंच ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया है। मौर्य ने मांहगुराम बघेल गुमलवाड़ा सरपंच का स्वागत कर कांग्रेसी गमछा पहनाकर विधिवत कांग्रेस प्रवेश कराया।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शहर के विभिन्न वार्डों में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के उद्देश्य से प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदू नगर निगम के सभी कांग्रेसी पार्षदों की बैठक ली। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी जतिन जायसवाल को जीताने के लिए जी जान से जुटने के अपील करते हुए, योजना वध तरीके से प्रचार अभियान चलाने का निर्देश दिया।

कल 3 नवंबर को होगा चुनाव चिन्ह आबंटन

स्कुटनी के बाद चार अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त

जिले के तीन मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन, सात मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन

गरियाबंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। दूसरे चरण के मतदान हेतु नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मंगलवार को कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने संयुक्त कार्यालयम में प्रेस कांफ्रेंस की। कांफ्रेंस में कलेक्टर ने जिले में नामांकन प्रक्रिया के बाद अभ्यर्थी के स्थिति और परिवर्तित मतदान केन्द्रों की जानकारी साझा की। कलेक्टर ने बताया कि जिले ने दो विधानसभा में कुल 21 अभ्यर्थी ने नामांकन भरा था। जिसमें स्कुटनी के बाद 4 अभ्यर्थी के नामांकन निरस्त किए गए है। नाम वापसी के निर्धारित तिथि के बाद 3 नवंबर को अभ्यर्थियो को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया जाएगा है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। हाल में ही निर्वाचन आयोग से स्वीकृती के बाद जिले के तीन मतदान केंद्रों के स्थल तथा सात मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन किया गया है। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, दो विस क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर धनंजय नेताम और अर्पिता पाठक तथा राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

इन चार अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त: कांफ्रेंस में कलेक्टर आकाश छिकारा ने बताया कि जिले में दोनो विधानसभा से कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें राजिम विधानसभा से 13 तथा बिंद्रानवागढ़ विधानसभा से 8 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था। जिसमे स्कुंटनी के बाद 4 चार प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त कर दिया गया है। इसमें बिंद्रानवागढ़ से एक तथा राजिम से तीन नाम शामिल है। बताया कि बिंद्रानवागढ़ से सदाराम मरकाम (आप) तथा राजिम से लोकेश कुमार साहू (आप), आशिया बेगम (गोगप) तथा गणेश सोनी (शिव सेना) का नामांकन निरस्त हुआ है।

इन तीन मतदान केंद्रों के स्थल परिवर्तन: कलेक्टर ने बताया कि जिले के तीन मतदान केन्द्रो के स्थल में परिवर्तन किया गया है। तीनो ही बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र है। जिसमें प्राथमिक शाला भवन कुहीमाल का स्थल परिवर्तन कर प्राथमिक शाला भवन कुहीमाल (नया), प्राथमिक शाला भवन खरौपथरा के बदले शासकीय प्राथमिक शाला पोहेलपारा एवं प्राथमिक शाला दबनई का स्थल परिवर्तन कर शासकीय उच्च. प्रा. विद्यालय दबनई किया गया है। राजिम विधानसभा क्षेत्र में एक भी मतदान केन्द्र का स्थल परिवर्तन नही हुआ है।

सात मतदान केंद्रों के नाम परिवर्तन

कान्फ्रेस में बताया गया कि जिले में कुल सात मतदान केंद्र के स्थलों में परिवर्तन किया गया है। जिसमे राजिम में चार तथा बिंद्रानवागढ़ में तीन मतदान केंद्र के नाम परिवर्तन किया गया है। राजिम विधानसभा में मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला भवन पथर्री को प्राथमिक शाला भवन पथर्री कटेलपारा, कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भवन फिगेश्वर भाग ब को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल फिगेश्वर, कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुरा को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा, प्राथमिक शाला छुईहा को अतिरिक्त कमरा शासकीय प्राथमिक शाला भवन छुईहा का नाम परिवर्तन किया गया है।

इसी प्रकार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेगोबरा को आदिवासी बालक आश्रम शाला बड़ेगोबरा, शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला भवन नाऊमुड़ा को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नाऊमुड़ा मैनपुर और मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला खोखमा का नाम परिवर्तन कर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धुरवागुड़ी किया गया है।

अभनपुर भाजपा प्रत्याशी के नामांकन पर कांग्रेस की आपत्ति खारिज

रिटर्निंग ऑफिसर ने सुनवाई कर दिया फैसला

नवापारा राजिम, 1 नवंबर (देशबन्धु)। अभपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर गत कांग्रेस प्रत्याशी धनेन्द्र साहू के वकील ने भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू के नामांकन पत्र पर नो आपत्ति दर्ज कराई । हालांकि इस मामले को लेकर रिटर्निंग अधिकारी जगन्नाथ वर्मा ने सुनवाई करते हुए आपत्ति को खारिज कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार धनेन्द्र साहू के वकील द्वारा भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू पर संपत्ति और शिक्षा की गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए उसका नामांकन रद्द करने की मांग की है।

9 बिन्दुओं पर दर्ज की गई थी आपत्ति: बताया जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू द्वारा नामांकन में शपथ पत्र दिया गया है। उस शपथ पत्र में कांग्रेस प्रत्याशी धनेंद्र साहू के वकील द्वारा आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि इंद्र कुमार साहू ने अपने शपथ पत्र में संयुक्त परिवार में हिंदू फैमिली में मेम्बर होना नहीं दर्शाया गया , वहीं बेटी के आश्रित होने का विवरण नहीं दिया, अपनी गैर कृषि भूमि का जो विवरण दिया है उस खसरा नंबर को सरकारी भूमि बताया है जबकि वह सरकारी भूमि नहीं है, इसी तरह कुल 9 बिन्दुओं पर आपत्ति दर्ज की गई थी।

वहीं इस मामले को लेकर निर्वाचन अधिकारी जगन्नाथ वर्मा ने सभी आपत्ति को खारिज कर दिया है। अधिकारी श्री वर्मा का कहना है कि शपथ पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर किसी भी प्रत्याशी का नामांकन रद्द नहीं किया जा सकता। दोनों पक्षों को सुना और जांच उपरांत पाया कि प्रत्याशी द्वारा नामांकन में दिए गए शपथ पत्र के आधार पर कोई त्रुटि पूर्ण या गलत जानकारी नहीं दी गई है। इसलिए आपत्ति को खारिज किया गया ।

भाजपा को मिला क्लीन चिट

भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू ने इस मामले मे कहा कि परेशान करने यह आपत्ति दर्ज की गई है, लेकिन सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारी द्वारा हमें क्लीन चिट दे दी गई है और सभी आपत्तियो को खारिज कर दिया है।

भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने डोर टू डोर किया संपर्क

बचेली, 1 नवंबर (देशबन्धु)। आज भाजपा कार्यकर्ताओ ने बचेली के विभिन्न वार्डों में जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क के दौरान भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी भारी संख्या में मौजूद दिखे, भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने पर चैतराम अटामी का बचेली मण्डल के कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बचेली नगर में डोर टू डोर संपर्क किया तथा पूरी एकजुटता के साथ संपर्क करते दिखे। भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने कहा की बचेली की जनता को पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार ने कुछ नहीं दिया सिवाय बदहाल सड़क और अव्यवस्था के, जिस गौरवपथ का निर्माण भाजपा सरकार ने किया उस डिवाइडर के रेलिंग को पेंट करने तक का पैसा एवं सड़क के गड्ढो को भरने तक का पैसा कांग्रेस सरकार ने नहीं दिया। श्री अटामी ने कहा की ग्रामीण हो या शहरीय छेत्र जनता को मूलभूत सुविधाएं तक ये सरकार दे पाने में विफल हो चुकी है इसलिए भूपेश बघेल ने सरकार में बने रहने की नैतिकता खो दी है कांग्रेस सरकार ने बचेली के जनता के विकास के लिये जो डी एम एफ निधि है उसमें भी भ्रष्टाचार व बंदरबांट कर जनता को उनके हक़ व अधिकार से वंछित रखने का कार्य किया है।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में मुख्य मार्केट में मतदान जागरूकता रैली का आयोजन

जगदलपुर विस के प्रेक्षक भी हुए शामिल

जगदलपुर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के.के नेतृत्व में जगदलपुर शहर के मुख्य मार्केट में मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में जगदलपुर विधान सभा के प्रेक्षक सुब्रत गुप्ता भी शामिल हुए।

जागरूकता रैली एसबीआई चौक से निकाला गया जो मुख्य बाजार से होकर संजय मार्केट होते हुनुमान मंदिर चौक, चांदनी चौक होते वापस एसबीआई चौक पहुँचे। रैली में मतदान करने का नारा जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लगाया गया साथ ही कलेक्टर और प्रेक्षकों सहित अन्य अधिकारियों ने दुकानों में चुनई तिहार में सहभागी बनने और 7 नवम्बर को मतदान करने आमचो वोट आमचो बस्तर वाली पोस्टर भी चस्पा की गई।

आज मतदाता जागरूकता रैली

जगदलपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन 2 नवंबर गुरुवार को किया जा रहा है। इसमें सुबह 7 बजे शहीद पार्क से कमिश्नर और आईजी के नेतृत्व में तथा कलेक्टर व एसएसपी के नेतृत्व में अग्रसेन चौक से रैली निकाली जायेगी। रैली का समापन चाँदनी चौक में होगा।

खपरी भ के उपसरपंच सहित 40 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

पलारी, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्यासी संदीप साहू के सामने विकास खण्ड पलारी के ग्राम पंचायत खपरी भ के उपसरपंच व पूर्व बैंक उपाध्यक्ष भवानीपुर मुकेश झा सहित 40लोगो ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी प्रवेश किया जिसे संदीप साहू और सुनील कुर्रे ने कांग्रेस का गमझा पहना कर पार्टी प्रवेश कराया और कसडोल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीतने का संकल्प लिया। श्री झा लगातार दो बार निर्विरोध उपसरपंच रहे हैं बैंक भवानीपुर उपाध्यक्ष का पद पर रहे उनका बैंक क्षेत्र 12 गांव में अच्छा जनसंपर्क है। वहीं गांव में आम सभा आयोजित किया गया था जिसमे गांव के सभी लोग मौजूद थे वही संदीप साहू जब गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने प्रत्याशी का गर्म जोशी से स्वागत किया गया ।जहां ग्रामीणों के स्वागत से अभिभूत संदीप साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की आप सबके स्नेह और प्यार का में पूरा जीवन ऋणी रहूंगा आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि आप सबके छोटे भाई बेटा और दोस्त बनकर आप सबके बीच में हमेशा रहूंगा जिस भरोसे से मुझ पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी ने विश्वास जता कर मुझे आप सबके बीच प्रत्याशी बनाकर भेजा है ।इसके लिए में कांग्रेस पार्टी और आप सबका आभारी रहूंगा ।

सभा को शेखर वर्मा विशेष आमंत्रित सदस्य ब्लाक कांग्रेस ,रोहित साहू तेलघानी बोर्ड सदस्य ,राहुल तेली युवा ग्रामीण अध्यक्ष ,ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे ने संबोधित किया ।कांग्रेस कार्यक्रम में मनीष चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष ,राकेश साहू ,गज्जू वर्मा ब्लाक कांग्रेस महामंत्री, रसूल बैग, इंद्र वर्मा सरपंच सोनू साहू दाउलाल ध्रुव मोहन बंजारे शिवकुमार मारकंडे,जेठू साहू, दूजराम निषाद, मोतीलाल, बलराम निषाद,दीपक कनौजे,चमन ,ध्रुव संतोष ध्रुव,नेमन कोसरीया,छेदी निषाद,पुसरु निषाद, रायसिंह ध्रुव, नारायण सिंह ध्रुव आशाराम बेदी,दानाराम, शत्रोहन साहू कपिल लहरे संदीप कुमार नकुल सेन अरुण सेन सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता और ग्रामीण सरपंच भारी संख्या में मौजूद रहे इस दौरान बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जबकि संदीप साहू ने सभी बड़े बुजुर्ग महिला पुरुषो का पैर पड़कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच संचालक छेदी निषाद ने किया।

कनकबीरा के छिचपानी जंगल में आबकारी विभाग का छापा, महुआ मदिरा जप्त

बिलाईगढ़, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश और आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील के बाद आबकारी विभाग द्वारा प्रतिदिन लगातार अवैध मदिरा भंडारण और बिक्री पर कार्यवाही किया जा रहा है। आबकारी उप निरीक्षक जितेश नायक और विकास साण्डे के नेतृत्व में बाजार मूल्य 1 लाख 10 हजार 250 रुपए का मदिरा और लहान जप्त हुआ है।

आबकारी टीम को सारंगढ़ विकासखंड के कनकबीरा जंगल क्षेत्र के ग्राम छिचपानी में छापा के दौरान 15-15 लीटर क्षमता वाले 4 प्लास्टिक जरिकेन में कुल 60 लीटर महुआ मदिरा, चार प्लास्टिक पालीथीन में भरा कुल 160 लीटर महुआ मदिरा, एक प्लास्टिक पालीथीन में भरा 100 लीटर महुआ मदिरा, 37 प्लास्टिक बोरी में भरा हुआ 25-25 चद्द 925 किलोग्राम महुआ लाहन का बाजार मूल्य 46 हजार 250, इस प्रकार कुल 320 लीटर मदिरा जब्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 64 हजार है। छापामार टीम में आबकारी मुख्य आरक्षक राधे गोविन्द पाण्डे, लाल सिंह कँवर और राजकुमार कश्यप शामिल थे।

साहू सदन में सम्मान समारोह आयोजित

पिथौरा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय साहू सदन में माँ कर्मा महिला समूह एवं नगर साहू समाज पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में इंजीनियर केवेन्द्र सोन के एस डी ओ (पी डब्ल्यू डी) के पद पर पदोन्नत होने एवं खिलावन प्रसाद साहू शिक्षक तथा डी आर साहू ए डी ओ के अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

साहू सदन टिकरापारा पिथौरा में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ कर्मा मईया की आरती पूजन से हुआ। तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू की अध्यक्षता में क्रमशः मुख्यअतिथि केवेन्द्र प्रेमलता सोन का पदोन्नति के लिए व विशिष्ट अतिथि के रूप में के पी साहू किशनपुर उच्च वर्ग शिक्षक नन्दनी साहू और डी आर साहू ए डी ओ भानुमति साहू का शॉल, श्रीफल, मोमेंटो,तथा भेंट प्रदान कर सम्मान किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू ने कहा कि किसी भी अधिकारी कर्मचारी का विदाई व सम्मान करना उनके सेवाकालीन कार्यों का प्रतिसाद है जो उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से उनकी अर्जित पूंजी है।

आरंग जनपद पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दी गई विदाई

आरंग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को जनपद पंचायत आरंग मीटिंग हाल में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिश्चंद्र वर्मा को अधिवार्षकी आयु पूर्ण कर लेने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सिंह लहरे के नेतृत्व में भावभीनी विदाई दी गई ।ज्ञात हो की एडिशनल सीईओ वर्मा ने सन 1983 में अपनी सेवा प्रारंभ की थी और 2019 में उनका मैनपुर से आरंग स्थानांतरण हुआ तथा 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत हुए, इस अवसर पर उन्हें शाल एवं श्रीफल के द्वारा सम्मानित किया गया एवं सीईओ कुमार सिंह लहरे ने इस अवसर पर केक काटते हुए उनका मुंह मीठा कराया तथा कहा की विदाई का क्षण पावन होता है और वह अब उनकी अगली पारी के लिए उत्साह के साथ केक काटकर उन्हें विदा कर रहे हैं । इस अवसर पर अन्य सहभागी कर्मचारियों ने भी उनकी इस लंबी सेवा अवधि को बेदाग एवं निष्ठावान बताया तथा स्वीप प्रभारी शिक्षक महेंद्र पटेल एवं अरविंद वैष्णव ने स्वीप दोहों के साथ अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडिशनल सीईओ के डहरिया, एसडीओ (ऋअर) हरीश साहू, करारोपण, मनरेगा, ग्राम सचिव एवं एडीओ क्रमशः बाबूलाल ढिढ़ी, घनश्याम गिडोड़े,छत्रधारी सोनकर, तेजेश्वरी बघेल, योगेंद्र चंद्राकर, राज जोशी, भूपेंद्र जलक्षत्रि रोशनी तिवारी, नंदू नारंग, अशोक मिश्रा, राजकुमार श्रीवास, सत्यनारायण चंद्राकर, सेवानिवृत्ति अवध राम साहू, डीके महोबिया, रामाधार यादव, नरेश यादव धर्मेंद्र नायक, अनिल चंद्राकर, मोनिका यादव ,रुचिका साहू, अंजू निषाद, मधु महोबिया, कुलेश्वर देवदास, शिवकुमार साहू, पूरन कोसले, भुनेश्वर साहू, उमेश साहू, शशि यादव, शांति एक्का, सरोज यादव, शंकर साहू की उपस्थिति रही।

बुक डिपो संचालक के घर से साढ़े तीन लाख की चोरी

नवापारा राजिम , 1 नवंबर (देशबन्धु)। नवापारा शहर मे चोरी की वारदात लगातार बढ़ती ही जा रही हैं, शातिर चोर अब नगर के व्यस्तम इलाकों को अपना निशाना बना रहे हैं. हॉल ही मे शनिवार रविवार की रात को नगर के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी के यहाँ से 3 लाख 50 हजार की चोरी कर अज्ञात चोर फरार हो गए, मिली जानकारी के अनुसार उक्त चोरी नगर के सदर रोड मे स्थित लालाजी बुक डिपो दुकान के संचालक आकाश जैन के यहाँ हुई हैं. दुकान संचालक शनिवार रविवार की राज्री जहाँ पीड़ित रात्रि करीबन 10. बजे सहपरिवार खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने चले गये थे, रविवार सुबह 8 बजे जब उनकी माता श्रीमती उषा जैन जब किसी निजी कार्य से भिलाई जाना चाह रही थी, जिसके लिये घर के कमरा के ताला को खोलकर अंदर रखे आलमारी को खोलकर देखे तो वहां पर रखे नकदी रकम 10 लाख रूपये रखे हुए स्थान पर नही था. बाद मे बगल पर रखे अन्य आलमारी के ताला को खोलकर देखने पर सोने का 01 नग हार सेट, 01 नग सोने की अंगूठी एवं पैतृक संपती सोने के जेवरात लगभग वजनी करीबन 300 ग्राम व सोने का 02 नग मंगलसूत्र , सोने का 01 नग हार सेट, सोने का 02 नग चैन, सोने का 09 नग अंगुठी, सोने का 04 नग कडा , सोने का 07 जोडी कान का जेवर , सोने का 05 ग्राम सिक्का , सोने का 02 नग बुंदी एवं चांदी 300 ग्राम सिक्का व डीक्का जुमला 2,50,000 रूपये अलमारी में मौजूद नही था. रात्रि में कोई अज्ञात चोर दरवाजे का ताला तथा आलमारी का ताला खोलकर आलमारी में रखे नकदी रकम तथा सोने एवं चांदी का जेवर जुमला 3 लाख 50,हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर चारी कर ले गया था . चोरी के पश्चात आसपास पता पलाश करने का प्रयास किया गया लेकिन अज्ञात चोर नही मिला। जिसके बाद पीड़ित ने नवापारा थाने मे चोरी की शिकायत दर्ज कराई . फिलहाल नवापारा पुलिस ने शिकायतकर्ता आकाश के शिकायत पर मामले मे अज्ञात चोर के खिलाफ भादवि की धारा 380 व 457 दर्ज कर पताशाजी तेज कर दी हैं. नवापारा थाना प्रभारी आशीष सिंह राजपूत ने कहाकि वारदात वाली जगह की फूटेज निकाले जा रहे हैं, साथ ही पुछताछ भी जारी हैं. कोशिश हैं कि जल्द से जल्द इस मामले मे सफलता मिल सके और आरोपियों को पकड़ा जा सका.

राष्ट्रीय एकता दिवस : कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

गरियाबंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारी - कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने देश की एकता एवं अखंडता बनाये रखने की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने की शपथ ली। शासकीय सेवकों ने देश की एकता का संदेश देशवासियों के बीच पहुंचाने का प्रयत्न करने तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रादेशिकी का शेष...

नक्सलियों ने किया विधानसभा...

नक्सली विरोध करते नजर आ रहे हैं। चुनाव के विरोध में अब माओवादियों की संघठन द्वारा जगह जगह पर्चे फेंक कर चुनाव का विरोध करने के साथ इन इलाकों में अपनी दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

पीएमटी हास्टल के 250 से ज्यादा...

तिथि भी आ गई है। घर- परिवार से जो रकम आती है उससे जैसे तैसे फीस भर पा रहे हैं। ऐसे में हमारे लिए खाना की व्यवस्था करना मु श्किल हो जा रहा है। इन छात्रवासी रहवासियों ने बताया कि इस बारे में उन्होंने सहायक आयुक्त को भी अवगत करा दिया है।

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय...

कश्यप सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 1 विकेट लिया। आज के मैच के अंपायर राजेश यादव व भूषण चेलक थे एवम आज के स्कोरर बलदेव मीर्य व सुनील यादव थे। आज के उदघोषक सुनील कश्यप थे एवम आज के आब्जर्वर सत्यनारायण सोनंत उपस्थित थे।

बस्तर दशहरे से मां दंतेश्वरी लौटी अपने धाम

- महाष्टमी पर रवाना हुई थी मांई जी डोली और छत्र
- विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मंदिर में प्रविष्ट
- चुनाव आचार संहिता के चलते नेता रहे दूर

दंतेवाड़ा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर दशहरा में शामिल होने के बाद मांई दंतेश्वरी आज अपने धाम लौटी। मांई दंतेश्वरी की डोली और छत्र की विधि विधान से पूजा अर्चना हुई और फिर मंदिर में प्रवेश कराया गया। बीती रात मांई दंतेश्वरी की डोली और छत्र दंतेवाड़ा पहुंची थी, जिसे आंवराभाटा स्थित विश्राम स्थली में रखा गया था।

महाष्टमी पर मांई दंतेश्वरी की डोली और छत्र बस्तर दशहरे में शामिल होने रवाना हुई थी। मंगलवार को बस्तर दशहरे में विदाई के बाद डोली व छत्र दंतेवाड़ा पहुंची। आज शाम पारम्परिक सलामी और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के लिए मांई दंतेश्वरी की डोली निकाली गई। इस दौरान पारम्परिक लोक नृत्य का दल भी शामिल था। आतिशबाजी और डीजे की धुन के साथ मांई दंतेश्वरी मंदिर के सामने जय स्तंभ चौक के पास बोधराज देवता की पूजा-अर्चना हुई और फिर डोली मंदिर में प्रविष्ट हुई।

इस दौरान मंदिर के प्रधान पुजारी, मांझी, चालकी, सेवादार और बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे। मांई दंतेश्वरी की डोली वापसी के दौरान आंवराभाटा में जगराता का सांस्कृति कार्यक्रम भी हुआ। माता के भजन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। हर वर्ष मांई दंतेश्वरी की डोली वापसी के दौरान इसी तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। मांई जी डोली वापसी के दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए। चुनावी आचार संहिता के चलते यह स्थति निर्मित हुई।

मूलभूत सुविधाओं के लिए अब भी राह ताक रहे ग्रामीण

कोंडागांव, 1 नवंबर (देशबंधु)। हम राज्य स्थापना के 23 वर्ष पूरे कर लिए और 24वा स्थापना दिवस मना रहे हैं। लेकिन आज भी जिले में पूर्ण रूप से लोगों को मूलभूत सुविधाओं नहीं मिल पा रही हैं। चाहे इसे प्रशासनिक नाकामी कहें या फिर जिम्मेदारों का काम के प्रति कर्तव्य निष्ठ ना होना। यह हम नहीं बल्कि अंदरूनी इलाकों में रहने वाले लोग समय-समय पर बया करते रहे हैं। उन्हें आज भी कई किलोमीटर पैदल चलने के बाद जिला मुख्यालय तक पहुच पाते हैं। जिले के कुथुर सहित अन्य ऐसे कई इलाके है जहाँ आज भी बिजली पूरी तरह से गांवो तक नहीं पहुँच पाई है। जिला मुख्यालय से सटे भी कई ऐसे इलाके है जहाँ पानी,बिजली की समस्या बनी रहती हैं। लोगों मर्दापाल व फरसगांव इलाके के कई ऐसे गाँव हैं जहाँ आज भी पेयजल की सुविधा न होने के चलते वे झरिया का पानी पीने को मजबूर हैं। हालांकि जिन इलाकों में जहां पहले कभी मोटरसाइकिल नहीं जाया करती थी उन पगडंडियों में अब चार पहिया वाहन भी दौड़ रही है यह भी जिले की सच्चाई है। लेकिन आधुनिक भारत और डिजिटल के इस युग में आखिर हमारा जिला कहां पर पिछड़ रहा है यह शासन-प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। जिससे समय रहते जिले के अंदरूनी इलाकों में रहने वाले लोगों को भी मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो सके।

इंतजार आखिर और कब तक

इलाके में धीरे-धीरे कर नक्सलियों का दंश तो कम हुआ है, लेकिन विकास आज भी गांव तक नहीं पहुंच पाई है। जिसका इंतजार लोगों को वर्षों से रहा है कुछ समय पहले तक विकास के लिए नक्सलियों को बाधा माना जाता था, लेकिन अब तो नक्सलियों का मानो खत्मा हो गया है अब तो उन अंदरूनी इलाकों में भी विकास की बयार बहनी चाहिए जो अब तक संभव नहीं हो पाई है। जिले के सरहदी इलाकों का तो और भी बुरा हाल है शायद इन इलाकों में विकास कागजों के रास्ते होकर गायब हो रहा है।

अवधेश के जन्मदिन पर भक्त चरणदास ने काटा केक

कांग्रेस परिवार के साथ दी बधाई और शुभकामनाएं

दंतेवाड़ा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने आज पहली नंवबर को अपना जन्म दिन सादगी के साथ मनाया। इस दौरान दंतेवाड़ा में कांग्रेसियों की बैठक लेने पहुंचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महा सचिव भक्त चरण दास ने केक काटकर श्री गौतम को जन्म दिन की बधाई दी। इस मौके पर जिला कांग्रेस परिवार के सभी सदस्यों ने श्री गौतम जन्म दिन की शुभकामनाएं दी और उनके यशस्वी जीवन के लिए मांई दंतेश्वरी का आशीर्वाद मांगा।

31 जनवरी तक की जाएगी धान की खरीदी

मक्का की 1 नवम्बर से 28 फरवरी तक होगी खरीदी

कोण्डागांव, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में खरीफ वर्ष में उत्पादित धान एवं मक्का की फसलों हेतु समर्थन मूल्य पर खरीदी का प्रारंभ 01 नवम्बर से किया गया है। धान हेतु खरीदी प्रक्रिया 01 नवम्बर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक तथा मक्का हेतु खरीदी प्रक्रिया 01 नवम्बर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक की जायेगी। इस वर्ष सीएसीपी द्वारा जारी न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुसार धान कॉमन हेतु 2183 रूपये, धान ग्रेड- ए हेतु 2203 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदी की जायेगी। वहीं मक्के की 2090 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की जायेगी। इस वर्ष जिले में धान विक्रय हेतु 52012 कृषकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। जिसमें जिले का 77773.5493 हेक्टेयर रकबा शामिल है। इस वर्ष 5440 नये कृषकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। धान एवं मक्का की खरीदी हेतु जिले भर में तैयारियां की गयी है। जिसके तहत 67 धान खरीदी केन्द्र स्थापित किये गये हैं। जिनमें 06 नवीन धान केन्द्र भी शामिल है। इस वर्ष जिले में कुल 2.61 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। मक्के हेतु नमी की मात्रा अधिकतम 14 प्रतिशत एवं धान में अधिकतम 17 प्रतिशत खरीदी हेतु निर्धारित की गयी है।

प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 6 प्रकरणों में दी 24 लाख की आर्थिक सहायता जारी

कोण्डागांव, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 06 प्रकरणों में वारिसों को 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार बड़ेराजपुर तहसील के कोंसमी निवासी रामूराम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पत्नी सतन्तीन, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम कोरगांव निवासी दिनेश की गड्ढे के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सुमित्रा, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम कोंगेरा निवासी राजोबाई की कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पति श्री गाण्डोराम एवं तहसील केशकाल के ग्राम कोदोभाट के निवासी योगेन्द्र की डबरी के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पिता श्री कैलाश, तहसील केशकाल के ग्राम कोदोभाट के निवासी राजवीर की डबरी के पानी में डबने से मृत्यु होने पर पिता श्री अमित तथा तहसील धनोरा के ग्राम डुण्डाबेड़मा निवासी जयसिंह यादव की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सीता यादव को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिये गये हैं।

सार-संक्षेप

एपीक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों से कर सकेंगे मतदान

कोण्डागांव, 1 नवंबर (देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता करने हेतु दिशा निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। मतदाता मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने समबद्ध मतदान केन्द्रों में ले जाकर मतदान कर सकते है। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोग्राफ युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ़ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार अथवा पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोग्राफ युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक निःशक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

सामान्य प्रेक्षक पहुंचे कटेकल्याण के मतदान केंद्र, दो केंद्रों का लिया जायजा

दंतेवाड़ा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनुराग पटेल ने कटेकल्याण ब्लॉक के परचेली एवं गाटम मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित स्थैतिक दलों को सतर्कता से निगरानी करने के निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों की बुनियादी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। ज्ञात हो कि मतदान केन्द्र क्रमांक 171 परचेली-1 में कुल मतदाता संख्या 868 (पुरूष-426, महिला-442) इसी प्रकार मतदान केन्द्र क्रमांक 172 परचेली-2 में कुल मतदाता संख्या 658 (पुरूष-286, महिला-372) तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 166 गाटम में कुल मतदाता संख्या 1074 (पुरूष-488, महिला-586) दर्ज हैं।

कांग्रेस ने किया आदिवासियों की संस्कृति का सम्मान

- दंतेवाड़ा पहुंचे कांग्रेस राष्ट्रीय महा सचिव भक्त चरणदास
- कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन, दिया जीत का मंत्र

दंतेवाड़ा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस राष्ट्रीय महा सचिव भक्त चरण दास आज दंतेवाड़ा प्रवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक ली और उनका मार्गदर्शन किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर 75 से ज्यादा सीटों के साथ जीत दर्ज कर रही है और सरकार बनाने जा रही है।

श्री चरणदास ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति का सम्मान कांग्रेस ने किया है। धान और अन्य वनोपज का सही दाम कांग्रेस सरकार में मिला है। देव गुड़ी का जीर्णोद्धार कर इस सरकार ने आदिवासियों की परम्परा का सम्मान किया और बढ़ावा दिया। भाजपा की आलोचना करते उन्होंने कहा कि भाजपा को जुमलेबाज पार्टी कहना उचित होगा। भाजपा ने कभी भी आदिवासियों की हित और संस्कृति के बारे में नहीं सोचा। जन कल्याण का जो कार्य कांग्रेस सरकार ने किया है वह किसी ने नहीं किया। इसी वजह से लोग कांग्रेस को फिर से इस विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देंगे। पत्रवार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा शर्मा, रितेश जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। दंतेवाड़ा पहुंचते ही भक्त चरण दास ने मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें जीत का मंत्र दिया और कहा कि हमें कांग्रेस की जनता की गारंटी को घर-घर तक पहुंचाना है। सरकार के योजनाओं के सहारे एक बार हम फिर कांग्रेस का विधायक बनायेंगे।

भंडारशिवनी में स्कूली छात्राओं ने मानव श्रृंखला द्वारा लोगों को मतदान हेतु दिया संदेश

बोरगांव, जैतपुरी में रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

कोण्डागांव, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम भंडारशिवनी में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बोरगांव पूर्व एवं पश्चिम में रंगोली, मेहन्दी प्रतियोगिता के साथ शपथ ग्राहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बढ़ चढ़ कर महिलाओं ने हिस्सा लिया। जैतपुरी एवं भंडारशिवनी में जिले के औसत मतदान से कम मतदान के कारण यह विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता के साथ रैली निकालकर लोगों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में अवश्य रूप से 07 नवम्बर 2023 को होने वाले मतदान में भाग लेने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भंडारशिवनी की स्कूली छात्राओं द्वारा मानव श्रृखला बनाकर लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया। फरसगांव विकासखण्ड के मांझीआठगांव में युवोदय कोंडानार स्वयंसेवक सुकमन नेताम एवं अन्य स्वयंसेवकों द्वारा दीवारों पर स्लोगन एवं नारा लेखन द्वारा लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई अधिसूचना

मतदान के 48 घंटे पूर्व मौन अवधि के संबंध में दिशा निर्देश

दंतेवाड़ा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़, मध्य-प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान और तेलंगाना की विधान सभाओं के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई हैं।

इसके अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126क की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उक्त धारा की उप-धारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत, 7 नवम्बर, 2023 (मंगलवार) को पूर्वान्ह 7 बजे से 30 नवंबर 2023 (गुरुवार) को अपरान्ह 6. 30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित करता है जिसके दौरान साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार यह भी स्पष्ट किया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन उपर्युक्त साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। ऐसा कोई व्यक्ति, जो इस धारा के उपबंधों का उल्लंघन करेगा ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दंडनीय होगा।

जगदलपुर। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सुकमा में आयोजित आमसभा को संबोधित करने के लिए विशेष विमान से जगदलपुर पहुंचे। मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे में मल्लिकार्जुन खड़गे का आत्मीय स्वागत पीसीसी चीफ दीपक बैज और शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य ने किया।

डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए विद्या ज्योति स्कूल में सुविधा केन्द्र स्थापित

जगदलपुर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन दायित्व में सलंग्न अधिकारी-कर्मचारियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस दिशा में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार बस्तर जिले के मतदाताओं (बस्तर जिला एवं अन्य जिला में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य जैसे मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर एवं सुरक्षाकर्मियों सहित उड़नदस्ता दलों, स्थैतिक जांच दलों, वीडियो सर्वलांस दलों तथा इन दलों के ड्रायवर और मतदान दलों के परिवहन के लिए अधिग्रहित वाहनों के ड्राइवर, कंडक्टर व क्लीनर के रूप में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, वे अधिकारी-कर्मचारी और सुरक्षा बलों के जवान डाक मतपत्र के माध्यम से 03 नवम्बर से 04 नवम्बर 2023 तक विद्या ज्योति स्कूल जगदलपुर में स्थापित सुविधा केन्द्र पर प्रातः 10 बजे से सांयकाल 05 बजे तक मतदान कर सकेंगे। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र विद्या ज्योति स्कूल जगदलपुर के कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-003 में विधानसभा क्षेत्र 85 बस्तर, कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-004 में विधानसभा क्षेत्र 86 जगदलपुर, कक्ष क्रमांक भूतल बी 3-005 में विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट तथा कक्ष क्रमांक बी 3-009 में विधानसभा क्षेत्र 84 नारायणपुर के लिए मतदान किया जा सकता है।

मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर सहित माइक्रो ऑब्जर्वर व सुरक्षा कर्मी, ड्रायवर-क्लीनर कर सकेंगे मतदान

संपादकीय

चुनावी भीड़ : आमजन को न हो दिक्कत

9 सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 और 17 नवम्बर को होने वाले मतदान की गहमा-गहमी अब बढ़ चली है। अनेक बड़े नेता आ चुके हैं और कई आने वाले हैं। चुनाव हो रहे हैं तो यह स्वाभाविक ही है कि बाहरी नेता आएंगे और अपने प्रत्याशियों के लिये प्रचार करेंगे। स्टार प्रचारक कहे जाने वाले बड़े नेताओं के लिये भीड़ जुटाना स्वाभाविक है लेकिन प्रशासन, सम्बन्धित राजनीतिक दल एवं उम्मीदवारों को चाहिये कि वे सड़कों पर वातायात चुचारू बनाये रखें। विशेषकर स्कूलों एवं अस्पतालों के पास भीड़ न होने दें तथा वाहनों के काफिलों को रुकने न दें। आम जनता परेशान न हो, इसका खास ख्याल रखना होगा।

अब तक नामांकन पत्र भरने के लिये सियासी पार्टियां और उम्मीदवार बड़े-बड़े जुलूसों का आयोजन करते रहे हैं। साथ ही छोटी-बड़ी सभाएं भी आयोजित हो रही थीं। जब से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी, तकरीबन सभी जिलों में ऐसे भीड़ भरे आयोजन तभी से लगभग रोज ही देखने को मिल रहे थे। राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए जिला कार्यालय जाते थे। इसके लिये उनकी कोशिश रहती थी कि ज्यादा से ज्यादा लोग और वाहन रहें। वह दौर तो खत्म हो गया है परन्तु उससे होने वाले जाम से सबक लेकर आने वाले समय में होने वाली चुनावी भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। नामांकन के वक्त तो फिर भी जुलूसों में शामिल होने वालों की संख्या की एक सीमा भी होती है, लेकिन अब जो आम सभाएं होने जा रही हैं, उनसे ऐसे सभी शहरों की वातायात व्यवस्था ही नहीं, पूरा जीवन भी अस्त-व्यस्त हो सकता है जहां सभाएं होंगी।

कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, रविशंकर प्रसाद, हिमंता बिस्वा सरमा आदि के अलावा अनेक केन्द्रीय मंत्री एवं विभिन्न दलों के शीर्ष नेता छग के दौरे कर चुके हैं। चूंकि ये सारे स्टार प्रचारक हैं और महत्वपूर्ण ओहदों पर हैं, उनके आगमन एवं लौटने के दौरान ही नहीं बल्कि उनकी सभाओं में भारी भीड़ होती है। जिस शहर या कस्बे में उनकी उपस्थिति होती है वहां की वातायात व्यवस्था पूर्णतः धस्त हो जाती है। अब मोदी एवं शाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई स्टार प्रचारक आयेंगे। ऐसे में लोगों के दिक्कतें न हों इसके इंतज़ाम करने होंगे। ध्यान यह रहे कि उनके मार्ग व सभास्थल ऐसे तय हों कि किसी को कहीं फंसना न पड़े। प्रशासन के साथ राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की भी यह जिम्मेदारी है। राजधानी एवं हवाई अड्डा यहां होने से रायपुर को खास दिक्कत होती है क्योंकि बाहर से आने वाले सारे विशिष्टजन पहले यहीं उतरते हैं।

उल्टा पुल्टा

एक मकान पर मकान मालिक ने 'मकान खाली' का बोर्ड लगा रखा था। साथ ही यह भी लिख रखा था कि यह मकान उन लोगों को दिया जाएगा जिनके बाल बच्चे न हों।

एक दिन एक बच्चा मकान मालिक के पास आया और बोला, 'मेहरबानी करके यह मकान मुझे दे दीजिए, मेरा कोई बच्चा नहीं है केवल मां-बाप हैं।'

रविवि में मूल्यांकन में गड़बड़ी की शिकायत के बाद बदली व्यवस्था

अब बाहरी प्राध्यापक जांचेंगे कापियां

रायपुर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। रविवि में मूल्यांकन में गड़बड़ी की शिकायत के बाद बदली व्यवस्था रायपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की चल रही पूरक परीक्षाओं की कापियों का केंद्रीय मूल्यांकन शुरू कर दिया गया है। पहली बार पूरक परीक्षाओं की कापियों का विश्वविद्यालय केंद्रीय मूल्यांकन करवा रहा है। शिक्षकों की जांची हुई कापियों के बंडल से 20 से 25 कापियों को निकालकर रेंडमली चेक किया जाएगा। ताकि मूल्यांकन में होने वाली गड़बड़ी को भी पकड़ा जा सके। मूल्यांकन में लगातार गड़बड़ी की शिकायत के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने यह व्यवस्था बदली है। पूरक परीक्षा में इस बार लगभग 35 हजार छात्र-छात्राएं शामिल है। इन छात्रों की कापियां की जांच शुरू हो गई है। ताकि परीक्षा पूरी होने के बाद एक सप्ताह के अंदर परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जाएगा। जिससे छात्रों को अगली कक्षा की परीक्षाओं की तैयारी करने का समय मिल सके। विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं मार्च में शुरू होगी। इस लिहाज से छात्रों के पास वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए महज ढाई महीने मिलेंगे। पूरक परीक्षाओं में नया नियम लागू होने के कारण परीक्षा शुरू होने में देरी हुई है। हर वर्ष पूरक परीक्षा अगस्त-सितंबर महीने में हो जाती थी। अक्टूबर में परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जाता था। लेकिन इस वर्ष परीक्षाएं देरी से शुरू हो रही है। ज्यादा छात्र होने के कारण परीक्षाओं में भी समय लग रहा है। इस बार पूरक परीक्षाएं एक महीने से भी ज्यादा समय तक चल रही है।

नतीजों के बाद मूल्यांकन में उठते थे सवाल-विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष वार्षिक्ए सेमेस्टर और पूरक परीक्षाओं के परिणाम आने के बाद मूल्यांकन को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इस कारण से व्यवस्था बदली गई है। प्रयोग के तौर पर पिछले दिनों पीएचडी प्रवेश परीक्षा की कापियों का केंद्रीय मूल्यांकन करवाया गया। इसके तहत विश्वविद्यालय आकर ही शिक्षकों ने कापी जांची। इसी तरह अब पूरक परीक्षाओं की भी कापियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। अगले महीने शुरू हो रही एमए एमएससी एमकाम समेत अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाओं की कापियों का भी केंद्रीय मूल्यांकन कराया जाएगा। इससे समय की बचत भी होगीए साथ ही कापी जांचने में शिक्षक भी सावधानी बरतेंगे।

पैसे के चक्कर में शिक्षक कापी जांचने में करते थे जल्दबाजी-ज्यादा कापी जांचकर ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में शिक्षक कापी जांचने में गड़बड़ी करते थे। कापियों का बंडल घर ले जाने के कारण कई बार शिक्षक खुद कापी न जांचकर अपने रिसर्च स्कालर से भी कापी जंचवा लेते थे। जिससे गड़बड़ियां बहुत होती थी। केंद्रीय मूल्यांकन शुरू होने की वजह से शिक्षकों को विश्वविद्यालय आकर खुद कापी जांचनी होगी।

कापी जांचने का होता था ठेका

अभी तक पीआरएसयू की परीक्षाओं की कापियों का मूल्यांकन ठेके सिस्टम से होता रहा है। इसके तहत परीक्षा पूरी होने के बाद कापियों को अलग.अलग नोडल सेंटर में भेजा जाता था। सेंटर से भी कापियां जांचने के लिए दी जाती थी। पिछले कुछ वर्षों से कापी जांचने की लगातार गड़बड़ी की शिकायत सामने आ रही थी। इस वर्ष कुछ शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही भी की गई हैं।

छग में फिर से सरकार बनाएंगे : वेणुगोपाल

चुनावी तैयारी की समीक्षा करने अचानक पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव

रायपुर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आजकांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल अचानक रायपुर पहुंचे। उसके बाद कांग्रेस कोर कमेटी की बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शुरू हुई। बंद कमरे में विधानसभा चुनाव पर मंथन किया गया।

बताया जाता है कि दूसरे चरण की 70 सीटों पर चुनाव होना है उसको लेकर रायशुमारी की गई।कई जगहों पर टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर चुनाव लड़ रहे है।जिससे पार्टी प्रत्याशी को नुकसान हो सकता है। इसे देखते हुए बागी प्रत्याशियो को समझाइश देकर नाम वापसी के लिए कहा गया है।इसके लिए कुछ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।रायपुर उत्तर विधानसभा में अजीत कुकरेजा के बागी होने का मामला भी बैठक में उठा। पार्टी ने यहां से वर्तमान विधायक कुलदीप जुनेजा को फिर से प्रत्याशी बनाया है।

बैठक के बाद पत्रकारों को वेणुगोपाल ने बताया छग में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है।हम फिर से सरकार बनाएंगे।उन्होंने कहा आज चुनावी तैयारी की समीक्षा करने बैठक हुई।बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और कोर कमेटी के सदस्य उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया भी शामिल थे।

प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष का चुनाव 26 को

रायपुर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। ई डी की कार्यवाही के बाद प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने इस्तीफादे दिया है। इसके चलते 26 नवंबर को नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन कार्यसमिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। चुनाव अधिकारी दिलीप अग्रवाल रायपुर व सह चुनाव प्रभारी मोहन अग्रवाल अभनपुर को बनाय गया है। निवर्तमान अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के यहां पिछले दिनों ईडी ने दबिश दी थी उसके बाद पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। हालाकि इनका कार्यकाल भी खत्म हो गया था।

राइस मिलर्स एसोसिएशन कार्यसमिति की बैठक में तय किया गया कि अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की विधिवत अधिसूचना 3 नवंबर शुक्रवार को जारी की जाएगी। मतदान की तिथि 26 नवंबर रविवार को निश्चित की गई है।मतदाता सूची,चुनाव की विस्तृत जानकारी, नियम एवं प्रक्रियाएं संबंधी जानकारियां सदस्यों को प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के व्हाट्सएप ग्रुप में विधिवत जारी की जाएगी।

कार्य समिति के सदस्य अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।यह तय किया गया है की जो अध्यक्ष के निर्वाचन में प्रत्याशी बनना चाहते हैं वे 5 नवंबर तक कार्य समिति से अपना इस्तीफा दे दे। इसके लिए वे

कार्य समिति ग्रुप में व्हाट्सएप भेज कर या लिखित में इस्तीफा दे सकते हैं। इसके पश्चात कार्य समिति के सदस्यों को अध्यक्ष पद निर्वाचन हेतु अयोग्य माना जाएगा। राइस मिलर्स एसोसिएशन में अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। निर्वाचित अध्यक्ष ही अन्य पदाधिकारियो का मनोनयन करता है।

नौकरी से इस्तीफा देकर शिक्षक ने भरा नामांकन, फॉर्म निरस्त नौकरी भी गई

रायपुर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में एक शिक्षक ने अपने नौकरी से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र भरा था। लेकिन वह निरस्त हो गया।

जिससे चुनाव लड़ने का सपना अधूरा रह गया। साथ ही शिक्षक को नौकरी से भी हाथ धोना पड़ गया।यह पूरा मामला बलौदाबाजार जिले का है।

शिक्षक खेमराज साहू ने नौकरी से इस्तीफा देकर चुनाव लडने भाटापारा विधानसभा से नामांकन भरा था।प्रत्याशी खेमराज साहू का नामांकन जांच में पूर्ण दस्तावेज नहीं होने की वजह से फॉर्म निरस्त हो गया। जिससे उनके चुनाव लड़ने का सपना अधूरा रह गया।

वहीं खेमराज आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर शिकायत करने पहुंचे और शिक्षा विभाग पर आरोप लगाया कि समय पर शिक्षा विभाग ने प्रमाण पत्र नहीं दिया जिसकी वजह से नामांकन रद्द हुआ है।

भाटापारा विधानसभा से नामांकन भरने वाले प्रत्याशी खेमराज साहू ने बताया कि उन्होंने शिक्षक पद से 23-अक्टूबर को इस्तीफा दिया था। जान बूझकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में देरी की गई है। मैं कई बार अधिकारियों के पास गया, मुझे झूठा आश्वासन दिया गया।मैं अपनी ओर से सारा दस्तावेज प्रस्तुत किया लेकिन विभाग द्वारा जो दस्तावेज देना था वो नहीं दिया गया।रिटर्निंग ऑफिसर ने यही तर्क देते हुए मेरा नामांकन खरिज किया है। इसकी शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की गई है।

धान खरीदी में केंद्र सरकार की 80 फीसदी सहभागिता को जयराम रमेश ने माना : रमन

कहा- कांग्रेस में शेष बचे ऐसे सत्य वक्ता छत्तीसगढ़ दौरे पर आते रहें

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के झूठ की पोल उनके ही नेता खोल रहे हैं।

दरअसल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जयराम रमेश ने रायपुर में मीडिया से बात करते हुए एमएसपी के बारे में बताया जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि 80 प्रतिशत से ज्यादा पैसा किसानों को केंद्र सरकार देती है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की एमएसपी अगर 2200 रु है तो प्रदेश की कांग्रेस सरकार शेष राशि मात्र दे रही है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमेशा यह कहते रहते हैं कि

छत्तीसगढ़ के किसानों को धान खरीदी का पूरा पैसा राज्य सरकार देती है, केंद्र सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं होता।

ऐसे में जयराम रमेश के इस बयान ने प्रदेश के कांग्रेस सरकार की पोल खोल दी है इसे लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि पिछले 5 साल से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्र सरकार के कार्यों का श्रेय लेकर किसानों से झूठ बोल रहे है और उन्हें छलने का प्रयास कर रही है लेकिन चुनाव के ठीक पहले किसानों के सामने कांग्रेस के मुंह से सच निकल ही गया , मुझे लगता है कि अब किसी के मन में कोई संदेह नहीं रह गया, सब समझ गए कि प्रदेश में पिछले 5 साल से एक लबरा कितनी लबारी मार रहा है और झूठ बोलकर छत्तीसगढ़वासियों को धोखा दे रहा।ऽ

प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार पर एसएसपी अग्रवाल सख्त

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत तथा आदर्श आचार संहिता के परिपालन में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु किये जा रहे प्रयास के अनुक्रम में बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत अग्रवाल द्वारा सिविल लाईन स्थित सी/4 भवन में समस्त मोबाईल सेवा प्रदाता कंपनी (जियो, एयरटेल, वोडाफोन/आइडिया एवं बी.एस.एन.एल.) के नोडल अधिकारियों की बैठक ली गई। आहुत बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा द्वारा मोबाईल सेवा प्रदाता कंपनियों के नोडल अधिकारियों को विभिन्न प्रत्याशियों तथा राजनीतिक दलों द्वारा टेलीकॉम सर्विसेस को उपयोग में लाये जाने के दौरान उन्हें ध्यान में रखने तथा आदर्श आचार संहिता के परिपालन के तारतम्य में विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई एवं टेलीकॉम सर्विसेस प्रोवाईडर कंपनी का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में उनकी भूमिका के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। वर्तमान में आमजनों को चुनाव प्रचार हेतु बल्क मैसेज एवं रिकार्डेड कॉल के संबंध में उनसे जानकारी चाहा गया तथा बल्क मैसेजेस भेजने वाले व रिकार्डेड कॉल करने वालों को चिन्हांकित करने कहा गया। आदर्श आचार संहिता के परिपालन में वोटिंग के 48 घंटे के पूर्व किसी भी पार्टी या प्रत्याशी द्वारा भेजे जाने वाले बल्क मैसेजेस एवं रिकार्डेड कॉल के द्वारा किसी प्रकार से प्रचार प्रसार पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए निर्देशित किया गया। निर्वाचन के दौरान पुलिस द्वारा चाही गई जानकारी को यथासम्भव तत्काल उपलब्ध कराने भी निर्देशित किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पीताम्बर सिंह पटेल, उप पुलिस अधीक्षक अपराध दिनेश सिन्हा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से निरीक्षक गिरीश तिवारी, गौरव तिवारी एवं वीरेन्द्र चन्द्रा तथा चारों टेलीकॉम सर्विस प्रोवाईडर कंपनी के नोडल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

- एयरटेल, वोडाफोन और बीएसएनएल के नोडल अधिकारीयों की ली बैठक, दिए निर्देश

राज्य के 2457 शतायु मतदाता करेंगे मतदान

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य में दो चरणों में हो रहे विधानसभा निर्वाचन 2023 में प्रदेश के 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार 160 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दोनों ही चरणों में पुरूष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक हैं। पुरुष तथा महिला मतदाताओं के साथ ही तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) के 753 मतदाता विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

- 18-19 आयु वर्ग के सवा सात लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान
- रायपुर शहर उत्तर में हैं सबसे अधिक तृतीय लिंग के मतदाता
- 80 वर्ष से अधिक तथा दिव्यांग 6447 मतदाताओं ने दिखाई डाक मतपत्र में रूचि

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में रायपुर शहर उत्तर में सबसे अधिक 96 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इसी प्रकार रायपुर शहर के चारों विधानसभा क्षेत्रों रायपुर शहर उत्तर, रायपुर शहर पश्चिम, रायपुर शहर दक्षिण और रायपुर ग्रामीण को मिलाकर कुल 275 ट्रांसजेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

विधानसभा निर्वाचन 2023 में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 7 लाख 29 हजार 267 है, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उल्लेखनीय है कि कुल 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार 160 मतदाताओं में 1 करोड़ 1 लाख 35 हजार 561 पुरूष तथा 1करोड़ 2 लाख 56 हजार 846 महिला मतदाता हैं। प्रदेश के 2,457 ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने अपने जीवन के सौ वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और लोकतंत्र के पर्व की शुरूआत से अब तक के साक्षी हैं।

आयोग ने 80 वर्ष के अधिक उम्र तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर बैठे ही डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा प्रदान की है, जिसका लाभ उठाते हुए 6447 वृद्धि और दिव्यांग मतदाताओं ने डाक से मत देने का निर्णय लिया है। विधानसभा निर्वाचन 2023 में 19 हजार 907 सेवा मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। प्रवासी भारतीय मतदाताओं की संख्या 17 है।

प्रचार में भाजपा प्रत्याशी को बहाना पड़ रहा है पसीना

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में चुनाव का माहौल देखते ही बन रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों और मैदान में खड़े निर्दलीय उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी बीच रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा की चुनावी तैयारी चारों तरफ चर्चा का विषय बनी हुई है।

रायपुर उत्तर विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा के जनसंपर्क को क्रम लगातार

जोर पकड़ रहा है। उत्तर विधानसभा क्षेत्र की हर गली और मुहल्ले तक श्री मिश्रा पहुंच रहे हैं। लोगों से रु-ब-रु मुलाकात कर रहे हैं। दौरा और जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत बुधवार शाम को सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा ने भाजपा मंडल शंकर नगर इलाके के दुर्गा नगर, वार्ड-34 और लाल बहादुर वार्ड का सघन दौरा किया। यहां क्षेत्र के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं श्री मिश्रा ने यहां क्षेत्रवासियों के साथ चुनाव के मसले पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि, कमल छआप पर मुहर लगाकर भाजपा को भारी बहुमतों से विजयी बनाएं।

देश-विदेश के नामी1600 डॉक्टर जुटेंगे राजधानी में

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। मध्यभारत में पहली बार इतने भव्य स्तर पर एक इंटरनेशनल कांफ्रेंस होने जा रही है। अमासीकॉन 2023 में देश-विदेश के 1600 से अधिक डॉक्टर मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज में एकत्र होंगे। यहां वे नई तकनीक और एडवांस रोबोटिक सर्जरी के बारे में जानकारी साझा करेंगे।

एसोसिएशन ऑफ मिनिमल एक्सेस सर्जन ऑफ इंडिया (अमासी) के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी और बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ देवेंद्र नायक ने बताया कि इसमें विशेष रूप से आमासीकॉन के फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ सी. पलानीवेल्लू, प्रेसिडेंट अमासीकॉन डॉ वर्गीसी सीजे और डॉ रमेश अर्थनारी समेत अन्य विशेष रूप से रहेंगे। इस इंटरनेशनल

कांफ्रेंस में करीब 150 मरीजों की निःशुल्क सर्जरी हॉस्पिटल में इन सर्जन के द्वारा की जाएगी।

इसके लिए मरीजों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो चुका है। ये कांफ्रेंस 2 से 5 नवंबर तक होगा और 3 और 4 नवंबर को मरीजों की सर्जरी होगी।कांफ्रेंस छत्तीसगढ़ सर्जन्स एसोसिएशन और श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। इसके लिए अस्पताल में 10 ऑपरेशन थिएटर तैयार किए गए है जहां लगभग 12 घंटे तक लगातार सर्जरी चलती रहेगी।इसके अलावा रोबोटिक सर्जरी की नई तकनीक के बारे में भी जानकारियां साझा की जाएगी।

कैडेवर पर भी होगी 6-7 सर्जरी

डॉ देवेंद्र नायक ने बताया कि कैडेवर पर भी 6-7 अलग-अलग प्रकार की सर्जरी प्लान की गई है।इसमें एक साथ 9-10 हॉल में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक कांफ्रेंस हॉल में डॉक्टरों के लेक्चर आयोजित होंगे।

इसके अलावा एफ मास की डिग्री भी 350 डॉक्टरों को इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में प्रदान की जाएगी।

कौन-कौन सी सर्जरी होगी लाईव

मोटापा कम करने की सर्जरी, हार्निया की सामान्य व जटिल सर्जरी, लिवर, पैंक्रियास, पित की नली, स्प्लीन की सर्जरी, हाइटस हार्निया, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफलक्स रोग, एड्रेनल ग्लैंड की सर्जरी, कोलोरेक्टल सर्जरी, कैंसर सर्जरी, आहर नाल का कैंसर, अमाशय का कैंसर, मल द्वार का कैंसर, लिवर, पैंक्रियास, गॉलब्लेडर का कैंसर. इसके अलावा स्त्री रोग विभाग के अंतर्गत गर्भाशय, फाइब्रॉएड, ओवेरियन सिस्ट, गर्भाशय, ओवरी का कैंसर के साथ-साथ सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी।

राहुल गांधी 4 को आएंगे जगदलपुर

रायपुर, 1 नवंबर। विधानसभा चुनाव 2023 के चुनावी प्रचार-प्रसार में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी 4 नवंबर को जगदलपुर में आयोजित आमसभा को संबोधित करने के लिए आ रहे है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को कार्यक्रम समन्वयक नियुक्त किया है।

एनआईटी रायपुर में इंडस्ट्री-इंस्टिट्यूट इंटरेक्शन पर राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आगाज

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। उद्योग-संस्थान इंटरेक्शन 2023 पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का चौथा संस्करण आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर में शुरू हो गया है। 1 नवंबर को शुरू हुआ यह कार्यक्रम एक प्रेरक राष्ट्रीय गीत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ, जिसने उद्योग और शिक्षा जगत के बीच एकता और सहयोग का स्वर स्थापित किया।

यह कार्यक्रम शिक्षा और उद्योग के क्षेत्रों के बीच सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है, जो आपसी विकास और प्रगति के एक सामान्य मिशन द्वारा संचालित होता है जिससे कुल मिलाकर राष्ट्रीय प्रगति होती है।

उद्घाटन सत्र में शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं, जिसमें एनआईटी रायपुर के उद्योग संस्थान सहयोग सेल की अध्यक्ष डॉ. शोभा लता सिन्हा ने उपस्थित प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एन वी रमना राव ने औद्योगिक परिदृश्य में शिक्षा जगत की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डालते हुए एक भावपूर्ण भाषण दिया। डॉ. राव ने संकाय सदस्यों के बीच उद्यमशीलता संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया, उन्हें नए विचारों वाले उद्योगों के लिए निवेशकों की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

भिलाई स्टील प्लांट भिलाई के प्रबंध निदेशक पवन कुमार ने अकादमिक शोधकर्ताओं के बीच एक आदर्श बदलाव की वकालत करते हुए बातचीत में अपना दृष्टिकोण जोड़ा। उन्होंने शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग की शक्ति पर जोर देते हुए शोधकर्ताओं से अपनी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से निवेश की मांग करने के लिए अनुदान या अनुसंधान निधि मांगने से आगे बढ़ने का आग्रह किया।

एनआईटी रायपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष, डॉ. सुरेश हावरे ने शक्ति गतिशीलता के विकास पर एक दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य पेश किया, जिसमें सदियों पुरानी कहावत च््ज्ञान ही शक्ति हैज्ञ से लेकर समकालीन अनुभूति च््टेटा ही शक्ति हैज्ञ में परिवर्तन पर ध्यान दिया गया। शक्ति च्ज डॉ. हावरे ने नवाचार और प्रगति को आगे बढ़ाने में मानव संसाधनों के महत्व को स्वीकार करते हुए एक ऐसे भविष्य की रूपरेखा तैयार की, जहां च्प्रशिक्षित और कुशल जनशक्ति ही शक्ति हैज्ञ।

चर्चा को और समृद्ध करते हुए, जीईसी-एनआईटी पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष श्री उमेश चितलांगिया ने उस अमूल्य समर्थन के बारे में प्रकाश डाला जो छात्र उन पूर्व छात्रों से प्राप्त कर सकते हैं जिन्होंने विभिन्न उद्योगों, सेवा क्षेत्र और कार्यकारी भूमिकाओं में सफलता पाई है।

कॉन्क्लेव का प्रारंभिक आकर्षण एक पैनल चर्चा थी, जिसमें शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र के दिग्गजों को शामिल किया गया था। डॉ. प्रभात कुमार दीवान, डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी द्वारा कुशलतापूर्वक संचालित पैनल, च्उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सहयोगज के महत्वपूर्ण विषय के इर्द-गिर्द घूमता रहा। पैनलिस्टों ने गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसमें प्रोफेसर राजीव प्रकाश, निदेशक आईआईटी भिलाई ने मौलिक और व्यावहारिक अनुसंधान दोनों की अनिवार्य आवश्यकता पर जोर दिया। आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रोफेसर राम कुमार काकानी ने औद्योगिक आवश्यकताओं की उचित बुद्धिमत्ता और संवेदनशीलता पर जोर दिया। प्रोफेसर प्रकाश. सीसीओएसटी के अध्यक्ष श्री एस.एस. बजाज ने बताया कि सरकार जनशक्ति की तैयार करने के लिए सबसे बड़ा उद्योग है और विभिन्न क्षेत्रों में समस्या की उचित पहचान सहयोग के लिए सेतु बन सकती है। सीआईआईआई के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ अग्रवाल ने उद्योग में अनुकूलन के लिए छात्रों की मानसिकता में बदलाव की ओर इशारा किया। श्री पंकज सारडा, संयुक्त प्रबंध निदेशक, सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स, रायपुर ने अद्भुत व्यावहारिक ज्ञान, उचित नौकरी विवरण और उचित प्रशिक्षण पर जोर दिया। श्री मेघल अग्रवाल, संस्थापक और सीईओ, कोडनाइसी ने स्टार्टअप और उत्पादकता और उद्योगों के लिए छात्रों के जुनून पर ध्यान केंद्रित किया।

दूसरे पैनल चर्चा में, जिसका शीर्षक था सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए संसाधन सृजनज, प्रतिष्ठित पैनलिस्टों ने संसाधन जुटाने और सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए रास्ते तलाशे। पूर्व छात्र संघ जीईसी-एनआईटी रायपुर के अध्यक्ष श्री उमेश चितलांगिया ने प्रदूषण की समस्या पर प्रकाश डाला और कचरे के उपयोग पर जोर दिया। श्री सचिन सक्सेना, टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक। लिमिटेड ने दोनों के बीच विश्वास की कमी की ओर इशारा किया और टिकाऊ अनुसंधान के लिए निरंतर बातचीत पर जोर दिया। सीजीएसपीजी, रायपुर की महाप्रबंधक (वित्त) श्रीमती नंदनी भट्टाचार्य ने बिजली उत्पादन और उसके पारेषण से संबंधित समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। एनएसपीसीएल, भिलाई के अपर महाप्रबंधक श्री मनोज कुमार ने थर्मल पावर प्लांट की समस्याओं पर प्रकाश डाला। डॉ. समीर बाजपेयी और डॉ. सुभाशीष सान्याल ने उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करने के लिए एक नीति ढांचे और तंत्र के आह्वान के साथ निष्कर्ष निकाला।

अंतिम सत्र में उन सभी उद्योगों के कामकाज और उत्पादन से संबंधित वृत्तचित्रों का प्रदर्शन शामिल रहा, जिसमें विभिन्न संस्थानों जिनमें रमेश एयरोस्पेस प्रोडक्ट्स सर्विसेज (आरएपीएस) हैदराबाद, इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोनॉटिकल रिसर्च एंड इंजीनियरिंग (आईएआरई) हैदराबाद, छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, (सीजीसीओएसटी) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद, टेक्नो ब्लास्ट माइनिंग कॉर्पोरेशन (टीएमसी) मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, हीरा रूप (गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड), आदित्य एनवायरोनेट (एई) और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च शमिल रहे।

पहले दिन की समापन टिप्पणी डॉ. शोभा लता सिन्हा ने दी, जिसमें प्रत्येक वक्ता द्वारा दिए गए मुख्य बिंदुओं का उल्लेख किया गया।

प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष का चुनाव 26 को

रायपुर, 1 नवंबर। ईडी की कार्यवाही के बाद प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है। इसके चलते 26 नवंबर को नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन कार्यसमिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। चुनाव अधिकारी दिलीप अग्रवाल रायपुर व सह चुनाव प्रभारी मोहन अग्रवाल अभनपुर को बनाय गया है। निवर्तमान अध्यक्ष,कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के यहां पिछले दिनों ईडी ने दबिश दी थी उसके बाद पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। हालांकि इनका कार्यकाल भी खत्म हो गया था। राइस मिलर्स एसोसिएशन कार्यसमिति की बैठक में तय किया गया कि अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की विधिवत अधिसूचना 3 नवंबर शुक्रवार को जारी की जाएगी। मतदान की तिथि 26 नवंबर रविवार को निश्चित की गई है ।मतदाता सूची,चुनाव की विस्तृत जानकारी, नियम एवं प्रक्रियाएं संबंधी जानकारियां सदस्यों को प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिशन के व्हाट्सएप ग्रुप में विधिवत जारी की जाएगी। कार्य समिति के सदस्य अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे ।यह तय किया गया है को जो अध्यक्ष के निर्वाचन में प्रत्याशी बनना चाहते हैं वे 5 नवंबर तक कार्य समिति से अपना इस्तीफा दे दे। इसके लिए वे कार्य समिति ग्रुप में व्हाट्सएप भेज कर या लिखित में इस्तीफा दे सकते हैं। इसके पश्चात कार्य समिति के सदस्यों को अध्यक्ष पद निर्वाचन हेतु अयोग्य माना जाएगा। राइस मिलर्स एसोसिएशन में अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। निर्वाचित अध्यक्ष ही अन्य पदाधिकारियो का मनोनयन करता है।

कांग्रेस सरकार के कार्य को लेकर हमें जनता के बीच जाना है : पंकज शर्मा

बिरगांव में रायपुर ग्रामीण कांग्रेस के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत नगर निगम बिरगांव के शहनाई पैलेस में कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर आज विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं कांग्रेस प्रत्याशी पंकज शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद थे ।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पंकज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा पिछले 5 वर्षों में जो कार्य किए गए हैं। उसे लेकर हमें जनता के बीच जाना है कांग्रेस सरकार द्वारा किसान, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ विभिन्न सैकड़ो योजनाएं लाई गई जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत नए कॉलेज,आत्मानंद स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,सड़क, नाली ,बिजली के महत्वपूर्ण काम हुए हैं जो जनता के रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा घरों तक वह पहुंचे और कांग्रेस की रीति नीति के साथ 5 साल में किए गए कार्यों की उन्हें जानकारी दें निश्चित तौर पर मतदाता अपना आशीर्वाद कांग्रेस को देगी और भारी बहुमत से विजय बनाएगी ।इसके साथ ही पंकज शर्मा ने आज विभिन्न स्थान पर जनसंपर्क भी किया जिसमें न्यू गोंदवारा, अशोक विहार, गोगांव आदि शामिल है आपको बता दे की जनसंपर्क के दरमियान पंकज शर्मा को लोगों का काफी प्यार मिल रहा है लोग खुद चलकर उनसे मिलने आ रहे हैं और उन्हें अपना आशीर्वाद दे रहे हैं।

शेखर पटेल, मनोज वर्मा, राजेश साहू ने साथियों के साथ किया कांग्रेस प्रवेश

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। दलदल सिवनी निवासी पटेल समाज के कद्दावर नेता शेखर पटेल एवं गोगांव से भाजपा के मंडल सदस्य मनोज वर्मा और राजेश साहू ने अपने साथियों के साथ आज रायपुर ग्रामीण कांग्रेस के प्रत्याशी पंकज शर्मा के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया है ।ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं पंकज शर्मा के कार्यों से प्रभावित होकर पटेल समाज के दलदल सिवनी निवासी श्री शेखर पटेल (अध्यक्ष पटेल समाज, दलदल सिवनी) ने अपने सैकडों साथियों के साथ कांग्रेस प्रवेश किया है। जिसमें दलदल सिवनी से श्री शेखर पटेल, कामता प्रसाद साहू, प्रेमचंद सिन्हा, गुड्डू साहू, विजय पटेल आदि शामिल थे।

रंजीत रंजन 3 व 4 को राजनांदगांव व कोण्डागांव में करेंगे जनसंपर्क

रायपुर, 1 नवंबर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं स्टार प्रचारक व राज्यसभा सांसद श्रीमती रंजीत रंजन 3 नवंबर को राजनांदगांव व 4 नवम्बर कोण्डागांव में चुनाव प्रचार करेंगे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की ओर से जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार रंजन तीन नवंबर को सुबह 11 बजे राजधानी रायपुर से राजनांदगांव के लिये रवाना होंगे। राजनांदगांव आगमन एवं दरगाह में मुस्लिम समाज के साथ बैठक में भाग लेंगे। राजनांदगांव गुरुद्वारा में सिख समाज के साथ बैठक भेंट चर्चा। टेडेसरा (राजनांदगांव ग्रामीण) जनसपर्क कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके बाद राजनांदगांव से रायपुर के लिये रवाना होंगे। 4 नवम्बर को सुबह 8 बजे रायपुर से कोण्डागांव के लिये प्रस्थान करेंगे जहां तहसील पारा में आयोजित नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लेंगी। केशकाल में रोड शो एवं सभा को संबोधित करेंगे। केशकाल से रायपुर के लिये प्रस्थान । रात्रि विश्राम रायपुर में करेंगे।

लोककल्याण हैं जरुरी, लेकिन नक्सलवाद को नहीं किया जा सकता खत्म : टंडन

नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयास और पुलिस प्रशासन की भूमिका और वर्तमान परिदृश्य पुस्तक का हुआ विमोचन

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में द्वितीय कमान अधिकारी डा. विनोद कुमार टंडन ने अपने द्वारा लिखे नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयास और इस पर पुलिस प्रशासन की भूमिका और वर्तमान परिदृश्य पुस्तक का आज प्रेस क्लब में विमोचन किया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में 1967 की विजयी गाथा से लेकर छत्तीसगढ़ के नक्सलगढ़ में 7 मई 2023 को अरणपुर में हुई घटना का जिक्र किया गया।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी वहां कब्जा कर अलग देश की मांग करते हुए आए दिन कश्मीर के रहने वाले भाई-बहनों पर हमला कर रहे हैं और दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में नक्सली व्यवस्था परिवर्तन की मांग को लेकर ग्रामीणों व जवानों पर हमला कर रहे है। नक्सलवाद को छत्तीसगढ़ से कभी खत्म नहीं किया जा सकता है लेकिन कुछ हद तक रोका जरुर जा सकता है, इसके लिए राज्य सरकार, जिला प्रशासन के साथ ही आम जनता को भी कुछ कड़े कदम उठाने होंगे। राज्य सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं को वहां रहने वाले निवासियों तक अगर पहुंचाने में कामयाब हो जाएंगे तो नक्सली घटनाएं कुछ हद तक जरुर कम हो जाएगा। नक्सली वे लोग बनते हैं जिनके पास राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं नहीं पहुंच पाती हैं और वे निराश और हताश होकर माओवादियों के शरण में चले जाते है और वहीं से वे ट्रेनिंग लेकर नक्सली बनते हैं।

पुस्तक में नक्सल प्रभावित क्षेत्र के जमीनी हालात के बारे में बताया हैं जिससे की पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बल को वहा पर के जमीन हालात की जानकारी भी प्राप्त हो सकती है और वहां पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बल को अपनी ड्यूटी पूर्ण करने में काफी मदद मिलेगी। यह पुस्तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के रहवासियों के लिए भी लाभप्रद है क्योंकि राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तारपूर्वक बताया गया है।

कांग्रेस समर्थन में गाए चुनावी गाने बंद करने गोरेलाल बर्मन ने दीपक बैज को लिखा पत्र

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पामगढ़ विधानसभा के जनता कांग्रेस प्रत्याशी गोरेलाल बर्मन ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने कांग्रेस के लिए गाए हुए गाना को बंद करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखा है। कांग्रेस पार्टी में रहते हुए गोरेलाल बर्मन ने कांग्रेस के लिए निशुल्क गाना गाया था ।पूरे प्रदेश में गोरेलाल बर्मन के चुनावी गाने बज रहे हैं।

गोरेलाल बर्मन लोक गायन के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में फेमस हैं ।उन्होंने सभी 90 विधानसभा में 2 नवंबर तक उनका कांग्रेस के लिए गाया प्रचार गाना बंद नहीं होने पर न्यायालय में शिकायत करने की बात कही है। प्रदेश में 7 नवंबर को पहले चरण का मतदान होना है। वहीं 17 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होगा। वहीं, 3 दिसंबर को मतगणना होगी ।पामगढ़ से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के गोरेलाल बर्मन ने पार्टी से इस्तीफा देकर जनता कांग्रेस में प्रवेश किया है। गोरेलाल बर्मन 2008 और 2018 में कांग्रेस से पामगढ़ में चुनाव लड़ चुके हैं ।पूरे प्रदेश में गोरेलाल बर्मन के चुनावी गाने बज रहे हैं।

गोरेलाल बर्मन ने कहा, मैंने अपने 20 साल कांग्रेस को दिया, लेकिन, मुझे टिकट नहीं मिली। कांग्रेस ने बाहरी को प्रत्याशी बनाया। मैं कांग्रेस और बहुजन प्रत्याशी को हराऊंगा और वहां पर जीतूंगा। पामगढ़ विधानसभा सीट के लिए कांग्रेस से महिला प्रत्याशी शेषराज हरबंश को टिकट दिया है ।शेषराज हरबंश पहले भी इस विधानसभा से चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कामयाबी नहीं मिली है।

निधन

सुरजौतिन बाई साहू

अमेरा/बलौदाबाजार, 1 नवंबर। ग्राम कोसमदेनिवासी सुरजौतिन बाई साहू का निधन गत दिनों हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे पतिराम, रामकुमार, पवनकुमार साहू की माता थी।

कुंती बाई साहू

पेलारी, 1 नवंबर। ग्राम -दतान (घ.) निवासी कुंती बाई साहू का आकस्मिक निधन हो गया है जिनका काठी अंतिम संस्कार का कार्यक्रम गृहग्राम में किया गया। वे वासुदेव साहू की धर्मपत्नी व नरोत्तम, पुरुषोत्तम साहू के माता थी। शोक व्यक्त करने वाले में ढेलूराम, राधेश्याम,भोलाराम पुत्र साहू, परिवार सहित ग्रामीण साहू समाज, बहुत संख्या में ग्रामीण जन शामिल थे।

सुरेश कुमार गुप्ता

डोंगरगांव, 1 नवंबर। ग्राम आतर गांव निवासी सुरेश कुमार गुप्ता पिता दिनेश कुमार गुप्ता 27 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगाकर मंगलवार को आत्महत्या कर ली मृतक सुरेश कुमार गुप्ता तीन भाई थे जिनमें वह सबसे छोटा था मृतक के मां का दो माह पहले ही देहांत हुआ था उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिनमें परिजनों के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

नौकरी से इस्तीफा देकर शिक्षक ने भरा नामांकन, फॉर्म निरस्त नौकरी भी गई

रायपुर, 1 नवंबर। विधानसभा चुनाव में एक शिक्षक ने अपने नौकरी से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र भरा था। लेकिन वह निरस्त हो गया। जिससे चुनाव लड़ने का सपना अधूरा रह गया। साथ ही शिक्षक को नौकरी से भी हाथ धोना पड़ गया ।यह पूरा मामला बलौदाबाजार जिले का है।

शिक्षक खेमराज साहू ने नौकरी से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने भाटापारा विधानसभा से नामांकन भरा था ।प्रत्याशी खेमराज साहू का नामांकन जांच में पूर्ण दस्तावेज नहीं होने की वजह से फॉर्म निरस्त हो गया। जिससे उनके चुनाव लड़ने का सपना अधूरा रह गया।

वहीं खेमराज आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर शिकायत करने पहुंचे और शिक्षा विभाग पर आरोप लगाया कि समय पर शिक्षा विभाग ने प्रमाण पत्र नहीं दिया जिसकी वजह से नामांकन रद्द हुआ है। भाटापारा विधानसभा से नामांकन भरने वाले प्रत्याशी खेमराज साहू ने बताया कि उन्होंने शिक्षक पद से 23-अक्टूबर को इस्तीफा दिया था। जान बूझकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में देरी की गई है। मैं कई बार अधिकारियों के पास गया,मुझे झूठा आश्वासन दिया गया ।मैं अपनी ओर से सारा दस्तावेज प्रस्तुत किया लेकिन विभाग द्वारा जो दस्तावेज देना था वो नहीं दिया गया ।रिटर्निंग ऑफिसर ने यही तर्क देते हुए मेरा नामांकन खरिज किया है। इसकी शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की गई है।

भाजपा सरकार धर्मांतरण पर रोक लगाएगी : सतपाल महाराज

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मगुरु और उत्तराखंड के मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में घोटाले-ही-घोटाले किए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को 2 लाख करोड़ रुपए दिए लेकिन कांग्रेस ने जनता तक पहुँचने नहीं दिए। श्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य बनने के बाद 3 साल कांग्रेस की सरकार का कुशासन रहा, और फिर 15 साल भाजपा को अवसर मिला तो विकास के कई कार्य भाजपा की सरकार ने किया और फिर से कांग्रेस को 5 साल जब अवसर मिला तो उसने छत्तीसगढ़ का पूरा खजाना लूटकर गांधी परिवार भेजने का काम किया। यहां के लोगों का हक मारने का काम किया।

भाजपा नेता और उत्तराखंड के मंत्री सतपाल महाराज ने छत्तीसगढ़ में भाजपा को विजयी बनाकर यहां डबल इंजन की सरकार बनाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार न होने से छत्तीसगढ़ को बड़ा नुकसान हुआ है केंद्र का दिया पैसा कांग्रेस ने छत्तीसगढ़वासियों तक नही पहुंचने दिया। श्री सतपाल महाराज ने छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति लगभग 10 हजार साल पुरानी है। उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के बड़े आत्मीय संबंधों की चर्चा करते हुए सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड के बद्रीनाथ में भगवान विष्णु का मंदिर और छत्तीसगढ़ के शिवरीनीरायण का मंदिर भगवान विष्णु की पूजास्थली है। भविष्य में हम छत्तीसगढ़. उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश को रामायण और महाभारत सर्किट के रूप में आगे बढ़ाएंगे। इस पर उत्तराखंड का पर्यटन मंत्रालय काम कर रहा है।

भाजपा नेता व उत्तराखंड के मंत्री सतपाल महाराज ने धर्मांतरण होना दुःखद है। सभी को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार होना चाहिए। लेकिन, कांग्रेस सरकार ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं की। गरीबों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। यदि यह दुष्चक्र चलता रहा तो वंचित और आदिवासी समुदाय अपने आस्था केंद्रों और संस्कृति की रक्षा कैसे कर पाएगा? भाजपा धर्मांतरण पर रोक लगाएगी। छत्तीसगढ़ में जिस तरह धर्मांतरण हो रहा है, बहुसंख्यक समुदाय की आस्था पर हमले हो रहे हैं, आततायी तांडव कर रहे हैं, संस्कृति रक्षकों की हत्या हो रही है, सनातन धर्म के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, वह अकारण नहीं है। इसके पीछे गहरी साजिश है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा सनातन संस्कृति पर किए जा रहे लगातार हमलों पर श्री सतपाल महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति पर आक्रमण पहले भी हुआ। अब भी हो रहा है। लेकिन न अतीत में सनातनी डिगा, न आज वह डिग सकता।

पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

चांद देख खोला व्रत

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पति के दीर्घायु के लिए आज बुधवार को सुहागिन महिलाएं पूरे दिन करवाचौथ का निर्जला व्रत रखा। दोपहर में करवाचौथ की कथा और रात्रि में पूजन के पश्चात छलनी से चंद्रमा को देखऔर अर्घ्य देकर पति के हाथों जल ग्रहण करके व्रत का पारणा किया। इससे पहले दिनभर बाजार में उल्लास छाया रहा। पूजन सामग्री और मिट्टी का करवा कलश श्रृंगार सामग्री की खूब खरीदारी की गई। हाथों में मेहंदी रचाने के लिए नवविवाहिताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।मेहंदी लगाने सुहागिनों की इतनी भीड़ लगी रही कि बैजनाथपारा में सड़क पर पंडाल लगाना पड़ा।सुहागिनों ने व्रत रखने से पहले रात्रि में ही फल मिठाई और मेवों का सेवन करके सरगी खाने की परंपरा निभाई। सराफ संस्थानों में चांदी के सिक्के भी हर उत्सव के अनुसार आए हुए हैं।

करवाचौथ के लिए लाइटवेट ज्वेलरी: आज सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार करवाचौथ है। महिलाएं इस दिन पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। पति भी करवाचौथ के दिन पत्नी को स्पेशल उपहार देकर खास बनाया किसी ने नेकलेस सेट तो किसी ने चैन सेट, कंगन, टाप्स, झुमका अदि भेटं किया

इसलिए देखती हैं छलनी से चांद: करवा चौथ की कथा के अनुसार सात भाइयों की बहन ने व्रत रखा। भूखे रहने पर भाइयों से अपनी बहन की दशा देखी नहीं गई। एक भाई ने छलनी की ओट में दीप प्रज्वलित कर कहा कि चांद निकल आया। बहन ने व्रत तोड़ दिया। बाद में जब बहन को पता चला कि भाइयों से उसकी दशा नहीं देखी गई इसलिए बहन को भूख से बचाने के लिए भाइयों ने छल से छलनी की ओट में दीप जलाकर चंद्रमा दिखवाने का नाटक किया था। इससे बहन दुखी हो गई। बहन ने पूरे साल चतुर्थी का व्रत रखा। करवा चौथ पर अपने हाथ में छलनी लेकर चांद के दर्शन किए। इसके बाद से छलनी से चांद देखने की परंपरा शुरू हुई।

करवा चौथ पर सुहाग सामग्री का दान: ज्योतिषाचार्य डा दत्तात्रेय होस्केरे के अनुसार करवा कलश में चावल उड़द दाल सुहाग सामग्री भरकर सास के चरण छूकर सास को अथवा किसी बुजुर्ग महिला को अथवा ब्राह्मण को दान किया। दान में सफेद वस्तुओं का दान नहीं करना चाहिए।साथ ही सुहागिनें कैंची चाकू का उपयोग न करें।

विवेकांनद उत्कर्ष परिषद ने मनाया करवा चौथ

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी करवा चौथ पर्व सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद ने उत्साहपूर्वक मनाया। आयोजन में प्रमुख रूप से दीप्ति दुबे, बेबी डिम्पी, कविता तिवारी, रजनी तिवारी, बीना तिवारी, नीलू शर्मा, रश्मि शर्मा, प्रियम्दा सिंह, ममता साहू, चमेली कौर, किरण शर्मा, आदि महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी एवं मंगल कामना की।

250 से ज्यादा महिलाएं से अधिक ने सामूहिम पूजा की राजधानी के जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन में करवा चौथ के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।यहां एक साथ 250 से ज्यादा सुहागिनें सामूहिक रूप से पूजा किया। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के प्रवक्ता जवाहर खन्ना ने बताया कि सभा के अध्यक्ष सुनील डोगर के मार्गदर्शन में भव्य आयोजन किया गया था। सनातन महिला मंडल एवं यूथ महिला विंग के नेतृत्व में जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन में 250 से ज्यादा सुहागिनें सामूहिक रूप से पूजा किया सुहागिनों के मनोरंजन के लिए विविध तरह के खेलों का आयोजन किये गए थे । पूजा पश्चात् चीन आफकरवा चौथ दिवा आफ्हरा ;50 वां करवा चौथ आदि केटेगरी में सोने और चांदी का सिक्का पुरस्कार में दिया गया।

गणपति बेटिंग एप में आईडी लेकर सट्टा संचालित, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जुआ एवं सट्टा पर पूर्ण रूपेण अंकुश लगाने निर्देशित किया गया है एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत गायत्री ज्वेलर्स के सामने एक व्यक्ति आईपडीण् लेकर मोबाईल फोन से सट्टा का संचालन कर रहा है। जिस पर थाना प्रभारी मंदिर हसौद को सटोरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनित तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम जगदीश सोनी निवासी मंदिर हसौद रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा मोबाईल फोन में गणपति नाम एप्लिकेशन में आई.डी. लेकर सट्टा संचालित करना पाया गया। जिस पर आरोपी जगदीश सोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 01 नग मोबाईल फोन कीमती लगभग 8,000रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 07;1का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

15 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर की गंज थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा के पास से एक अंतराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 15 किलो गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ओडिशा का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को थाना गंज पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा के पास गेट नंण् 2 में एक व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर थाना गंज पुलिस की टीम ने उक्त व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम भीमा नाईक निवासी ओडिशा बताया। उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर उसमे से गांजा बरामद हुआ। आरोपी भीमा नाईक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 किलो 300 ग्राम गांजा कीमती लगभग 1,50,600 रूपये जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

छापेमारी में 52 लीटर शराब जब्त 29 लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। आचार संहिता लागू होने के बाद से आबकारी विभाग की टीम जिले में शराब की अवैध खरीद-बिक्री तस्करी को रोकने मुस्तैद है। इसी क्रम में सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे के निर्देश पर कलेक्टर डाण् सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के दिशा.निर्देश में आबकारी उपायुक्त आबकारी मंत्रुश्री कसेर दल बल के साथ शराब की तस्करी रोकने अलर्ट हैं। मंगलवार को आबकारी अमले ने जिले के 30 स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर 52.315 लीटर शराब जब्त कर मामले में 29 लोगों के खिलाफआबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है। जिला आबकारी की टीम ने खमतराई निवासी उमाकांता सामंता के कब्जे से टीम ने ब्लेकलेबल व्हिस्कीए ब्लेक एंड वाइटए आरसी अमेरिकन प्राइडए मेकडावल नंबर वन ब्लेंडर प्राइड रेड लेबल की कुल 13 बोतल अंग्रेजी शराब और छह बोतल बडवाइजर मेग्नम बीयर 10 बोतल हैवर्डस 5000 बीयर 20 केन बडवाइजर मेग्नम बीयर जब्त किया। जबकि लालपुर निवासी भुनेश्वर सेन से 25 पाव देशी मदिरा मसाला मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एम 7253 में ले जाते हुए पकड़ा गया। ग्राम पवनी निवासी सुग्रीव वर्मा के कब्जे से 24 पाव देशी मदिरा मसाला मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केबी 2721 में अवैध मदिरा परिवहन करते पकड़ा। ग्राम नरदहा निवासी दयाराम बांधे से 25 पाव देशी मदिरा मसाला,मानाबस्ती निवासी दाऊ निषाद से चार बोतल रेड लेबल बरामद किया गया। इस छापामार कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफखान,टेक बहादुर कर्रेंग दीपक ठाकुर एवं आबकारी उप निरीक्षकगण नीलम स्वर्णकार, कौशल सोनी, प्रकाश देशमुख उपस्थित थे।

सुपारी देकर करवाया जानलेवा हमला, छह गिरफ्तार

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। डीडी नगर थाना क्षेत्र में बैंककर्मी पर जानलेवा हमला करने वाले और साजिश रचने वाले छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बैंककर्मी लोन की रकम चुकाने के लिए आरोपी को फोन करता था। इससे नाराज होकर उसने नाबालिग सहित अन्य साथियों के साथ मिलकर हमला करने की योजना बनाई। सुपारी देकर आरोपियों को वारदात करने कहा गया। पुलिस ने तीन नाबालिग सहित आरोपी मनीष कुमार अग्रवाल कीर्तन नायक और सल्लू बघेल को गिरफ्तार किया गया। प्रार्थी शुभम अग्रवाल ने थाना डीडी नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सुभाषनी परिसर सुंदर नगर में रहता है। तात्यापारा स्थित बैंक आफइंडिया में नौकरी करता है। 27 अक्टूबर को बैंक से वापस आ रहा था। करीबन 07.30 बजे शाम को आटो से अपने घर सुंदर नगर जा रहा था। घर के पास आटो से उतरकर एटीएम से पैसा निकालकर घर जा रहा था। इसी दौरान तीन युवक प्रार्थी से गाली.गलौज करते हुए चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेजों का अवलोकन करते हुए अज्ञात आरोपितों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपित की पतासाजी करते हुए घटना में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत तीन नाबालिगों को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की गई।

बैंककर्मी लोन की रकम चुकाने करता था फोन

मारपीट कर चाकू से किया था जानलेवा हमला: उनके द्वारा बताया गया कि कीर्तन नायक और सल्लू बघेल के बोलने पर तीनों ने प्रार्थी शुभम अग्रवाल पर चाकू से हमला किया था। कीर्तन नायक एवं सल्लू बघेल ने तीनों को तात्यापारा स्थित बैंक आफइंडिया ले जाकर प्रार्थी शुभम अग्रवाल की पहचान कराई थी। इसके बाद प्रार्थी के साथ मारपीट करने कहा गया था। जिस पर दिनांक घटना को मौका पाकर तीनों के द्वारा प्रार्थी को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चाकू से वार कर जानलेवा हमला किए थे।

मनीष ने दी थी सुपारी

घटना में संलिप्त कीर्तन नायक और सल्लू बघेल की पतासाजी कर दोनों को पकड़कर पूछताछ करने पर उनके द्वारा मनीष अग्रवाल के बोलने पर उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया।एक टीम के सदस्यों द्वारा मनीष अग्रवाल की पतासाजी कर उसे भी पकड़ा गया। पूछताछ में मनीष अग्रवाल ने बताया कि उसका बैंक आफइंडिया में लोन से संबंधित मामला चल रहा है।

आरोपियों से किया गया जब्त सामान

प्रार्थी जो बैंक की ओर से लोन रिकवरी संबंधी कार्य देखता है। वह लोन की राशि अदा करने के लिए बार.बार बोलता था। इससे मनीष अग्रवाल ने अपने परिचित कीर्तन नायक को बोलकर सबक सिखाने की बात कही थी। सभी आरोपियों अपचारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित छह मोबाइल फोन गाड़ी और चाकू जब्त किया गया है।

मैसेसेज भेजने वाले व रिकार्डेड कॉल को चिन्हाकिंत करें

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर मोबाईल सेवा प्रदाता कम्पनियों के नोडल अधिकारियों की ली गई बैठक विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत तथा आदर्श आचार संहिता के परिपालन में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु किये जा रहे प्रयास के में आज मोबाईल सेवा प्रदाता कंपनी जियो एयरटेल वोडाफोन आइडिया एवंबी एस एन एल के नोडल अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा द्वारा मोबाईल सेवा प्रदाता कंपनियों के नोडल अधिकारियों को विभिन्न प्रत्याशियों तथा राजनीतिक दलों द्वारा टेलीकॉम सर्विसेस को उपयोग में लाये जाने के दौरान उन्हें ध्यान में रखने तथा आदर्श आचार संहिता के परिपालन के तारतम्य में विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई एवं टेलीकॉम सर्विसेस प्रोवाईडर कंपनी का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में उनकी भूमिका के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। वर्तमान में आमजनों को चुनाव प्रचार हेतु बल्क मैसेज एवं रिकार्डेड कॉल के संबंध में उनसे जानकारी चाहा गया तथा बल्क मैसेजेस भेजने वाले व रिकार्डेड कॉल करने वालों को चिन्हांकित करने कहा गया। आदर्श आचार संहिता के परिपालन में वोटिंग के 48 घंटे के पूर्व किसी भी पार्टी या प्रत्याशी द्वारा भेजे जाने वाले बल्क मैसेजेस एवं रिकार्डेड कॉल के द्वारा किसी प्रकार से प्रचार प्रसार पर पूर्णत: रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। निर्वाचन के दौरान पुलिस द्वारा चाही गई जानकारी को यथासमय तत्काल उपलब्ध कराने भी निर्देशित किया गया।

मोबाइल सेवा प्रदाता कम्पनियों की बैठक

राजधानी में कर्मचारी से 70 हजार की लूट

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आचार संहिता के बीच लूट की खबर सामने आई है जहां बैरन बाजार इलाके में बेखौफबदमाशों ने चाकू की नोक पर एक कर्मचारी के हजारों रूपये लूटकर फरार हो गए है लूट की ये वारदात सोमवार 30 अक्टूबर की रात की है जिसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है राजधानी रायपुर में कोतवाली थाना क्षेत्र का बैरन बाजार इलाका घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहां रात तक लोगों की चहल पहल रहती है बदमाशों के हौसलों का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते है कि तीनों आरोपियों ने बीच सड़क से जा रहे शख्स को रोककर चाकू से हमला कर 70 हजार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया इस दौरान आसपास से कई लोग गुजरे लेकिन किसी ने भी बीच में आने की हिम्मत नहीं की और अपराधी लूट की वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए इस लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लूटेरे अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई

बदमाशों ने चाकू की नोक पर दिया घटना को अंजाम

दो आदतन अपराधियों को किया गया ज़िलाबदर

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)।प्रस्तुत प्रकरणों में से 2 आरोपियों के प्रकरणों की प्रक्रिया पूरी होने पर ज़िला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा इनके ज़िलाबदर हेतु आदेश जारी कर दिये गये हैं। इन्हें रायपुर और रायपुर के सरहदी ज़िलों में रहने आने.जाने की मनाही होगी। विकास उर्फभीम उर्फरावण मधुकर पिता राम सेवा मधुकर उम्र 23 वर्ष निवासी इंद्रा नगर शुक्रवारी बाजार बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर एवं मोहम्मद जुबेर पिता असफाक उम्र 20 वर्ष निवासी गाजी नगर बिरगांव थाना उरला जिला रायपुर के विरुद्ध जिला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा रायपुर तथा सीमावर्ती जिला दुर्ग, धमतरी,महासमुंद, गरियाबंद,बलौदा बाजार के सीमाओं में बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के प्रवेश न करने आदेशित किया गया है। विकास उर्फ भीम उर्फरावण मधुकर पिता राम सेवा मधुकर उम्र 23 वर्ष निवासी इंद्रा नगर शुक्रवारी बाजार बिरगांव थाना उरला के विरुद्ध थाना उरला में वर्ष 2018 से 2023 के बीच लोगों को डराना धमकाना गुण्डागर्दी अवैध रूप से चाकू रखकर लहराते हुये लोगों को डराना धमकाना नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाना जुआ खेलना जैसे संगीन 6 अपराध थाना उरला रायपुर में पंजीबद्ध हुए हैं। मोह जुबेर पिता असफाक उम्र 20 साल साकिन गाजीनगर थाना उरला जिला रायपुर द्वारा भी थाना उरला के साथ.साथ रायपुर जिला के थाना खमतराई अंतर्गत विगत कुछ वर्षों 2018 से 2023 तक अनावेदक अपराध में संलिप्त रहा है। इसके विरुद्ध गुण्डागर्दी करना, मारपीट करना,चाकूबाजी करना,गंदी.गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी देना,कैची से वार कर चोट पहुंचाया,लूटपाट जैसे संगीन अपराधों के कुल 11 अपराध थाना उरला एवं थाना खमतराई में पजीबद्ध रहे है।

सारागांव में हत्या, नाली के नीचे मिला शव

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के खरोरा थाना क्षेत्र के सारागांव में एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव बंद नाली की नीचे मिला है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के स्वजन को सूचना देकर जांच की जा रही है। खरोरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परमेश्वर यादव उम्र लगभग 23 वर्ष का शव सारागांव में सुरेश ढाबा के पास नाली में मिला। शव चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक पेशे से ड्राइवर था और वह मूलतरू खैरागढ़ का रहने वाला था। वह किसी काम से उस क्षेत्र में गया था। हालांकि वहां से कोई गाड़ी बरामद नहीं हुई है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं। चेहरा बुरी तरह से सड़ गया है। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है।

खैरागढ़ का रहने वाला था चालक

आस.पास से गुजरने वालों ने दी पुलिस को सूचना: मृतक के शव को नाली में पड़े कुछ दिन गुजर गए थे। शव के सड़ने पर जब दुर्गंध उठी तब कुछ लोगों ने जाकर देखा तो शव दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पुलिस आस.पास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

रायपुर रेल मंडल में पकड़ाया 50 लाख का सोना

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर रेल मंडल के आरपीएफपोस्ट से बड़ी खबर है सूत्रों के मुताबिक रायपुर रेल मंडल के कमांडेंट के नेतृत्व में दुर्ग आरपीएफपोस्ट के इंस्पेक्टर की टीम और आरपीएफ की तमाम संयुक्त टीम ने जनशताब्दी एक्सप्रेस से करीब 50 लाख रूपए का सोना जब्त किया है हालांकि ये राशि अनुमानित है सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक इस घटना में दो आरोपी शामिल है

धारदार चाकू के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम द्वारा थाना सरस्वती नगर क्षेत्रातर्गत सुयश अस्पताल के पास कोटा एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते हुये आरोपी मुकेश निर्मलकर उर्फमोनू उर्फचण्डल पिता शेरू निर्मलकर उम्र 20 साल सा नवासी छोटा भवानी नगर कोटा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 नग स्टील का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना सरस्वती नगर म धारा 25 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

दो शराब कारोबारियों के घर ईडी की दबिश

रायपुर, 1 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में चुनावी गहमागहमी के बीच दो शराब कारोबारियों के घर रिप पहुंची है झारखंड से ईडी की टीमएजीव न विहार कालोनी तेलीबांधा में अतुल सिन्हा और मुकेश मनचंदा के यहां ईडी की टीम ने दबिश दी है। शराब घोटाले में उक्त कारोबारियों की संलिप्तता बतायी जा रही है। ईडी की टीम दोपहर से पहुंची हुई है।

संपादकीय

चुनावी भीड़ : आमजन को न हो दिक्कत

90 सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 और 17 नवम्बर को होने वाले मतदान की गहमा-गहमी अब बढ़ चली है। अनेक बड़े नेता आ चुके हैं और कई आने वाले हैं। चुनाव हो रहे हैं तो यह स्वाभाविक ही है कि वाहटी नेता आएंगे और अपने प्रत्याशियों के लिये प्रचार करेंगे। स्टार प्रचारक कहे जाने वाले बड़े नेताओं के लिये भीड़ उमड़नी स्वाभाविक है लेकिन प्रशासन, सम्बन्धित राजनैतिक दल एवं उम्मीदवारों को चाहिये कि वे सड़कों पर यातायात सुचारू बनाये रखें। विशेषकर स्कूलों एवं अस्पतालों के पास भीड़न होने देंतथा वाहनों के काफिलों को रुकने न दें। आम जनता परेशान न हो, इसका खास ख्याल रखना होगा।

अब तक नामांकन पत्र भरने के लिये सियासी पार्टियां और उम्मीदवार बड़े-बड़े जुलूसों का आयोजन करते रहे हैं। साथ ही छोटी-बड़ी सभाएं भी आयोजित हो रही थीं। जब से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी, तकरीबन सभी जिलों में ऐसे भीड़ भरे आयोजन तभी से लगभग रोज ही देखने को मिल रहे थे। राजनैतिक दल और प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए जिला कार्यालय जाते थे। इसके लिये उनकी कोशिश रहती थी कि ज्यादा से ज्यादा लोग और वाहन रहें। वह दौर तो खत्म हो गया है परन्तु उससे होने वाले जाम से सबक लेकर आने वाले समय में होने वाली चुनावी भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। नामांकन के वक्त तो फिर भी चुलूसों में शामिल होने वालों की संख्या की एक सीमा भी होती है, लेकिन अब जो आम सभाएं होने जा रही हैं, उनसे ऐसे सभी शहरों की यातायात व्यवस्था ही नहीं, पूरा जीवन भी अस्त-व्यस्त हो सकता है जहां सभाएं होंगी।

कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, रविशंकर प्रसाद, हिमंता विस्वा सरमा आदि के अलावा अनेक केन्द्रीय मंत्री एवं विभिन्न दलों के शीर्ष नेता छग के दौरे कर चुके हैं। चूंकि ये सारे स्टार प्रचारक हैं और महत्वपूर्ण ओहदों पर हैं, उनके आगमन एवं लौटने के दौरान ही नहीं बल्कि उनकी सभाओं में भारी भीड़ होती है। जिस शहर या कस्बे में उनकी उपस्थिति होती है वहां की यातायात व्यवस्था पूर्णत: ध्वस्त हो जाती है। अब मोदी एवं शाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई स्टार प्रचारक आयेंगे। ऐसे में लोगों को दिक्कतें न हों इसके इंतज़ाम करने होंगे। ध्यान यह रहे कि उनके मार्ग व सभास्थल ऐसे तय हों कि किसी को कहीं फंसना न पड़े। प्रशासन के साथ राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों की भी यह जिम्मेदारी है। राजधानी एवं ब्वाई अड्डा यहां होने से रायपुर को खास दिक्कत होती है क्योंकि बाहर से आने वाले सारे विशिष्टजन पहले यहीं उतरते हैं।

उल्टा पुल्टा

एक मकान पर मकान मालिक ने 'मकान खाली' का बोर्ड लगा रखा था। साथ ही यह भी लिख रखा था कि यह मकान उन लोगों को दिया जाएगा जिनके बाल बच्चे न हों। एक दिन एक बच्चा मकान मालिक के पास आया और बोला, 'मेहरबानी करके यह मकान मुझे दे दीजिए, मेरा कोई बच्चा नहीं है केवल मां-बाप हैं।'

आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों के मामले में दुर्ग जिला अव्वल

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें भी मिल रही है। छत्तीसगढ़ में सी .विजिल ऐप के माध्यम से इन शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दुर्ग जिला सबसे आगे हैं। वहीं दंतेवाड़ा जिले से सबसे कम शिकायतें मिली है। सी .विजिल के माध्यम से दुर्ग जिले में अधिकतम 407 शिकायतें मिली है। दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिले में न्यूनतम 4 शिकायतें मिली जिनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

ऑनलाइन शिकायतों के लिए बना है सी .विजिल ऐप-उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सी . विजिल के माध्यम से मिल रही हैं। सी .विजिल पर मिलने वाली शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले स्वयं प्रति दिन मिलने वाली शिकायतों पर हुई कार्रवाई की निगरानी कर रही हैं।

ऐसे कर सकते हैं शिकायत

विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी . विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो विलप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है तो सी . विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटना स्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बना कर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्स में पंजीकृत हो कर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्रायड व आईओएस दोनो पर उपलब्ध है।

100 मिनिट के भीतर हो रही है कार्रवाई

सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी। सी विजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक गैर कानूनी प्रचार.प्रसार क्रियाकलापों का पता लगते ही मिनटों के अंदर तथा रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं।

रेलवे स्टेशन में 58 लाख के सोने के जेवरात जब्त कर आरपीएफ ने मामला जीएसटी को सौंपा

दो व्यक्ति ट्राली बैग में सोने के जेवरात लेकर बिलासपुर से गोंदिया जा रहे थे

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग रेल्वे स्टेशन में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब रेल्वे पुलिस ने लगभग 58 लाख रूपये मूल्य के सोने के जेवरातों से भरा ट्राली बैग पकड़ा। इस बैग के साथ 2 लोग थे जो सोने के इन जेवरातों का बिल पेश नहीं कर पा रहे थे। पुलिस ने इस पूरे जेवरातों को बैग सहित आगे की कानूनी कार्रवाई के लिये जीएसटी को सौंप दिया। इस संबंध में आरपीएफ के इंस्पेक्टर एस.के.सिन्हा ने पूछने पर उन्होंने बताया कि अभी पूरे मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों को सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस से दो लोग सोने से भरा बैग लेकर बिलासपुर से गोंदिया जा रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। दोपहर साढ़े 12 बजे जैसे ही जनशताब्दि एक्सप्रेस ने दुर्ग रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 में प्रवेश किया आरपीएफ की टीम ने इस एक्सप्रेस के कोच डी 5 में यात्रा कर रहे दो यात्रियों के पास रखे लाल रंग की ट्राली बैग को पकड़ा। वहां उपस्थित दो गवाहों के समक्ष जब बैग की जांच की तो उसमें लगभग एक किलो सोने के जेवरात पाये गये। इसमें अंगूठी, ब्रेसलेट, नाक की फुल्ली, कान की बाली जैसे जेवरात थे। इनकी कीमत लगभग 58 लाख रूपये आंकी जा रही है। आरपीएफ के इंस्पेक्टर एस.के.सिन्हा से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच अभी जारी है। प्रथम दृष्ट्या मामला स्मगलिंग का नहीं लगता। पूछताछ में सोने के जेवरात लेकर यात्रा कर रहे उक्त दो व्यक्ति जेवरात का बिल पेश नहीं कर पाये। यह जरूर बताया कि वे यह जेवरात बिलासपुर से गोंदिया लेकर जा रहे है। आरपीएफ के निरीक्षक श्री सिन्हा के साथ ही उपनिरीक्षक सनातन थानापति अधिकारी एवं स्टाफ भी था।

पूरे मामले में गवाहों की मौजूदगी में सोने के जेवरात जब्त कर कार्रवाई की गई। पूरा मामला आगे की कानूनी कार्रवाई के लिये सोना सहित सहायक आयुक्त राज्यकर जीएसटी जिला दुर्ग को सौंप दिया गया है।

व्यापारी से कुम्हारी टोल नाका के पास पुलिस ने जब्त किया 33.50 लाख नगद

आमा नाका पुलिस ने रूपये जब्त कर मामला आयकर विभाग को सौंपा

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। थाना आमाना का क्षेत्रांतर्गत चन्दनडीह के पास चेकिंग के दौरान दुर्ग के एक व्यापारी से साढ़े 33 लाख नगदी रकम के साथ पकड़ा गया। रायपुर पुलिस के द्वारा रकम जब्त करके आयकर विभाग को सूचित किया गया है। पकड़ा गया व्यक्ति लालचंद खत्री पिता स्व. बिजल दास खत्री उम्र 56 साल पता कवर नगर पॉली टेक्निक कॉलेज के सामने दुर्ग का रहने वाला है। रूपये की धारा 102 जा.फौ. के तहत् जप्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए समस्त प्रकार के वाहनों में अवैध रूप से शराब परिवहन, चुनाव से संबंधित अन्य सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखकर लगातार चेकिंग की जा रहीं है।

इसी तारतम्य में आज थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत कुम्हारी टोल नाका के पास चंदनडीह एसएसटी चेकिंग पॉइंट तथा थाना आमा नाका पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दो पहिया /चार पहिया वाहनों की चेकिंग की जा रहीं थी। इसी दौरान इनोवा क्रिस्टा वाहन क्रमांक सीजी 07/सी जी 8800 को टीम के सदस्यों द्वारा रोककर कर बैग को चेक किया गया। बैग को चेक करने पर उसमें नगदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम लालचंद खत्री पिता स्व. बिजल दास खत्री उम्र 56 साल पता कवर नगर पॉलीटेक्निक कॉलेज के सामने दुर्ग का होना बताया । टीम के सदस्यों द्वारा नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगाता र गुमराह किया जा रहा था । जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा लालचंद खत्री के पास रखें नगदी रकम 33 लाख 50 हजार तीन सौ रूपये को धारा 102 जा.फौ. के तहत धारा आमानाका में जप्त कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जा रही है।

छातागढ़ में पूजा अर्चना कर ताम्रध्वज ने शुरू किया चुनाव प्रचार

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ने आज ग्राम मोहलाई छातागढ़ मंदिर में पूजा अर्चना कर चुनावी प्रचार की शुरूआत कर दी है। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ ही पूरे प्रदेश की जनता को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर बधाईयां दी है। उन्होंने विगत पांच वर्षो के भीतर छत्तीसगढ़ी संस्कृति संस्कार और संसाधनों को संरक्षित और संवर्धित करने की दिशा में कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी दी।

अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा कि वे दुर्ग ग्रामीण की जनता से सिर्फ चुनावी नहीं बल्कि पारिवारिक रिश्ता रखते है। उन्होंने कहा कि वे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर में दुख सुख के अवसर पर लगातार शामिल होते रहते है। इसी का नतीजा है कि आज लोग स्वयं यहां तक आकर अपना समर्थन दे रहे हैं। श्री साहू ने विगत 5 वर्षो के भीतर कराये गये करोड़ों के विकास एवं निर्माण कार्यो की भी जानकारी दी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के साथ ही जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, केशशिल्प के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रेक्षकों ने राजनीतिक दलों को दी आचार संहिता की जानकारी

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभा कक्षा में आज प्रेक्षकों की उपस्थिति में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में विधानसभा निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु दिशा निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता के तहत संपत्ति विरूपण अधिनियम से अवगत कराया तथा सभी राजनीतिक दलों व उनके अभ्यर्थियों को नियम का कड़ाई से पालन करने कहा। साथ ही शहर व ग्राम स्तर पर रैली, जुलुस और सभा करने के लिए निर्धारित तिथि, समय व स्थान के संबंध में अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अनुमति हेतु अनुभाग स्तर पर संबंधित एसडीएम को आवेदन दिया जा सकता है।

इस दौरान राजनीतिक दलों ने प्रचार प्रसार में आ रही दिक्कतों से प्रेक्षकों को अवगत कराया। आब्जर्वर ने कहा कि राजनीतिक दल व अभ्यर्थी प्रचार प्रचार के लिए उपयोग में लाए गाड़ी, झण्डे, बैनर इत्यादि के लिए पहले अनुमति प्राप्त करनी होगी। साथ ही बैनरों में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और संख्या अंकित होना चाहिए। व्यय की गणना संबंधित राजनीतिक दल व अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में की जायेगी।

बैठक में दुर्ग जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षकगण नितिन सिंग भदौरिया, दीपक कुमार मीनाए डॉ.ज कृष्ण पृथी, सुवेन्द्र कानूनगो, सुकुमार सरकार, तारीक महबूद, डॉ.बी नवीन कुमार, आर.लालवेना, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, एसपी रामगोपाल गर्ग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

लीलाधर ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा का दामन थामा

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पूर्व पार्षद लीलाधर पाल ने आज कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव ने उन्हे भाजपा का गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश का स्वागत किया।

श्री पाल वार्ड क्रमांक 46 पद्मनाभपुर (पूर्व) से कांग्रेस के पार्षद रहे है। वे सन् 19 के नगर निगम चुनाव में उनकी टिकिट वार्ड 46 से काटकर वार्ड 45 से दे दी गई थी। वे वार्ड 46 पद्मनाभपुर पश्चिम से चुनाव जीत नहीं पाये थे।

पीएम मोदी की दुर्ग सभा में 1 लाख से ज्यादा लोग पहुंचेंगे : भूपेन्द्र सवन्नी

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने आज जिला भाजपा कार्यालय में पत्रवार्ता लेकर बताया कि 4 नवंबर को दुर्ग रविशंकर स्टेडियम में दुर्ग संभाग के 13 विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा प्रत्याशियों के साथ ही लगभग एक लाख लोग उपस्थित रहेगें।

■ तैयारियां पूर्णता की ओर

इसी अनुमान से स्टेडियम में तैयारियां की जा रही है। डोम बन गये है। पत्रवार्ता में श्री सवन्नी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 4 नवंबर को रविशंकर स्टेडियम में होने वाली विशाल सभा की तैयारियां अब अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विगत लगभग 10 वर्षो में किये गये लोकहित के कार्यो का विवरण देते हुए प्रदेश ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

जिले में धान की खरीदी शुरू

प्रथम दिन टोकन सिस्टम से हुई खरीदी

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पूरे छत्तीसगढ़ के साथ ही दुर्ग जिले में भी आज से धान की खरीदी शुरू हो गई है। प्रदेश में आज बायोमेट्रिक मशीन नहीं पहुंचने के कारण टोकन सिस्टम से धान खरीदी की गई।

आज सुबह जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में पूजा अर्चना कर विधि विधान से धान खरीदी शुरू की गई। आज पहले दिन की धान खरीदी का आंकड़ा जिला प्रशासन व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों से संपर्क करने पर भी नहीं मिल पाया। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश में बायोमेट्रिक मशीन नहीं पहुंचने के कारण टोकन द्वारा धान खरीदी करने के निर्देश जारी कर दिये गये है।

आज बाजारों से लेकर आंगनों तक रही करवा चौथ की धूम

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए आज महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत एवं पूजन किया। करवा चौथ के उपलक्ष्य में आज पूरे दिन शहर की महिलाओं ने बाजारों में जमकर खरीदी की। रंगे बिरंगे तरह तरह के नक्काशीदार करवा, चलनी, श्रृंगार सामान व अन्य सामानों के साथ ही अन्य जरूरी वस्तुओं की खरीदी की जाती रही। इसके लिये इंदिरा मार्केट व अन्य मार्केट में सैकड़ों की संख्या में दूकानदारों ने पसरा व स्टाल लगाकर सामान बेचें। शाम ढलते ही मंदिरों में सार्वजनिक स्थानों में अनेक घरों के आंगन में महिलाओं ने एकत्रित होकर पुरोहित की उपस्थिति में पूजा की। चलनी के माध्यम से पति का मुंह देखा व व्रत तोड़ा। संतराबाड़ी, आदर्श नगर सहित अनेक स्थानों में आज करवा चौथ पूजन की धूम रही।

कृषक नरेन्द्र देशमुख ने लिया देहदान का संकल्प

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम जंजगिरी दुर्ग निवासी कृषक नरेन्द्र देशमुख ने नवदृष्टि फाउण्डेशन की देहदान का संकल्प लेकर वसीयत पत्र सौंपा। फाउण्डेशन के कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, अनिल बल्लेवार को उन्होंने अपनी वसीयत सौंपी।

10 माह में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जमा हुआ 7 हजार यूनिट रक्त

जनसहयोग से रक्तदान शिविर लगाकर लक्ष्य हासिल

दुर्ग, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जिला अस्पताल दुर्ग के ब्लड बैंक में विभिन्न ब्लड ग्रुप के 8 हजार 927 यूनिट रक्त पिछले दस माह में एकत्रित किया गया है। ब्लड बैंक में संग्रहित यह रक्त इमरजेंसी में जरूरतमंद मरीजों को दिया जाता है। ब्लड एकत्रित करने के लिये विगत 10 माह में 48 रक्त शिविर विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के माध्यम से एकत्रित किये गय है।



रक्तदान शिविर लगाने वाली संस्थाओं में नवदृष्टि फाउण्डेशन समता युवा मंच शदाणी दरबार, जगद्गुरू नरेन्द्राचार्य महाराज, भक्त सेवा मंडल, श्री अग्रवाल समाज, तेरापंथ युवक परिषद, महेश्वरी समाज, संत निरंकारी से चेरीटेबल फाउण्डेशन, परिक्रमी सामाजिक समिति एवं तहसील साहू समाज एवं इनके अलावा विभिन्न शिक्षा संस्थाओं द्वारा भी रक्त शिविर लगाकर रक्तादान कि या गया। इस अभियान में सीएमएचओ डॉ. जे.पी.मेश्राम, सिविल सर्जन डॉ. ए.के.साहू, ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल व प्रभारी डॉ. नेहा नलवाया का महत्ति प्रयास रहा। ब्लड बैंक में अन्य सभी आवश्यक संसाधन चेयर एसी फेन आदि भी जनसहयोग से जुटाए गए।

सेल्फी पाइंट में निदेशक प्रभारी निगम आयुक्त ने सेल्फी ली

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र ने मतदाता जागरूकता अभियान के विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इसके तहत इस्पात भवन, संयंत्र भवन, सिविक सेंटर में नेहरू आर्ट गैलरी के समक्ष सेल्फी पाइंट बनाई गई है। यह सेल्फी पाइंट लोगों के लिए आकर्षण और सेल्फी लेने का केन्द्र बन गया है। आज 1 नवम्बर को निगम आयुक्त रोहित व्यास, एसडीएम जागेश्वर कौशल, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, पवन कुमार, बी के गिरी ने कला मंदिर स्थित सेल्फी पाइंट में बड़े रोचकता से सेल्फी ली। 31 अक्टूबर को मानव संसाधन विकास केन्द्र में रन फॉर वोट के आयोजन के दौरान संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, ए के चक्रवर्ती तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ राजीव पॉल ने सेल्फी का आनंद उठाया था। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उन्हें विभिन्न माध्यमों से बार.बार जानकारी प्रदान की जा रही है।

एक किलोमीटर लंबी बाइक रैली

मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने लगे नारे

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदान के लिए मतदाताओं को जागृत करने नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त आशीष देवांगन के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली। मतदाताओं को जागृत करने 500 बाइक सवार समेत अन्य वाहन सवार ने नारे लगाए। रैली को हरि झंडी दिखाने स्वीप दुर्ग के नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन व दुर्ग ग्रामीण के ए.आर.ओ. मुकेश रावटे विशेष रूप से उपस्थित थे। इस माह 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारियों ने बाइक रैली निकाली। रैली से पूर्व निर्धारित व मुख्य मार्गो में अवश्य मतदान करे का फ्लैक्स लगाया गया। नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में 400 से ज्यादा बाइक, जागरूकता रथ के अलावा 100 से ज्यादा मतदाता जागरूकता नारे लिखे जन स्वास्थ्य विभाग के वाहनों को शामिल किया गया था। रैली खेल एवं दशहरा मैदान से निकली और जोहार चौक से कृष्ण टॉकिज रोड, डीपीएस स्कूल गेट क्रमांक 2 से एच.एस.सी.एल. कालोनी रूआबांधा, पंथी चौक होते तालपुरी बी ब्लाक, मिट्टी परीक्षण केन्द्र होते मैत्रीकुंज, प्रगति नगर, आशीष नगर, रिसाली बस्ती, लक्ष्मी नगरए बीएसपी मार्केट रिसाली होते रिसाली सेक्टर, मरोदा सेक्टर, गार्डन चौक, बीआरपी गेट मार्ग, कल्याणी मंदिर होते वापिस दशहरा मैदान पहुंची।

बी.एस.एफ. के जवान हुए शामिल

मतदाताओं को जगेरूक करने निगम रिसाली द्वारा निकाली गई इस रैली में बी.एस.एफ. जवान के अलावा मैत्री कॉलेज रिसाली और सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा के विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान सभी मतदाताओं को जागरूक करने स्लोगन लिखे टी शर्ट, कैप पहने थे और हाथों में नारा लिखा तख्ती लिए हुए थे। स्वीप रिसाली के तहत विधानसभा आम चुनाव में मतदाताओं को जागृत करने अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे है। मंगलवार को तीन घंटों से ज्यादा समय तक बाइक से वार्ड भ्रमण किया गया। इसी क्रम में इन महिलाओं को स्वीप कार्यक्रम से जोड़ने व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया है। आशीष देवांगन आयुक्ष्ए नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा आचार सहित का पालन करने के साथ-साथ मतदाताओं को जागरुक करने के लिये रैली व अन्य माध्यमों का सहारा ले रहे हैं। निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर निमग रिसाली प्रशासन आचार सहिता का पालन करने में लगा हुआ है। रैली के समापन के बाद लोगों से कहा गया कि वे अपने घर व परिचतों को भी मतदान के लिये प्रेरित करे ताकि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। निगम भिलाई, भिलाई-चरौदा सहित अन्य निकायों द्वारा भी शत-प्रतिशत मतदान के लिये लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

पंतग उड़ाकर मतदाताओं को किया जागरुक

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी द्वारा जयंती स्टेडियम में इको फ्रेंडली पतंग समारोह का आयोजन चुनाव निर्वाचन कार्यालय दुर्ग के निर्देशानुशार किया गया, जिसमे पतंग के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्वीप टीम एवं विधार्थियों द्वारा 40 मतदान संबंधी स्लोगन लिखित इको फ्रेंडली पतंग उड़ाकर जयंती स्टेडियम एवं उसके आप-पास के लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया गया। साथ ही सभी से अपील की गयी कि 17 नवंबर को सभी मतदान करने जरूर आए तथा एक सही सरकार चुन कर देश के लोकतंत्र के विकास मे योगदान दे। जयंती स्टेडियम मे आयोजित इस पतंग समारोह मे अमित घोष अतिरिक्त निदेशक जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग, श्रीमति पुष्पा पुरुषोत्तम अधिकारी, जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग, तनवीर अकिल छ.ग. अंचल की अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलड़ी सबा अंजुम की कोच एवं स्कूल शिक्षा के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव, आई.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. राहुल मेने, स्वीप नोडल अधिकारी ठाकुर देवराज सिंह एवं डॉ. आशीष नाथ सिंह, डॉ. वी. के. सिंह, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. कृष्ण जिबोन मंडल, अनिल मेनन, डॉ. महेंद्र शर्मा, डॉ. लक्ष्मी वर्मा, उज्जवला भोंसले, ठाकुर रंजीत सिंह, कविता कुशवाहा, पूनम यादव, हर्षा सिंह बैस, प्रवीण वर्मा, राजकिशोर पटेल, अनन्या मालेकर, लावॉजेका, जिज्ञासा, पीकेश आदि के सहयोग से संपन्न हुआ।

सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र की सेवा से अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। अक्टूबर माह में कुल 80 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए। जिसमें कुल 9 कार्यपालक, 66 गैर कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में 5 खदान बिरादरी के सदस्य शामिल हैं। संयंत्र के कार्मिकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव तथा विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर उपस्थित थे। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 80 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। विदा होने वाले इस्पात बिरादरी को संयंत्र प्रबंधन ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

एटक ने मनाया अपना स्थापना दिवस

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। एटक स्थापन दिवस पर विधान सभा चुनाव को लेकर अचार संहिता लागू होने के कारण ज्यादा तदात में किसी जगह पर एकत्रित होने में हो रही दिक्कते के कारण स्थापना दिवस सादगी के साथ मनाया गया। सुबह 8.30 पर एटक कार्यालय पर एटक का झण्डा फहराया गया। इस्पात भवन के काफी हाउस के हॉल में लगभग 10 यूनियनों जिसमें इंटक, एटक, एच.एम.एस, ऐक्टू, बीएमएस, इस्पात श्रमिक मंच, स्टील वर्कर्स यूनियन, लोईमो, बी डब्लू यू, एटक स्थापना दिवस में शामिल हुए। संयुक्त ट्रेड यूनियन एकता के नारे लगाए। सभा की अध्यक्षता भिलाई स्टील मजदूर सभा के कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने किया व सभा का संचालन इंटक के साथी पूरन वर्मा ने किया। भिलाई स्टील मजदूर सभा के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने एटक के संघर्षों से भरा इतिहास की एक संक्षिप्त जानकारी दी। देश में व्याप्त वर्तमान राजनैतिक, आर्थिक व सामाजिक स्थितियों के बारे भी जानकारी दी। सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के बारे में जानकारी दी। समस्त ट्रेड यूनियनों के प्रमुख नेतागणों ने अपने अपने विचार भी रखे। ट्रेड यूनियन की एकता पर अपनी सहमती दी। एटक के इतिहास की सराहना की। सभी ने भिलाई में इस पहल की प्रशंसा की। सभी ने अपने अपने यूनियन की स्थापना इसी प्रकार से करने पर जोर दिया। इंटक स ने वंश बहादुर सिंह, पुरण वर्मा, एटक से विनोद कुमार सोनी, बसंत कुमार उइके, विनय कुमार मिश्र, एच.एम.एस से एच एस मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, ऐक्टू से बृजेन्द्र तिवारी, इस्पात श्रमिक मंच से शेख महमूद, स्टील वर्कर्स यूनियन से नन्द किशोर गुप्ता, टंडन दास, लोइमो से सुरेन्द्र मोहन्ती व बी. डब्लू.यू. से एस बी सिंह, बी एम एस से अरविंद पांडे व रामजी सिंह ने अपने अपने वक्तव्य रखा। भिलाई स्टील मजदूर सभा के कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने आभार प्रकट किया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत वॉकथॉन का आयोजन

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के तहत संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा इस्पात भवन से इक्विपमेंट चैक तक प्रातः 7 बजे से वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शपथ दिला कर, संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने वॉकथॉन को रवाना किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें। राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें, पर सामान्य जागरूकता फैलाने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया गया था। अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, ए के चक्रवर्ती, समीर स्वरूप, पवन कुमार, बी के गिरी सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्य व कमांडेंट क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नगर सेवाएं विभाग के सदस्य तथा इस्पात नगरी के खिलाड़ी तथा कार्मिकगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सतर्कता विभाग के महाप्रबंधक सत्यब्रत कर, संदीप गुप्ता, अंकित ओझा तथा अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव कुमार पॉल ने भी वॉकथॉन में भाग लिया। प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय सर्तकता आयोग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती सप्ताह पर किया जाता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में व्यापक रूप से जनता में जागरूकता पैदा करना है।

पटेल, नरेंद्र व इंदिरा के व्यक्तित्व से प्रेरणा लें युवा

लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान और आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वॉं जयंती आचार्य नरेंद्र देव की 134 वॉं जयंती तथा आयरन लेडी भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का 39 वां शहादत दिवस मंगलवार की सुबह मनाई गई। एच.एस.सी.एल कालोनी रुआबांधा सेक्टर स्थित प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में सबसे पहले तीनों विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि देश की आजादी में सरदार पटेल, आचार्य नरेंद्र देव एवं इंदिरा गांधी का महत्वपूर्ण योगदान है। आजादी के बाद पटेल ने जहां रियासतों का एकीकरण किया वहीं आचार्य नरेंद्र देव ने शिक्षा के माध्यम से समाज को सही दिशा प्रदान की और इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में बांग्लादेश के रूप में नया देश स्थापित करने में अभूतपूर्व योगदान दिया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सहकारिता विशेषज्ञ मोहनलाल गुप्ता ने कहा कि इंदिरा गांधी परिवार में तो तीन-तीन शहादत हुई उनका अमिट इतिहास रहा है। इंदिरा ने स्वयं बांग्लादेश के रूप में एक नया भूगोल गढ़ दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता जमील अहमद ने कहा कि इन दिनों राजनीति में पवित्रता होना चाहिए। पटेल, आचार्य नरेंद्र देव एवं इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर परिवार समाज और देश के युवाओं की दिशा बदल सकते हैं। संचालन कर रहे संस्थापक अध्यक्ष आर पी शर्मा ने कहा कि पटेल की रियासत बंदी, शिक्षा शास्त्री आचार्य नरेंद्र देव का समाजवाद एवं श्रीमती इंदिरा गांधी की राजनीतिक शुचिता से युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इन दिनों समाज में व्याप्त धार्मिक उन्माद और भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने की भूमिका हमें तैयार करनी होगी। इस अवसर पर सहदेव देशमुख, एस.जे. कुरैशी, डीपी सिंह, बीएम सिंह, श्रीकुमार प्रसाद, सजपा चंद्रशेखर के प्रदेश महासचिव नंदकिशोर साहू, कपिल प्रसाद, अरविंद प्रसाद, मदन श्रीवास्तव, अरुण उमरेडकर और राधेश्याम यदि सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

शंकराचार्य कॉलेज में तीस घंटों का सर्टिफिकेट प्रोग्राम

भिलाईनगर, 1नवम्बर (देशबन्धु)। श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा तीस घंटों के सर्टिफिकेट प्रोग्राम श् फहनेंशियल एजुकेशन फॉर यंग सिटिजन का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. झा एवं अकादमिक डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसादराव न `किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिलेशकुमार सेबी हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि वित्त का मानव जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हमारे विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता प्रदान करना है ताकि वे अपने वित्त का निवेश एवं उपयोग सही ढंग से कर सकें। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए वाणिज्य विभाग को साधुवाद दिया। इस अवसर पर अकादमिक डीन डॉण् जे. दुर्गा प्रसादराव ने कहा कि वित्ती साक्षरता हर वर्ग के लिए आवश्यक है। हमारे विद्यार्थियों को धन का प्रयोग कब, कहां एवं कैसे करना है, कहां निवेश करना है। स्टॉक मार्केट की क्या व्यवस्था है। तथा वहां क्या संभावनाएं आदि का ज्ञान अत्यंत उपयोगी होगा। फैकेल्टी कॉर्डिनेटर डॉ. अनीता पाण्डेय ने महाविद्यालय की परम्परा अनुसार पौधे स ेमुख्यवक्ता का स्वागत किया। इस अवसर पर 55 विद्यार्थी उपस्थित थे। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.सुबोध द्विवेदी, डॉ.के.के श्रीवास्तव, डॉ.एस. के. श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कृष्ण के जन्म उत्सव पर भारी उत्साह

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। श्रीमद् भागवत कथा का पांचवा दिन शुभारंभ करते हुए महाराज जी ने बताया की भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव ब्रज वासी बहुत ही धूम धाम से मनाने लगे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद समस्त ब्रज वासियों के लिए बहुत ही आनंद मय था। नित प्रतिदिन कृष्ण की लीलाओं को लेकर आचार्य होते रहे, ग्वालो के साथ कृष्ण सखियों के घरों में माखन चोरी किया करते थे परंतु चाह के भी भगवान कृष्ण को पकड़ नही पा रहे थे। यह जानते हुए की चोरी तो कृष्ण ने ही की है, भी फिर भी ब्रज वासी आनंदित थे। इधर कंस द्वारा कृष्ण का वध कराने पूतना को माता यशोदा के घर भेज दिया पूतना सामान्य स्त्री के रूप में घर पर प्रवेश कर छल पूर्वक स्तन पान कराने की जिद की। महाराज जी ने बताया की कृष्ण को जब घर के बाहर जाकर मिट्टी खाने लगा तो ग्रामवासी यशोदा माता को बताया की आपका कृष्ण मिट्टी खा रहा है। माता यशोदा दौड़कर गई तो देखा सचमुच कृष्ण मिट्टी खा रहा था। माता यशोदा के डाटने पर जब कृष्ण ने मुंह खोला तो मिट्टी की जगह पूरा ब्रम्हांड दिखने लगा। माता यशोदा यह दृश्य देखकर बेहोश हो गई। महाराज जी ने मूर्वी और कथा का उदाहरण देते हुए बताया की हम सब मूर्वी देखने समय पर पहुंच जाते है और कथा सुनने कथा के अंत तक पहुंचते रहते है यह हम सब को ध्यान रहना चाहिए। महाराज जी ने कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया की माता यशोदा कृष्ण को दो वृक्ष के बीच उखल में बांध दिया जिसे कृष्ण के माया जाल से दोनो वृक्ष गिर गए जहां से कुबेर के दो पुत्र प्रगट हुए जिससे भगवान कृष्ण का दर्शन प्राप्त हुआ कृष्ण ने कुबेर पुत्रो से पूछा की इस तरह वृक्ष कैसे बन गए। कुबेर पुत्रो ने कहा अभिमान के कारण नारद जी ने श्राप दिया था। जिसके कारण वृक्ष का स्वरूप प्राप्त हुआ आज माता यशोदा के कारण आपके दर्शन एवम मुक्ति प्राप्त हुई। महाराज जी ने कुछ भक्तो के प्रश्नों का जवाब दिया आज पांचवा दिवस भी कृष्ण भक्तो से पूरा पंडाल भरा हुआ था अंत में दिव्य ज्योति सेवा समिति द्वारा भक्त जनों को प्रसादी का वितरण किया गया।

धारदार हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

भिलाईनगर। सुपेला पुलिस को मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति सुभाष चौक प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला के पास धारदार हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नारियल काटने का चाकू लेकर आन जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। मुखबीर सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस द्वारा तत्काल संदेही को घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का नारियल काटने का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी रवि 36 साल निवासी सिविल लाईन दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में दुर्ग जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, उप निरी. प्रमोद सिन्हा, प्र.आर. संतोष शर्मा, आर. सुरेन्द्र पटेल, रवि साव, सूर्य प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

सेंट थॉमस में सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य आयोजित

भिलाईनगर, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। पीजी मनोविज्ञान विभाग और आईक्यूएसी ने मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वच्छता पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्राथमिक विद्यालय, रुआबांधा में एक कार्यक्रम आयोजित किया। कॉलेज छात्रों ने विद्यालय के छात्रों को अच्छे स्पर्श, बुरे स्पर्श, शारीरिक व्यायाम और ध्यान सिखाकर मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वच्छता जागरूकता का आयोजन किया। कॉलेज के छात्रों ने विद्यालय के छात्रों से बात की और उन्हें शारीरिक फिटनेस के बारे में जानकारी दी। व्यायाम के सत्र में साँस लेने की तकनीक, मुद्रा और नृत्य शामिल थे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने व्यायाम के रूप में तत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य भी दिखाया। ध्यान पर एक सत्र भी आयोजित किया गया। बच्चों को दिखाया गया कि बुरा स्पर्श कैसा होता है और अपने माता-पिता के साथ इस मुद्दे को कैसे संबोधित किया जाए। कॉलेज के छात्र स्कूली बच्चों को व्यायाम और ध्यान के महत्व के बारे में सिखाया। रोजमर्रा की जिंदगी का आनंद लेते हुए और सचेत रहकर तनाव मुक्त जीवन जीने के महत्व पर भी जोर दिया गया। यह इंटरैक्टिव व सत्र कॉलेज और स्कूल दोनों के छात्रों के लिए सीखने का अनुभव था। फादर डॉ. जोशी वर्गीस ने कार्यक्रम की सराहना की और शैक्षणिक गति विधि यांको शुरू करने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करते हैं। प्राचार्य डॉ. एम.जी. रॉयमन ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि सीखने में ज्ञान का आदान-प्रदान शामिल है और यह शैक्षणिक गतिविधियां उद्देश्य को प्राप्त करती है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. देवजानी मुखर्जी ने बात की और छात्रों को ऐसे कार्यक्रम बार बार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की परिकल्पना डॉ. समिता सिहं ने की। डा. अकिता देशमख्रु और कुमारी संचना साहू न कार्यक्रम का आयोजन किया और इसके सुचारू क्रियान्वयन में सहयोग दिया।

बॉक्सिंग में सुरज का चयन



भिलाईनगर। स्टार बॉक्सिंग क्लब के सचिव व कोच कुलदीप सोनकर ने बताया कि 37 वॉं नेशनल गेम गोवा में आयोजित किया गया हैं जिसमें 1 से 8 नवम्बर तक बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सेक्टर-1 स्टार बॉक्सिंग क्लब का मुक्केबाज सूरज सिंह का चयन 63.5 किलो वर्ग में हुआ हैं। इस उपलब्धि पर महापौर नीरज पाल, छत्तीसगढ़ राज्य मुक्केबाज़ी एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. राजेन्द्रन, स्टार बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष पी.के. राय, नेशनल रेफ्री कुलदीप सोनकर, चेयरमेन वोंरेंद्र यादवस आर.एन. बनेर्जी, जी.पी. तिवारी, नंदू रामटेके ने बधाइयॉं दी हैं।

शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई

अवैध धंधों, कानून का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई : नगर पुलिस अधीक्षक

दल्लीराजहरा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बालोद डॉ जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में अतरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार यादव व नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को आसामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने गुण्डा बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने निगाह रखने के साथ नशीले पदार्थ गांजा ड्रग्स नारकोटिक्स एवं अवैध शराब के साथ विधान सभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए वितरण किए जाने वाले अवैध वस्तु नगदी परिवहन को रोकने के मामलों पर कानूनी कार्यवाही करने आदेश दिया है। इसी के तहत दल्लीराजहरा के थाना प्रभारी मुकेश सिंह अपने दलबल के साथ नगर मोहल्ले में मारपीट शांति भंग करने वालों के साथ अवैध शराब में लिप्त लोगों पर व सार्वजनिक स्थानों में शराब सेवन करने वालों सहित शासकीय मदिर दुकान के समीप शराब पिलाने व बिक्री करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी मुकेश सिंह के द्वारा अपने स्टाफ के साथ 1 नवंबर को अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा देने पर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया

गया। कार्यवाही ग्राम कुसुमकसा देशी शराब के दुकान के समिप चखना दुकान में आरोपी त्रिलोकी कुमार यादव उम्र 26 वर्ष व दूसरी चखना दुकान के आरोपी तिरथ सिंह राजपूत को खुलेआम शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर आबकारी एक्ट की धार 36 (सी) के तहत कार्यवाही किया गया।

इस अभियान कार्यवाही में थाना स्टाफ प्रधान आरक्षक राकेश साहू आरक्षक रवि कुमार यादव पिताम्बर ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा। नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े ने देशबन्धु से कहा की पुलिस आम जनता के लिए 24 घंटे तैनात रहती है। जो भी व्यक्ति शहर में अशांति निर्मित करता पाया जाता है,साथ ही शहर में गुण्डागर्दी अराजकता फैलाने अवैध शराब की बिक्री कानून का उल्लघंन करने की कोशिश करता पाया जाता है,उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

सेवा सहकारी समिति कुम्हारी में धान खरीदी प्रारंभ

कुम्हारी, 1 नवंबर। 1 नवंबर बुधवार से कुम्हारी के सेवा सहकारी समिति में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारम्भ हो चुकी है। सेवा समिति के प्रबंधक प्रमोद रामटेके के मुताबिक धान खरीदी के प्रथम दिन कुल 6 टोकन जारी हुए जिसमे ग्राम कपसदा के 6 किसानों का 105 क्विंटल महामाया मोटा धान की खरीदी की गई। वर्तमान में सेवा सहकारी समिति में उपलब्ध पुराने बारदाना की संख्या करीब 1150 और फिलहाल 2500 नया बारदाना भी है। जानकारी के मुताबिक 6 गांव के 909 पंजीकृत किसानों से करीब 3500 ट्विंटल धान खरीदी जाएगी। खरीदी के प्रथम दिवस ग्राम कपसदा के किसान गुलेश्वर साहू के द्वारा 36 ट्विंटल धान बेचकर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया।

सेवा संकल्प पत्र में निहित गारंटी समृद्ध पंडरिया के हमारे सपनों को साकार करेगा : भावना बोहरा

कवर्धा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पंडरिया विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी भावना बोहरा ने आज रणवीरपुर में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, बिहार के पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, कबीरधाम जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित पंडरिया विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भावना दीदी की गारंटी सेवा संकल्प पत्र का विमोचन किया।

इस दौरान उन्होंने भाजपा रणवीरपुर मंडल के अंतर्गत ग्राम गोरखपुर, सिंघौरी, गैंदपुर, बंधी, दानी घटोली, बगदई, मोहतरा, सेमरिया, खैरझिटी, मुंगेलीडीह, गोछिया, पेंड्री, भाटकुंडेरा, बाजार चारभाठा, सिंघनपुरी, नेवासपुर, रसपुरा, दनिया, धनेलीडीह, गांगीबहरा, उड़ियाकला, उड़ियाखुर्द, बनिया, दनियाखुर्द, बिरनपुर, खपरी, राजपुर एवं टाटीकसा में जनसंपर्क किया और 7 नवम्बर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाजपा को मतदान करने की अपील की. उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस सेवा संकल्प पत्र की गारंटी हमारे समृद्ध पंडरिया के सपने को साकार करेगी. आप सभी के सहयोग से हम आने वाले समय में इन सभी संकल्पों को जरुर पूरा करेंगे.मैं आप भी आग्रह करती हूँ कि हमारे इस कर्तव्यपथ में कदम से कदम मिलाकर साथ में आगे बढ़ें और पंडरिया को कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार से मुक्त करने में भारतीय जनता पार्टी को चुनें। भावना बोहरा ने कहा कि इस सेवा संकल्प पत्र में हर वर्ग की उम्मीदें हैं. हर वर्ग के सपने हैं। मेरे पंडरिया परिवार अपने हर लक्ष्य में सफलता प्राप्त करे, इसी कामना के साथ पंडरिया की बेटी परिवर्तन करके दिखाएगी। हर वर्ग के जीवन में खुशहाली का संकल्प पूरा करना ही मेरा ध्येय है. अपने संकल्प के साथ मैंने जिला पंचायत सदस्य के रूप में राजनीति का मार्ग चुना जिसमें क्षेत्र के मेरे परिवारजनों ने अपने अपार समर्थन से मुझे रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाया। एक वह क्षण था आज यह क्षण है जो मुझे हमेशा अपने क्षेत्र एवं उसमें निवासरत मेरे लाखों परिवारजनों की सेवा, सुरक्षा,समाधान तथा समस्याओं को दूर कर उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रेरणा प्रदान करती रहेगी.मैं आश्वस्त करती हूँ कि आप सभी के विश्वास के प्रति मैं पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों की पूरा करने के लिए पुरजोर मेहनत करूँगी.ग्रामवासियों ने भी उनका भव्य स्वागत किया और भावना बोहरा को जीत का आशीर्वाद प्रदान किया।

कांग्रेस प्रत्याशी ने वनांचल क्षेत्र में किया जनसंपर्क

डोंगरगढ़, 1 नवंबर (देशबन्धु)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के तहत आने ग्रामीण अंचलों में कांग्रेस प्रत्याशी दलेश्वर साहू ने ग्रामीणों से डोर टू डोर जन समपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है । इसी कड़ी में उन्होंने बुधवार को क्षेत्र के वनांचल ग्राम भूरसा टोला पीटेपानी लमनाधार दमउदहरा बांसपहाड़ पीटहर कोटनापानी बागडेकरा ठाकुरटोला व कल्याणपुर में ग्रामीणो से मिल कांग्रेस सरकार की योजनाओं एवं क्षेत्र के विकास के नाम पर वोट मांगा । उन्होंने ग्रामीणों को प्रदेश की कांग्रेस सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहां कि प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार किसानों का धान 2640 प्रति कुंटल में खरीदने के साथ - साथ कर्ज माफ कर रही है जो किसानो को मजबूत बनाने के लिए मिल का पत्थर साबित हो रही है विगत 5 साल के कार्यकाल में कांग्रेस की योजनाओ का लाभ लेकर प्रदेश के किसान, मजदूर , युवा व महिलाओं के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है इसी खुशी को बरकरार रखने के लिए इस बार भी कांग्रेस पार्टी को मतदान करे।

भाजपा ने किया अटल संकल्प सभा का आयोजन

पिछले 5 साल में 36 घोषणाएं की गई जो कागज में धारी की धरी है : खूबचंद पारख

डोंगरगढ़, 1 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ निर्माण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के न्यू बस स्टैंड में अटल संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डोंगरगढ़ विधानसभा संचालक खूबचंद पारख ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में त्योहारों में सबसे बड़ा त्यौहार का दिन आज छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस है अगर छत्तीसगढ़ बना नहीं रहता तो हमें आज बुनियादी सुविधाएं नहीं मिली होती ।

उन्होंने उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा कि पिछले 5 साल में 36 घोषणा की गई थी वह केवल कागज में धारी की धरी रह गई एक भी घोषणा पूरी नहीं हुई प्रदेश में गंगाजल की कसम खाकर शराबबंदी की बात कही थी लेकिन हर घर पहुंचाकर शराब बेचने का काम कर रही है भ्रष्टाचार में लिफ्ट यह सरकार है । पूरे हिंदुस्तान में प्रधानमंत्री आवास बन गए लेकिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने अपने हिस्से की राशि नहीं दी जिसके कारण आज 18 लाख ऐसे लोग हैं जिनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है । छत्तीसगढ़ में 15 साल के रमन सिंह के कार्यकाल में चारों तरफ सड़क , स्कूल , मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त की गई

। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने अपने कार्यकाल में तीन नए छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड राज्य बनाने की घोषणा की थी जिसके फलस्वरुप छत्तीसगढ़ फल - फूल , पनप रहा है छत्तीसगढ़ के विकास को धरातल में लाने का काम अटल जी ने किया है केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार कोरोना जैसे महामारी की वैक्सीन बनाकर देश की जनता को बचाने का काम किया है । छत्तीसगढ़ 15 साल में देश के नक्शे में अपना एक ऊंचा मकाम बना लिया था प्रदेश में जो काम हुए डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में हुए हैं इनके 5 साल के कार्यकाल में एक भी काम डोंगरगढ़ में नहीं दिखाई दे रहा है । पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के छत्तीसगढ़ को देश में सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का सपना को साकार करने का बाधक अगर कोई है तो ये प्रदेश की भूपेश सरकार है । अटल जी के सपनों को साकार करने और विकास की यात्रा जो रुकी हुई है उसको फिर से शुरू करने के लिए आगामी 7 तारीख को फिर से भाजपा को वोट देकर छत्तीसगढ़ के विकास को आगे बढ़ाना है । इस दौरान विधानसभा प्रभारी अजय तिवारी , संयोजक हरविंदर सिंह मंगे , बिहार से भाजपा नेत्री गुडिया तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बनोआना , शशिकांत द्विवेदी, पवन मेश्राम, संविता दरगढ़, अमित जैन, महामंत्री राकेश अग्रवाल, अर्चला सिंह ठाकुर, लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुरकर, सुमित मिश्रा, लोकेश इंदुरकर, डिंपी महापात्र सहित अन्य उपस्थित थे ।

आपका प्रत्येक मत आपकी उन्नति का रास्ता खोल सकता है : राजा खड़गराज सिंह

सहसपुर लोहारा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी एवं सहसपुर लोहारा राजपरिवार के राजा खड़गराज सिंह लगातार गांव, कस्बो में पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे वही ग्रामीण राजपरिवार के सदस्य को अपने बीच पाकर उनका बहुत सम्मान से आत्मीय स्वागत कर रहे है। आम आदमी के प्रत्याशी राजा खड़गराज सिंह ने अपने जनसम्पर्क अभियान में ग्राम कुटकोपारा, रेलई, सारी बड़ौदा खुर्द, दैहानडीह, चंदैनी,बचेड़ी, सलिहा, बिरनपुर तालपुर, इरिमकसा, बांधाटोला पहुंच कर झाड़ू छाप में वोट देने की अपील की। इस अवसर पर राजा खड़गराज सिंह ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की यह चुनाव लोभ, लालच, धर्म, जाति, झूठे वादे करने वाले और आपकी परवाह ना करने वाले लोगो को सबक सिखाने का अवसर है और ये मौका आप चुकीयेगा नहीं। नहीं तो आपकी आने वाली पीढ़ी को कांग्रेस भाजपा की राजनीति अंधकार में ले जायेगी। अगर दोनों दलों की राजनितिक सोच अच्छी होती तो आपके गांवो में उच्च स्तर का स्कुल, अच्छी सुविधा वाली निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा और प्रत्येक मूलभूत सुविधा हर गांव में उपलब्ध होती। पर इनकी सोच कभी भी आपको आर्थिक रूप से ताकतवर बनाने का नहीं रहा और ना ही आपके बच्चो को उच्च शिक्षित करने का रहा क्योंकि जिस दिन हमारे बच्चो को सर्व सुविधायुक्त शिक्षा व्यवस्था मिल गई। तों दोनों राजनितिक दलों का राजनीति ही खत्म हो जायेगा। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजा खड़गराज सिंह ने लोगो को सम्बोधित करते हुए आगे कहा की आज देश में आम आदमी पार्टी राष्ट्र निर्माण की सोच के साथ राजनीति में उतरी है।

जो हर बच्चे को सर्वसुविधा युक्त स्कुल, हर व्यक्ति को निशुल्क उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधा, बेरोजगारों के लिए रोजगार देने की सोच के साथ राजनीति करती है जिसका जीता जागता सबुत आपको दिल्ली और पंजाब में किये जा रहे कार्यो को देखने से पता चल सकता है आप के पास मोबाइल है मोबाइल में सर्च कर आप आम आदमी पार्टी के कार्यो को देख सकते है। इस लिए इस चुनाव में सोच विचार कर अपने बच्चो के भविष्य को देखते हुए अपने मत का उपयोग करे क्योंकि आपका प्रत्येक मत आपकी उन्नति का रास्ता खोल सकता है। इस लिए एक बार आम आदमी पार्टी को मौका देते हुए झाड़ू छाप में मतदान करे। इस जनसम्पर्क अभियान में गांव गांव में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजा खड़गराज सिंह का अभूतपूर्व स्वागत किया है और उन्हें सुनने को भारी भीड़ हर गांव में दिखाई दी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा में 236 दृष्टिबाधित मतदाता मतदान करेंगे

बेमेतरा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन -2023 में निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सभी वर्गों खासकर दिव्यांग मतदाताओं का मत प्रतिशत बढ़ाने के प्रयासों के तहत यह पहल की गई है। इसके लिए दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में आने वाली सभी बाधाओं को यथासंभव दूर करने के लिएए यातायात की सुविधाए मतदान केंद्र पर रैंप, व्हील चेयर और मतदान प्रक्रिया में मदद के लिए सहायक उपलब्ध कराने के अलावा दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल युक्त ईपीआईसी देने की पहल की गई है।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में दृष्टिबाधित मतदाता अपने परिजन के साथ जाकर मतदान कर सकेंगे। वहीं जो दृष्टिबाधित मतदाता ब्रेल लिपि के जानकार हैं वो स्वयं वोट डाल सकेंगे। ईवीएम के बगल में इस लिपि के माध्यम से प्रत्याशियों के नाम उन्हें मिल जाएंगे। वहीं दिव्यांगों को बूथों तक ले जाने के लिए मतदाता मित्र तैयार रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा में 236 दृष्टिबाधित मतदाता मतदान वाले दिन 17 नवम्बर को अन्य मतदाताओं के साथ अपने मत का प्रयोग करेंगे।

प्रशासन के अनुसार 80 साल या उससे अधिक आयु के और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले 19 मतदाताओं ने घर पर ही वोटिंग करने के लिए आवेदन दिया है। जिले की तीनों विधानसभा में 4113 दिव्यांग मतदाताओं में से सिर्फ दो ने घर से मतदान की सहमति दी। वही 80 से अधिक उम्र के बुर्जग मतदाताओं में 17 मतदाओं ने घर से मतदान करेंगे। 80 उम्र से अधिक मतदाताओं की संख्या 4715 है।

कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटेए इसके लिए घर-घर जाकर मतदान (होम वोटिंग) का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान के लिए डाक मतपत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गों के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैंए वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन किया कर सकते है। यह प्रक्रिया 14 नवम्बर तक पूरी कर ली जाएगी।

सार-संक्षेप

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सद्भावना बॉलीबॉल मैच

पिथौरा, 1 नवंबर। राष्ट्रीय एकता दिवस में सदभावना बॉलीबॉल मैच खेला गया इस रोमांच मैच में डी डी ए पी की टीम विजेता रही।इस दौरान प्रमुख रूप से निदेशक डाक सेवाए श्री दिनेश मिश्री, अधीक्षक आर एम एस सरजीत सरकार,सहायक निदेशक एके सिंह, जेएस, पारधी, सौरभ असाटी,पूजा शर्मा, बृज तिवारी मैनेजर पीएसडी आनंद कुमार एवं पार्सल हब, एनएस एचआरएमएस, पीएसडी के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

निधन

सुरजौतिन बाई साहू



अमेरा/बलौदाबाजार, 1 नवंबर। ग्राम कोसमंदी निवासी सुरजौतिन बाई साहू का निधन गत दिनों हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे पतिराम, रामकुमार, पवनकुमार साहू की माता थी।

कुंती बाई साहू



पलारी, 1 नवंबर। ग्राम -दतान (प.) निवासी कुंती बाई साहू का आकस्मिक निधन हो गया है जिनका काठी अंतिम संस्कार का कार्यक्रम गृहग्राम में किया गया। वे वासुदेव साहू की धर्मपत्नी व नरोत्तम, पुरुषोत्तम साहू के माता थी। शोक व्यक्त करने वाले में डेल्राम, राधेश्याम,भोलाराम पूरन साहू, परिवार सहित ग्रामीण साहू समाज, बहुत संख्या में ग्रामीण जन शामिल थे।

सुरेश कुमार गुप्ता



डोंगरगांव, 1 नवंबर। ग्राम आतर गांव निवासी सुरेश कुमार गुप्ता पिता दिनेश कुमार गुप्ता 27 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगाकर मंगलवार को आत्महत्या कर ली मृतक सुरेश कुमार गुप्ता तीन भाई थे जिनमें वह सबसे छोटा था मृतक के मां का दो माह पहले ही देहांत हुआ था उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिनमें परिजनों के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

प्रादेशिकी का शेष...

पीएम मोदी की दुर्ग सभा में ...

की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। पत्रवार्ता में दुर्ग जिला भाजपा प्रभारी प्रताप अग्रवाल जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, दुर्ग शहर विधानसभा प्रभारी प्रीतम साहू, राजेन्द्र तथा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया भी उपस्थित थे।

मैट्स कंप्यूटर लवन में राज्य स्थापना दिवस मनाया

लवन, 1 नवंबर। मैट्स कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र लवन में हमर राज ,हमर भाखा थीम पर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया गया । संस्थान प्रमुख श्र कविता साहू के मार्गदर्शन में सभी छात्रों को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बारे में जानकारी दी गई बताया कि हर राज्य के लोग अपनी बोली में बात करते हैं परंतु राज्य गठन के इतने वर्षों के बाद भी छत्तीसगढ़ी शासकीय व अर्ध शासकीय कार्यालयों में बोलचाल में अब तक चलन में नही आ पाया है। भाषा का स्झान बढ़ाने के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें छात्रों से छत्तीसगढ़ी महावरे,जनउला, कहावतें,लोकोक्तियां छत्तीसगढ़ी शब्द अर्थ युक्त अनेक प्रतियोगिताएं हुई । साथ ही छात्रों को अपने राजभाषा में बात करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तोमेंद्र यादव,नंन्दिनी साहू ,द्वितीय हीरामणि बंजारे ,तृतीय ममता पैकरा रही । मायावर्मा,मुस्कान राज,रजनी बंजारे,शिवानी साहू,मंजू साहू,धानबाई,नेहा ,अनुराधा,विमल,भीषम, अजय पटेल,विशाल पटेल,अभिषेक पटेल,शत्रुहन जांगड़े,सूरज साहू,गोपाल,कुलभूषण साहू इत्यादि छात्रो ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का आभार प्रकट लिकेश छत्रीय ने की।

अलग-अलग दो प्रकरणों में नाबालिग अपहृता को बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर, भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाला दो युवक गिरफ्तार

बेमेतरा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी थाना नांदघाट हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 27.07.2023 को इसकी नाबालिग भतीजी घर से बिना बताये कही चली गई है। जिसकी आस-पास एवं रिश्तेदारों में पता तलाश किया गया, कोई पता नही चला। प्रार्थी को संदेह है कि उसकी नाबालिग भतीजी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग होना जानते हुए बहला फुसलाकर भगा ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रार्थी थाना नांदघाट हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 30.08.2023 को इसकी नाबालिग पोती को भाठापारा जाने हेतु संबलपुर से बस बैठाकर अपने घर चला गया था उसी दिन शाम प्रार्थी की पोती को विवाह भास्कर अपने साथी के साथ ग्राम नांदघाट बस स्टैण्ड से मोटर सायकल में बैठाकर नाबालिग जानते हुए बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के द्वारा थाना प्रभारी नांदघाट एवं थाना स्टाफ को गुम/अपहृता (बालिका) का पतातलास कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना नांदघाट एवं बेमेतरा सायबर सेल टीम की मदद से दो नाबालिग बच्ची गुम/अपहृता (बालिका) को आरोपी सुर्यप्रकाश निषाद एवं विकास भास्कर के कब्जे से स्पाईन रोड स्पाईन सिटी चौक (महाराष्ट्र) से दस्तयाब कर बरामद किया गया है ।

आरोपी सुर्यप्रकाश निषाद द्वारा पीडिता को नाबालिक होना जानते हुए भी प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर, मांग में सिंदुर भरकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। थाना पंडरिया जिला कबीरधाम क्षेत्रांतर्गत रहने वाला आरोपी सुर्यप्रकाश निषाद पिता कृष्णा निषाद उम्र 25 वर्ष के विरूद्ध धारा 366 क, 376, 376 (2) एन भादवि एवं 5(ठ),6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही कर दिनांक 31.10.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया।

आरोपी विकास भास्कर द्वारा पीडिता को नाबालिक होना जानते हुए भी प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर, मांग में सिंदुर भरकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। थाना नांदघाट क्षेत्रांतर्गत रहने वाला आरोपी विकास भास्कर पिता कविलास भास्कर उम्र 21 वर्ष के विरूद्ध धारा 366 क, 376, 376 (2) एन, 34 भादवि एवं 5(ठ),6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही कर दिनांक 31.10.2023 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, प्रधान आरक्षक यशवंत जांगडे, आरक्षक सुरेश सोनकर, आलोक हिरवानी, धनंजय राजपूत, रूपेश राजपूत, आकाश सिंह, प्रताप यादव, सायबर स्टाफ पंचराम घोरबंधे एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनी भुमिका रही है।

विस चुनाव के लिए अन्य प्रदेशों से आय सुरक्षा बलों का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण

खैरागढ़, 1 नवंबर। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा के दिशा निर्देशानुसार थाना मोहगांव क्षेत्र मे विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए आये हुए बल का बेहतर स्वास्थ्य परीक्षण थाना मोहगांव मे बीएसएफ 404 एडॉक 131 बीएनजी कंपनी 21वी वाहिनी सीएएफडी कंपनी एवं थाना के अधिकारी कर्मचारी द्वारा पैलीमेटा के हाईस्कूल मे यूपी पीएपीई कंपनी 24 बीएन के अधिकारी कर्मचारियों का स्वास्थ्य विभाग के सयुक्त टीम द्वारा कैम्प लगाकर बीपी, शुगर, मलेरिया की जांच व अन्य स्वास्थय संबंधी समस्याओ का चेकअप टीम के द्वारा किया गया साथ ही दवाइयां का वितरण भी किया गया। स्वास्थय विभाग के द्वारा किए गये कैम्प मे तकरीबन 180 अधिकारी कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया इस कार्य मे स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पैलीमेटा व उपस्वास्थ्य केन्द्र मोहगांव की टीम का सराहनीय योगदान रहा। उक्त अवसर पर बीएसएफ के असिंस्टेंट कमाण्डर संतोष भटट,थाना प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र वैष्णव, यूपी पीएपी के कंपनी कमाण्डर निरीक्षक राजेश जौहरी,सीएएफ के कंपनी कमाण्डर विश्वविजय चन्द्राकर सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

समिति कर्मियों ने कांटा-बांट की पूजा कर धान खरीदी की शुरुआत की

■ कलेक्टर ने धान ख़रीदी के शुरुआती दिन सात उपार्जन केंद्रों धान ख़रीदी का लिया जायज़ा

■ कलेक्टर श्री एल्मा ने स्वयं तौला किसान का धान, नमी मापक यंत्र से नापी धान की नमी

बेमेतरा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। आज 01 नवंबर से पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले के धान खरीदी केंद्रों में खरीफ़ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गयी। आज शुरुआत में जिले के 106 धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। पहले दिन 448 पंजीकृत किसानों का टोकन कटा। समिति कर्मचारियों ने परंपरा अनुसार कांटा-बांट की पूजा की।

धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन की ओर से किसानों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। सुगमता से अपने मेहनत की कमाई का वाजिब दाम के लिए किसानों में खासा उत्साह देखा गया। किसान सवेरे से अपनी अपने.अपने साधनो छोटी वाहन अथवा ट्रैक्टर में धान लादकर खरीदी केंद्र पहुंच गए। शुरुआत दिन फिलहाल मझले किसानों को प्राथमिकता से धान बेचने का मौका दिया गया है।

कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज धान खरीदी के शुरुआती दिन जायजा लेने सबसे पहले बेमेतरा कृषि उपज मंडी केंद्रए पहुँचे । वहां उन्होंने स्वयं किसान का धान तौला । उसके बाद वह बेमेतरा ब्लाक के धान खरीदी केंद्र बीजा पहुंचे। उसके बाद बीजा, देवर बीजा, कंटेली, डुडा,मोहभट्ठा, बेरला और कुसमी (बेरला) में पहुँचे । वहाँ उन्होंने धान खरीदी केंद्र में की गयी तैयारी का और धान खरीदी का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री एल्मा ने धान खरीदी केंद्र में किसानों की पंजीयन संख्या धान के रकबे की जानकारी बारदाने की उपलब्धता, कांटा-बांट के सत्यापन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी का काम ईमानदारी पूर्वक करना है। खरीदी के बाद धान को व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने अन्य राज्यों और कोचियों द्वारा लाए जाने वाले धान पर निगरानी रखने और कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि बाहर से धान खपाने की जानकारी मिलती है तो उसे जब्त करने की कार्रवाई की जाए। बाद में उन्होंने धान बेचने आए किसानों से बातचीत की उनका कुशलक्षेम पूछा ।

कलेक्टर श्री एल्मा ने धान खरीदी केंद्र में बनाए गए चबूतरे का भी निरीक्षण कर निर्माण गुणवत्तापूर्ण देखी। उन्होंने कहा कि सभी धान खरीदी चबूतरा का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। जिला खाद्य अधिकारी नीतीश त्रिवेदीए डीएमओ श्री उपेन्द्र खांडेकर, डीसीसी श्री अरविंद वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि धान बेचने आए किसानों को उपार्जन केंद्र में कोई दिक्कत ना हो इस बात का ख्याल रखा जाए। साफ़.सफ़ाई पेयजल आदि की पर्याप्त व्यवस्था हो । ताकिए वह खुशी -खुशी धान बिक्री कर सके। उन्होंने समिति कर्मियों को कहा कि सभी उपकरण जैसे नमी मापक यन्त्र ए बारदाना,काँटा -बाँट भंडार लिमिट आदि सभी चीज के बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए।

एक व्यक्ति एक वृक्ष एक वोट के साथ आजीवन मतदान किए जाने की प्रतिज्ञा ली

बेमेतरा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले में हर जगह स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला नोडल स्वीप श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन मे जिले के समस्त आयुर्वेद चिकित्सा संस्थानों तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अधिकारी कर्मचारी तथा विद्यार्थियों के द्वारा च्च्एक व्यक्ति एक वृक्ष एक वोटज का नारा लेकर आजीवन मतदान किए जाने हेतु प्रतिज्ञा ली और वृक्षारोपण किया और मतदाता शपथ भी ली ।

पहले भी साजा विकासखंड की ग्राम पंचायत कोंगियाकला से ऐसे महिला-पुरुष श्रमिक जो रोज़ी-रोटी, कामकाज के लिए दूसरे राज्य के शहर या अन्य ज़िले में कामकाज हेतु गए है उन्हें आज हाईस्कूल कोंगियाकला के छात्र-छात्राओं ने पोस्ट कार्ड भेजकर आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने की अपील की थी

हाल ही में ज़िला पंचायत और जनपद पंचायत के कर्मियों द्वारा बाइक रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया था। पूरे ज़िले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है ।इसमें सभी समाज के लोग भी अपने. अपने स्तर से लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल. कॉलेज के छात्र.छात्राये भी इस जागरूकता कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर सहयोग कर रहे है।

ललित विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूल नवागढ़ का निरीक्षण के दौरान छात्र, छात्राओं को भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए किया प्रोत्साहित

बेमेतरा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। 1 नवम्बर को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने विधानसभा चुनाव के लिए बाहर से आने-वाले बलों की रुकने की व्यवस्था हेतु ललित विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूल नवागढ़ का निरीक्षण के दौरान छात्र ङ्क छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के अनुरोध पर अपना अमुल्य समय निकाल कर एसपी बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने छात्र ङ्क छात्राओ को पढ़ाई के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अनुशासन में रहने, अनुशासन में रहकर ही लक्ष्य को प्राप्त करने समझाईस दिया गया । तथा छात्र, छात्राओं को भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं विषम परिस्थितियों में अपने नैतिक बल ऊंचा रखना, परिस्थितियों से लडने के लिए कई उदाहण प्रस्तुत कर टिप्स दिये गए। स्कुली छात्राओं ने एसपी महोदय से रूबरू हुये और एसपी महोदय से बातचीत कर खुशी जाहिर किये।

साथ ही किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करने, परिवार गांव समाज को नशा मुक्त बनाने एवं देश के विकास में सहयोग प्रदान करने तथा युवाओ को नशे से दूर रहने समझाईस दिया गया। बालिकाओ /महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने तथा यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, नायब तहसीलदार सुमित देवांगन, नगर पंचायत सीएमओ टी.आर. चौहान, ललित विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूल नवागढ के शिक्षक/शिक्षिका एवं अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

भावना बोहरा ने जारी किया सेवा संकल्प पत्र, कहा पंडरिया का समुचित विकास और जनसेवा ही प्रथम लक्ष्य

कवर्धा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी पंडरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भावना बोहरा द्वारा आज सेवा संकल्प पत्र जारी किया गया. इस अवसर पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, बिहार के पूर्व मंत्री गणा रणधीर सिंह, कबीरधाम जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित पंडरिया विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

इस दौरान भावना बोहरा ने बारह पन्नों के सेवा संकल्प पत्र में हर वर्ग एवं सर्व समाज की आकाँक्षाओं को पूरा करने का वादा किया है. उनके द्वारा जारी इस सेवा संकल्प पत्र को उन्होंने भावना दीदी की गारंटी बताया है, जो अपने आप में उसमें लिखे वादों को पूरा करने का उनका एक संकल्प है जिसके प्रति जनता को भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रहा है. छः प्रमुख बिन्दुओं पर आधारित सेवा संकल्प पत्र में सर्व समाज के उत्थान से लेकर पंडरिया विधानसभा के विकास, मूलभूत सुविधाओं से लेकर महिला, शिक्षा, किसान, युवा, खेल एवं धार्मिक कार्यों एवं

जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मजबूत कदम तथा सर्व समाज की आकाँक्षाओं का परस्पर सामंजस्य दिखाई दिया.

दरअसल भारतीय जनता पार्टी पंडरिया विधानसभा की प्रत्याशी भावना बोहरा ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में किये गए जनसेवा के कार्यों सहित विभिन्न विकास कार्यों को पूरे पंडरिया विधानसभा में संचालित करने की बात कही. भावना बोहरा द्वारा जारी किये गए सेवा संकल्प पत्र में मुख्य छः बिंदु हैं जिसमें महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन, स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा एवं युवाओं को प्रोत्साहन, किसानों के सम्मान, आदिवासी समाज एवं वनांचल क्षेत्र के विकास तथा धार्मिक-सामाजिक कार्य सहित पंडरिया के सर्वांगीन विकास तथा मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी है.

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि जनसेवा को ही प्रथम लक्ष्य मानकर मैंने निस्वार्थ भाव से जो भी कार्य किये हैं और जनता के उसी आशीर्वाद स्वरूप मुझे पंडरिया विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है. अपने जिला पंचायत सदस्य के रूप में मैंनें सेवा को ही प्रथम उद्देश्य मानकर क्षेत्रवासियों की सेवा की और पंडरिया विधानसभा में भी अपने उसी उद्देश्यों को लेकर जनसेवा एवं विकास कार्यों को करने के लिए संकल्पबद्ध हूँ. पिछले कई वर्षों में जनसंपर्क एवं जनता के बीच रहकर कार्य करते हुए मुझे जो अनुभव हुए हैं, उन अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए मैंने पंडरिया विधानसभा के विकास हेतु अपना कर्तव्य पथ निर्धारित किया है, जिन्हें भावना दीदी की गारंटी के रुप में आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ. सभी वर्ग के उत्थान एवं क्षेत्र के विकास हेतु मैंने विभिन्न संकल्प किये हैं जैसे की त्वरित समस्याओं के निराकरण हेतु पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत पंडरिया, पांडातराई, इंदौरी, दुल्लापुर, कुंडा, कुकदुर एवं रणवीरपुर में च्जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्रच की स्थापना, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को शिक्षा एवं प्रोत्साहन, किसानों का सम्मान, सामाजिक व धार्मिक कार्य एवं मूलभूत सुविधाओं से लेकर सभी आवश्यक सेवाओं के विस्तार की रुपरेखा इस सेवा संकल्प पत्र में शामिल हैं.

कांग्रेस सरकार सभी परिवारों की आर्थिक स्थिति करेगी मज़बूत

कवर्धा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। कवर्धा विधानसभा के चुनाव में शहर महिला कांग्रेस कमेटी की टीम घर - घर जाकर कांग्रेस पार्टी का प्रचार कर रही है ।

अध्यक्ष रानू मनोज दुबे के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी देने वाले पर्चे का वितरण कर रहे हैं । महिला कार्यकर्ता गृहनियो को बता रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार आने पर प्रत्येक गैस सिलेंडर पर 500 रूपये की सब्सिडी दी जाएगी , 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी ,गरीब परिवारों को दस लाख रु तक के इलाज की सुविधा मिलेगी ,बच्चो के लिए के जी से मुफ्त पढाई की सुविधा प्रारंभ होगी जो कि पी जी तक चलेगी। इसके आलावा साढ़े 17 लाख गरीब परिवारों को खुद का आवास मिलेगा 7 कांग्रेस की सरकार महिला स्व सहायता समूहों तथा सक्षम योजना अंतर्गत लिए गए कर्ज़ को माफ़ करेगी 7 कांग्रेस सरकार ने अब तक 16 वादों की घोषणा कर दी है रानू दुबे के साथ कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने वाली महिलओं के नाम इस प्रकार हैं -नारायणी टोंडर, रचना कोसले, रोशनी मेरावी,रामेश्वरी चौहान,फूलवती डेहरिया,मुस्कान देश्लेहरे , त्रिवेणी मानिकपुरी ,संतोषी मानिकपुरी ,चंद्रिका रजक,उमा यादव ,राधा निषाद,तना नाविक,लीला धुर्वे , सहोदरा साहू ,हीरा बघेल,चंदा जोशी ,काजल विश्वकर्मा , कांति लहरें ।

जिले में धान खरीदी का शुभारंभ, 13 उपार्जन केन्द्रों के 46 किसानों ने बेंचे 2 हजार 084.80 क्विंटल धान

कवर्धा, 01 नवंबर (देशबन्धु)। कबीरधाम जिले मे 1 नवंबर 2023 से धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। यह धान खरीदी 31 जनवरी 2024 तक निरंतर चलेगी। प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी किया जाना है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंर्तगत यह धान खरीदी जिले के 90 समिति के अंतर्गत 108 धान उपार्जन केन्द्रों में होगी। इस वर्ष कबीरधाम जिले में कुल 1 लाख 22 हजार 552 किसानों का, रकबा-1 लाख 22 हजार 386.38 हेक्टेयर का पंजीयन किया गया है। इस वर्ष धान उपार्जन का अनुमानित लक्ष्य 5 लाख 37 हजार 853.00 मे. टन है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि आज 01 नवंबर 2023 को शाम 4 बजे की स्थिति में कुल 13 उपार्जन केन्द्रों के 46 किसानों द्वारा 2084.80 क्विंटल धान का विक्रय किया गया है। जिले के सभी उर्पाजन केन्द्रो में बायोमेट्रिक मशीन मिलने तक गत वर्ष जैसे ही धान की खरीदी प्रारंभ कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि किसान अपना टोकन समिति से जारी करा सकते हैं साथ ही किसान खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गत वर्ष अनुसार मोबाईल एप के माध्यम से भी स्वयं टोकन जारी करा सकते है। जिला प्रशासन के निर्देश पर धान खरीदी के तैयारी के लिए जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। केन्द्रों में साफ-सफाई, पर्याप्त हमाल एवं कटावांट की व्यवस्था, बारदानों की व्यवस्था आदि के संबंध में समिति प्रबंधकों, उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को बैठक के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए गए है। जिले को धान उपार्जन के लिए 5 हजार 470 गठान नया बारदाना प्राप्त हो चुका है तथा 9 हजार 216 गठान प्राप्ति होने को है। पुराने बारदानें के लिए पीडीएस दुकानों से तथा राईस मिलर से समितियों में उपलब्ध कराएं गए है। इस वर्ष किसान अपना नामिनी नामांकित कर धान का विक्रय कर सकता है।

निर्दलीय प्रत्याशी रामजी मेरावी ने भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा को दिया समर्थन

कवर्धा, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। कवर्धा विधानसभा 72 के निर्वाचन में निर्दलीय प्रत्याशी मै रामजी मेरावी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय शर्मा को अपना समर्थन दिया .उन्होंने लिखित में समर्थन देकर कहा भारतीय जनता पार्टी ने विजय शर्मा जी को कवर्धा विधानसभा के लिए प्रत्याशी घोषित किया है . चुनाव प्रचार के दौरान मैंने विजय शर्मा का क्षेत्र की जनता के साथ सीधा संबध महसुस किया . श्री शर्मा द्वारा जनता के लिए समर्पण भाव से किये गये कार्यो को जाना . मैंने अपने चुनाव प्रचार दौरान पाया कि विजय शर्मा न केवल भारतीय जनता के प्रत्याशी है अपितु वे जनता के दिलो में राज करने वाले सहज ,सरल और मिलनसार सभी के सुख दुःख में सहयोगी नेता है .

इसलिए अपने मन की आवाज को सुनकर मै विजय शर्मा भैया का समर्थन करता हूँ आज दिनांक से मै अपना चुनाव प्रचार बंद कर विजय भैया के प्रचार प्रसार में सहयोगी रहूँगा . मै कवर्धा विधानसभा के जनता माता बहनों से अपील भी करता हूँ जैसे आपने विजय शर्मा को अपने दिलो में स्थान दिया .

इस दौरान गमछा पहनाकर रामजी मेरावी का स्वागत किया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा परिस्थियों को समझते हुए कवर्धा की जनता की भलाई के लिए आपने अपने सहृदय का परिचय दिया इसका मै स्वागत करता हूँ . स्वयं से ऐसा फैसला लेना किसी प्रत्याशी का बड़ी बात है .

इस दौरान अपने सैकड़ो समर्थको के साथ रामजी मेरावी ने विजय शर्मा का समर्थन किया .

कांग्रेस, भाजपा को सीधा टक्कर दे रहा अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवार

खैरागढ़, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 में राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टी व निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में उतरकर धुआं धार प्रचार प्रसार कर रहे है। खैरागढ़ विधानसभा में इस बार चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है। कांग्रेस भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक पार्टी के नेता मैदान में उतर कर दोनो राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस भाजपा को कड़ी टक्कर दे रहे है। चुनाव के नजदीक आते ही पार्टी के बड़े नेता चुनाव प्रसार प्रचार में व्यस्त नजर आ रहे है। कांग्रेस भाजपा दोनो पार्टी के नेता सभी समाज प्रमुख से मिलकर समाज को साधने का काम कर रहे है। खैरागढ़ विधानसभा में लोधी समाज की संख्या अधिक होने के कारण सभी नेताओ का नजर लोधी समाज पर प्रमुख रूप से दिखाई दे रहा है। लोधी समाज के बाद साहू समाज, यादव समाज,मुस्लिम समाज, बौद्ध समाज, आदिवासी समाज, ठाकुर समाज, सतनामी समाज सहित अन्य समाज के बाद वही

■ मतदाता तय करेंगे खैरागढ़ का विधायक कौन होगा

महिला स्व सहायता समूह, आगनबाडी के कार्यकर्ता सहायिका, सरपंच जनपद सदस्य, मितानिनो से मिलकर कांग्रेस भाजपा के प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि समाज प्रमुखों से मिलकर अपनी राय शुमारी करना प्रारंभ कर दिए है। वही छोटी पार्टी के नेता व निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में उतरकर कर अपना प्रचार प्रसार काफी तेज कर दिया है। खैरागढ़ विधानसभा की जनता इस बार अपना विधायक किसे बनाते है। देखने योग्य होगा कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी यशोदा वर्मा सरल सहज स्वभाव के धनी है। तो पैसों के मामले में अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह के सामने फीका पड़ सकती है। विक्रांत सिंह का स्वभाव सरल सहज है। वही भाजपा पार्टी के पास टीम वर्क है। समाज को साधने का काम भाजपा प्रमुख रूप से कर सकता है। भाजपा के पास बूथ मैनेजमेंट बहुत ही जबदस्त है। तो कांग्रेस के पास बूथ मैनेजमेंट नही के बराबर है। वही दोनो राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस भाजपा से नाराज कार्यकर्ता चुनाव के दौरान भीतरघात कर सकते है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार भाजपा, कांग्रेस पार्टी में वनांचल व मैदानी क्षेत्रों में भीतरघात करने की प्रकिया लगभग प्रारंभ हो गया है।

एएसपी ने जिले के समस्त कोटवारों व वनरक्षको की बैठक लेकर कानून व्यवस्था व चुनाव को लेकर दिए निर्देश

खैरागढ़, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को देखते हुए एसपी अंकिता शर्मा के दिशा निर्देशन में एएसपी नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन में 1 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला केसीजी के कोटवारों एवं वन रक्षकों का कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कोटवारो एवं वनरक्षको को चुनाव के दौरान पोलिंग बूथ में अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। इस संबंध में उक्त कार्यशाला में एएसपी नेहा पाण्डेय व निर्वाचन शाखा के मास्टर ट्रेनर उमेंद पटेल व मनसुखलाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कोटवार ही ग्रामीणो के समीप है। क्योंकि उनकी पहुँच गांव गांव में है व कोटवार ही सूचना का प्रथम स्रोत है। वनरक्षक भी जंगल के अंदरूनी क्षेत्रों के अच्छे जानकार होते है, जो कि असमाजिक तत्वों पर बारीकी से नजर रखते है। सभी कोटवारों

व वन रक्षको को अपने अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने व लगातार थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर शांति का वातावरण निर्मित करने एवं अवैध गतिविधियों के संबंध में पुलिस को सूचना देने एवं वन क्षेत्रों में हो रही असमाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए निर्देशित किया कोटवारों के कार्यों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका पर पुलिस व आम जनता में उनकी उपस्थिति उनकी कार्यकुशलता के कारण समाज में शांति का वातावरण निर्मित होता है। साथ ही वन रक्षको को किसी भी प्रकार का मतभेद या अन्य किसी भी असमाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया गया। पोलिंग बूथ में चुनाव के दौरान उपस्थित व्यक्तियों की पहचान होने वाली भीड़ का नियंत्रण पोलिंग बूथ से प्रचार अथवा बैनर पोस्टर की दूरी संबंधित निर्देशिका को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया साथ ही चुनाव उपरांत मतपेटिया/इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा किस प्रकार करना है। इन सभी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला में जिला क्षेत्रान्तर्गत आने वाले लगभग 400 से अधिक संख्या में कोटवार, वनरक्षक व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनता जान चुकी है कि कांग्रेस की घोषणाएं छलावा: अभिषेक सिंह

राजनंदगांव, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह राजनंदगांव के ग्रामीण क्षेत्र में डॉक्टर रमन सिंह के प्रचार अभियान में की जान से जुटे हुए हैं, वह प्रतिदिन 8- 10 गांव में ग्रामीण जनों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं और अपनी बात रख रहे हैं।। इसी कड़ी में अभिषेक सिंह ग्राम टेकवा, अचानकपुर भांठापारा, बैगाटोला व बिरेझर पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जान चुकी है कि पिछले चुनाव में कांग्रेस जिन 36 वायदों को करके सत्ता पर काबिज हुई थी, वह सभी के सभी छलावा साबित हुए हैं। कर्ज माफी की घोषणा के समय कोई सीमा नहीं रखी गई थी, बेरोजगारों को ढाई हजार रुपए देने के समय कोई सीमा नहीं तय की गई थी, इसी तरह से सभी योजनाओं में बाद में सीमा तय की गई, सबसे शर्मनाक विषय है की गंगा जल लेकर शराबबंदी की कसम खाने के बाद भी शराब को बंद करने के बजाय घर घर पहुंचाकर गली-गली में शराब बेची जा रही है, इसी तरह वर्तमान में गैस सिलेंडर

में ?500 की छूट की घोषणा भी छलावा है। कांग्रेस बताएं कि ?500 की छूट बीपीएल परिवारों को देंगे या फिर सभी को देंगे ? इसका दायरा क्या होगा ?

श्री सिंह ने कहा कि बीपीएल परिवारों में गैस की खपत कम होती है, और केंद्र सरकार इस पर 364 रुपए की छूट प्रदान करती है, इस तरह से कांग्रेस ने ?500 की छूट कहकर मात्र 136 रुपए की अतिरिक्त छूट देने जा रही है। श्री अभिषेक सिंह ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस में यही अंतर लोगों को समझ में आ चुका है कि कांग्रेस की घोषणाएं मात्र छलावा है कर्ज माफी की भी घोषणा की गई है पिछली बार भी कहा गया था कि पूरा कर्ज माफ होगा महिला स्वयं सहायता समूह का कर्ज माफ होगा, परंतु बाद में समीकरण बदल गए और यही आने वाले समय में भी होगा इसलिए जनता समझ चुकी है और कह भी रही है कि प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों में ले जाने के लिए हम कांग्रेस के प्रलोभन में आने वाले नहीं हैं।

श्री सिंह ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने किसानों को ?6000 प्रति वर्ष देने का निर्णय लिया था, जिसे भी भूपेश सरकार ने गंदी राजनीति करते हुए यहां के किसानों को किसान समृद्धि योजना से नहीं जोड़ा, जिसके चलते प्रति महा ?500 का नुकसान किसान परिवारों को हो रहा है। इसी तरह केंद्र सरकार की सर्वाधिक महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना में भी भूपेश सरकार ने गरीबों को मकान बनाने नहीं दिया। श्री अभिषेक सिंह ने कहा कि कांग्रेस अपनी गंदी राजनीति के चलते 5 वर्ष में लाखों गरीब परिवारों का नुकसान कर चुकी है, जबकि भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का क्रियान्वयन करती है। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के माध्यम से देश को उच्च पायदान पर ले जाने के लिए भाजपा संकल्पित है।

शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था बनाये रखने राजनांदगॉव शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया

राजनंदगांव, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। राजनंदगांव पुलिस अधीक्षक राजनंदगॉव मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा मार्गदर्शन में आज दिनांक 01.11.2023 को नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल हमराह थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक बलदाऊ चंद्राकर, प्रधान आरक्षक चंदेश सिन्हा के साथ बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल के करीब 200 जवानो द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मददेनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने आज थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत शहर के प्रमुख चौक पुराना बस, स्टैंड गंज चौक ,तिरंगा चौक ,जय स्तंभ चौक, महावीर चौक पोस्ट ऑफिस चौक , सहित कन्हारपुरी, लखोली क्षेत्र में फ्लेग मार्च किया गया।

दलेश्वर साहू का जनसंपर्क हुआ तेज, जनसभाओं का दौर जारी

डोंगरगांव, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। विधायक दलेश्वर साहू अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान आज डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम भुरसाटोला, पोटेपाली, लमनाढार, दमऊदहरा, बांसपहाड़, पिटहर, कोठनापानी, मडिघान, ठाकुरटोला, रामाटोला, कल्याणपुर, राका में पहुंचकर ग्रामवासियों से आशीर्वाद लिया।विधायक साहू के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामिणजनो में काफी हर्षमय माहौल देखने को मिल रहा।कार्यक्रम को संबोधन करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाब वर्मा ने दलेश्वर साहू को मिल रहे हर वर्ग के अपार जन समर्थन की बात कहते दावा किया कि इस बार दलेश्वर की जीत ऐतिहासिक जीत होगी वही दलेश्वर साहू ने अपने मिलने वाली जीत को भूपेश बघेल और कांग्रेस की जीत बताते हुए कांग्रेस की जीत ही छत्तीसगढ़ीया की असली जीत बताया उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों के साथ भावेश सिंह,हीरा सोनी,महेश सेन, मोनू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

खड़ी नहीं हो पाती थी आराध्या, अब दौड़ लगाने तैयार !

■ न्यूनेटल हाइपोक्सिक इंसीफैलो - पेथी की समस्या से थी ग्रसित

राजनंदगांव, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। जन्म के समय कम रोने की वजह से शारीरिक रूप से आई विकृति से ग्रसित नन्ही बच्ची आराध्य का जीवन बड़ा कठिन दिखाई पड़ रहा था । वह 13 माह की उम्र तक अपने पैरों पर खड़े हो पाने की स्थिति में नहीं थी । इस बात ने माता-पिता को विचलित कर दिया । अपनी बेटी का सही इलाज करने के लिए उन्होंने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ मोहबे से संपर्क किया । डॉक्टर मोहबे ने उन्हें सुझाव दिया कि वे डॉक्टर रश्मि- हर्ष मोतीरमानी के पास उसे लेकर जाएं और फिजियोथैरेपी कराएं । डॉक्टर की सलाह काम आई और अब लगभग 16 माह की उम्र में बेबी आराध्या ने अपने पैरों पर खड़े होकर चलना भी सीख लिया है ।

नगर के गणपति विहार कॉलोनी , लक्ष्मी नगर के समीप रहने वाले सिंह परिवार की लाडली बेटी आराध्या को जन्म से ही न्योनेटल हाइपोक्सिक ए इंसीफैलोपैथी नामक बीमारी ने घेर लिया था । बीमारी की वजह से लगभग

13 माह की उम्र तक वह अपने पैरों पर खड़ी हो पाने में असमर्थ थी । ऐसी विकट स्थिति में संजीवनी फिजियोथैरेपी सेंटर के चिकित्सक दंपति रश्मि- हर्ष मोतीरमानी ने उक्त बच्ची का इलाज शुरू किया । आज आराध्या 16 माह की है । महज तीन माह के इलाज के बाद अब वह अपने पैरों पर खड़ी हो पा रही है और चल भी रही है । हमें आराध्या की मां ने चर्चा में बताया कि उसे बोलने में भी समस्या थी। जिसकी स्पीच थेरेपी इलाज भी डॉक्टर रश्मि मोतीरमानी द्वारा किया गया । अब आराध्य पापा और मां बोलने का प्रयास भी करने लगी है । फिजियोथैरेपिस्ट रश्मि मोतीरमानी के इलाज को बेबी आराध्या के परिजन किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं ।

ऐसी समस्या होने पर , न करें अनदेखी

संजीवनी फिजियोथैरेपी के विशेषज्ञ चिकित्सक रश्मि- हर्ष मोतीरमानी ने हमें बताया कि बच्चों में इस प्रकार की समस्या होने से किसी प्रकार से अनदेखी नहीं की जानी चाहिए । उनका कहना है कि 2 वर्ष से पूर्व इस तरह के बच्चों का इलाज किया जा सकता है । समय बीतने के साथ इलाज भी मुश्किल हो सकता है और सफलता भी संदेह के दायरे में होती है । उन्होंने संदेश देते हुए कहा है कि ऐसे बच्चों के माता-पिता को निराश नहीं होना चाहिए ,बल्कि इलाज के लिए चिकित्सक से सलाह अवश्य लेनी चाहिए ।

भाजपा के भरत ने जनसंपर्क की शुरूआत पूजा पाठ से की

डोंगरगांव, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी भरत वर्मा ने अपनी अपनी चुनावी तैयारी को गति देते हुए बुधवार 1 नवंबर को डोंगरगांव नगरीय क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर दस्तक दी और लोगों से हाथ जोड़कर प्रदेश के विकास तथा अमन चैन के लिए भाजपा को जिताने की अपील की।

आज अपने जनसंपर्क की शुरूआत भाजपा प्रत्याशी श्री वर्मा ने स्थानीय शीतला मंदिर तथा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना से की। पश्चात् उन्होंने मतदाताओं के घरों में दस्तक दी और भाजपा के लिए मत और समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कुछ स्थानों पर नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया। आज श्री वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के विशाल समूह के साथ नगर के वार्ड नं. 1, वार्ड नं. 2, जामसराय रोड, किछापारा, कुम्हारपारा, कंडापारा, वार्ड नं. 9 राजीव नगर, अटल आवास, वार्ड नं. 10 व 12 बीधोटोला, आईएसडीपी कॉलोनी, मटिया, साकेतधाम में घर घर दस्तक दी। डोर टू डोर जनसंपर्क के दौरान अनेक नगरवासियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि हमने पिछले पांच वर्षों में विपक्ष में रहते हुए भी जन समस्याओं को लेकर अनेक आंदोलन किया है। साथ ही इसके लिए सड़कों की लड़ाई भी लड़ी है।

आबकारी आयुक्त द्वारा डिस्लरी निरीक्षण, वेलकम डिस्लरी को नोटिस

राजनंदगांव, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा निर्वाचन -2023 में स्वतंत्र एवं निस्पच्छ चुनाव हेतु आयोग द्वारा जारी निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी आयुक्त श्री महादेव कावरे द्वारा आज दिनांक 1 नवम्बर 2023 को जिला मूँगेली में अवस्थित आसवनी भाटिया वाईन्स एवं बिलासपुर में अवस्थित वेलकम डिस्टलरी का आकस्मिक दौरा किया गया .इस दौरान उन्होंने स्पिरिट रूम , स्टॉक रूम , बॉटलिंग प्लांट को देखा , समस्त रजिस्टर को नियमानुसार संधारित कर अपडेट रखने , सभी सीसीटीवी कैमरा द्वारा प्लांट की 24/7 निगरानी करने , कैमरों का 15 दिन तक बैकअप रखने , बूम बैरियर ऑथोराइज्ड पर्सन द्वारा ही खोले जाने हेतु निर्देशित किया .प्लांट में अग्नि शमन यंत्र की वैलिडिटी चेक करने डिस्लरी प्रभारी को निर्देशित किया .प्लांट में तैनात ष्ट्रद्धह्लद्बठ्ठद्य आर्म्ड फोर्सेज् से भी उन्होंने चर्चा कर आयोग की मंशानुरूप कार्य करने हेतु प्रेरित किया .

आयुक्त आबकारी द्वारा वेलकम डिस्टलरी के बॉटलिंग प्लांट में पर्याप्त साफ़ सफ़ाई ना होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए डिस्टलर को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। आयुक्त द्वारा विदेशी मदिरा दुकान स्टर्लिंग ज़िला मूँगेली , मदिरा दुकान सिमगा ज़िला बलोदाबाजार , रायपुर की तात्या पारा और एवं कटोरटालाब दुकान का भी आकस्मिक निरीषण कर स्टॉक का वेरिफिकेशन कराया , समस्त मदिरा को स्कैनर के माध्यम से बिक्री करने , निर्धारित मात्रा में विक्रय करने तथा नियमों का उल्लंघन करने पर दुकान के स्टाफ़ के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया . आयुक्त ने दर सूची और स्टॉक को ठीक से प्रदर्शित करने निर्देशित किया गया.

आयुक्त के दौरे पर मुख्यालय के वरिष्ठ आबकारी अधिकारी भी उनके साथ रहे .

शहरी क्षेत्र में भी बढ़ रहा है भूपेश पर भरोसा, गिरीश देवांगन राजनांदगांव में रचेंगे इतिहास: नरेश डाकलिया

राजनंदगांव, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि । राजनांदगांव विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार गिरीश देवांगन लगातार दौरा कर रहे हैं और उनके दौरे की रफ्तार कहीं ना कहीं डॉ रमन सिंह के लिए चिंता की लकीर बढ़ाने जैसे निश्चित रूप से है पूर्व चुनाव में कांग्रेस की नेत्री श्रीमती करुणा शुक्ला ने चुनाव में जिस कदर पसीने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ रमन सिंह को छुड़वाया था उससे कहीं ज्यादा कांग्रेस पार्टी के साझा प्रयास से और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहित ऐसी योजनाओं के वजह से और छत्तीसगढ़ में मृतप्राय अवस्था में पड़ी राइस मिलों को पुनर्जीवित करने में जो अपना योगदान दिया है उससे राइस मिल पुनर्जीवीत हो उठे हैं। वैश्विक महामारी कोरोना कल में भी संकट के दौर में भूपेश सरकार ने जिस कदर प्रदेश को संकट से उबारने का काम किया और कोरोना कल के वैश्विक महामारी के पश्चात छत्तीसगढ़ का व्यवसाय और आर्थिक व्यवस्था को पटरी पर लाने जो अपनी युक्ति लगाई इसका असर ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरों में भी देखने को मिल रहा है अब शहर के लोगों में और व्यवसायी लोगों में भी भूपेश पर भरोसा कायम करने में सफलता हासिल की गई है निश्चित रूप से कांग्रेस के उम्मीदवार गिरीश देवांगन को शहरी वोट का बेहतर प्रतिशत मिलेगा ।

मोदी, योगी, हेमंत बिस्वा अंतिम दौर के प्रचार में क्षेत्र में आ रहे

राजनंदगांव, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रचार अभियान अब अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है, इस अंतिम दौर में भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत से मैदान पर उतर चुके हैं।

पार्टी की रणनीति के अनुसार इस दौरान बड़े नेताओं का भी दौरा तय किया जा चुका है, इसके तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 4 नवंबर को दुर्ग स्टेडियम में सुबह 10 बजे विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे, इस सभा में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता व नागरिक गण मोदी जी का अभिनंदन करने दुर्ग जाएंगे, इसी प्रकार 5 नवंबर को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का आगमन राजनांदगांव हो रहा है, इस दौरान योगी जी डॉ रमन सिंह के पक्ष में रोड शो एवं सभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार असम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत बिस्वा सरमा का राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में ताबड़तोड़ दौरा सुनिश्चित हुआ है, जिसके तहत वे कल 2 नवंबर को मानपुर, मोहला कौड़ीकसा तथा अंबागढ़ चौकी एवं कुमरदा तथा छुरिया में जनसभाएं लेंगे।

जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि हेमंत जी मानपुर सरस्वती शिशु मंदिर में प्रातः 11:00 बजे, मोहल्ला में दोपहर 12:45 बजे, कौड़ीकसा,बस स्टैंड में दोपहर 2:15 हेमंत जी सभाओं को संबोधित करेंगे । इसी तरह अंबागढ़ चौकी बस स्टैंड में दोपहर 2:50 बजे, कुमरदा बस स्टैंड में दोपहर 3:30 बजे, एवं एक बड़ी सभा को गैंदाटोला छुरिया में शाम 4:15 बजे हेमंत जी संबोधित करेंगे। पांच को योगी जी राजनांदगांव में रोड शो करेंगे। 5 नवंबर रविवार को स्टार प्रचारक एवं ओजस्वी वक्ता एवं देश के सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी राजनांदगांव में विशाल रोड शो करेंगे तथा गंज चौक में सभा को भी संबोधित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि लंबे समय से राजनांदगांव की जनता योगी आदित्यनाथ को सुनने का बेसबी से इंतजार कर रही है।

डॉ रमन सिंह ने व्यापारियों के समर्थन में दिया बड़ा बयान

राजनंदगांव, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने व्यापारियों के समर्थन में बड़ा बयान दिया है उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के चलते प्रदेश में खरीद-बिक्री बढ़ी है, व्यापारी वर्ग के लोग सामान खरीदने के लिए नगद राशि व जेवरात के साथ बाजार आना-जाना कर रहे हैं।

यह दीपावली का समय पूरे बाजार के लिए व्यापार का महत्वपूर्ण समय होता है लेकिन इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को वजह बताकर व्यापारियों को अनावश्यक परेशान करने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जो कि बिलकुल भी ठीक नहीं है।

इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदना से काम करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए ना कि चुनाव प्रक्रिया/आचार संहिता को वजह बताकर आम व्यापारी व जनता को परेशान करना चाहिए।

कोई आचार संहिता व्यापार रोकने की बात नही कहती ।

मुख्यमंत्री का रोड शो व चुनावी आमसभा कल

राजनंदगांव, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरूवार 02 नवंबर को कांग्रेस के पक्ष में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का रोड शो व आमसभा आयोजित है।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि 02 नवंबर को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री व कांग्रेस के स्टार प्रचारक भूपेश बघेल जी का कांग्रेस के पक्ष में चुनावी रोड शो व आमसभा करेंगे। जिसके तहत मुख्यमंत्री जी दोपहर 03 बजे गंज चौक स्थित बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर रोड शो करेंगे जो भारत माता चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जूनी हटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक होते हुए पोस्ट आफिस चौक में शहीद उदय मुदलियार जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर आगे बढ़ेगी जो वेसलियन चर्च होते हुए गौरीनगर रेलवे क्रासिंग से स्टेशन पारा होते हुए प्यारेलाल चौक चिखली में आमसभा के साथ रोड शो का समापन होगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस सहित समस्त कांग्रेसजनों से उपस्थित की अपील की है।

विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में किया फ्लैग मार्च

खैरागढ़, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधानसभा में चुनाव को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराने के लिए केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन में एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में गंडई पुलिस के द्वारा शास. हाई स्कूल टंडार में रुके 43 वी वाहिनी पीएसी एटा के जवानों द्वारा 31 अक्टूबर को पुलिस विभाग द्वारा वनांचल में फ्लैग मार्च निकाला गया खैरागढ़ विधानसभा में 7 नवंबर को मतदान संपन्न होगा जिसको शातिपूर्ण ढंग से कराने के लिए ग्राम टंडार, रैमडवा, जगमडवा में संयुक्त रूप से पैदल मार्च निकाल कर ग्रामीणों को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में ग्राम जोशीलमती और खुर्सीटिकुल का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनंदगांव, 1 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण कार्य के संबंध में छुरिया विकासखंड के ग्रामों में आकस्मिक निरीक्षण किया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में 7 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पर्चियों का वितरण किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची को वितरण कर रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने छुरिया विकासखंड के ग्राम जोशीलमती और खुर्सीटिकुल पहुंचकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्राम जोशीलमती निवासी श्री डोमन कुमार साहू के घर पहुंचकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में जानकारी ली। ग्राम जोशीलमती की बीएलओ श्रीमती हेमलता साहू ने बताया कि गांव में कुल 1278 मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण शत प्रतिशत किया गया है। बीएलओ श्रीमती हेमलता साहू ने दो व्यक्तियों की मृत्यु और एक व्यक्ति अन्य जगह रहने की जानकारी दी। उन्होंने फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण के लिए संधारित पावती पंजी का अवलोकन किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने छुरिया विकासखंड के ग्राम खुर्सीटिकुल के श्री पारस भण्डारी के यहां फोटोयुक्त मतदाता पर्ची प्राप्ति के संबंध में जानकारी ली। श्री पारस भण्डारी ने बताया कि हमारे घर के सभी मतदाता सदस्यों का मतदाता पर्ची प्राप्त हो गया है। ग्राम खुर्सीटिकुल की बूथ लेवल अधिकारी श्रीमती कौशल्या तारम ने बताया कि गांव में 880 मतदाता है, जिसमें से 860 मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने समय-सीमा में शत प्रतिशत फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पर्ची प्राप्त हो जाना चाहिए। जिससे वे मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर सकें। इस मौके पर तहसीलदार छुरिया श्री विजय कोठारी उपस्थित थे।

प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

संपादकीय

चुनावी भीड़ : आमजन को न हो दिक्कत

90 सीटों वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिये 7 और 17 नवम्बर को होने वाले मतदान की गहमा-गहमी अब बढ़ चली है। अनेक बड़े नेता आ चुके हैं और कई आने वाले हैं। चुनाव हो रहे हैं तो यह स्वाभाविक ही है कि बाहरी नेता आएंगे और अपने प्रत्याशियों के लिये प्रचार करेंगे। स्टार प्रचारक कहे जाने वाले बड़े नेताओं के लिये भीड़ उमड़नी स्वाभाविक है लेकिन प्रशासन, सम्बन्धित राजनैतिक दल एवं उम्मीदवारों को चाहिये कि वे सड़कों पर यातायात सुचारू बनाये रखें। विशेषकर स्कूलों एवं अस्पतालों के पास भीड़ न होने दें तथा वाहनों के काफिलों को रुकने न दें। आम जनता परेशान न हो, इसका खास ख्याल रखना होगा।

अब तक नामांकन पत्र भरने के लिये सियासी पार्टियां और उम्मीदवार बड़े-बड़े जुलुसों का आयोजन करते रहे हैं। साथ ही छोटी-बड़ी सभाएं भी आयोजित हो रही थीं। जब से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी, तकरीबन सभी जिलों में ऐसे भीड़ भरे आयोजन तभी से लगभग रोज ही देखने को मिल रहे थे। राजनैतिक दल और प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए जिला कार्यालय जाते थे। इसके लिये उनकी कोशिश रहती थी कि ज्यादा से ज्यादा लोग और वाहन रहें। वह दौर तो खत्म हो गया है परन्तु उससे होने वाले जाम से सबक लेकर आने वाले समय में होने वाली चुनावी भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। नामांकन के वक्त तो फिर भी जुलुसों में शामिल होने वालों की संख्या की एक सीमा भी होती है, लेकिन अब जो आम सभाएं होने जा रही हैं, उनसे ऐसे सभी शहरों की यातायात व्यवस्था ही नहीं, पूरा जीवन भी अस्त-व्यस्त हो सकता है जहां सभाएं होंगी।

कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, रविशंकर प्रसाद, हिमंता विस्वा सरमा आदि के अलावा अनेक केन्द्रीय मंत्री एवं विभिन्न दलों के शीर्ष नेता छग के दौरे कर चुके हैं। चूंकि ये सारे स्टार प्रचारक हैं और महत्वपूर्ण ओहदों पर हैं, उनके आगमन एवं लौटने के दौरान ही नहीं बल्कि उनकी सभाओं में भारी भीड़ होती है। जिस शहर या कस्बे में उनकी उपस्थिति होती है वहां की यातायात व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त हो जाती है। अब मोदी एवं शाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई स्टार प्रचारक आयेंगे। ऐसे में लोगों को दिक्कतें न हों इसके इंतज़ाम करने होंगे। ध्यान यह रहे कि उनके मार्ग व सभास्थल ऐसे तय हों कि किसी को कहीं फंसना न पड़े। प्रशासन के साथ राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों की भी यह जिम्मेदारी है। राजधानी एवं हवाई अड्डा यहां होने से रायपुर को खास दिक्कत होती है क्योंकि बाहर से आने वाले सारे विशिष्टजन पहले यहीं उतरते हैं।

उल्टा पुल्टा

बिंटू अपने दोस्त को ज्ञान बांट रहा था कि अगर परीक्षा में पेपर बहुत कठिन हो तो... आंखें बंद करो, गहरी सांस लो, और जोर से कहो- ये विषय बहुत मजेदार है इसलिए अगले साल फिर से पढ़ेंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे ने जनसंपर्क के दौरान खेत-खलिहानों में मतदाताओं से की मुलाकात

भटगांव/बलौदाबाजार, 1 नवंबर (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे सोमवार को नामांकन भरने के बाद मंगलवार को कांग्रेस दिग्गज नेताओं के साथ वनांचल क्षेत्र में प्रचार प्रसार शुरू करते हुए गांव गांव में जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र से अभी तक किसी भी राजनीति दलों द्वारा महिला प्रत्याशी को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने पहली बार महिला प्रत्याशी को मौका देकर दूसरे दलों में खलबली मचा दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे को वनांचल क्षेत्रवासियों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। मंगलवार को वनांचल क्षेत्र के ग्राम गेंडापाली से जनसंपर्क की शुरुआत किया गया। उसके बाद दर्रा, झिटौकोना चचरेल, खुरदरा, जोगीडिटपा, कोदोपाली, भोरकाडिया, लोहरिनडिया, पिरदा, चारपाली, रनकोट, बोडाडिह, बोड़ा, मगमलला, पररापथरा, आमाकछार सभी वनांचल क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क करते हुए वापस देर रात कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का काफिला भटगांव

पहुंचा। वनांचल क्षेत्र के गांव गांव प्रचार प्रसार करने के लिए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में आपसी तालमेल देखने को मिला सभी कांग्रेसी नेता कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे को जिताने के एक जुट दिखे। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नर्मदा अमित कौशिक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, गुलाम मुर्तजा खां, पूनीराम साहू, राजा अग्रवाल, पंकज चन्द्रा, भागवत साहू, नेमीचंद केसरवानी, भागीरथी चन्द्रा, छेदी लाल साहू, रामकुमार साहू, प्रमोद साहू, आदिवासी नेता सहदेव सिदार, मनोज टंडन, सुख बाई नवरंग, दिलहरण साहू, मजनू देवांगन, ईश्वर केंवट, सभी कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

राजिम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 12 अभ्यार्थियों के नामांकन वैध पाए गए

राजिम, 1 नवंबर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव 2023 के अंतर्गत राजिम विधानसभा क्षेत्रों से नाम निर्देशन प्रक्रिया पश्चात कुल 12 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन विधिमान्य पाया गया है। 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नाम निर्देशन पत्रों की आज मंगलवार को संमीक्षा की गई, संमीक्षा में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक- 54 राजिम से 12 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक- 54 राजिम के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर धनंजय नेताम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री अर्पिता पाठक द्वारा आज नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा की गई।

विधानसभा क्षेत्र 54 - राजिम विधान सभा क्षेत्र के अभ्यर्थीः राजिम विधान सभा क्षेत्र से अमितेश शुक्ला इंडियन नेशनल कांग्रेस, तेजरामसाहू आम आदमी पार्टी, भुनेश्वर निषाद जनताकांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), रोहित साहू भारतीय जनतापार्टी, हिरेन्द्र कुमार धृतलहरे बहुजन समाज पार्टी,आशिया बेगम गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी, देवकरणसाहू जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, रोशन देवांगनलोकतंत्र कांगेस पार्टी, संतोष कुमार साहू भारतीयशक्ति चेतना पार्टी, अशोक मिश्रा निर्दलीय, गणेशसोनी निर्दलीय व संतू ध्रुव निर्दलीय के नाम निर्देशनपत्र विधिमान्य पाये गए हैं। 02 नवम्बर नाम वापसी है। इसमे किसी के नाम वापसी लेने की सम्भावना नही है।

सांसद के पहल पर पवन वर्मा ने नामांकन वापिस लिया

बलौदाबाजार, 1 नवंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र डेमन लाल वर्मा उर्फपवन वर्मा निवासी ग्राम चांपा के द्वारा दाखिल किया गया था। जिसे सांसद सुनील सोनी के पहल पर श्री वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी से घोषित प्रत्याशी टंकराम वर्मा के समर्थन में अपना नाम जिला निर्वाचन कार्यालय बलौदाबाजार में जाकर विधिवत वापिस लिया और अपने समर्थकों एवं क्षेत्र की जनता जनार्दन से अपील किया की भाजपा के प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनाएं और कांग्रेसी कुशासन के विरुद्ध उन्हें सत्ता से उखाड़ फेंकने एकजुट होकर कार्य करें।

48 केंद्रों में नहीं हुई धान की बोहनी

महासमुंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। धान खरीदी केंद्रों में किसानों ने पूजा-पाठ कर धान खरीदी की शुरूवात की। पहले दिन जिले के 134 केंद्रों में धान खरीदी किया गया। वही 48 केंद्र ऐसे है

पहले दिन 39 हजार 464 क्विंटल धान की हुई खरीदी

जहां बोहनी नही हुई। अर्ली वेरायटी के धान ही खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे है। नोडल अधिकारी जी.एन साहू के बताया कि जिले के 134 धान खरीदी केंद्रों में 1 हजार 102 किसान खान बेचने पहुंचे थे जिनसे 39 हजार 464 क्विंटल धान की खरीदी की गई। 48 केंद्र ऐसे है जहां धान बेचने किसान नही पहुंचे। जिला मुख्यालय से लगे पिटियाझर

सोसायटी में सोरिद के किसान रोमपाल चंद्राकर ने पूजन कर धान खरीदी का शुभारंभ किया यहां अरंड, सोरिद, महासमुंद, खरोरा के किसान धान बेचने पहुंचे थे। इस मौके पर मंडी सचिव रामलाल साहू, व्यवथापक दशरथ महानंद, प्रहलाद ध्रुव आदि मौजूद थे। यहां 159 क्विंटल धान की खरीदी की गई। बरोंडाबाजार सोसायटी में भी किसानों ने पूजापाठ कर धान खरीदी शुरू कराया। यहां भूरका, लाफिनकला, लाफिनखुर्द, बरोंडाबाजार, मचेवा के किसान धान बेचने आए थे इनसे पहले दिन 268 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस दौरान व्यवस्थापक राजेश साहू, किशन देवांगन समेत आसपास के किसान मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ फसल के लिए 1 लाख 56 हजार 921 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इसमें 8 हजार 921 किसान नए है। इस बार 96 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

गांजा बेचते एक व्यक्ति सायबर टीम व कुरूद पुलिस के हत्थे चढ़ा

धमतरी, 1 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अवैध शराब, गांजा एवं संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग कर वैधानिक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी. कुरूद के.के. वाजपेयी के नेतृत्व में लगातार संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध शराब एवं अवैध कारोबारियों पर सतत् नजर रखी जा रही है।

आरोपी के कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम गांजा कीमती 5600 रुपए किया गया जप्त

सायबर टीम एवं थाना कुरूद पुलिस द्वारा मंगलवार 31 अक्टूबर को मुखबीर से सुचना मिली कि खेल मैदान, सुलभ शौचालय कुरूद के पास एक व्यक्ति द्वारा मादक पदार्थ जैसे गांजा बिक्री करने की सूचना पर, सायबर टीम एवं कुरूद पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए सूचना के आधार पर रेड कि कार्यवाही कर संदेही को गांजा बिक्री करते रंगे हाथ गवाहों के समक्ष पकड़ा गया जिससे नाम पता पूछा गया जो अपना नाम अर्जुन नागरची

साकिन शांति नगर कुरूद, जिला धमतरी के पास से एक सफेद बोरी के अंदर भूरे रंग के पैकेट में लपेटा हुआ मादक पदार्थ को उपस्थित गवाहों को तस्दीक कराया गया जो मनोउत्तेजक मादक पदार्थ जैसे गांजा का होना प्रतीत होने से आरोपी द्वारा मादक पदार्थ जैसे गांजा को रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नही करने पर कुल वजनी 01 किलो 400 किलोग्राम का होना पाया गया जो किमती लगभग 5600/- रूपये का है जिन्हे सील बंद कर गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। थाना प्रभारी निरी. दीपा केंवट, सायबर प्रभारी उनि. रमेश साहू, सउनि. तुलसी मिथिलेश, प्रआर. देवेंद्र राजपूत, राजेश चंद्राकर, आर. बिरेन्द्र सोनकर, विकास द्विवेदी, कृष्ण पाटिल, योगेश ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

360 लीटर मदिरा एवं 2700 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त

महासमुंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। अवैध शराब बनाने और बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में 31 अक्टूबर को रात्रि 09 बजे आबकारी विभाग वृत्त सरायपाली जिला महासमुंद द्वारा ग्राम पलसापाली, थाना बलौदा में जंगल के किनारे दबिश देकर मौके पर आसपास तलाशी ली। यहां 02 ठिकानों में 24 प्लास्टिक पॉलीथिन और बोरी में भरी लगभग

360 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब तथा 54 प्लास्टिक बोरी में लगभग 2700 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज प्रभारी आबकारी वृत्त सरायपाली, आबकारी आरक्षक राज किशोर पांडे तथा नगर सैनिक लक्ष्मी चंद और शिरिष भोई का सहयोग रहा।

बिना अनुमति प्रिंट किए जा रहे फ्लैक्स को किया जप्त

महासमुंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा अंतर्गत बागबाहरा में उड़नदस्ता टीम द्वारा बिना अनुमति प्रिंट किए जा रहे फ्लैक्स को जप्त किया गया है।

रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर ने बताया कि तहसीलदार लीलाधर कंवर के नेतृत्व में उड़नदस्ता की टीम ने यह कार्यवाही की है। बागबाहरा स्थित रज्जा प्रिंटर्स द्वारा बिना अनुमति के राजनैतिक प्रचार हेतु फ्लैक्स प्रिंट किया जा रहा था। इस दौरान प्रिंट किए गए आठ रोल जप्त किया गया है।

सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

धमतरी, 1 नवंबर (देशबन्धु)। कु. रश्मि ग्वाल पिता राजेश ग्वाल साकिन शंकर नगर कुरूद द्वारा चोरी कि रिपोर्ट लिखाया गया था कि अज्ञात आरोपी द्वारा सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना कुरूद द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर धारा 457, 380 भादवि.का अपराध पंजीबद्ध कर एक आरोपी को सचिन उर्फ सतीश नेताम पिता स्व.करन नेताम उम्र 38 वर्ष, साकिन अटल आवास कुरूद को पूर्व में हि गिरफ्तार किया गया था जिसमें से दो अन्य आरोपी फरार थे।

जिनको पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा उक्त मामले के दो अन्य आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती

मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी कुरूद के.के. वाजपेयी के नेतृत्व में थाना प्रभारी एवं सायबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दो फरार आरोपियों कि पतासाजी करते हुए तकनीकी साक्ष्य के आधार पर दो आरोपियों को पकड़ा गया, जिसमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल था। आरोपी गंगा प्रसाद उर्फ चीकू सतनामी को न्यू राजेन्द्र नगर अमलीडीह रायपुर के पास पता तलाश कर हिरासत में लेकर को गवाह के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया तथा आरोपी चीकू सतनामी के द्वारा एक सोने का मंगलसूत्र, एक चांदी का चाबी गुच्छा एवं 7,000 रू. नगदी रकम एवं विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा चांदी के तीन जोडी पायल, एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोडी सोने का बाली व 15,000 रू. टी.वी.एस. एक्स.एल. 100 मोटर सायकल क्र. सीजी 04 एनडी 2927 पेश करने पर 31 अक्टूबर को पूथक पूथक जप्त किया गया बाद आरोपी गंगा प्रसाद सतनामी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कुरूद निरीक्षक दीपा केंवट एवं सायबर प्रभारी उनि. रमेश साहू, चौकी प्रभारी बिरेझर उनि. उमाकांत तिवारी, प्रआर. लोकेश नेताम, मआर. सुशीला मंडावी, आर. महेश साहू, सायबर से आरक्षक मनोज साहू, आनंद कटकवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नवापारा में भाजपा की चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया पूर्णेस मोदी ने

नवापारा-राजिम, 1 नवंबर (देशबन्धु)। बुधवार को शहर के गंजरोड में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन असम के पूर्व मंत्री पूर्णेस मोदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, बिहार के पूर्व मंत्री आलोक झा, भाजपा प्रत्याशी इंद्रकुमार साहू व रायपुर जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव संचालक अभिनेष बॉबी कश्यप विशेष रूप से मौजूद थे। सांसद सुनील सोनी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य इसलिए बनाया क्योंकि छत्तीसगढ़ अटल के दिल में बसा हुआ था। यहां की तकदीर तस्वीर बदलने के लिए उन्होने राज्य दिया। उस समय अटल जी ने यह नही सोचा कि राज्य

बनने के बाद यहां छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बहुमत थी उनकी सरकार बन जाएगी। वे स्वच्छ मन के ईमानदार व्यक्ति थे। छत्तीसगढ़ वासियो के हित के लिए उन्होने इस राज्य का निर्माण किया। श्री सोनी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूरे देश भर में चलाए जा रहे योजनाओं को बताया। कहा कि मोदीजी एक ऐसे राजनेता है जो न खाउंगा न खाने दूंगा इसपे चलते है। सरकार का साफकहना है जो देश और राज्य का पैसा लूटेगा उसको जेल के अंदर भेजो। आज कई आइएस अफसरो की जमानत क्यों नही हो रही है क्योंकि वे प्रमाणित अपराधी है। कहा कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र सहित नवापारा शहर की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए भाजपा प्रत्याशी इंद्रकुमार साहू को जिताएं। आप सब मिलकर काम करें, लक्ष्य हमारा जीत का हो। फिर हम दोनो मिलकर क्षेत्र का खूब विकास करेंगे।

पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने भाजपा प्रत्याशी इंद्रकुमार साहू को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने कहा और एक शायरी कमल की हर पंखुड़ी खूनी पंजा पर भारी होगी रात उनकी है तो सुबह हमारी होगी कहकर अपनी बात समाप्त किया।

बिहार के पूर्व मंत्री आलोक झा ने कहा कि आपको सिर्फ 10 दिन का समय देना है ये मत सोचना कि सामने दीपावली का बड़ा पर्व है। दीपावली तो हर वर्ष आएगा। हमारी प्राथमिकता होगी कि कैसे हम अपने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए परिवर्तन करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी >> शेष पृष्ठ 9 पर>

प्रेक्षकों ने मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था सहित आवश्यक तैयारियों का लिया जायजा

बलौदाबाजार, 1 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र कसडोल-44 डॉ. राजेंद्र भारुड, विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार-45 एवं भाटापारा-46 के डॉ. अनीश शेखर एवं पुलिस आब्जर्वर आईपीएस नजमुल होड़ा ने आज संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में इव्हीएम स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारियों का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया।

प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग, निर्वाचन संबंधी सामाग्रियों का वितरण एवं वापसी, मतगणना आदि कार्य के लिए किए जा रहे तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाने, पावर बैकअप की व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं कैम्पस में पर्याप्त लाईटिंग के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार द्वारा कसडोल, बलौदाबाजार और भाटापारा विधानसभा >> शेष पृष्ठ 9 पर>

राजिम में हुआ धान खरीदी का शुभारंभ

राजिम, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। समर्थन मूल्य में बुधवार 1 नवंबर को धान खरीदी शुभारंभ हुआ। शुभारंभ करने राजिम सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन राजिम,पोखरा,रक्शा,बासीन,कोमा,बेलटुकरी और श्यामनगर जैसे सभी 7 उपार्जन केंद्रो में अलग-अलग नोडल अधिकारी सुबह ही पहुंच गए थे परंतु जिम्मेदार अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक एस एन तिवारी कहीं भी नजर नही आए। शायद वे शुभारंभ दिवस को गंभीरता से ही नही लिए। राजिम कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में किसान सुबह से ही धान लेकर पहुंच गए थे बल्कि कुछ किसान तो ऐसे थे जो एक दिन पहले ही अपना धान लेकर यहां आ गए थे। यहां 24 किसानो का टोकन कटा हुआ था जिसमें 900 क्विंटल खरीदी की सीमा थी। पर 714 क्विंटल की खरीदी हुई यह जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी केके साहू ने बताया कि खरीदी का काम समिति प्रबंधक अमृत साहू की मौजूदगी में सुबह 10:30 बजे शुरू किया गया परंतु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक श्री तिवारी नही आए।

किसान खेलन साहू 60 क्विंटल पतला धान लेकर पहुंचा था,इसी तरह रामकुमार साहू 150 कट्टा,पुनम साहू 30 कट्टा,गणेश सोनकर 150 कट्टा लेकर आए थे जिनकी खरीदी हो गई थी कमोवेश किसी भी किसान को यहां कोई परेशानी का सामना नही करना पड़ा। कोमा खरीदी केंद्र में नोडल अधिकारी सुश्री मनुताई ठाकरे ने फड़ प्रभारी अश्वनी साहू की मौजूदगी में सुबह 10 बजे शुभारंभ किया। इसी तरह पोखरा,अरंड,बेलटुकरी ,रक्शा,बासीन,श्यामनगर खरीदी केंद्रो में किसानो का धान समर्थन मूल्य में खरीदा गया है। इन सभी जगह बताया गया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक तिवारी कही नजर नही आए। कर्मचारियो ने बताया कि वे राजिम में रहते नही है शायद दुर्ग या रायपुर से

बैंक प्रबंधक कहीं नजर नहीं आए

आना-जाना करते है। 1 नवंबर को किसी भी खरीदी केंद्र में उनके नही दिखने से लगता है कि वे इसे गंभीरता से नही ले रहे है।

चार दिन पहले इस अखबार मे खरीदी केंद्रो में तैयारी को लेकर खबर प्रकाशित हुई थी उसके बाद उन्होने बेलटुकरी के सोसायटी अध्यक्ष भीमसेन साहू को चमकाने लगे थे कि पत्रकारो को आपने क्यों जानकारी दिया। खबर छपने के बाद उन्होने कुछ लोगो से मिलकर मैनेज खबर दूसरे दिवस छपवाया था। उनके इस हरकत को लेकर प्रशासन द्वारा नाराजगी जाहिर किया गया है। धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में उनकी लापरवाही उजागर हुई है।

प्रदेश सरकार ने इस वर्ष के खरीफ सीजन में धान खरीदी का दायरा बढ़ाकर 20 क्विंटल प्रति एकड़ कर दिया है जिसके वजह से पहले दिन ही खरीदी केंद्रो में आवक अच्छी खासी रही इस वर्ष आचार संहिता लागू होने की वजह से राजनीतिक व्यक्ति धान खरीदी के शुभारंभ अवसर पर नहीं पहुंचने के कारण नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी ही पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया पहले दिन ही किसानो की समस्या से अवगत होने जिला सहकारी बैंक के मैनेजर अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक भी खरीदी केंद्र में नहीं पहुंचने की जानकारी खरीदी केंद्र के प्रभारियो ने दी।

इस बार खरीदी की मात्रा बढ़ जाने की वजह से किसान दोहरे उत्साह पर हैं गांव-गांव में उछ्वास का वातावरण देखने को मिल रहा है चौक चौराहा और चौपाल पर बैठकर लोग किसान हित में लिए गए इस निर्णय की जमकर सराहना कर रहे हैं विदित हो कि इस बार फसल का उत्पादन भी अच्छा हुआ है जिसके कारण किसान पहले से ही उत्साहित नजर आ रहे है। हालांकि अभी लेट वैरायटी का फसल काटने में 20 से 25 दिन का समय और लगेगा इसके बाद ही खरीदी केंद्रो में भीड़ भी होगी और आवक भी बंपर होगी। किसानों का कहना है कि एक तो धान की लिमिट बड़ा है ऊपर से कर्ज माफी की घोषणा किसानो के लिए उत्साहित करने वाला समय है।

किसानों की धान खरीदी पर सरकारी कांटामारी जारी है : तेजराम विद्रोही

राजिम, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सहकारी समितियों में मार्कफेड के माध्यम से एक नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की गई है परंतु किसानों से की जाने वाली सरकारी कॉंटामारी बंद नहीं हुआ है। सरकारी कॉंटामारी पर एतराज जताते हुए किसान नेता एवं आम आदमी पार्टी के राजिम विधानसभा प्रत्याशी तेजराम साहू विद्रोही ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मार्कफेड के माध्यम से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मात्रा 20 क्विंटल प्रति एकड़ तय किया है लेकिन जब किसान लोकन कटवा रहे हैं तब प्रति एकड़ 19 क्विंटल 60 किलो का टोकन काटा जा रहा है इस तरह से 40 किलो प्रति एकड़ किसानों से कम लिया जा रहा है जो सरकारी कॉंटामारी है। एक ओर आदेश में 20 क्विंटल खरीदने की बात लिखी गई है तो दूसरी ओर ऑनलाइन साफ्टवेयर में 49 क्विंटल 40 किलो प्रति हेक्टेयर (एक हेक्टेयर बराबर ढाई एकड़) फिड किया गया है जो किसानों के साथ धोखा है साफ्टवेयर को तत्काल अपडेट किया जाना चाहिए।

तेजराम विद्रोही ने आगे कहा कि किसानों से वास्तविक रूप से धान खरीदी करने के मामले में भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टियां गंभीर नहीं है। अनावरी के हिसाब से जब किसान अधिकतम 24 क्विंटल प्रति एकड़ धान बेच रहे थे उस समय तत्कालीन भाजपा की रमनसिंह सरकार ने 2015 में कटौती कर 10 क्विंटल प्रति एकड़ किया था जिसका किसानों व किसान संगठनों द्वारा पुरजोर विरोध के कारण 15 क्विंटल प्रति एकड़ की गई परंतु खरीदी केवल 14 क्विंटल 80 किलो ही की जाती रही इस तरह से भाजपा ने किसानों की धान खरीदी पर 7 क्विंटल 20 किलो प्रति एकड़ कॉंटामारी किया था अब कांग्रेस पार्टी 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी के नाम पर 40 किलो प्रति एकड़ की कॉंटामारी कर रही है जो सरासर किसान विरोधी कदम है। एक किसान ने अपना टोकन दिखाते हुए मुझे बताया कि उनका पंजीकृत रकबा 1.20 हेक्टेयर में धान बिक्री होना चाहिए 60 क्विंटल लेकिन टोकन मिला केवल 59 क्विंटल 20 किलो का यहां पर तीन एकड़ जमीन में 80 किलो धान की सरकारी कॉंटामारी हो रही है यानी कि 1762 रुपये का किसान को सीधे नुकसान हो रहा है।

हीरू चौरिसिया के नेतृत्व में 200 युवा कार्यकर्ता जोगी कांग्रेस का थामा दामन

सरायपाली, 1 नवंबर (देशबंधु)। विधानसभा चुभाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा कांग्रेस और भाजपा की चिंता बढ़ने लगी है भवँरपुर के 200 युवा कार्यकर्ता जोगी कांग्रेस का दामन थाम लिया हैं। सरायपाली विधानसभा में वर्तमान कांग्रेस विधायक किस्मतलानंद का कांग्रेस से टिकट काट दिया गया है विधायक नन्द जोगी कांग्रेस चुनाव लड़ रहे हैं समर्थकों का कहना है कि किस्मतलाल नंद जिस भी पार्टी से चुनाव लड़ेंगे उन्ही का साथ देंगे क्योंकि विधानसभा में सभी क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है उससे सभी कार्यकर्ता प्रभावित है। विधायक नंद ने जन भावना का सम्मान करते हुए किस्मत लाल नंद जनता जोगी कांग्रेस के चुनाव में है विधानसभा प्रत्याशी बनाए जाने से विधायक के निवास और कार्यालय लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। सरायपाली की जनता अपने लोकप्रिय विधायक को दोबारा विधायक बनना चाहते हैं किस्मतलाल नंद को मिल रहे जन समर्थन से कांग्रेस बीजेपी का चिंता होना लाजमी है द्य हीरू चौरिसिया नेतृत्व में भवंरपुर कार्यकर्ताओं ने नंद को भारीमतों से जिताने का संकल्प लिया।

बिंद्रानवागढ़ में बड़ा सियासी उठा-पठक तेज, बागी प्रत्याशी ने लिया नाम वापस

चुनाव करीब आते ही गरमा रहा राजनीतिक माहौल

गरियाबंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा बुधवार को बड़ा सियासी उठा-पटक देखने को मिला। भाजपा से बागी हुए भागीरथी मांझी ने अचानक आज अपना नामांकन वापस ले लिया है। मांझी सुबह 11 बजे बिना ताम जाम के जिला कार्यालय पहुंचे औररिटर्निंग अफसर को आवेदन देकर अपना नामांकन वापस ले लिया। इस दौरान भाजपा के एक पदाधिकारी भी उनके साथ थे। इधर मांझी के नामांकन वापसी के बाद आप को बड़ा झटका लगा है। आप देवभोग में बड़े जनसभा की तैयारी में थी अब दौड़ से ही बाहर हो गई? दूसरी ओर इससे भाजपा को बड़ी राहत मिली वही कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है। दोनो ही पार्टी के अब समीकरण भी बदल जायेंगे।

इधर नामांकन वापसी के बाद भागीरथी मांझी ने कहा किभाजपा पर उनकी आस्था बरकरार है। वे चुनाव नही लड़ेगे बल्कि भाजपा के पक्ष में पार्टी हित में काम करेंगे। आप से नामांकन को लेकर उन्होने कहा कि टिकट नही मिलने से वे नाराज थे, आप ने उसकी नाराजगी को भुना लिया और हड़बड़ी में टिकट की घोषणा भी कर दी। उन्हे सही तरीके से सोचने समझने का समय नही मिला। बाद में उन्होने पार्टी आलाकमान

के समझाइश के बाद अपना फैसला बदल सही निर्णय लिया।

इसके पहले नामांकन के आखिरी दिन तक कयास लगाये लगाए जा रहे थे कि भाजपा का दामन छोड़ बागी हो कर आप के बैनर तले चुनाव लड़ रहे भागीरथी माँझी को पार्टी संगठन माना लेगा। लेकिन नामांकन के आखिरी दिन तक कोई हलचल नही दिखी, भागीरथी माँझी ने नामांकन डाल कर सारे कयासों पर विराम लगा दिया था।

अब अचानक नाम वापसी के पहले दिन भागीरथी माँझी के नामांकन वापसी लेने के बाद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में फिर से राजनीतिक समीकरण बदल गया है। वैसे तो यह भाजपा कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर थी, लेकिन बागी भागीरथी मांझी काफी हद तक भाजपा के वोट काट सकते थे। मांझी के वापसी से अब भाजपा ने राहत की सांस ली है।

भाजपा सफल, कांग्रेस की बढ़ी चिंता

नामांकन वापसी के पहले ही दिन भाजपा का पार्टी संगठन भागीरथी मांझी का नामांकन वापस कराने में सफ्ल रहा। जिसे लेकर कहा जा रहा कि पार्टी ने अभेद माने जाने वाले सीट को लेकर अपनी गंभीरता दिखाई है। मांझी के वापसी के बाद अब भाजपा को फिर से मजबूती मिलेगी। वही इसने कांग्रेस की चिंता बड़ा दी है। अब तक कांग्रेस ये मान के चल रही थी कि भागीरथी मांझी के बागी होने के फायदा उनको चुनाव में मिलेगा। लेकिन अब मांझी के वापसी के बाद भाजपा कांग्रेस दोनो को अपनी रणनीति और समीकरण बदलना पड़ेगा।

भाजपा के पदाधिकारी रहे साथ

सूत्रों के मुताबिक नामांकन वापसी के समय भाजपा के एक जिम्मेदार पदाधिकारी उनके साथ थे। लेकिन जिला मुख्यालय के किसी भी अन्य पदाधिकारी को सूचना नही मिली। हालांकि नामांकन वापसी के बाद भाजपा के जिला अध्यक्ष ने बयान जारी किया है कि भागीरथी मांझी हमारे पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी है। पार्टी में उनका स्वागत है। जल्द ही मांझी भाजपा के प्रचार में जुटेंगे।

सार-संक्षेप

राष्ट्रीय एकता दिवस पर सद्भावना बॉलीबॉल मैच

पिथौरा, 1 नवंबर। राष्ट्रीय एकता दिवस में सदभावना बॉलीबॉल मैच खेला गया इस रोमांच मैच में डी डी ए पी की टीम विजेता रही।इस दौरान प्रमुख रूप से निदेशक डाक सेवाएं श्री दिनेश मिस्त्री, अधीक्षक आर एम एस सरजीत सरकार,सहायक निदेशक एके सिंह, जेएस, पारधी, सौरभ असाटी,पूजा शर्मा, बृज तिवारी मैनेजर पीएसडी आनंद कुमार एवं पार्सल हब, एनएस एचआरएमएस, पीएसडी के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

नानक सागर में शरद पूर्णिमा के दिन अमृतसर से आए रागी जत्थे भाई हरमनजीत सिंह द्वारा कीर्तन किया

पिथौरा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। नानक सागर में शरद पूर्णिमा के दिन अमृतसर से आये रागी जत्थे भाई हरमनजीत सिंह द्वारा कीर्तन किया। कीर्तन के पूर्व श्रीअखण्ड पाठ साहिब की समाप्ति के कर्यक्रम किया गया। सिक्खों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी के नानक सागर में दो दिन रुकने के प्रमाण मिलने के बाद से ही वहां सिक्खों सहित सभी धर्म के श्रद्धालुओं का आना जारी है।अब नानक सागर में सिक्ख समाज द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा को श्री अखंड पाठ करवा कर लंगर रखा जाता है ।इसी दिन देश के विभिन्न स्थलों से आये रागी जत्थों द्वारा कीर्तन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता है ।इस कार्यक्रम में सिक्खों के अलावा बंजारा एवम रविदासिया भी भारी संख्या में पहुचने लगे है।

।।अमृतसर के जत्थे ने किया कीर्तन।।

नानक सागर में दो दिन पूर्व रखे गए श्री अखंड पाठ की समाप्ति शरद पूर्णिमा के दिन सुबह हुई इसके बाद अमृतसर से आये रागी स हरमनजीत सिंह के जत्थे ने कीर्तन किया ।कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में स्थानीय एवम बाहर से आये श्रद्धालु शामिल हुए ।इसके अलावा सराईपाली से पहुची सुरजीत कौर ने भी कीर्तन प्रस्तुत किया ।गढ़फुलझर गुरुद्वारा के ग्रन्थि भाई मुकेश सिंह ने अरदास की।

कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के योगदान को याद किया

खरोरा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। खरोरा नगर में कांग्रेसियों ने पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी देश के प्रति उनके योगदान को याद करके शहादत दिवस मनाया। खरोरा नगर के इंदिरा गांधी के शहादत दिवस देश के प्रति योगदान को याद करके मनाया इस अवसर पर उपस्थित ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शौरभ पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को देश के आजादी के में बार्नर सेना बनाकर कर देश आजादी योगदान दिया वही आजाद भारत के विकास अहम योगदान दिया इस अवसर पर पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद देवांगन, पुर्व ब्लाक अध्यक्ष बृज अग्रवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अश्वनी वर्मा, पार्षद भरत कुम्भकार, धनेश वर्मा, शकर, पुनीत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्कूलों में राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई गई

सरायपाली, 1 नवंबर (देशबंधु)। जिला प्रशासन महासमुंद के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल के कुशल नेतृत्व में विकासखंड के विद्यालय में सैकड़ों शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं हजारों छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई गई। इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक शाला सिरबोड़ा में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रधान पाठक डी.एन. राणा के नेतृत्व में बच्चों और शिक्षकों को शपथ दिलाई गई। इस दिन राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सहायक शिक्षक महेश कुमार साहू ने बताया कि उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल और प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और देशभक्ति पूर्ण विचारों से अवगत कराते हुए आजादी में योगदान, राष्ट्र निर्माण एवं संपूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोने के उनके योगदान के बारे में बच्चों को अवगत कराते हुए। राष्ट्र प्रेम की अलख जगाई और उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर सारगर्भित प्रकाश डाला।

शासन से प्राप्त शपथ पत्रानुसार भारत की राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने हेतु शपथ दिलाते हुए संकल्पित कराया गया। शपथ की इस महान कुंभ में हायर सेकेंडरी स्कूल केदुर्वी, बलोदा, एमएसजी सरायपाली, झिलमिला, जम्हारी, कलेण्डा (तोरे.) सेजस सरायपाली कुसमीसराल, मल्दामाल, किरड़ी, पारसकोल, मोहंदा, केना, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला पैकिन लांती, परसकोल, बोईरमाल, शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा, सिरबोड़ा, खपरीडीह,केसराटाल चिवरकुटा, बानीगिरोला, शास्त्री नगर सरायपाली, कसडोल एवं विभिन्न विद्यालयों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ में भाग लिया।

निधन

सुरजौतिन बाई साहू

अंबेरा/बलौदाबाजार, 1 नवंबर। ग्राम कोसमंदी निवासी सुरजौतिन बाई साहू का निधन गत दिनों हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे पतिराम, रामकुमार, पवनकुमार साहू की माता थी।

कुंती बाई साहू

पलारी, 1 नवंबर। ग्राम -दतान (प.) निवासी कुंती बाई साहू का आकस्मिक निधन हो गया है जिनका काठी अंतिम संस्कार का कार्यक्रम गृहग्राम में किया गया। वे वासुदेव साहू की धर्मपत्नी व नरोत्तम, पुरुषोत्तम साहू के माता थी। शोक व्यक्त करने वाले में देलूराम, राधेश्याम,भोलाराम पूरन साहू, परिवार सहित ग्रामीण साहू समाज, बहुत संख्या में ग्रामीण जन शामिल थे।

सुरेश कुमार गुप्ता

डोंगरगांव, 1 नवंबर। ग्राम आतर गांव निवासी सुरेश कुमार गुप्ता पिता दिनेश कुमार गुप्ता 27 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगाकर मंगलवार को आत्महत्या कर ली मृतक सुरेश कुमार गुप्ता तीन भाई थे जिनमें वह सबसे छोटा था मृतक के मां का दो माह पहले ही देहांत हुआ था उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिनमें परिजनों के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित थे।



प्रादेशिकी का शेष...

नवापारा में भाजपा की...

के उम्मीदवार इंद्रकुमार साहू को इतना वोट से आप जीताकर भेजें।

भाजपा प्रत्याशी इंद्रकुमार साहू ने कहा कि ये चुनाव एक साधारण चुनाव नही है। कार्यकर्ताओं से अनुरोध करता हूं कि वे एकजुट होकर मुझे जिताने के लिए जुटे हुए है। यहां के कार्यकर्ता काफी निष्ठा के साथ काम कर रहे है। उन्होने अफसरो के संबंध में कहा कि वे कांग्रेस के एजेंट की तरह काम न करे। आने वाला समय भाजपा का है।

प्रेक्षकों ने मतगणना स्थल...

क्षेत्रों के लिए तैनात टीम एवं उनके कार्यो की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने मतदान दलों एवं निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, वाहन पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन,अपर कलेक्टर बी सी एक्का, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, एसडीएम बलौदाबाजार राेश श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, उपजिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी आरओ, सीआईएसएफके नोडल अधिकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि गण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

मैट्स कंप्यूटर लवन में राज्य स्थापना दिवस मनाया

लवन, 1 नवंबर। मैट्स कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र लवन में हमर राज ,हमर भाखा थीम पर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया गया । संस्थान प्रमुख श् कविता साहू के मार्गदर्शन में सभी छात्रों को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बारे में जानकारी दी गई बताया कि हर राज्य के लोग अपनी बोली में बात करते हैं परंतु राज्य गठन के इतने वर्षों के बाद भी छत्तीसगढ़ी शासकीय व अर्ध शासकीय कार्यालयों में बोलचाल में अब तक चलन में नही आ पाया है। भाषा का रुझान बढ़ाने के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें छात्रों से छत्तीसगढ़ी मुहावरे,जनउला, कहावतें ,लोकोक्तियां छत्तीसगढ़ी शब्द अर्थ युक्त अनेक प्रतियोगितएं हुई । साथ ही छात्रों को अपने राजभाषा में बात करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम तोमेंद्र यादव,नन्दिनी साहू ,द्वितीय हीरामणि बंजारे ,तृतीय ममता पैकरा रही । माया वर्मा,मुस्कान राजे,रजनी बंजारे,शिवानी साहू,मंजू साहू,धानबाई,नेहा ,अनुराधा,विमल,भीषम, अजय पटेल,विशाल पटेल,अभिषेक पटेल,शत्रुहन जांगड़े,सूरज साहू,गोपाल,कुलभूषण साहू इत्यादि छात्रो ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का आभार प्रकट लिकेश छबीरे ने की।

अवैध शराब विक्रय करते आरोपी गिरफ्तार

पलारी, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अवैध जुआ सट्टा एवं अवैध शराब के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके पालन मे अतिप्0ु0अ0 हरीश यादव एंव उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी शशांक सिंग ठाकुर के कुशल नेतृत्व में धरपकड कार्यवाही हेतु स्टाप रवाना हुआ था, कि दिनांक 31-10-2023 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम वटरग का बनारसी कोसरिया पिता सुंदरलाल कोसरिया अपने घर के आँगन मे शराब बिक्री करने हेतु रखा है। कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफ रेड कार्यवाही कर आरोपी बनारसी कोसरिया पिता सुंदरलाल कोसरिया उम्र 22 वर्ष साकिन खम्हारडीह थाना सिटी कोतवाली हाल मुकाम ग्राम वटरग को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़े। आरोपी से एक सफेद रंग की 20 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक केरीकन में लगभग 20 लिटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब भरी हुई व एक पीले रंग की 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डालवा के डब्बे में लगभग 15 लिटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब भरी हुई कुल 35 लीटर कीमती 710,500 हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब को समक्ष गवाहन के वजह सबुत मे जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है । सम्पूर्ण कार्यवाही प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा व आरक्षक 762 के द्वारा किया गया ।

कार्यकर्ता की दीवानगी

राजिम, 1 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी सर चढ़ कर बोल रही है. कार्यकर्ताओं की दीवानगी देखते ही बन रही है। ऐसा ही मामला राजिम विधानसभा में देखने को मिला, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है.ग्राम बासीन के एक युवक ने अपने सर के बाल कटवाकर एक तरफ बीजेपी और दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी का नाम रोहित को उकेरा है. युवक का कहना है कि उसके सर से शरीर तक व दिल से लेकर दल तक भाजपा मौजूद है और वह ऐसे ही भाजपा प्रत्याशी का चुनाव प्रचार कर रहा है।

अमितेश ने किया राजिम में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

राजिम, 1 नवंबर (देशबन्धु)। राजिम मुख्यालय के बस स्टेण्ड में विधायक-कांग्रेस प्रत्याशी अमितेश शुक्ल ने पंडित के मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीराजीव लोचन की पूजा कर केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस लड़ाई को आसानी से नही लेना है। आप सबको मालूम है कांग्रेस है तो हम सब है। कहा कि सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के किसान मजदूरो सहित हर वर्ग का भरोसा जीता है। श्री शुक्ल ने कहा कि चुनाव में धर्म,जाति और समाज के नाम पर लोग आएंगे,बरगलाएंगे,गुमराह करने की कोशिश करेंगे इससे सावधान रहना है। मेरा दावा है कि ये लोग राजिम में सफल नही हो सकते। मेरे पिताजी पं श्यामाचरण जी शुक्ल ने मुझे संस्कार देते हुए कहा था कि धर्म,जाति और समाज की राजनीति कभी नही करना सिर्फविकास करते रहना। मै विकास पे ही भरोसा करने वाला व्यक्ति हूं। सभी के सुख और दुख में हमेशा शामिल होऊंगा। कार्यकर्ता बूथ और सेक्टर में जीजान से जुट जाएं। आपके परिवार का व्यक्ति कांग्रेस से खड़ा हुआ है रक्षा करे। स्नेह,प्रेम बनाएं रखे मुझसे कोई भूल हुई हो तो क्षमा अवश्य करेंगे। प्रारंभ में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू ने अमितेश शुक्ल का नाम लेते हुए कहा कि ये हमारे लाडले प्रत्याशी है जो राजिम की जनता को अपना परिवार समझकर काम करते है। पिछले चुनाव में 58 हजार वोटो से आपने जिताया है इस बार लक्ष्य लेकर चले 65 हजार से ऊपर वोट से जिताना है। जनपद के पूर्व अध्यक्ष राधोबा महाड़िक ने कहा कि इस बार अमितेश शुक्ला की जीत इस प्रचंड मतो से हो कि इसका संदेश पूरे प्रदेश में जाए। पूरी जवाबदारी के साथ एक-एक कार्यकर्ता एक-एक घरो में जाएं। नपा के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर ने कहा कि आपस के मतभेदो को भुलाकर सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करे।

कार्यक्रम में मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी,सोसायटी अध्यक्ष विकास तिवारी,शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष गिरीश रजानी,कांग्रेस नेता सुनील तिवारी,ओंकार सिंह ठाकुर,ठाकुर राम साहू,किसान नेता मुन्ना सोनकर,रामकुमार साहू,मुन्ना कुर्रे,खोरबाहरा राम साहू,लालचंद मेघवानी, रामनारायण साहू,अरविंद यदु,भवानी साहू,उमा देवी तिवारी,मनीषा शर्मा,रोशनी गोस्वामी, धनेश्वरी वर्मा,उमा देवी साहू,ललिता साहू,मेनका साहू, भागीरथी सिन्हा, नारायण साहू,गोदूराव दनके,कमली साहू,त्रिवेणी बया,नेहा कश्यप,इश्वरी साहू,गंगा धीवर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में भाजपा के दो बार के पूर्व पार्षद अशोक यादव ने कांग्रेस प्रवेश किया। श्री यादव को श्री शुक्ल ने कांग्रेस गमछा पहनाकर सम्मान किया।

पुलिस आब्जर्वर राजेन्द्र कुमार मीणा ने थाना और चेकपोस्ट का निरीक्षण किया

बिलाईगढ़, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस आब्जर्वर राजेन्द्र कुमार मीणा ने सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कोसीर थाना क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मीणा ने पुलिसकर्मियों से रोजनामचा, प्रतिदिन के कितने एफआईआर दर्ज, अपराध पंजीयन, मदिरा जप्त आदि के बारे में जानकारी ली। श्री मीणा ने मदिरा जप्त में एल्कोहल का गंध नहीं आने का सवाल पूछा तो पुलिस कर्मियों ने जवाब दिया कि यूरिया जैसे रासायनिक पदार्थ से महुआ मदिरा का निर्माण किया जाता है, जिसके कारण गंध और कुछ दिनों में पानी बन जाता है। पुलिस आब्जर्वर श्री राजेन्द्र कुमार मीणा ने सिंघनपुर एफएसटी दल चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां के कर्मियों से इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहनों की चेकिंग के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर लायजनिंग अधिकारी मनीष गायकवाड़ उपस्थित थे।

जनरल आब्जर्वर पवन कुमार ने 21 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

बिलाईगढ़, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जनरल आब्जर्वर पवन कुमार ने दो दिन में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 21 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र में न्यूनतम सुविधा मुहैया सुनिश्चित करने सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया। जनरल आब्जर्वर श्री पवन कुमार ने निरीक्षण के दौरान सरसींवा में उचित बैठक व्यवस्था बनाने और दीवार लेखन को हटाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर लायनिंग अधिकारी श्री शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

अवैध शराब पर भाटापारा शहर पुलिसकी कड़ी कार्रवाई

भाटापारा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से संचालित कर रहे जुआ, सटटा ,आबकारी एक्ट वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अति0 पुलिस अधीक्षक श्री हरिश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था।

दिनांक 01.11.2023 को अवैध शराब पतासाजी एवं रेड कार्यवाही हेतु टाकन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था दौरान पेट्रोलिंग मुखबीर सूचना मिला कि दो व्यक्ति मोटरसायकल ॥ख्र डिलक्स क्रमांक छ्त22त3310 में अवैध शराब रखकर सूखी तरफ से मुंशी स्माईल वार्ड भाटापारा तरफ जा रहा है कि सुचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी 01सुशील यादव पिता बिरझुराम यादव उम्र 41 वर्ष साकिन मुंशी स्माईल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा02 शिव यादव पिता ईतवारी यादव उम्र 40 वर्ष साकिन रामसागर पारा वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर को पकडे जिसके कब्जे से 05 नग अध्धी देशी मदिरा मशाला शराब,व 20 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब जुमला 5.475 बल्क लीटर कीमती 3200 रूपये व मोटरसायकल ॥ख्र डिलक्स क्रमांक छ्त22त3310 मो को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपीयो * 01 सुशील यादव पिता बिरझुराम यादव उम्र 41 वर्ष साकिन मुंशी स्माईल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा02 शिव यादव पिता ईतवारी यादव उम्र40 वर्ष साकिन रामसागर पारा वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर * के विरूध्द अपराध धारा 34(2) आब. एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का नाम- सुशील यादव पिता बिरझुराम यादव उम्र 41 वर्ष साकिन मुंशी स्माईल वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा, शिव यादव पिता ईतवारी यादव उम्र 40 वर्ष साकिन रामसागर पारा वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

सामान्य प्रेक्षक मीणा ने सी-विजिल एवं कमांड रूम का किया निरीक्षण

गरियाबंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक आईएएस पी.सी मीणा व पुलिस प्रेक्षक अरूण कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में स्थापित सी-विजिल एवं कमांड रूम का निरीक्षण किया। सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर छिकारा ने सी-विजिल ऐप के कार्यप्रणाली की जानकारी दी। सामान्य प्रेक्षक ने सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर छिकारा ने बताया कि सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य प्राप्त शिकायतों का टाइम लिमिट में निराकरण किया जा रहा है। इसके लिए उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। सी विजिल ऐप में शिकायतें प्राप्त होने पर कमांड सेंटर द्वारा उड़नदस्ता टीम को अलर्ट किया जाता है। तत्पश्चात टीम द्वारा सक्रिय होकर प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में मौके मुआयना और निरीक्षण किया जाता है। इस तरह वस्तुस्थिति का पता लगाकर प्राप्त शिकायतों का कुशलतापूर्वक निराकरण किया जाता है।

इस दौरान आईटी के उपनिदेशक नेहरू निराला ने बताया कि सी-विजिल एप्प के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को 100 मिनट के भीतर निराकरण किया जा रहा है। अब तक जिले में 13 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें से 7 शिकायतें सही नहीं पाया गया एवं 6 शिकायतें निर्धारित समयावधि पर निराकृत किया गया है। इसके लिए एफएसटी दल दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, रिटर्निंग अधिकारी बिन्द्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक ने निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में नोडल अधिकारियों की ली बैठक

गरियाबंद, 1 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक पी.सी. मीणा एवं पुलिस प्रेक्षक अरूण कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को जिले में निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली और उन्हें सौंपे गये दायित्वों की जानकारी ली। कलेक्टर और एसपी ने जिले में निर्वाचन की सभी तैयारियों की जानकारी दी।

वरिष्ठ एसपी कांबले ने शांति एवं सुरक्षा के साथ चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पुलिस विभाग द्वारा किये गये आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं बनाए गये चेकपोस्ट की जानकारी दी। इसी प्रकार कलेक्टर आकाश छिकारा ने चुनाव के विभिन्न कार्यो को सफलतापूर्वक सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल सहित व्यय अनुवीक्षण इकाई, मीडिया मॉनिटरिंग इकाई सहित अन्य प्रकार के नोडल अधिकारी बनाये गये हैं। कलेक्टर ने प्रेक्षकों को जिले के मतदान केन्द्रों में निर्वाचन के लिए सुनिश्चित की गई सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को विस्तार से जानकारी दी। प्रेक्षकों ने जिले में सफलतापूर्वक निर्वाचन के कार्यो को सम्पन्न कराने के लिए सभी नोडल अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिये।

आया मौसम बरसीम का...!

भाटापारा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। बरसीम। नाम है, उस दलहन फसल का, जिसे हरा चारा के रूप में उपयोग किया जाता है। पहला लाभ- गर्मी के मौसम में मवेशियों को हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। दूसरा लाभ - भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। खरीफ की फसल के बाद रबी में इसे बोया जा सकता है।

पशु आहार के रूप में हरा चारा के दिन, बहुत जल्द खत्म होने वाले हैं। मवेशी पालकों को अब चारा के लिए उस बाजार पर ही निर्भर होना पड़ेगा, जहां कीमत हर बरस बढ़त ले रही है। सर्वाधिक परेशानी खेतिहर मवेशी पालक और डेयरियां को होगी, जहां इसकी जरूरत सबसे ज्यादा होती है। इसलिए हरा चारा की ऐसी प्रजाति की बोनी की सलाह दी जा रही है, जिससे इस समस्या से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है।

सर्वोत्तम है बरसीम

दलहनी फसलों में बरसीम का नाम हरा चारा की सूची में इसलिए शीर्ष पर रखा गया है क्योंकि यह सर्वाधिक उत्पादन और सर्वाधिक लाभ देने वाला हरा चारा है। उच्च प्रोटीन वाली यह प्रजाति दुधारू मवेशियों के लिए इसलिए सही मानी गई है क्योंकि इससे दूध उत्पादन का बढ़ना पाया गया है। इसके अलावा अपने जीवनकाल में यह पांच से छह कटाई जैसी लाभ पहुंचाती है। इस दौरान, इसका उत्पादन प्रति हेक्टेयर 900 से 1000 क्विंटल होता है।

सूखे दिनों में भी मिलेगा हरा चारा

बढ़ती है उर्वरा शक्ति

दीर्घ अवधि तक मवेशियों को हरा चारा उपलब्ध करवाने वाली बरसीम, दोमट और हल्की भूमि पर भी तैयार की जा सकती है। सबसे बड़ा लाभ भूमि की उर्वरा शक्ति के बढ़ने से होता है, जिसे खरीफ में ली गई किसी भी फसल के उत्पादन से जाना जा सकता है। याने हरा चारा के बाद इसे दोहरा लाभ माना जा सकता है।

समय है बोनी का

मध्य अक्टूबर से मध्य नवंबर के बीच का समय बरसीम की बोनी के लिए सही माना गया है। मार्च तक के महीने के बीच किसानों को 5 से 6 कटाई का मौका मिलता है। अल्प सिंचाई में तैयार होने वाली इस फसल के लिए पहली सिंचाई, बोनी के 5 से 6 दिन बाद करनी होगी। परिपक्वता अवधि के बीच 15 से 20 दिन में सिंचाई के किए जाने पर उत्पादन प्रति हेक्टेयर 900 से 1000 क्विंटल मिलता है।

सही समय बोनी के लिए

बरसीम की बोनी के लिए यह सही समय है। सूखे दिनों के लिए इसे सर्वोत्तम हरा चारा माना जाता है। प्रबंधन पर ध्यान देने से कटाई के अवसर ज्यादा मिलेंगे।

- डॉ एस आर पटेल
रिटायर्ड साइंटिस्ट, एग्रोनॉमी
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

पिथौरा में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

पिथौरा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। नगर सहित अंचल में आज विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में शासन योजना अंतर्गत जिला सहकारी बैंक समिति द्वारा समर्थन मूल्य में किसानों की धान खरीदी राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर से शुभारंभ किया गया।

नगर के जिला सहकारी बैंक से जानकारी अनुसार 9 समितियों के माध्यम से 11 धान उपार्जन केंद्रों में आज धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। आचार संहिता के चलते सत्ता पक्ष के किसी भी भी जनप्रतिधियों के आतिथ्य में धान खरीदी का शुभारंभ नही हुआ केवल धान उपार्जन केंद्रों के प्रभारियों द्वारा धान खरीदी का शुभारंभ किया गया पिथौरा कृषि उपज मंडी में प्रभारी रामकुष्ण मने द्वारा धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। श्री मने ने जानकारी में बताया कि शासकीय योजना अंतर्गत 20 क्विंटल प्रतिएकड़ किसान से समर्थन मूल्य पतला 2203 मोटा 2183 रु प्रति क्विंटल में खरीदी की जा रही है। उन्होंने आज 340 टोकन ही कटने की जानकारी देते 117 क्विंटल 60 किलो खरीदी की जानकारी दी। किसानों माध्यम से की जा रही है। प्रात: 9 से शाम 6 बजे तक धान की खरीदी की जा रही है। विभिन्न उपार्जन केंद्रों में आज समर्थन से धान खरीदी 60 प्रतिशत आन लाइन व 40 प्रतिशत समिति के मूल्य में धान खरीदी की जानकारी माँगने पर जिला सहकारी बैंक पिथौरा शाखा प्रबंधक के. सी. विशाल ने जानकारी का अभाव बताते सही आंकड़े नही बताये। आज धान खरीदी केंद्र में नरेंद्र सोना, योगेश साहू, कृष्ण कुमार डड़सेना, सुरेंद्र, सरिता बढ़ई आदि कर्मचारी जुटे थे।

धान खरीदी उपार्जन केंद्रों के प्रभारियों ने ही किया शुभारंभ

पुलिस द्वारा अवैध कार्य में सलिप्त लोगों पर लगातार की जा रही कार्रवाई

भाटापारा, 1 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा द्वारा आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए अवैध शराब के कारोबार मे सलिप्त लोगो पर त्वारित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये हैं जिसके पालन मे श्रीमान अति0पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव एंव श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण अमित पाटले के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्रमांक 555/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, के आरोपीयान को गिरफ्तार किया गया। नाम आरोपी- रमेशर बंजारे पिता बिजउवा बंजारे उम्र 42 साल साकिन धुर्राबांधा थाना भाटापारा ग्रामीण।

1 नवंबर को जरिये मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि धुर्राबांधा में मोटर सायकल रिपेयरिंग ठेला में रमेशर नाम का व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतू रखा हुआ है कि सूचना पर तस्दीक करने हमराह स्टाफ एवं गवाहों के मुखबीर द्वारा बताये अनुसार धुर्राबांधा में मोटरसायकल रिपेयरिंग ठेला पर रेड कार्यवाही हेतु पहुँच कर आरोपी रमेशर बंजारे पिता बिजऊवा बंजारे उम्र 42 वर्ष साकिन धुर्राबांधा के कब्जे से एक प्लास्टिक के बोरी मे रखा हुआ 30 पाव देशी मसाला शराब प्रत्येक मे 180द्धद्ध शराब भरी हुई कुल 5.400 बल्क लीटर कीमती 3300 रूपये को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर सील बंद कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपीयान का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी रमेशर बंजारे को गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया है। थाना भाटापारा ग्रामीण में अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है